चैत्र शुक्ल पक्ष द्वादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 20 अप्रैल 2024
वर्ष-2, अंक-252, पृष्ठ-18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य- 6 रुपये

अमृत विचार

अयोध्या
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

ब्रह्मांड में तीन ग्रहों के अनूठे सौर मंडल की खोज 18
जूनियर एनटीआर ने ट्रेनर मन्नव का जन्मदिन मनाया 17

लोकसभा चुनाव में वोटिंग के दौरान मणिपुर, बंगाल में कई जगह हिंसा

प्रथम चरण में 60 प्रतिशत मतदान

57.54% उत्तर प्रदेश | **54.01%** उत्तराखंड | **47.49%** बिहार

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान खत्म हो गया है। कुल 102 निर्वाचन क्षेत्रों के लिये शुक्रवार को करीब 60.3 प्रतिशत मतदान हुआ। निर्वाचन आयोग से शाम सात बजे तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, पहले चरण में त्रिपुरा में वोट अनुपात सर्वाधिक 79.90 प्रतिशत, जबकि बिहार में सबसे कम 47.49 प्रतिशत वोट ही पड़े।

मतदान शुरू होते ही सबसे पहले मणिपुर की बाहरी लोकसभा सीट पर हिंसा और अनियमितता की सूचना पर कुछ समय के लिए प्रक्रिया रोकनी पड़ी। मोईरांगकम्पू साजेब विधानसभा के मतदान केंद्र पर कुछ उपद्रवियों ने गोलीबारी की। इसमें 65 वर्षीय बुजुर्ग घायल हो गये उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उपद्रवियों ने मतदान संबंधी कागजात जला दिये और आग लगा दी। वहीं पश्चिम बंगाल में मतदान के दौरान कूचबिहार लोकसभा क्षेत्र में हिंसा की कई घटनाएं देखी गईं, जलपाईगुड़ी लोकसभा क्षेत्र से भी हिंसा के कुछ मामले सामने आए हैं। यूपी व अन्य राज्यों में भी छिटपुट घटनाएं घटीं। जारी आंकड़ों के अनुसार, त्रिपुरा की एक सीट पर 79.90 प्रतिशत, पश्चिम बंगाल में तीन सीटों पर 77.57 प्रतिशत, मणिपुर में दो सीटों पर 68.62 प्रतिशत, मेघालय में दो सीटों पर 70.20 प्रतिशत और असम में पांच सीटों पर 71.38 प्रतिशत वोट पड़े थे। पुडुचेरी में एक सीट पर 73.25 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ की एक सीट पर 63.41 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया था। जम्मू-कश्मीर में एक सीट पर 65.08 प्रतिशत, मध्य प्रदेश में पांच सीट पर 63.33 प्रतिशत, अरुणाचल प्रदेश में दो सीट पर 65.46 प्रतिशत, सिक्किम में एक सीट पर 68.06 प्रतिशत, नागालैंड में एक सीट पर 56.77 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मिजोरम में एक सीट पर 54.18 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश में आठ सीटों पर 57.61 प्रतिशत, उत्तराखंड में पांच सीटों पर 53.64 प्रतिशत, अंडमान-निकोबार में एक सीट पर 56.87 प्रतिशत, महाराष्ट्र में पांच सीटों पर 55.29 प्रतिशत, लक्षद्वीप में एक सीट पर 59.02 प्रतिशत, राजस्थान में 12 सीटों पर 50.95 प्रतिशत, तमिलनाडु की 39 सीटों पर 62.19 प्रतिशत वोट डाले गये थे।

मुरादाबाद के आरएसडी एकेडमी पोलिंग बूथ पर मतदान के बाद उत्साहित दिखे युवा। ● अमृत विचार

63.29 प्रतिशत वोटिंग सबसे ज्यादा सहारनपुर में

52.42 प्रतिशत मतदान सबसे कम रामपुर में हुआ

उत्तर प्रदेश में छिटपुट घटनाओं के बीच शांतिपूर्ण हुआ मतदान

लखनऊ। प्रदेश में पहले चरण की आठ सीटों पर शुक्रवार को छिटपुट घटनाओं के बीच शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव सम्पन्न हो गया। शाम पांच बजे तक सभी सीटों पर औसत 57.54 प्रतिशत मतदान हुआ। सबसे ज्यादा सहारनपुर में 63.29 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि सबसे कम रामपुर में 52.42 प्रतिशत मतदान हुआ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि पहले चरण की बाकी सीटों में कैराना में 58.68 प्रतिशत, मुजफ्फरनगर में 54.91 प्रतिशत, बिजनौर में 54.68 प्रतिशत, नगीना (अजा) में 58.05 प्रतिशत, मुरादाबाद में 57.65 प्रतिशत व पीलीभीत में 60.23 प्रतिशत मतदान हुआ। कुछ जगहों पर देर तक मतदान होता रहा। उन्होंने बताया कि चुनाव में सभी 14845 मतदेय स्थलों के लिए मतदान के लिए आवश्यक ईवीएम व वीवीपैट और अलग-अलग जिलों में पर्याप्त मात्रा में रिजर्व ईवीएम व वीवीपैट की व्यवस्था की गई थी। मतदान के दौरान कई जगहों पर ईवीएम व वीवीपैट के खराब होने की शिकायतें मिलीं, जिन्हें तत्काल बदल दिया गया। कुछ जगहों पर फर्जी मतदान होने, बगैर पहचान पत्र के मतदान होने आदि शिकायतें मिलीं, पर जांच में गलत पायी गईं। 7582 मतदेय स्थलों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई।

इंडियन ओवरसीज बैंक की पूर्व प्रबंधक पर 15 करोड़ का जुर्माना, सात साल की कैद

नयी दिल्ली। सीबीआई ने इंडियन ओवरसीज बैंक से 2.14 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के लिए बैंक की पूर्व प्रबंधक पर 15.06 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया, जिसे अब तक के सबसे बड़े जुर्मानों में से एक बताया जा रहा है। साथ ही अदालत ने प्रबंधक को सात साल कैद की भी सजा सुनाई। अधिकारियों के अनुसार प्रीति विजय सहिजवानी ने अहमदाबाद में इंडियन ओवरसीज बैंक की वस्त्रपुर शाखा की वरिष्ठ प्रबंधक के रूप में जमाकर्ता या पावर ऑफ अटॉर्नी धारक के किसी भी मंजूरी पत्र के बिना दो खातों की विदेशी मुद्रा प्रवासी (एफसीएनआर) जमा राशि को दो फर्जी खातों में जमा करवा दिया था।

● **धोखाधड़ी का मामला : प्रीति विजय सहिजवानी को हिरासत में लिया गया**

सीबीआई ने कहा, आरोपी ने 27 जुलाई 2001 की तारीख तक ब्याज समेत (करीब) दो करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान पहुंचाया। सीबीआई ने बैंक की शिकायत पर, 29 अक्टूबर, 2001 को मामले की जांच अपने हाथ में ली और 15 अक्टूबर, 2003 को आरोप पत्र दायर किया था। सहिजवानी देश छोड़कर भाग गईं और 2012 तक फरार थीं। सीबीआई ने उसके खिलाफ इंटरपोल का रेड कॉर्नर नोटिस जारी करवाया, जिससे एजेंसी को कनाडा में उसका पता लगाने में मदद मिली। प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, कनाडा के आव्रजन अधिकारियों ने उसे हिरासत में लेकर 11 जनवरी 2012 को भारत प्रत्यर्पित कर दिया। गांधीनगर की विशेष अदालत ने पूर्व वरिष्ठ प्रबंधक को आपराधिक विश्वासघात, मूल्यवान प्रतिभूति की जालसाजी, जाली दस्तावेजों को वास्तविक दस्तावेज के रूप में उपयोग करने और बैंक को गलत तरीके से नुकसान पहुंचाने का दोषी ठहराया।

दोनों शहजादों को लोगों ने रिजेक्ट किया : मोदी

गजरौला (अमरोहा) की जनसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, साथ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, हरि सिंह ढिल्लो, पूर्व सांसद देवेन्द्र नागपाल व अन्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- **गजरौला की जनसभा में राहुल-अखिलेश पर साधा निशाना**
- **क्रिकेट वर्ल्ड कप में मोहम्मद शमी का कमाल पूरी दुनिया ने देखा**

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गजरौला में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अमरोहा की ढोलक की थाप दूर तक गूंजती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों से अमरोहा की ढोलक को जीआई टैग मिला है। अब अमरोहा केवल ढोलक ही नहीं, देश का डंका भी बजा रहा है। क्रिकेट वर्ल्ड कप में मोहम्मद शमी ने जो कमाल किया, वो पूरी दुनिया ने देखा है। प्रधानमंत्री ने राहुल गांधी और अखिलेश यादव को दो शहजादों की जोड़ी करार देते हुए जमकर निशाना साधा।

प्रधानमंत्री शुक्रवार को गजरौला में होटल हवेली के सामने भाजपा प्रत्याशी चौधरी कंवर सिंह तंवर के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उनके साथ थे। इस दौरान प्रधानमंत्री ने प्रथम चरण में हो रहे मतदान को लेकर लोगों से खुलकर मतदान करने की अपील की। उन्होंने नवयुवकों को भी मतदान के लिए प्रेरित किया। प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर भी जमकर कटाक्ष किए। कहा कि इंडी गठबंधन वाले सनातन से घृणा करते हैं। अभी मैं द्वारका गया और समुद्र में भगवान श्रीकृष्ण की पूजा की, लेकिन कांग्रेस के शहजादे कहते हैं कि समुद्र के नीचे पूजा करने योग्य कुछ है ही नहीं। हमारी हजारों वर्ष की आस्था और भक्ति को ये लोग सिर्फ वोट बैंक के लिए खारिज कर रहे हैं। कहा कि बिहार और उत्तर प्रदेश में अपने आप को यदुवंशी कहने वाले नेताओं से मैं पूछना चाहता हूं कि आप भगवान श्रीकृष्ण और द्वारका का अपमान करने वालों के साथ कैसे रह सकते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि यूपी में एक बार फिर दो शहजादों की फिल्म शूटिंग चल रही है। जिसे लोग पहले ही रिजेक्ट कर चुके हैं। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी जनसभा को संबोधित किया। कहा कि प्रधानमंत्री ने देश का मान बढ़ाया है, पूरी दुनिया में नए भारत के रूप में पहचान हो रही है। विकसित भारत के लिए काम हो रहा है।

यूपी बोर्ड का रिजल्ट आज, दोपहर 2 बजे होगा जारी

लखनऊ/ प्रयागराज। अमृत विचार। नकलविहीन परीक्षाएं संपन्न कराने के बाद उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद् ने यूपी बोर्ड की हाई स्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं के रिजल्ट जारी करने की तैयारी पूरी कर ली है। माध्यमिक शिक्षा परिषद् के सचिव दिब्यकांत शुक्ल ने प्रेस रिलीज के माध्यम से बताया की वर्ष 2024 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा का परीक्षाफल 20 अप्रैल शनिवार को अपराह्न 2 बजे माध्यमिक शिक्षा परिषद्, मुख्यालय प्रयागराज से घोषित किया जाएगा।

इजराइल की जवाबी कार्रवाई, मिसाइलें दागीं

यरुशलम/तेहरान, एजेंसी

इजराइल पर ईरान के ड्रोन हमले का जवाब देने को लेकर सप्ताह भर से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चल रहे विचार विमर्श के बीच इजराइल अपनी पूरी रणनीति पर उतरा आया। इराजइल की हमेशा से ही नीति रही है ''पहले किसी को छेड़ेंगे नहीं, बाद में किसी छोड़ेंगे नहीं''। इजराइल ने सात दिन बाद शुक्रवार को उस हमले का जवाब अपनी मिसाइलें दाग कर दिया। जो इस्फहान प्रांत में गिरीं। इनसे ईरान को हुए नुकसान के बारे में अब तक कोई पुष्ट खबर नहीं है। इस बीच, सीरिया ने भी दावा किया है कि इजराइली हमले में देश के दक्षिणी भाग में रक्षा ठिकानों को नुकसान पहुंचा है।

- **पिछले शनिवार ईरान ने 300 से अधिक ड्रोन से किया था हमला**
- **ईरानी ड्रोन हमले का इजराइल ने दिया जवाब, नुकसान अपुष्ट**

ईरानी समाचार एजेंसी फार्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, ईरानी प्रांत इस्फाहन में तीन विस्फोटों की आवाज सुनी गई। ये विस्फोट ड्रोन अथवा मिसाइलों से किए गए हमले के फलस्वरूप हुए, जिसके बाद ईरान की वायु रक्षा प्रणालियों को सक्रिय कर दिया गया है। ईरानी समाचार एजेंसी आईएसएनए ने रिपोर्ट में एक ईरानी सैन्य अधिकारी का हवाला देते हुए कहा कि सेना का रडार स्टेशन संभावित निशाना हो सकता है। साथ ही, यह भी कहा गया है कि क्षेत्र में कई कार्यालय भवनों की खिड़कियां उड़ गईं लेकिन हमले के परिणामस्वरूप कोई बड़ी क्षति नहीं हुई है। हमले के बाद इस्फहान में शांति है और यातायात सामान्य बना हुआ है। एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार, ईरान ने इस हमले को तूल देने और बदले की कार्रवाई के लिए कोई उत्तेजना नहीं दिखाई है। एक सैन्य अधिकारी के हवाले से यह कहा गया कि ईरान को इस हमले के पीछे विदेशी हाथ होने की पुष्टि नहीं हुई है।

ईरान बोला, नहीं हुआ कोई विदेशी हमला

तेहरान। ईरान के एक अधिकारी ने शुक्रवार को इजरायल की ओर से किए गए हमलों का खंडन किया है। अधिकारी ने कहा कि ईरान के खिलाफ कोई मिसाइल हमला नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि इस्फहान में वायु रक्षा प्रणालियों को सक्रिय किया गया है और उसने किसी संदिग्ध वस्तु को निशाना बनाया है जिससे विस्फोट की गूंज सुनायी दी है। ऐसा बताया जा रहा है कि इजरायल ने ईरान के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। वहीं ईरान ने कहा है कि उसकी धरती पर कोई भी विदेशी हमला नहीं हुआ है।

एक नजर

अश्विनी को वक्फ बोर्ड से हटाने के लिए याचिका

नई दिल्ली। उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर करके दिल्ली सरकार के प्रधान सचिव (गृह) अश्विनी कुमार को दिल्ली वक्फ बोर्ड के प्रशासक पद से हटाने का अनुरोध किया गया है। याचिका में कुमार पर वक्फ संपत्तियों के हितों के खिलाफ काम करने का आरोप लगाया गया है। दिल्ली उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी एस अरोड़ा की पीठ ने याचिका को 30 अप्रैल को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है। याचिका में कहा गया है कि वक्फ बोर्ड के प्रशासक उस धार्मिक समिति के अध्यक्ष भी है जिसने कई वक्फ संपत्तियों को हटाने और ढहाने की सिफारिश की है।

पतंजलि योगपीठ को शिविरों में लिए गए शुल्क पर देना ही होगा टैक्स : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

बाबा रामदेव के पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट को शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा। कोर्ट ने अपीलीय न्यायाधिकरण के उस फैसले को बरकरार रखा जिसमें ट्रस्ट को योग शिविरों के आयोजन के लिए प्रवेश शुल्क लेने पर सेवा कर का भुगतान करने को कहा गया था। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण (सीईएसटीएटी) की इलाहाबाद पीठ के 5 अक्टूबर, 2023 को आए फैसले में हस्तक्षेप से इनकार कर दिया।

- **इलाहाबाद पीठ के 5 अक्टूबर, 2023 को आए फैसले में हस्तक्षेप से इनकार किया**

सीईएसटीएटी ने अपने आदेश में कहा था कि पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट की तरफ से आयोजित आवासीय एवं गैर-आवासीय योग शिविरों में शामिल होने के लिए शुल्क लिया जाता है लिहाजा यह स्वास्थ्य और फिटनेस सेवा की श्रेणी में आता है और इस पर सेवा कर लगेगा। रामदेव और उनके सहयोगी आचार्य बालकृष्ण के अधीन काम करने वाला यह ट्रस्ट विभिन्न शिविरों में योग प्रशिक्षण प्रदान करने में लगा हुआ था। न्यायाधिकरण ने अपने आदेश में कहा था कि हालांकि यह राशि दान के रूप में ली गई थी, लेकिन यह उक्त सेवाएं प्रदान करने के लिए शुल्क ही था। इसलिए यह शुल्क की परिभाषा के तहत आता है। सीमा शुल्क और केंद्रीय उत्पाद शुल्क, मेरठ रेंज के आयुक्त ने अक्टूबर, 2006 से मार्च, 2011 के लिए जुर्माना और ब्याज सहित लगभग 4.5 करोड़ रुपये के सेवा कर की मांग की थी।

फर्जी आईडी से सिम लेकर विदेश भेजने वाला गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : फर्जी आईडी पर सिम खरीद उसे एक्टीवेट कराकर विदेशों में सप्लाई कराने वाले गिरोह के एक सदस्य को एसटीएफ मेरठ इकाई ने गिरफ्तार किया है। एक्टीवेट होने के बाद 400 रुपये में खरीदा हुआ सिम 2500 से 2800 रुपये में बिक जाता था। गिरफ्त में आया अभियुक्त अब तक 4 हजार सिम एक्टीवेट कराकर विदेशों तक पहुंचा चुका है। सिम प्राप्त करने वाले सदस्य एक चैनल के माध्यम से अभियुक्त के संपर्क में रहते थे।

एसटीएफ ने आरोपी रितिक राज को मेरठ बस स्टैंड से गिरफ्तार किया है। रितिक राज बिहार के मुजफ्फरपुर जिले का रहने वाला है। उसके पास से मौके पर 179 सिम और तीन मोबाइल भी बरामद हुए हैं। रितिक राज ने बताया कि उसने prem_singh_seller नाम से चैनल बना रखा है। जिन सदस्यों को विदेशों में भेजने के लिए सिम प्राप्त करना होता था, वह इसी चैनल से संपर्क करता था। चीन, कंबोडिया और दुबई तीन देशों में सिम भेजने के लिए वह लंबे समय से कार्यरत है।

- **कंबोडिया, दुबई, और चीन तक भेज चुका है सिम**

सौतेली मां ने बच्ची के हाथ-पैर बांधकर जिंदा दफनाया, सीसीटीवी से खुला राज

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : आईटीआई थाना क्षेत्र में एक सौतेली मां ने मासूम बच्ची को हाथ पैर बांधकर निर्माणाधीन मकान में जिंदा दफना दिया। पुलिस ने सौतेली मां को गिरफ्तार कर लिया है।

खड़कपुर देवीपुरा निवासी इलेक्ट्रीशियन मोनू की 8 वर्ष पूर्व यहीं की रीना नाम की युवती से शादी हुई थी। रीना से मोनू की दो बेटियां 8 वर्षीय सोनी व 6 वर्षीय तनु हैं। दूसरी बेटी के जन्म के दौरान ही रीना की मौत हो गई थी। इसके बाद मोनू ने ग्राम फजलपुर, थाना डिलारी (मुरादाबाद) निवासी लक्ष्मी देवी से दूसरा विवाह कर लिया था। उसके एक पुत्र और एक पुत्री है। लक्ष्मी सोनी व तनु के साथ भेदभाव करने लगी। 16 अप्रैल को मोनू अपने ममेरे भाई की लगन में बिजनौर के ग्राम गल्ला खेड़ी गया था। अगले दिन सोनी को कन्या पूजन के लिए तैयार कर उसकी दादी संतोष देवी भी चली गई। उसी दिन शाम के समय लक्ष्मी ने बच्ची की हत्या कर अपने पति को फोन कर उसके लापता होने की बात कही।

- **निर्माणाधीन मकान से शव बरामद महिला गिरफ्तार**

बेटी के गायब होने की सूचना पर मोनू घर पहुंचा और उसने तत्काल बेटी की गुमशुदगी की सूचना डायल 112 नंबर पर आईटीआई पुलिस को दी। पुलिस को लक्ष्मी की बातें कुछ अजीब लगीं। तब पुलिस ने आसपड़ोस के सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए। फुटेज में आखिरी बार बच्ची को लक्ष्मी के साथ निर्माणाधीन मकान की तरफ जाते देखा गया। पुलिस ने सख्ती की तो लक्ष्मी से घटना उगल दी। पुलिस ने शव को गड्ढे से निकालकर पोस्टमार्टम कराया। एसपी ने बताया कि शव पर भी चोट के निशान मिले हैं।

नई खोज | बीबीएयू के विशेषज्ञों ने किया शोध, गन्ना किसानों को तीन गुना तक होगा मुनाफा

गन्ना किसानों के लिए संजीवनी बनेगा शर्करा संचय जीन

जीशान कदीर, लखनऊ

अमृत विचार : गन्ना किसानों के लिए बीबीएयू का शोध संजीवनी लेकर आया है। नई खोज के सहारे किसान उपजे गन्ने से तीन गुना तक मुनाफा कमा सकेंगे। इसके लिए वैज्ञानिकों की टीम ने जिबरेलिन एसिड 3 (जीए3) की मदद का सहारा लिया और शर्करा को संचय करने का तरीका ढूंढ निकला। वैज्ञानिकों का दावा है कि नया शोध किसानों के लिए कारगर रहेगा।

बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के कम्प्यूटेशनल जीव वैज्ञानिक डॉ. यूसुफ अख्तर बताते हैं कि अब तक गन्ने में शर्करा (ग्लूकोज-फैक्टोज) बढ़ाने के लिए सक्रिप्टोमिक स्तर पर जिबरेलिन एसिड 3 (जीए3) को शामिल किया जाता रहा है। इससे शर्करा तो बढ़ जाती थी, लेकिन उसका संचय नहीं हो पाता। ऐसे में भण्डारण (सिंक) क्षेत्र को बढ़ाने के उद्देश्य से पांच वर्षों तक गन्ने के सूक्ष्म जीनों पर अध्ययन किया गया। नई कोशिका के सहारे भण्डारण की क्षमता विकसित हुई। बताते हैं कि नव विकसित जीन गन्ने में शर्करा को संचित करने का विकास कर किसानों को तीन गुन्ना तक मुनाफा हासिल कराएंगे।

डॉ. यूसुफ अख्तर | प्रो. संगीता सक्सेना

- **बीबीएयू की ओर से नई खोज को बाजार में लाने हो रही तैयारी**

इस तरह से किया गया शोध

शोध में ट्रांसक्रिप्टोम स्केल बिग डेटा का उपयोग किया गया। इसके सहारे जीए 3 से प्रभावित विशिष्ट जीन की पहचान की गई। इसे बढ़े हुए शुक्रोज संचय में सहयोगी बनाया गया। फिर गन्ने के नमूनों पर ट्रांसक्रिप्टोमिक विश्लेषण तकनीकी विकसित की और जीन अभिव्यक्ति की जांच की गई।

शोध के दौरान नए जीनों की हुई पहचान

देश के पहले नवीन शोध के निष्कर्षों से उच्च शर्करा सामग्री से जुड़े कई जीनों का पता चला है। ये जीन पौधे के भीतर चीनी परिवहन और भंडारण में भूमिका निभाने के लिए जाने जाने वाले जीनों के समरूप (संरचना में समान) थे। इसमें चीनी-फॉस्फेट / फॉस्फेट ट्रांसलोकेटर, यूटीपी-ग्लूकोज-1-फॉस्फेट यूरिडिलिल्ट्रांसफेरेज और वी-एटीपीसेस पाया गया। वैज्ञानिकों का दावा है कि ये हाइड्रोलेज एंजाइम को एनकोड कर कार्य करा सकता है।

भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान भी बना सहभागी

प्लांट बायोटेक्नोलॉजिस्ट प्रो. संगीता सक्सेना ने बताया कि पांच वर्षीय खोज में शोधार्थी छात्रा कृति रूपेन्द्र के अलावा भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान की टीम भी शामिल रही। पहचाने गए जीन गन्ना ट्रांसक्रिप्टोमिक्स और कार्यात्मक जीनोमिक्स के मौजूदा ज्ञान आधार में एक महत्वपूर्ण वृद्धि करेंगे।

एक नजर

नाबालिग पुत्री से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

अयोध्या, अमृत विचार : रौनाही थाना क्षेत्र में नशे में धुत एक बाप ने अपनी नाबलिक पुत्री से दुष्कर्म किया। थाना प्रभारी रौनाही पंकज सिंह ने शुक्रवार को बताया कि पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्जकर आरोपी पिता ट्रक चालक सुनील सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की विवेचना कराई जा रही है।

छह दिन के पशु के साथ किया अप्राकृतिक दुष्कर्म

मिल्कीपुर, अमृत विचार : हैरिंग्टनगंज पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम मलेथू बुजुर्ग में एक युवक द्वारा पशु के दुधमुंहे बच्चे के साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में है। हैरिंग्टनगंज चौकी प्रभारी प्रवीण कुमार मिश्र ने बताया कि पशु के बच्चे का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। रिपोर्ट आने के बाद आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

ईवीएम व वीवी पैट का प्रथम रेंडमाइजेशन

अयोध्या, अमृत विचार : जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारियों व राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में विकास भवन स्थित एनआईसी के वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष में ईवीएम व वीवी पैट का प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया। डीएम प्रशासन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिरुद्ध प्रताप सिंह, ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम बीकापुर ध्रुव खाडिया, ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट स्वाति शर्मा, एसडीएम मिल्कीपुर राजीव रत्न सिंह, एसडीएम सोहावल अशोक सिंह, एसडीएम रुदौली अंशिका दीक्षित सहित ईवीएम व वीवी पैट के प्रभारी अधिकारी व विभिन्न राजनीतिक दलों यथा सपा, भाजपा, आप, बसपा, भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

छह आरओ सिस्टम खराब, पीने के लिए मयस्सर नहीं शुद्ध पानी

30 हजार आबादी के लिए बनाई गई पानी की टंकी का भी नहीं मिल रहा लाभ

मसौधा, अयोध्या

अमृत विचार : नगर पंचायत क्षेत्र में लाखों की लागत से लगे छह आरओ सिस्टम सालों से खराब पड़े हैं। राहगीरों और कस्बे में आने वाले गांव इलाके के लोगों को पीने को शुद्ध पानी के लिए तरसना पड़ रहा है।

सबसे बदतर स्थिति में पुलिस चौकी भदरसा और साधन सहकारी समिति के मध्य में लगे आरो सिस्टम की है। जो सालों से कबाड़ की शक्ल में खड़ा है। यहां के लोगों ने बताया कि खाद बीज के लिए आने वाले क्षेत्रीय किसानों को परेशान होना पड़ता है। करीब दो दशक पूर्व लगभग 30 हजार आबादी वाले नगर पंचायत भदरसा में जलापूर्ति व्यवस्था के लिए जल निगम द्वारा पेयजल योजना के तहत लाखों की लागत से पानी की टंकी का निर्माण कराया गया था। जो ट्रायल के दौरान ही बिछाई गई पाइप लाइन जगह-जगह फट गई। मरम्मत के बाद भी घटिया क्वालिटी की पाइपलाइन में जलापूर्ति व्यवस्था सफल नहीं हो सकी। लोग निजी हैंड पंप के जरिए पानी पीते रहे। नगर पंचायत भरतकुंड भदरसा बाजार वार्ड के सभासद प्रेम बाबू मौर्य और मुराई टोला वार्ड के सभासद बालक राम ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में लगे आधा दर्जन से अधिक आरओ सिस्टम कबाड़ बन गए हैं। लोग पीने को शुद्ध पानी के लिए परेशान है।

नगर पंचायत भदरसा में खराब पड़े आरओ सिस्टम। अमृत विचार

> शुद्ध पेयजल के लिए नपं क्षेत्र में छह-सात आरओ सिस्टम लगे हैं। यह बंद और खराब पड़े हैं उन्हें जल्दी ठीक कराया जाएगा।
>
> **-इंद्र प्रताप, अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत भरतकुंड**

> सभी आरओ सिस्टम यदि खराब होंगे तो बदले जाएंगे। सप्ताह भर के अंदर आरो सिस्टम का शुद्ध पानी लोगों को पीने को मिलेगा।
>
> **-मोहम्मद राशिद, अध्यक्ष, नगर पंचायत भरतकुंड भदरसा**

यहां साहब पीते हैं मिनरल वाटर

परेशानी

- वादकारी और वकील पानी के लिए भटकने को मजबूर
- सोहावल तहसील में नहीं है इंतजाम, वाटर कूलर भी खराब

सोहावल, अयोध्या

अमृत विचार : तहसील आने-जाने वाले सैकड़ों लोग भीषण गर्मी में प्यास बुझाने के लिए भटकने को मजबूर हैं। इनका सहारा बना इकलौते हैंडपंप का पानी भी मानक पर खरा नहीं है।

बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सुधीर कुमार मिश्रा, अनूप पांडेय, मो. मुकीम आदि कहते हैं परिसर में चल रहे दोनों चाय पान के होटलों का भी यही हैंड पंप एक मात्र सहारा है। अन्यथा तो पूरे परिसर में पीने के पानी की व्यवस्था तहसील प्रशासन की ओर से नहीं है। लगाए गए दो अन्य हैंड पंपों का पानी पीने योग्य नही है। तहसीलदार कार्यालय के बगल लगा फ्रीजर दो वर्षो से लोगों को मुंह चिढ़ा रहा है। यहां साहबान तो बोतल का पानी मंगा काम चला लेते है लेकिन रोज आने जाने वाले लगभग दो से तीन हजार लोगों की प्यास बुझाने के लिए भटकना पड़ता है।

उपजिला अधिकारी, तहसीलदार, दो नायब स्तर की कुल छह

खराब पड़ा वाटर कूलर। अमृत विचार

अदालतों के साथ चुनाव, राजस्व, माल आदि कार्यालयों से जुड़े प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग तहसील आते है। इनमें बुजुर्ग, महिलाएं भी शामिल होते है। जिन्हें होटलों तक भी जाने में संकोच होता है।

पचास से ज्यादा अधिवक्ताओं के साथ इतने ही कर्मचारी और दुकानदार स्थाई रूप से तहसील परिसर में अपनी सेवाएं देते हैं। नव सृजित नगर पंचायत का हिस्सा बन चुके खिरौनी के चेयरमैन प्रतिनिधि डॉक्टर राम सुमेर भारती ने भरोसा दिया है कि जल्द ही एक शीतल पेय जल संयंत्र लगा दिया जाएगा जिससे परेशानी कम हो जाएगी। उधर, इस मामले में तहसीलदार विनोद चौधरी ने बताया कि पेयजल की समस्या है। जल्द ही उच्च अधिकारियों से बातचीत कर पानी की व्यवस्था में सुधार किया जायेगा।

गर्मी को लेकर चार बेड का वार्ड बनाएं

बीकापुर, अयोध्या

अमृत विचार : गर्मी और बदलते मौसम लू एवं हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए चार बेड का सुरक्षित रूम बनाएं। जहां पर आपातकाल स्थिति में हीट स्ट्रोक लू और गर्मी से पीड़ित मरीज को तत्काल चिकित्सा सुविधाओं और राहत उपलब्ध हो सके। ये निर्देश शुक्रवार को अपर स्वास्थ्य निदेशक डॉ. सुशील प्रकाश चौधरी ने दिए। वो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का में निरीक्षण कर रहे थे। अस्पताल में साफ-सफाई दुरुस्त रखने एवं जहां खामियां मिली वहां सुधार करने का निर्देश दिया है। अस्पताल के ओपीडी हाल में कूलर और पीने के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था किए जाने का भी निर्देश दिया। निरीक्षण में लैब टेक्नीशियन

बीकापुर सीएचसी का निरीक्षण करते अपर निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य।

राजेंद्र कुमार और लैब सहायक अमरचंद के बगैर सूचना के गैर हाजिर मिलने पर नाराजगी जताई। डॉ. प्रतीक्षा वर्मा व सुरेश चंद्र के अनुपस्थित रहने के संबंध में उन्हें बताया गया कि दोनों लोग अवकाश पर हैं। बाल रोग विशेषज्ञ चिकित्सक की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की गई। जलालपुर माफी गांव में स्वास्थ्य कार्यक्रम की सच्चाई परखी गई। निरीक्षण के दौरान अधीक्षक डॉ. अवधेश कुमार सिंह, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी देव प्रकाश वर्मा, चिकित्सक संत कुमार मौर्य, धर्मेंद्र रंजन, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक राजकुमार सिंह मौजूद रहे।

शिकायत करने के बाद लिखा गया चोरी का मुकदमा

रुदौली, अयोध्या, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गोडखरा में हुई चोरी का मुकदमा चार दिन बाद भी नहीं लिखने की शिकायत क्षेत्राधिकारी रुदौली से की गई है। सीओ के निर्देश के बाद मुकदमा लिखा गया है। रिंकी कश्यप निवासी गोडखरा मजरे करीमपुर में रहती हैं। वह 10 अप्रैल को घर में ताला लगाकर मायके सोहावल चली गई।15 अप्रैल को वापस आई तो घर के गेट का ताला टूटा पड़ा था। घर के बॉक्स में रखा सोने और चांदी के जेवरात का बैग,20 हजार रुपए नगदी समेत कीमती कपड़े गैस सिलिंडर और अनाज गायब था। सूचना 15 अप्रैल को कोतवाली में देने पर उपनिरीक्षक और फोरेंसिक टीम ने निरीक्षण किया, लेकिन रिपोर्ट नहीं लिखी। क्षेत्राधिकार आशीष निगम ने बताया कि पुलिस को चोरी का मुकदमा दर्ज कर उचित कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

अब शिक्षकों के लिए भी जन सुनवाई पंजिका

अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार : बेसिक शिक्षकों और कर्मचारियों को अब अपनी समस्याओं के समाधान के लिए लखनऊ तक की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। अब स्थानीय स्तर पर ही शिक्षकों के वेतन, भत्ते, सेवा आदि से जुड़ी तमाम समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

इसके लिए विद्यालय से लेकर बीआरसी, बीएसए और मंडल स्तर तक जनसुनवाई पंजिका तैयार कराई जाएगी। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा की ओर से यह निर्देश जारी होने के बाद बेसिक शिक्षा विभाग इसकी तैयारियों में जुट गया है।

महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने अधिकारियों को निर्देश जारी कर शिक्षकों और कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर ही करने का निर्देश दिया है। कहा कि विद्यालय से लेकर बीआरसी, बीएसए और मंडल स्तर तक जनसुनवाई पंजिका तैयार कराई जाए। इसमें शिकायतें दर्ज कर समय पर निस्तारण किया जाए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय ने कहा शिक्षकों और कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान से जुड़े दिशा निर्देश के अनुसार व्यवस्था कराई जाएगी।

कृषि विवि में श्रीअन्न से बने व्यंजन चखें

कुमारगंज, अयोध्या

अमृत विचार : आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय द्वारा श्री अन्न से तैयार स्वादिष्ट उत्पादों का स्वाद अब सभी लोग चख सकेंगे। इसकी बिक्री शुक्रवार से शुरू हो गई है। इस विक्रय केंद्र का उद्घा टन कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने किया।

मुख्य परिसर स्थित भारतीय स्टेट बैंक के बगल में इस केंद्र का निर्माण किया गया है। इस केंद्र से मोटे अनाज से बने निर्मित उत्पादों के अलावा मौसम आधारित उत्पादों का भी लोग आनंद ले सकेंगे। सामुदायिक महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. साधना सिंह

कृषि विवि के विक्रय केंद्र का उद्घाटन करते कुलपति। अमृत विचार

ने बताया कि यह विक्रय केंद्र विश्वविद्यालय कार्य दिवस में एक से तीन बजे तक खुला रहेगा। इस केंद्र पर मोटे अनाज से बने उत्पाद सावां का लट्ठा 30 रुपये में 100 ग्राम, बाजरे का लड्डू 60 रुपये में 100 ग्राम, मिक्सड मिलेट नमकीन 37 रुपये में 100 ग्राम, रागी की इडली 30 रुपये में 100 ग्राम के हिसाब से ग्राहक खाद्य उत्पादों की खरीदारी कर सकते हैं। इस मौके पर विश्वविद्यालय के समस्त अधिष्ठाता, निदेशक, कुलपति के सचिव, इंजीनियर, सुरक्षा अधिकारी एवं सामुदायिक महाविद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू। अमृत विचार

विकसित राष्ट्र के लिए मोदी को फिर बनाएं पीएम

गोसाईगंज, अयोध्या, अमृत विचार : महबूबगंज बाजार में शुक्रवार भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के मंडल अध्यक्ष मोहम्मद आजम के आवास पर जन चौपाल हुई। पूर्व विधायक इन्द्रप्रताप तिवारी खब्बू ने भाजपा के जनकल्याणकारी कार्यों का बखान करते हुए कहा कि विकसित राष्ट्र के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फिर प्रधानमंत्री बनाना होगा। इस मौके पर अम्बेडकरनगर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रितेश पांडे, पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पांडेय बादल, दानबहादुर सिंह, राममोहन भारती, सियाराम वर्मा, डॉ. एम एल वर्मा आदि मौजूद रहे।

अंधेरे में बीती दो हजार लोगों की रात

पूराबाजार, अयोध्या

अमृत विचार : मसौधा ब्लॉक के नैपुरा नहरी समेत चार मजरों के दो हजार लोग गुरुवार रात भर अंधेरे में रहे। विद्युत आपूर्ति के लिए उपभोक्ता पावर हाउस से लेकर अधिकारियों व लाइनमैन का फोन घनघनाते रहे लेकिन किसी का फोन नहीं उठा। ऐसे में लोगों के मन में अधिकारियों के प्रति आक्रोश पनप रहा है।

विद्युत उपकेंद्र मसौधा अंतर्गत स्थित भरतकुण्ड फीडर के नैपुरा नहरी, दुबे का पुरवा, तिवारी का पुरवा, नहकऊ का पुरवा की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। नैपुरा नहरी के पंकज सिंह, कमलेश सिंह, दूबे का पुरवा के इंद्रासन दुबे, राजेश

मसौधा क्षेत्र से गुजरी विद्युत लाइन।

दुबे, तिवारी का पुरवा के राम निहाल निषाद व राम जग पाल आदि ने बताया कि बुधवार को सुबह नौ बजे बिजली चली गई। रात में जब बिजली नहीं आई तो लाइनमैन को फोन लगाया गया। लाइमैन ने बताया सुबह बिजली ठीक होगी। बताया कि जेई ने तो फोन ही नहीं उठाया।

इस संबंध में संविदा लाइनमैन बब्लू ने बताया कि भरतकुंड फीडर पर कोई लाइनमैन नहीं है। इसलिए यदि कोई फाल्ट हो जाती है तो समय से ठीक नहीं हो पाता। विद्युत उपकेंद्र मसौधा के अवर अभियंता राजेश प्रसाद से बातचीत करने की कोशिश की गई तो उन्होंने अपना फोन व्यस्त कर दिया, शुक्रवार शाम चार बजे खबर लिखे जाने तक इलाके में आपूर्ति बहाल नहीं हुई थी। अब लोगों के मन में अफसरों के खिलाफ गुस्सा बढ़ रहा है।

अपहरणकर्ता को नहीं मिली जमानत

अयोध्या, अमृत विचार : किशोरी का अपहरण करने वाले नौकर को कोर्ट ने जमानत पर रिहा करने से इनकार कर दिया है। फैसला अपर जिला जज वंदना सिंह की अदालत से शुक्रवार को हुआ।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता रोहित पांडेय व अभय वैस्य ने बताया कि कैंट थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी का उसकी बिल्डिंग मटेरियल की दुकान पर काम करने वाले नौकर बाल गोविंद निवासी बरियार का पुरवा थाना कोठी जिला बाराबंकी ने 31 अगस्त 2012 को अपहरण कर लिया था। विवेचक ने विवेचना के बाद 2014 में मामले में आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत किया।

श्रद्धालुओं से राममय हुई भरत की तपोभूमि

सोहर गीतों पर नृत्य से बांधा समां, रामलीला प्रभु को याद करने का उपकरण : महंत कमल नयन दास

कार्यक्रम को संबोधित करते महंत कमलनयन दास शास्त्री। अमृत विचार

मसौधा, अयोध्या

अमृत विचार : श्रीराम जन्मोत्सव पर भक्तों की भीड़ से प्रेम मूर्ति भरत जी की तपोभूमि राम मय हो गई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सोहर गीतों पर नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। दर्शक दीर्घा पर में बैठी

सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति देते कलाकार। अमृत विचार

महिलाएं स्टेज मंचन कर रही महिला कलाकारों के साथ थिरकती नजर आईं।

समापन के मौके पर गुरुवार देर रात मणिराम दास छावनी अयोध्या के उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास शास्त्री ने बतौर मुख्य अतिथि कहा कि रामलीला भगवान राम को याद करने का उपकरण है।

जब तक त्याग, तपस्या और साधना के साथ जेहन में सेवाभाव नहीं होगा, तब तक प्रभु राम के दर्शन संभव नहीं। कहा कि यह वही तपोभूमि है जहां 14 वर्षों तक प्रभु राम की खड़ाऊं की सेवा और साधना में रहकर भरत ने गोमूत्र में पकाया जौ का आहार लेकर भूख मिटाते रहे।

उसी तरह से भगवान के दर्शन के लिए साधना के साथ सेवाभाव का आचरण धारण करना होगा। महंत कमल नयन दास शास्त्री ने सर्वप्रथम मंदिर में भरत प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर पूजा अर्चना की। रात करीब 9:30 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के दौरान भगवान राम और भरत जी के चरित्र पर अपने विचार व्यक्त किये।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने छोड़ी छाप

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दे रहीं संगम लता एंड टीम ने सोहर पर नृत्य के साथ "घर आए राम रघुरईया, अवध में बजे बधइया" राम जी कय भयल बा जनमवा, "चलो सखी कइल आई दर्शनवा " सहित अनेकों प्रस्तुतियों पर पंडाल में बैठी महिलाएं थिरकने नजर आईं। महंत कमलनयन दास शास्त्री ने कार्यक्रम में शामिल क्षेत्र के समाजसेवियों, जन्मोत्सव में लगे नंदीग्राम महोत्सव के पदाधिकारियों, सफाई कर्मचारियों सहित कार्यक्रम आयोजक महंत परमात्मा दास, रमाकांत पांडे, पवन कुमार पांडे, अजय पांडे, नगर पंचायत भरत कुंड भदरसा के सभासद प्रेम बाबू मौर्य, भाजपा नेता गुड्डू सोनी को अंग वस्त्र व भरत स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

डकैती की योजना बना रहे पांच शातिर गिरफ्तार

अयोध्या, अमृत विचार: कोतवाली पुलिस ने डकैती की योजना बनाते महाराष्ट्र के निवासी पांच लोगों को गिरफ्तार किया है।

अयोध्या कोतवाल मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि लक्ष्मणघाट व नयाघाट चौकी पुलिस की संयुक्त टीम ने साकेत पेट्रोल पंप के पास स्थित खाली मैदान के पीपल पेड़ के पास से एक बोलेरो सवार पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए लोगों ने अपना नाम-पता परेश कुमार सोलंकी निवासी एलआईजी एमआईजी कॉलेज गांव देवी रोड थाना विद्या विहार, जिला कुर्ला, मुंबई,प्रवीण जगदीश मैसडे निवासी न्यू रोड, थाना कुर्ला, मुंबई, हुमुक सिंह राज सिंह माठी निवासी रस्क्षक नगर फेस दो खराड़ी थाना चंदननगर जिला पुणे, विनोद चौहान निवासी खराड़ी सिरे बस्ती काडोवाईनगर, गली नंबर छह थाना खराड़ी जिला पुणे और मनोज भगत निवासी गौरीशंकर मार्ग मंदिर कुर्ला, मुंबई बताया है। यह लोग लवकुशनगर में किसी के यहां डकैती डालने के लिए योजना बना रहे थे। इनके पास से पुलिस ने दो तमंचा-कारतूस, वारदात में प्रयुक्त उपकरण प्लस, सब्बल आदि तथा कुल 1300 रुपये बरामद किए हैं। चौकी प्रभारी जगन्नाथ मणि त्रिपाठी ने पांचों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है।

गजब पगलाभारी विस्फोट कांड में सात दिनों से सात टीमें कर रहीं जांच की कवायद

दावा सिलेंडर विस्फोट का, जांच बम विस्फोट की

पूराबाजार, अयोध्या

अमृत विचार : पगलाभारी विस्फोट कांड में सात दिनों बाद भी पुलिस की सात टीमें जांच में जुटीं हैं। वह भी तब जब आला अधिकारी से लेकर थाना प्रभारी तक सिलिंडर से विस्फोट के दावे करते नहीं थक रहे हैं। ऐसे दावों के बीच जांच किस बात की जा रही है यह बताने से सभी कतरा रहे हैं। अंदरखाने की माने तो हकीकत में जांच बम विस्फोटक के एंगल पर ही हो रही है। गांव में पुलिसिया भूमिका को लेकर सवालों की कानाफूसी हो रही है।

कल्याण भदरसा के पगलाभारी गांव के लोग शुक्रवार को रामकुमार

विस्फोट में ध्वस्त दो मंजिला मकान। अमृत विचार

गुप्ता की पत्नी इंद्रा की हुई मौत को लेकर लोग बातचीत करते मिले। गांव के लोगों का कहना है कि सात दिनों में केवल तीन बार पुलिस के लोग आए और मलबा खंगाल कर चले गए। अभी तक किसी नतीजे पर नहीं पहुंचे। लोगों ने बताया कि अभी भी 13 अप्रैल का वह खौफनाक मंजर नहीं भूलता है। विस्फोटक की गूंज कानों में बरकरार है। सवाल यह है कि जांच में लगीं बीडीएस, फॉरेसिंक और एमटीएस की टीमों के साथ स्थानीय पुलिस भी सुराग तलाश रही है। इसके बाद भी अभी तक कोई नतीजा नहीं सामने आया है। जिसे लेकर गांव में कई तरह की चर्चाएं हैं।

तीन मौत, दो मंजिला मकान बना खंडहर

पगलाभारी विस्फोट कांड में जमींदोज हुए राम कुमार गुप्ता के यहां फिलहाल कोई नहीं रह रहा है। उसकी मां और पत्नी की मौत के बाद तीनों घायल बच्चों का इलाज चल रहा है। राम कुमार पत्नी के साथ लखनऊ में थे। वहीं विस्फोट में मृतक दलित छात्रा प्रियंका के परिवार को अभी तक कोई भी आर्थिक मदद तहसील प्रशासन की ओर से नहीं मिली है। पीड़ित पिता रामकुमार कोरी ने बताया कि घटना के दूसरे दिन से कोई अधिकारी कर्मचारी नहीं आया।

> पुलिस की ओर से जांच की जा रही है। अलग-अलग विंग की टीमें अपने हिसाब से जांच कर रहीं हैं। हालांकि अभी तक सिलिंडर विस्फोट ही सामने आया है।
>
> **-रतन कुमार शर्मा, थाना प्रभारी, पूराकलंदर**

आरडीसी में मशीन में आई खराबी

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: जिला अस्पताल स्थित इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब (आईपीएचएल) में लगी 300 एमए की एक्स-रे मशीन के बिगड़ जाने के दूसरे दिन भी नहीं बन सकी। मशीन की ट्यूब खराब हो गई है। अब अगले तीन से चार दिन में ट्यूब आने के बाद ही मशीन का संचालन हो जाएगा। इधर, जांच बंद होने के बाद अस्पताल की ओपीडी में स्थित 17 नंबर कक्ष में एक्स-रे कराने के लिए मरीजों की लाइन लग गई।

दरअसल आरडीसी में लगी एक्स-रे मशीन में अमूमन मेडिकोलीगल के लिए ही लोग पहुंचते हैं। गुरुवार को भी जांच ही चल रही थी कि अचानक मशीन

मशीन की मरम्मत में जुटे कर्मचारी। अमृत विचार

गड़बड़ हो गई थी। ऐसे में ओपीडी में लगी मशीन पर दबाव बढ़ गया। मौके पर मौजूद कर्मियों ने बताया कि यहां लगी 100 एमए की मैनुअल मशीन लगी है। शुक्रवार को दोपहर एक बजे 112 मरीजों के एक्स-रे हो चुके थे। लाइन में तकरीबन 20 मरीज और थे। मशीन बार-बार हीट हो रही है। इसके लिए कूलर लगाया गया है। एसी लगवाने के लिए सीएमएस को पत्र लिखा गया है। अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विपिन वर्मा ने बताया कि आरडीसी में लगी एक्स-रे मशीन को जल्द से जल्द ठीक करवाने का प्रयास किया जा रहा है।

फैजाबाद जीनियस इण्टर कॉलेज
14 कोसी परिक्रमा मार्ग, फत्तेपुर, कुशमाहा अयोध्या-224001
नर्सरी से इण्टरमीडिएट तक प्रवेश प्रारम्भ-2024-25
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
(हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम एन0सी0ई0आर0टी0 पद्धति पर शिक्षा की उत्तम व्यवस्था)
(छात्रावास की व्यवस्था)
डॉ.जी.सी. यादव
प्रधानाचार्य
Email-id: gicfaizabad@gmail.com
सम्पर्क सूत्र- 8953649647, 6388304284, 9450018646

एक नजर

विचार विभाग प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव बने भीम

अयोध्या, अमृत विचार : जिले के रानी बाजार सथरी निवासी भीम शुक्ला को कांग्रेस विचार विभाग प्रकोष्ठ का प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति विचार विभाग प्रकोष्ठ के प्रदेश चेयरमैन संपूर्णानंद ने की है। जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने बताया कि इसके पहले भीम शुक्ल जिला कांग्रेस कमेटी में सचिव तथा ब्लॉक उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी का निर्वहन कर चुके हैं। उनकी नियुक्ति पर अखिलेश यादव, राजेंद्र प्रताप सिंह, वेद सिंह, बसंत मिश्रा, सुरेंद्र प्रताप सिंह आदि ने हर्ष जताया है।

वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

अयोध्या, अमृत विचार : सहादतगंज इलाके में अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक शख्स की मौत हो गई। मृतक की अभी शिनाख्त नहीं हो पाई है। बताया गया है कि सहादतगंज इलाके में देश कान्वेंट स्कूल के सामने सड़क पर एक 25 वर्षीय युवक घायल पड़ा था। मोहल्ले के ही नफीस ने फोन कर एंबुलेंस की मदद से उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

136 रुपये किलो लड्डू तैयार कर बेच रहे 400 में

देशी घी की जगह कर रहे मिलावटी घी का इस्तेमाल, हनुमानगढ़ी पर मोटे मुनाफे के चक्कर में आस्था व सेहत से खिलवाड़

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : हनुमानगढ़ी पर अब आस्था का सैलाब उमड़ने लगा है। इस बीच हनुमानगढ़ी के लड्डू प्रसाद व्यापारियों ने मोटा मुनाफा कमाने के चक्कर में मिलावटी घी का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। मिलावट करने के बाद लड्डू के थोक व्यापारियों का एक किलो माल 136 रुपये में तैयार हो जाता है। इसे हनुमानगढ़ी के निकट के व्यापारियों को 250 रुपये के करीब में बेचा जाता है और उसके बाद वही लड्डू श्रद्धालुओं को 400 रुपये किलो दिया जा रहा है। इस कमाई से न सिर्फ सेहत के साथ खिलवाड़ हो रहा है बल्कि लोगों की आस्था को भी चोट पहुंचाने का काम किया जा रहा है। हनुमानगढ़ी के मुख्य महंतों के आदेश को 'अमृत विचार' ने 31 जनवरी को सबसे पहले व प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिसमें देसी घी के लड्डुओं की बिक्री को ही अनिवार्य किया गया था। आदेश के दो माह बाद ही स्थानीय दुकानदारों ने बड़ी चालाकी से मोटी रकम कमाने के लिए बीच का रास्ता निकाल लिया। उधर, इस मामले में फूड इंस्पेक्टर अजय सिंह का कहना है कि लड्डू दुकानदारों को विभाग की तरफ से कोई आदेश नहीं दिया गया है। सिर्फ ये कहा गया है कि अच्छी ब्रांड का घी इस्तेमाल करें। जिसमें अमूल, पराग और ज्ञान घी का नाम सुझाया गया था। यदि दुकानदार अन्य सामग्री या अन्य घी का इस्तेमाल करता है तो उसे बताना पड़ेगा और सैंपलिंग भी होगी।

गर्मी में ऐसे पिघल जाता है शुद्ध देशी घी से बनाया गया लड्डू। अमृत विचार

लड्डू को बांधने के लिए चने का सत्तू मिलाते कारीगर। अमृत विचार

इस पूरे खेल को ऐसे समझिए...

अयोध्या धाम का लड्डू विश्व प्रसिद्ध है। यहां आने वाला हर श्रद्धालु बड़ी शिद्दत से अपने परिजनों के लिए ले जाता है। हनुमानगढ़ी पर 250 लड्डू व्यापारी हैं। थोक व्यापारियों की संख्या 35 से 40 के बीच में है। 70 से 80 किलो शुद्ध देशी घी का लड्डू बनाने के लिए थोक व्यापारियों को सात हजार रुपये में 15 किलो ज्ञान घी, 88 रुपये किलो मिलने वाला बेसन 20 किलो (कीमत 1760), 35 किलो चीनी (कीमत 1400), 1200 रुपये लेबर चार्ज और एक 1800 रुपये का कॉमर्शियल सिलिंडर लगता है। कुल अनुमानित लागत 13,160 रुपये आती है। सब फाइनल होने के बाद लगभग 188 रुपये किलो लड्डू पड़ता है। वहीं मिलावटी घी से लड्डू बनाने के लिए 3400 रुपये में 15 किलो वाले देशी घी का इस्तेमाल किया जाता है। इसमें बेसन व अन्य सामान सही रहता है, लेकिन घी की लागत कम होने से लड्डू की कीमत मात्र136 रुपये किलो आती है। दुकानदारों को थोक रेट में बनाकर बेचने वाले करीब 35 कारखाने इस समय चल रहे हैं।

ये है सस्ते घी का रेट

- तपन घी 4500 प्रति 15 किलो।
- स्वागत घी 3400 प्रति 15किलो।
- रुद्राक्ष घी 3300 प्रति 15 किलो।

आसान नहीं है जांच

मिलावटी घी के हो रहे इस्तेमाल को रोकना आसान भी नहीं है। क्योंकि बड़े-बड़े रसूखदार लड्डू के कारखाने ऐसी जगह चलाते हैं, जहां जांच करने कोई नहीं पहुंच सकता।

दंडनात्मक कार्रवाई में सहयोग करूंगा : नंदलाल

हलवाई समाज के अध्यक्ष नंदलाल गुप्ता ने कहा कि शुद्ध प्रसाद से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। दुकानदारों के लिए लाइसेंस प्रक्रिया में तब्दीली करते हुए बैठक होगी। नई व्यवस्था के तहत हैवी लाइसेंस की प्रक्रिया शुरू होगी। यदि कोई दुकानदार निर्देश के बावजूद जांच में गलत पाया जाता है तो प्रशासनिक कार्रवाई के लिए खड़ा रहूंगा और दंडनात्मक कार्रवाई में सहयोग करूंगा।

गर्मी में आसान नहीं देशी घी से लड्डू बनाकर बेचना

अयोध्या धाम के हनुमान गढ़ी मंदिर के समीप लड्डू विक्रेता कहते हैं कि देशी घी का लड्डू ज्यादा गर्मी पड़ने पर पिघल जाता है। घी पिघलने के कारण लड्डू अपने स्वरूप में नही रह पाता। अभी तो गर्मी की शुरुआत है। जैसे-जैसे गर्मी बढ़ेगी मुश्किल भी बढ़ेगी, जिसके लिए गर्म लड्डू ही बनाया जाता है और स्वरूप न बिगड़ने के लिए ऊपर से चने का सत्तू प्रयोग में लाया जाता है।

बेदखल किए जाएंगे दुकानदार: महंत

हनुमानगढ़ी के मुख्य महंत गद्दीनशीन के मुख्य शिष्य महंत डॉ. महेश दास ने कहा कि मुझे मिलावट वाले घी के इस्तेमाल की पूरी जानकारी है। संज्ञान लिया जा चुका है। इस पर कार्रवाई तय हो चुकी है। हनुमान गढ़ी मंदिर में पंचायत की जाएगी। पंचायत के माध्यम से दोषी दुकानदारों को चिह्नित करते हुए सर्वप्रथम लड्डू के थोक व्यापारी पर कार्रवाई के तहत किराएदारी को खत्म करके दुकान से बेदखल किया जाएगा। हनुमान जी के प्रसाद से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

चाणक्य परिषद का प्रदर्शन आज

मिल्कीपुर, अयोध्या, अमृत विचार : इनायत नगर थाना क्षेत्र के परसवां गांव में होली के एक दिन पूर्व पिटाई में घायल मजरे शुकुलपुर निवासी राम प्रकाश पांडेय की इलाज के दौरान मौत के बाद मामले ने तूल पकड़ना शुरू कर दिया है।

मामले में शनिवार को अखिल भारतीय चाणक्य परिषद एवं परशुराम ट्रस्ट ने मामले में सरियावां चौराहे पर प्रदर्शन की चेतावनी दी है। मृतक के पुत्र अनुपम पांडेय का आरोप है कि 24 मार्च को गांव के राहुल सिंह, जितेश सिंह, अभिषेक यादव, अतुल श्रीवास्तव व मुकेश सिंह समेत अन्य ने घर में घुसकर शराब पीने से मना करने पर हमलाकर पिता को गंभीर रूप से घायल कर दिया था। जिनकी इलाज के दौरान 16 अप्रैल की रात को मौत हो गई।

इनायत नगर थाना प्रभारी संदीप कुमार सिंह का कहना है कि मौत की वजह की जानकारी के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

41 डिग्री तापमान से तप रहा अप्रैल दस बजते ही सड़कों पर सन्नाटा

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : पहली बार ऐसा हो रहा है कि अप्रैल में ही लोग घरों से बाहर निकलने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। दूसरे सप्ताह में ही अधिकतम तापमान के 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। हालत यह है कि सड़कों पर सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक तीखी धूप लोगों को बेहाल कर रही है। मौसम वैज्ञानिकों ने इस बार अप्रैल में ही गर्मी का पारा 42 डिग्री तक पहुंचने की संभावना जताई है। दिन के समय पारा 40 से 41 डिग्री तक पहुंचने और मुख्य बाजार में जाम से लोग परेशान हैं। दिन के समय सड़क पर निकलना मुश्किल हो गया है।

इस समय सुबह 10 बजते-बजते तापमान तेजी से बढ़ने लगता है। तापमान बढ़ने से एक ओर जहां तेज धूप के कारण आसमान से आग बरस रही है। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के मौसम विभाग के अमरनाथ मिश्र का कहना है कि तापमान में और बढ़ोतरी होगी।

गमछे में लिपटे लोग। अमृत विचार

धूप से बचने के लिए यही सही।

मेला ड्यूटी में तैनात फार्मासिस्ट की मौत

अयोध्या, अमृत विचार: चैत्र रामनवमी मेला ड्यूटी में तैनात एक फार्मासिस्ट की मौत हो गई। रामनवमी मेला ड्यूटी में आए फार्मासिस्ट संतोष कुमार द्विवेदी (52) पुत्र कमलाकांत द्विवेदी अयोध्या कोतवाली क्षेत्र के विभीषण कुंड स्थित श्रीराम जानकीकुंज के सीता बल्ल्भ भवन गेस्ट हाउस में रुके थे। उनकी गुरुवार मध्य रात्रि के बाद अचानक तबियत बिगड़ गई।

गेस्ट हाउस के संचालक भानु प्रताप सिंह ने अपने स्टाफ की मदद से उनको रात लगभग एक बजे श्रीराम अस्पताल भेजवाया। जहां इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने परीक्षण के बाद फार्मासिस्ट को मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता बाराबंकी के टिकैतनगर निवासी कमलाकांत द्विवेदी ने बताया कि संतोष कुमार मूल रूप से अमेठी के मुसाफिरखाना स्थित सीएचसी में फार्मासिस्ट के पद पर तैनात था। राम नवमी मेला की विशेष ड्यूटी में आठ अप्रैल को अयोध्या आए था। यहां रामजन्मभूमि थाना क्षेत्र स्थित कनक भवन मंदिर के बगल ड्यूटी कर रहा था। थाना प्रभारी रामजन्मभूमि देवेंद्र पांडेय ने बताया कि पोस्टमार्टम कराकर शव परिवार के हवाले कर दिया गया है।

राम मंदिर को पूरा करने के लिए बढ़ाए जाएंगे मजदूर

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : निर्माणाधीन राम मंदिर को पूरा करने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य शुरू कर दिया गया है। एलएंडटी, टाटा, राजकीय निर्माण निगम ने कर्मचारी बढ़ाने की तैयारी शुरू कर दी है। मंदिर निर्माण समिति ने दिसम्बर 2024 तक काम पूरा करने का लक्ष्य रखा है। समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने दिसम्बर तक मंदिर का कार्य पूरा होने का दावा किया है।

प्राण प्रतिष्ठा के बाद राम नवमी उत्सव सम्पन्न हो गया है। अब मंदिर निर्माण में शेष कार्यों को किया जा रहा है। भूतल पर लगे खम्भों में मूर्ति नक्काशी के लिए 200 कारीगरों को लगाया गया है। प्रथम तल का कार्य भी लगभग पूरा हो गया है। दिसम्बर से पूर्व राम दरबार को भी गर्भगृह में स्थापित कर दिया जाएगा। अंतिम सप्ताह तक द्वितीय तल, तृतीय तल और शिखर का निर्माण भी लगभग पूरा हो जाएगा। इसके लिए लगभग 1200 वर्कर लगाए गए हैं। 800 मीटर लंबे परकोटे का भी निर्माण किया जा रहा है, जिसमें परिक्रमा पथ और छह देवी देवताओं के भी मंदिर का निर्माण हो रहा है। 2000 मजदूर लगे हैं। अब इनकी संख्या को बढ़ा कर 5000 किया जाएगा। इसके लिए एलएंडटी और राजकीय निर्माण निगम को निर्देशित किया गया है। परिसर में आठ और मंदिर का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें शेषवतार, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि वाल्मीकि, महर्षि अगस्त्य, महर्षि वशिष्ठ, निषाद राज, अहिल्या देवी का मंदिर प्रस्तावित है, जिसे अगले 18 माह में तैयार किया जाना है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ.अनिल मिश्रा ने बताया कि अब पूरा फोकस निर्माण कार्य पर है।

श्रीराम से जुड़े स्थलों की रखें जानकारी

अयोध्या केवल शहर ही नहीं बल्कि भावनाओं का नगर : नगर आयुक्त

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग में चतुर्थ बैच टूरिस्ट गाइड के प्रशिक्षण का शुभारम्भ मुख्य अतिथि नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा व कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन करके किया गया।

अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. प्रतिभा ने कहा कि प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या में काफी संख्या में टूरिस्ट आने के लिये लालायित हैं। अयोध्या की सांस्कृतिक एवं पौराणिक विरासत से सभी को अभिसिंचित कराने के लिए टूरिस्ट गाइड की भूमिका बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में रामराज्य की परिकल्पना को साकार करने के लिए टूरिस्ट गाइड को पूरे सप्ताह का प्रोग्राम बनाना होगा। टूरिस्ट क्या चाहता है, उन्हीं की मांग के अनुरूप चीजों को प्रस्तुत करना होगा। कुलपति ने कहा कि गाइड का उद्देश्य केवल पैसा कमाना नही होना चाहिए। मुख्य अतिथि नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि अयोध्या केवल शहर ही नहीं बल्कि भावनाओं का शहर है। टूरिस्ट गाइड अपने शहर का ब्राण्ड अम्बेसडर होता है। सभी को अयोध्या के साहित्य को पढ़ना होगा तभी टूरिस्ट को सही जानकारी दे सकेंगे। नकरात्मक चीजों को सकारात्मकता में बदलने के साथ धैर्य रखना होगा। स्वागत उद्बोधन विभागाध्यक्ष प्रो. हिमांशु शेखर सिंह द्वारा किया गया। संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रो शैलेन्द्र कुमार वर्मा ने किया। इस अवसर पर सभी शिक्षक और प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले गाइड मौजूद रहे।

अवध विवि में आयोजित प्रशिक्षण में नगर आयुक्त का स्वागत करतीं कुलपति।

हाईवे पर ट्रक में घुसी कार, वृद्धा की मौत

अयोध्या-रायबरेली नेशनल हाईवे पर युवक को बचाने में डिवाइडर से टकराई कार

मिल्कीपुर, अयोध्या

अमृत विचार : अयोध्या-रायबरेली नेशनल हाईवे पर बाइक सवार युवक को बचाने के चक्कर में कार डिवाइडर से टकराते हुए खड़े ट्रक में जा घुसी। कार में बैठी वृद्धा की मौत हो गई।

थाना पूरा कलंदर क्षेत्र के दौलतपुर गांव निवासिनी शोभा श्रीवास्तव पत्नी नरेंद्र श्रीवास्तव (65) अपने नाती अभी श्रीवास्तव (22) के साथ कार से लखनऊ इलाज करने जा रही थी। अयोध्या रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर हलियापुर थाना क्षेत्र कूरेभार तिराहे के पास हाईवे पर बाइक सवार युवक को बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराते हुए सामने खड़े ट्रक में जा घुसी। जिससे कार के परखच्चे उड़ गए। कार सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों ने मौके चालक अभी श्रीवास्तव व उनकी नानी शोभा श्रीवास्तव को सौ शैय्या अस्पताल कुमारगंज पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने शोभा को मृत घोषित कर दिया। कुमारगंज पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि मृतक महिला के परिजनों की ओर से तहरीर मिलने के बाद प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।



दुर्घटना में क्षतिग्रस्त कार। अमृत विचार

पिकअप की टक्कर से छात्र की मौत

तारुन अयोध्या, अमृत विचार : तारुन-रामपुर भगन मार्ग पर शुक्रवार दोपहर पिकअप की टक्कर से छात्र की मौत हो गई। तारुन थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पारागरीबशाह मजरे बिंदा पाण्डेय पूरा निवासी राम बचन मिश्र का पुत्र अमित कुमार(6) प्राथमिक विद्यालय नेतवारी चतुरपुर में संचालित आंगनबाड़ी छात्र था। छुट्टी के बाद घर जाने को सड़क पार कर रहा था। तभी वह तेज रफ्तार पिकप वाहन ने चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बीट दरोगा मुन्नी लाल चौधरी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया। उन्होंने बताया कि पुलिस फरार वाहन व चालक की तलाश कर रही है।

स्वास्थ्य | जिला अस्पताल में जांच कराने के लिए आने वाले मरीजों से भराया जा रहा फॉर्म

आसानी से ट्रैक होंगे आठ बीमारियों से पीड़ित मरीज

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : अब डेंगू-मलेरिया समेत आठ बीमारियों के मरीजों को आसानी से ट्रैक किया जा सकेगा। इसके लिए जिला अस्पताल स्थित इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब (आईपीएचएल) में व्यवस्था शुरू कर दी गई है। इसके तहत बुखार से संबंधित जांच कराने पहुंचे मरीजों को फॉर्म दिया जाता है। जिसमें मरीजों को अपना ब्योरा देना पड़ता है। अगर किसी भी मरीज में आठ में से कोई बीमारी निकलती है तो उस ब्योरे के आधार पर उसकी पहचान की जा सकेगी।



इस तरह का मरीजों को फॉर्म दिया जा रहा है। अमृत विचार

दरअसल अभी तक बुखार के मरीज आरडीसी में जांच कराने पहुंचते थे तो सिर्फ पर्चे पर उनकी जांच हो जाती थी। हालांकि पर्चे पर नाम और मोबाइल नंबर अंकित रहता था, लेकिन कभी-कभार मरीजों में डेंगू व अन्य बीमारियों की पुष्टि हो जाने पर उन तक पहुंचना आसान नहीं होता था। डॉ. शाकिब ने बताया कि आईपीएचएल में बुखार से संबंधित जांच कराने के लिए पहुंचने वाले मरीज को यह फॉर्म भरना जरूरी है। क्योंकि अगर जांच में संक्रामक बीमारियां निकलती है तो उसी फॉर्म में दिए गए ब्योरे के आधार पर मरीज के घर पर छिड़काव आदि कार्रवाई आसानी से कराई जा सकती है।

फॉर्म में लिखी हैं बीमारियां और देना होता है यह ब्योरा

आईपीएचएल में मिलने वाले फॉर्म में डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, विडाल, जेई 6, एचबीएस/एजी, एचसीवी व चिकनपॉक्स शामिल है। ब्योरे में मोबाइल नंबर, नाम, पिता का नाम, पूरा पता, तहसील, डॉक्टर का नाम, आधार नंबर, उम्र, लिंग, वार्ड, पोस्ट, थाना व जिला शामिल हैं।

> जांच में अगर किसी मरीज में संक्रामक बीमारियों के लक्षण मिलेंगे तो उक्त फॉर्म के जरिए हम मरीज को आसानी से ट्रैक कर सकते हैं। उनके घर पर छिड़काव व फॉगिंग आदि भी कराई जा सकेगी। यह मरीज हित में है।
> -डॉ. अरविंद श्रीवास्तव, डिस्ट्रिक्ट एपीडेमोलॉजिस्ट

अंडर-17 स्कूली बास्केटबॉल की प्रदेशीय टीम घोषित

अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार : स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के निर्देशन में हरियाणा के गुरुग्राम में 27 अप्रैल से राष्ट्रीय विद्यालयीय अंडर-17 बालक बास्केटबॉल प्रतियोगिता आयोजित होगी। इसमें प्रतिभाग करने वाली उप्र बालक टीम शुक्रवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर राज्य विद्यालयीय क्रीड़ा संस्थान के प्राचार्य भगवती सिंह की ओर से घोषित कर दी गई। चयनित टीम 25 अप्रैल को क्रीड़ा संस्थान स्टेडियम से प्रतियोगिता के लिए हरियाणा रवाना होगी। चयनित टीम में वाराणसी के प्रणव कुमार सिंह, अभिषेक पटेल, शादान अहमद, आजमगढ़ के आयूष कुमार, मुरादाबाद के चन्द्रकान्त व सत्यम सागर शामिल हैं। इसके अलावा टीम में बलिया के विक्की यादव, गोरखपुर के प्रिंस राजभर व सोहन सिंह, इटावा के तरुण चौहान, मेरठ के तुषार, लखनऊ के अक्षत मिश्र व अंश यादव व आगरा के अंकुश यादव को शामिल किया गया है।

अब माता कौशल्या के नाम से बनेगा मातृ भवन

अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार : राम मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब अयोध्या में माता कौशल्या के नाम से मातृ भवन बनाए जाने की तैयारी है, जिसके लिए श्री राम माता कौशल्या धाम न्यास अयोध्या में जमीन खरीदने जा रही है। यह मंदिर भी राम मंदिर के ही तर्ज पर बनाया जाएगा, जो दुनिया का सबसे सुंदर मंदिरों में से एक होगा। इस मंदिर में भगवान राम माता कौशल्या के गोद में विराजमान होंगे। दूसरी तरफ माता कैकेयी की गोद में भरत, माता सुमित्रा की गोद में लक्ष्मण और शत्रुघ्न विराजेंगे। जिसकी पहल के लिए श्रीराम माता कौशल्या धाम न्यास अध्यक्ष पंडित रमेश उपाध्याय ने श्रृंगेरी पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी भारती तीर्थ महाराज, पुरी पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती, द्वारिका पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी सदानन्द सरस्वती और ज्योतिशपीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को मार्गदर्शन के लिए पत्र लिखा है। पंडित रमेश उपाध्याय के मुताबिक मंदिर किसी सरकार या व्यक्ति का नहीं बल्कि सनातन देशवासियों का होगा। देश के हर गांव और मोहल्ले में मिट्टी अयोध्या में बनने वाली माता धाम की नींव में डाली जाएगी।

चित्रगुप्त का प्रकटोत्सव, सरयू तट पर महाआरती

बड़ी संख्या में शामिल हुए समाज के लोग, कई विभूतियों को किया गया सम्मानित

नगर विधायक को सम्मानित करते संस्थान के पदाधिकारी। अमृत विचार

महाआरती में शामिल समाज की महिलाएं। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : कल-कल करतीं मां सरयू की पावन लहरों के बीच सुगंधित धूप-दीप के साथ सजी आरती चित्रगुप्त के प्रकटोत्सव की आभा को और भी मनोहर बना रही थी। मौका था अयोध्या कायस्थ विकास संस्थान द्वारा भगवान चित्रगुप्त के प्रकटोत्सव पर गुरुवार देर शाम आयोजित महाआरती का।

महाआरती का श्री गणेश महंत विमल कृष्ण दास ने वैदिक मंत्रोचार के साथ शुरू किया। सर्वप्रथम भगवान चित्रगुप्त जी की स्तुति की गई।

इसके बाद संस्थान ने नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, महापौर गिरीशपति त्रिपाठी और भाजपा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव समेत कायस्थ समाज के वरिष्ठजनों और बुद्धिजीवियों का सम्मान किया। कार्यक्रम में डॉ. अजय मोहन श्रीवास्तव, अजय कुमार श्रीवास्तव, आरसी निगम, अभिषेक मिश्रा, अर्चना श्रीवास्तव, अभय श्रीवास्तव, नीरज श्रीवास्तव, निखिल श्रीवास्तव, रवि सोनकर, सचिन सरीन, निशांत गुप्ता चेतन, अर्जुन यादव सोमू आदि रहे। प्रवक्ता जेपी श्रीवास्तव ने कहा कि महाआरती के माध्यम से भगवान चित्रगुप्त जी की महिमा का बखान किया गया है।

> चित्रगुप्त जी के प्रकटोत्सव का यह पहला सफल कार्यक्रम है। संगठन का प्रयास रहेगा की प्रत्येक वर्ष भगवान चित्रगुप्त का प्रकटोत्सव और भी भव्यता के साथ मनाया जाए। ऐसे कार्यक्रमों से समाज में एकता के साथ-साथ आपसी रिश्तों की डोर मजबूत होती है।
>
> **-अरुण श्रीवास्तव,** अध्यक्ष, अयोध्या कायस्थ विकास संस्थान

एक नजर

जनप्रतिनिधि से लेकर पदाधिकारी सभी बनेंगे पन्ना प्रमुख

अयोध्या, अमृत विचार : भाजपा द्वारा सांगठनिक स्तर पर हर घर-हर मतदाता से तीन बार सम्पर्क की तैयारियों को लेकर लोस चुनाव कार्यालय पर कोर कमेटी की बैठक हुई। सह संयोजक ओम प्रकाश सिंह ने कहा बूथ समिति तथा अन्य पदाधिकारियों द्वारा हर घर-हर मतदाता से कम से कम तीन बार सम्पर्क करना है। बताया कि तीन बार सम्पर्क अभियान को लेकर बूथ समिति के छह सदस्यों को कार्यक्रम प्रभारी बनाया गया है। मतदाता सूची प्रमुख, लाभार्थी सम्पर्क प्रमुख, व्हाट्सअप ग्रुप प्रमुख, महिला सम्पर्क प्रमुख, प्रभावी मतदाता सम्पर्क प्रमुख बनाए गए हैं। 12 से 15 परिवार के वोटरों का एक पन्ना है जिसमें 60 मतदाता है।

राजस्थान से चलकर आ रही पछुआ हवा

अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार : मौजूदा समय में दिन में चल रही पछुआ हवा ने आम जनमानस को परेशान कर दिया है। सड़कों पर चलना दूभर हो गया है। घरों में धूल भर जा रही है। यह हवा राजस्थान से चलकर आ रही है। हालांकि इन पछुआ हवा का अपना एक अलग महत्व भी है। इसे सामान्य प्रक्रिया माना जाता है और यह फसलों के लिए काफी लाभकारी होती हैं। विगत 15 दिनों से पछुआ हवा जरूरत से ज्यादा तेज चल रही है। आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ .सीताराम मिश्र के मुताबिक पछुआ हवा का चलना एक मानसूनल सिस्टम है। इससे फसलों की नमी खत्म हो जाएगी। अमूमन देखा जाता है कि भंडारण के समय दानों में नमी रहती है तो उन्हें धूप दिखानी पड़ती है, लेकिन इस समय चल रही हवा के कारण दानों का सीधा भंडारण किया जा सकेगा। गेहूं, चना व मसूर की फसलों के लिए बहुत उपयोगी मानी जाती हैं।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **13.05.2024** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैन्युअल ऑफर स्वीकार नहीं किए जायेंगे यदि कोई मैन्युअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जाएगा। निविदाकर्ता निविदा फॉर्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड व क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जाएगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, डिपॉजिट रसीद एफ.डी.आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

निविदा सूचना सं.	03102024 दिनाक 18.04.2024		
निविदा संख्या	1. 07-Sr-DEN-VI-LKO-2024-25 2. 08-Sr-DEN-VI-LKO-2024-25		
कार्य का नाम	1. सहायक मण्डल इंजीनियर-प्रयाग के अंतर्गत महाकुम्भ-2025 के दौरान अतिक्रमण को रोकने के लिए पीआरजी-पीवाईजीएस स्टेशनों के बीच सुरक्षा बाड़/सीमा दीवार के प्रावधन का कार्य। 2. सहायक मण्डल इंजीनियर-प्रयाग के अंतर्गत प्रयाग स्टेशन और विभिन्न कॉलोनियों (रेस्ट हाउस कॉलोनी, बीस क्वार्टर कॉलोनी, माल गोदाम कॉलोनी, स्टेशन कॉलोनी, आदि) एवं वे साइड स्टेशन कॉलोनियां (THW, SYC, PLP, URPR, BYHA, ARP, RMC, LGO, SWE etc.) में पुरानी/क्षतिग्रस्त पाइपलाइनों और फिटिंग के बदले में जल आपूर्ति प्रणाली का प्रतिस्थान का कार्य।		
अनुमानित लागत	1. ₹2,32,04,670.98	2. ₹3,89,71,299.19	
धरोहर राशि	1. ₹2,66,000/-	2. ₹3,44,900/-	
कार्य समापन की अवधि	1 एवं 2 के लिए: स्वीकृत पत्र की तिथि से 06 माह		
निविदा डालने का प्रारंभ	29.04.2024	वेबसाइट	www.ireps.gov.in
निविदा बंद होने की तिथि एवं समय	13.05.2024 को 15:00 बजे		

नोटः निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है। 1168/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पंचतत्व में विलीन हुईं ट्रस्ट सदस्य की पत्नी ज्योत्सना

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य व अयोध्या नरेश बिमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र की पत्नी ज्योत्सना मिश्रा शुक्रवार को पंचतत्व में विलीन हो गईं। सरयू तट पर उनके पुत्र साहित्यकार यतींद्र मोहन मिश्र ने मुखाग्नि देकर अंतिम संस्कार किया। लखनऊ के एक निजी अस्पताल में ब्रेन स्ट्रोक के इलाज के दौरान बृहस्पतिवार को उनका निधन हो गया था। सरयू तट के शमशानघाट पर शुक्रवार शाम चार बजे उनका अंतिम संस्कार हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में

ज्योत्सना मिश्रा। (फाइल फोटो)

लोंगो ने घाट पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। राज्य मंत्री सतीश शर्मा, राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा, गोपालजी राव, सांसद लल्लू सिंह, महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, विधायक अवधेश प्रसाद, मंडलायुक्त गौरव दयाल, आईजी प्रवीण कुमार, डीएम नितीश कुमार, एसएसपी राजकरण नय्यर, अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अश्वनी पांडे, सचिव सत्येंद्र सिंह, पूर्व सांसद डॉ. निर्मल खत्री, राजेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व मंत्री पवन पांडेय, अयोध्या साकेत महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. अभय सिंह, शिक्षक संघ के शिक्षक, महाराजा इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. रामकृष्ण के साथ डॉ. सुनीता शास्त्री, मिथिलेश नंदिनी शरण सहित अन्य संत-महंत और अन्य लोग शामिल रहे।

37 दिनों में 4000 किमी पैदल चल अयोध्या पहुंचा रामभक्त

बड़ागांव, अयोध्या

अमृत विचार : कोलकाता से करीब चार हजार किलोमीटर की पैदल यात्रा कर अबीर भट्टाचार्य 37 दिनों में शुक्रवार को अयोध्या धाम पहुंचे। 13 मार्च से अनवरत पैदल यात्रा कर यहां पहुंचे अबीर भट्टाचार्य ने बरईकला में आयोजित एक भंडारे में भी शिरकत की। उन्होंने कहा कि भगवान राम के द्वारा किए गए कायों का अनुसरण करें। प्यासे को पानी और भूखे को भोजन कराएं। बताया कि प्रभु श्रीराम के दर्शन करने के बाद अब मैं बद्रीनाथ धाम पैदल यात्रा पर जा रहा हूं। इस मौके पर ग्रामीण अशोक मिश्रा, शिक्षक स्वतंत्र पांडेय, मणिकांत मिश्रा सहित अन्य ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया।

पैदल यात्रा कर रहे अबीर भट्टाचार्य का स्वागत करते ग्रामीण। फोटो : अमृत विचार

कार्यालय का निरीक्षण करतीं संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अयोध्या।

चुनाव में लगे कोई अनफिट वाहन

अयोया, अमृत विचार : संभागीय परिवहन अधिकारी रितु सिंह ने शुक्रवार को सभी संभागीय परिवहन अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोकसभा चुनाव कार्य में कोई भी अनफिट वाहन न लगे। गाड़ियों की लिस्ट निकालकर यह सुनिश्चित कर लें कि सभी वाहनों की फिटनेस परमिट और सभी प्रपत्र सही हैं। सभी वाहन स्वामियों के मोबाइल नंबर और पता नोट कर लें जिससे कि नोटिस भेजने में आसानी हो। वो उप संभागीय परिवहन कार्यालय बाराबंकी का निरीक्षण कर रहीं थीं। निरीक्षण में मिली खामियों पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए पटल सहायकों के पदनाम प्रदर्शित करने और जनता से मृदु व्यवहार करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एआरटीओ बाराबंकी अंकिता शुक्ला, यात्री मालकर अधिकारी उमाशंकर मिश्र सहित सभी कर्मचारी मौजूद थे।

बाइक सवार की दुर्घटना में मौत

रुदौली, अयोध्या : कोतवाली रुदौली के ग्राम कूढासादात के निकट हाईवे पर बाइक गलत दिशा में जा रहे बाइक सवार को मारुति कार ने टक्कर मार दी।बाइक सवार युवक की घटना स्थल पर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को शाम लगभग साढ़े 7 बजे गलत दिशा में बाइक से मोहम्मद नाजिम पुत्र मोहम्मद कासिम निवासी अल्हवाना थाना कोतवाली रुदौली उम्र करीब 45 वर्ष जा रहे थे।कोतवाली रुदौली के ग्राम ग्राम कूड़ा सादात के निकट सामने से आ रही मारुति वैन ने टक्कर मार दी। चौकी प्रभारी भेलसर मनीष चतुर्वेदी ने बताया नाजिम की घटना स्थल पर मौत हो गई। शव का पंचायतनामा कर लाश पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। बाइक सवार ने हेलमेट नहीं लगाया था।

बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चे पुरस्कृत

गोरखपुर, अमृत विचार : विश्व भर में ऐतिहासिक महत्व की सम्पत्ति एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण हेतु लोगों के बीच जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष 18 अप्रैल को विश्व विरासत (धरोहर) दिवस मनाया जाता हैं। रेलवे ऐतिहासिक धरोहरों को संरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसी क्रम में, गोरखपुर स्थित रेल म्यूजियम सह हेरिटेज प्लाजा में 18 अप्रैल, 2024 को 'खेल-खेल में आओ ज्ञान बढ़ायें' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने बच्चों को पुरस्कृत किया।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियन्ता कर्मशाला, उत्तर रेलवे, सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निर्धारित प्रपत्र पर निम्नलिखित कार्यों हेतु मोहरबन्द निविदायें आमंत्रित करते हैं।

1	**निविदा सूचना संख्या :** विद्युत/डब्ल्यू./आलमबाग/178/2024-25
क	**कार्य का विवरण :** कैरेज वर्कशाप आलमबाग लखनऊ के आई. ओ. टी. उपकरणों द्वारा विद्युत एसेट्स जैसे- शेड लाईट्स, सबस्टेशनस की निगरानी एवं कण्ट्रोल के प्रावधान का कार्य।
ख	**अनुमानित लागत :** रु. 1,57,44,433.10
ग	**धरोहर राशि :** रु. 2,28,700/-
घ	**निविदा प्रपत्र मूल्य :** शून्य
ड.	**कार्य समापन अवधि :** बारह माह
अन्य सूचना	
2	**निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि एवम समय :** 11.05.2024 को अपरान्ह 13:00 बजे तक।
3	**निविदा खुलने की तिथि व समय :** 11.05.2024 को अपरान्ह 13:00 बजे के बाद।

• निविदा प्रपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है तथा निर्धारित तिथि के अनुसार भरा जा सकता है। • मैनुअल आफर पर विचार नहीं किया जायेगा। • निविदाकर्ता निविदा फार्म की धरोहर राशि का भुगतान केवल **www.ireps.gov.in** पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान प्रणाली द्वारा ही किया जायेगा। • डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक/डिपॉजिट रसीद/एफ.डी.आर. या अन्य किसी रूप में निविदा धरोहर धनराशि का भुगतान स्वीकार नहीं किया जायेगा। • प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज की प्रस्तुति एवं उससे संबन्धित निविदा उपरान्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नहीं किए जाएंगे। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रों को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा।

सं.: विद्युत/डब्ल्यू./आलमबा/178/2024-25 दिनांक: 19.04.2024 **1186/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

भीषण गर्मी को देखते हुए पूर्वोत्तर रेलवे ने बढ़ाया ट्रेनों का फेरा

गोरखपुर, अमृत विचारः पूर्वोत्तर रेलवे यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करने और गर्मियों के दौरान यात्रा की मांग में अपेक्षित वृद्धि को प्रबंधित करने के लिए भारतीय रेल गर्मियों के मौसम के दौरान रिकॉर्ड 9111 फेरों का संचालन कर रही है। 2023 की गर्मियों की तुलना में यह पर्याप्त वृद्धि दर्शाता है, जहां कुल 6369 फेरों की पेशकश की गई थीं। यह 2742 फेरों की वृद्धि दर्शाता है, जो यात्रियों की मांगों को प्रभावी ढंग से पूरा करने के प्रति भारतीय रेल की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। पूर्वोत्तर रेलवे पर ग्रीष्मकाल में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुये पूर्वोत्तर रेलवे के विभिन्न स्टेशनों से देश के महानगरों एवं अन्य प्रमुख नगरों के लिये 92 ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनें 726 फेरों में चलाई जा रही हैं। इसके अतिरिक्त 67 ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनें पूर्वोत्तर रेलवे के विभिन्न स्टेशनों से होकर देश के प्रमख नगरों के लिये 472 फेरों में चलाई जा रही हैं।

प्रमुख रेल मार्गों पर निर्बाध यात्रा सुनिश्चित करने के लिए देश भर के प्रमुख गंतव्यों को जोड़ने के लिए अतिरिक्त ट्रेनों की सावधानीपूर्वक योजना बनाई गई है। समस्त जोनल रेल द्वारा देश भर में गर्मियों के मौसम में तमिलनाडु, महाराष्ट्र, गुजरात, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, झारखंड, मध्य प्रदेश, राजस्थान और दिल्ली जैसे राज्यों से यात्रियों की भीड़भाड़ को कम करने के लिए इन अतिरिक्त फेरों को संचालित करने की तैयारी कर ली गई है।

अतिरिक्त ट्रेनों की योजना बनाना और संचालित करना एक सतत प्रक्रिया है, जिसके लिए किसी मार्ग विशेष पर चलने वाली रेलगाड़ियों की मांग का आकलन करने के लिए पीआरएस प्रणाली में प्रतीक्षा सूची वाले यात्रियों के विवरण के अलावा मीडिया रिपोर्ट, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, रेलवे इंटीग्रेटेड हेल्पलाइन नंबर 139 जैसे सभी संचार चैनलों से 24ग7 इनपुट लिए जाते हैं। इस आवश्यकता के आधार पर, ट्रेनों की संख्या बढ़ाई।

बरौनी से आज पूर्व की भांति चलेगी ट्रेन

गोरखपुर, अमृत विचारः रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मावकाश में हो रही यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये यात्री जनता की सुविधा हेतु 09044 बरौनी-बांद्रा टर्मिनस अनारक्षित ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचालन बरौनी से 20 अप्रैल,2024 को निम्नवत किया जायेगा ।

09044 बरौनी-बांद्रा टर्मिनस अनारक्षित ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 20 अप्रैल,2024 बरौनी से 10.20 बजे प्रस्थान कर समस्तीपुर से 11.38 बजे, मुजफ्फरपुर से 12.40 बजे, बापूधाम मोतिहारी से 14.10 बजे, नरकटियागंज से 15.50 बजे, गोरखपुर से 20.15 बजे, बस्ती से 21.38 बजे, गोण्डा से 23.40 बजे दूसरे दिन बाराबंकी 01.35 बजे, ऐशबाग से 03.13 बजे, कानपुर सेण्ट्रल से 04.50 बजे, इटावा से 06.55 बजे, टुण्डला से 08.40 बजे, आगरा फोर्ट से 09.25 बजे, बयाना से 11.55 बजे, गंगापुर सिटी से 12.55 बजे, सवाई माधोपुर से 13.43 बजे, कोटा से 15.20 बजे, नागदा से 19.20 बजे, रतलाम से 20.15 बजे, गोधरा से 23.12 बजे, तीसरे दिन वड़ोदरा से 00.40 बजे, भरूच से 01.32 बजे, सायण से 02.17 बजे, सूरत से 02.30 बजे, वापी से 04.10 बजे, बोईसर से 05.12 बजे तथा बोरीवली से 06.15 बजे चलेगी।

यात्रियों के लिए किया जाएगा विशेष ट्रेनों का संचालन

गोरखपुर, अमृत विचारः रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल में यात्रियों की हो रही अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए यात्री जनता की सुविधा हेतु 04011 मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार टर्मिनस ग्रीष्मकालीन अनारक्षित विशेष गाड़ी का संचलन मुजफ्फरपुर से 20 अप्रैल, 2024 को एकल यात्रा हेतु निम्नवत किया जायेगा। 04011 मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार टर्मिनस ग्रीष्मकालीन अनारक्षित विशेष गाड़ी 20 अप्रैल, 2024 को मुजफ्फरपुर से 17.00 बजे प्रस्थान कर मोतिपुर से 17.05 बजे, मेहसी से 17.24 बजे, चकिया से 17.35 बजे, पिपरा से 17.45 बजे, बापूधाम मोतिहारी से 18.12 बजे, सगौली से 18.35 बजे, बेतिया से 18.55 बजे, नरकटियागंज से 19.40 बजे, हरिनगर से 20.00 बजे, बगहा से 20.25 बजे, सिसवा बाजार से 21.07 बजे, कप्तानगंज से 21.42 बजे, गोरखपुर से 22.55 बजे, दूसरे दिन गोण्डा से 01.17 बजे किया जाएगा।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

सूचना

मैं **अशोक कुमार पुत्र रमाशंकर राम, निवासी- 148 कमला नेहरू नगर, कमता चिनहट, लखनऊ**, मैंने भविष्य के सभी उद्देश्यों हेतु अपनी अवयस्क पुत्री का नाम AISHANEE KUMAR से बदल कर AISHANEE SINGH कर दिया है।

सूचना

सूचित हो कि सर्विस बुक में मेरा नाम नाले शरद महादेव पुत्र महादेव गंगाराम नाले है। लेकिन आधार कार्ड में मेरा नाम शरद महादेव नाले पुत्र महादेव गंगाराम नाले दर्ज है। ऐसे में मुझे शरद महादेव नाले के नाम से जाना और पहचाना जाए। **-शरद महादेव नाले पुत्र महादेव गंगाराम नाले, निवासी- श्री रेसिंडेंसी, अपना बाजार सेजारी, लक्ष्मी नगर फलटन, सतारा महाराष्ट्र।**

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम सलमानी दिलशाद अहमद अनवर हुसेन से बदलकर सलमानी दिलशाद अहमद रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। सलमानी दिलशाद अहमद पुत्र अनवर हुसेन ग्राम सेमरियाव, पोस्ट उदयराजगंज, थाना चिल्हिया, जिला सिद्धार्थनगर

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपना नाम इन्द्रेश से बदल कर इन्द्रेश रामबक्स मल्लाह रख लिया है। भविष्य में सभी रिकॉड में मुझे इस नाम से जाना व पहचाना जाए। इन्द्रेश रामबक्स मल्लाह पुत्र रामबक्स, ग्राम व पोस्ट ब्रह्मसारी, थाना बेलघाट, तहसील खजनी, जिला गोरखपुर, पिन 273213

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम चन्द्रशेखर से बदलकर चन्द्रशेखर सिंह रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। चन्द्रशेखर सिंह पुत्र परशुराम सिंह निवासी बांसगांव, जिला गोरखपुर

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम फकरुद्दीन से बदलकर फकरुद्दीन अंसारी रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। फकरुद्दीन अंसारी पुत्र जमालुद्दीन ग्राम जंगल जगदीशपुर, पोस्ट सरपतही खुर्द, थाना पडरौना, जिला कुशीनगर

सूचना

सूचित हो कि पहले मेरा पुराना नाम AAFREEN था। अब बदल कर AAFREEN ANSARI D/O SHAHZAD ALI हो गया है। भविष्य में मुझे IAFREEN ANSARI D/O SHAHZAD ALI नाम से जाना व पहचाना जायेगा। ADD- 219/52, PATA NALA, NEAR JEEVAN ZARDA FACTORY, CHOWK, LUCKNOW 226003

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम अहमद रजा कदीर हुसैन था, अब मैंने अपना नाम बदलकर अहमद रजा कर लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाऐ। प्रार्थी - अहमद रजा पुत्र कदीर हुसैन निवासी-मकान न0 463/79 बड़ाबाग, जहरा कालोनी, मुफ्तीगंज, हुसैनाबाद लखनऊ पिन 226003

बड़ौदा यू.पी. बैंक Baroda U.P. Bank **कब्जा सूचना** क्षेत्रीय कार्यालय : अयोध्या, पोस्ट- साहेबगंज, जिला-अयोध्या- 224001 (यू.पी.)

कब्जा सूचना (नियम 8(2) के तहत अचल सम्पत्ति हेतु

जबकि अधोहस्ताक्षरी जोकि **बड़ौदा यू.पी. बैंक** का प्राधिकृत अधिकारी है, द्वारा वित्तीय अस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) सपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे दिये गये विवरण के अनुसार ऋणियों को मांग नोटिस जारी किया गया था। जिसके अनुसार मांग नोटिस की तिथि से 60 दिनों के भीतर नोटिस में वर्णित धनराशि का भुगतान बैंक को करने की सूचना ऋणियों/जमानतकर्ता को दी गई थी। ऋणियों द्वारा बकाया धनराशि का भुगतान करने में असफल रहने पर प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम (8) के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 की उप धारा 4 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एतदद्वारा ऋणियों/उधारकर्ता और आम लोगों को यह नोटिस दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी द्वारा नीचे दी गई सम्पत्तियों का कब्जा ले लिया गया है। ऋणियों/जमानतकर्ताओं/बंधककर्ताओं का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है। ऋणियों को विशेष रूप से व जनसाधारण को सामान्य रूप से एतदद्वारा विषयगत सम्पत्तियों के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार का संव्यवहार न करने के लिए सावधान किया जाता है और इस सम्बन्ध में किया गया कोई भी संव्यवहार **बड़ौदा यू.पी. बैंक** के अधोवर्णित प्रभारों व देय ब्याज/खर्चों के अधीन होगा।

खाता/उधारकर्ता का नाम (सम्पत्ति के मालिक)	प्रभारित/बंधक/दृष्टिबंधक की गई परिसम्पत्ति (परिसम्पत्ति से संबंधित सभी भाग व एवं हिस्सों सहित) विवरणी	(अ)मांग नोटिस की तिथि (ब)सांकेतिक कब्जा की तिथि (स)मांग नोटिस के दिन तक बकाया शेष
शाखा-शेरपुर पारा, जिला-अयोध्या		
उधारकर्ता : मीरा सिंह पत्नी राजेंद्र प्रताप सिंह निवासी-. 299, ग्राम. खजुराहट पोस्ट- खजुराहट जिला-अयोध्या **जमानतकर्ता - 1. राजेंद्र प्रताप सिंह** पुत्र जय गोपाल सिंह निवासीः ग्राम- खजुराहट पोस्ट खजुराहट जिला. अयोध्या 224206 **2. रणविजय प्रताप सिंह** पुत्र राजेंद्र प्रताप सिंह निवासी- ग्राम- खजुराहट, पोस्ट खजुराहट, जिला-अयोध्या 224206	आवासीय भूमि व भवन बंधक रखी गई संपत्ति का विवरण, पंजीकृत विक्रय विलेख संख्या 280/13 दिनांक 28/01/2013 की जमा राशि के माध्यम से पुस्तक संख्या-1 जिल्द संख्या 1471 पृष्ठ संख्या-343/354 क्षेत्रफल-167.28 वर्ग मीटर या 1800 वर्ग फुट प्लॉट नंबर-292 पर स्थित है, ग्राम -खुजराहाट परगना-पश्चिम राठ तहसील- बीकापुर, जिला अयोध्या 224206 **संपति की चौहद्दी** - पूर्व- रानी देवी का प्लॉट, पश्चिम- रेखा देवी का प्लॉट, उत्तर- खजुराहाट से मिल्कीपुर रोड, दक्षिण- प्रेमा देवी का खेत। **मालिक- श्रीमती मीरा सिंह पत्नी श्री राजेंद्र प्रताप सिंह**	(अ) **20.01.2024** (ब) **15.04.2024** (स) रू. **6,03,311.70** दिनांक 30.06.2014 से अप्रयुक्त ब्याज + अन्य खर्चे
उधारकर्ता : लक्ष्मी इंटरलॉकिंग ब्रिक्स प्रो. रणविजय प्रताप सिंह पुत्र राजेंद्र प्रताप सिंह, ग्राम- खजुराहट पोस्ट- खजुराहट जिला- अयोध्या - 224206, जमानतकर्ताः **1. राजेंद्र प्रताप सिंह** निवासीः ग्राम. खजुराहट पोस्ट खजुराहट जिला. अयोध्या 224206 **2. मीरा सिंह पत्नी राजेंद्र प्रताप सिंह** निवासीः ग्राम. खजुराहट पोस्ट खजुराहट जिला. अयोध्या 224206	आवासीय भूमि और बिल्डिंग बंधक रखी गई संपत्ति का विवरण, पंजीकृत शीर्षक विलेख संख्या 1398/13 दिनांक 13/05/2013 की जमा राशि के माध्यम से पुस्तक संख्या-1 जिल्द संख्या 1501 पृष्ठ संख्या 201/214 क्षेत्रफल- 74.34 वर्ग मीटर या 800 वर्ग फुट प्लॉट नंबर-513 च पर स्थित है ग्राम-खुजराहाट परगना-पशिम राठ तहसील- बीकापुर जिला अयोध्या 224206 **संपति की चौहद्दीः** पूरब- गाटा संख्या-489 पश्चिम- सड़क प्रयागराज अयोध्या, उत्तर-विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण- रानी देवी का प्लॉट। **स्वामी- श्रीमती मीरा सिंह पत्नी श्री राजेंद्र प्रताप सिंह**	(अ) **20.01.2024** (ब) **15.04.2024** (स) रू. **4,61,009.00** दिनांक 30.07.2014 से अप्रयुक्त ब्याज + अन्य खर्चे
शाखा-आर.बी.एन. गोशाईगंज		
उधारकर्ता : मेसर्स कंचन मेडिकल स्टोर प्रो स्व. कमल नयन वर्मा कानूनी उत्तराधिकारियों के माध्यम से **1. कंचन वर्मा** पत्नी स्वर्गीय कमल नयन वर्मा निवासी मोहल्ला कटरा गोसाईगंज सदर जिला-अयोध्या **2. वीरेंद्र कुमार वर्मा** पुत्र स्वर्गीय कमल नयन वर्मा निवासी मुहल्ला कटरा गोसाईगंज सदर जिला-अयोध्या **3. शैलेन्द्र कुमार वर्मा** पुत्र स्व. कमल नयन वर्मा निवासी मुहल्ला कटरा गोसाईगंज सदर जिला- अयोध्या **जमानतकर्ता-श्री अशोक कुमार वर्मा** पुत्र श्री राम अभिलाख वर्मा, पता ग्राम-मझगवां देवगिरिया पोस्ट -अंकारीपुर जिला अयोध्या और श्री अविनाश चंद्र गोस्वामी पुत्र मुनिराम गोस्वामी पता ग्राम - बाला पैकोली पोस्ट -गोसाईगंज, जिला अंबेडकर नगर	अचल संपत्ति का विवरणः 1. भूमि प्लॉट संख्या 1050क विक्रय विलेख संख्या 5898/2016 दिनांक 30.07.2016 के माध्यम से खरीदी गई, जो ग्राम अंकारीपुर परगना अमसिन जिला-अयोध्या में स्थित है। क्षेत्रफलः 95 वर्गमीटर, जोकि श्री कमल नयन वर्मा के नाम पर है। **चौहद्दीः** पूर्व-राकेश सिंह की भूमि, पश्चिम-क्रेता का भूखंड, उत्तर-रेलवे की भूमि, दक्षिण-सड़क 2. भूमि प्लॉट संख्या 1050क विक्रय विलेख संख्या 5216/2016 दिनांक 5.07.2016 के माध्यम से खरीदी गई टिटिमा डीड संख्या 183/2017 दिनांक 13/01/2017, जो ग्राम अंकारीपुर परगना अमसिन जिला-अयोध्या में स्थित है। क्षेत्रफलः 95 वर्गमीटर। श्री जोकि श्री कमल नयन वर्मा के नाम पर है **चौहद्दीः** पूर्व- राकेश सिंह की भूमि, पश्चिम- क्रेता का भूखंड, उत्तर- रेलवे की भूमि, दक्षिण- सड़क 3. भूमि प्लॉट संख्या 1050क विक्रय विलेख संख्या 6137/2016 दिनांक 09.08.2016 के माध्यम से खरीदी गई, जो ग्राम अंकारीपुर परगना अमसिन जिला-अयोध्या में स्थित है, क्षेत्रफलरू 63.34 वर्गमीटर।जोकि श्री कमल नयन वर्मा के नाम पर है, **चौहद्दीः** पूर्व- राकेश सिंह की भूमि, पश्चिम- क्रेता का भूखंड, उत्तर- रेलवे की भूमि, दक्षिण-सड़क 4. भूमि प्लॉट संख्या 1050क बिक्री विलेख संख्या 4812/2017 दिनांक 17.08.2017 के माध्यम से खरीदी गई, जो ग्राम अंकारीपुर परगना अमसिन जिला-अयोध्या में स्थित है। क्षेत्रफलः 31.66 वर्ग मीटर। श्री कमल नयन वर्मा के नाम पर **चौहद्दीः** पूर्व- राकेश सिंह की भूमि, पश्चिम- क्रेता का भूखंड, उत्तर- रेलवे की भूमि, दक्षिण- सड़क 5. भूमि प्लॉट संख्या 1050क बिक्री विलेख संख्या 3856/2018 दिनांक 16.05.2018 के माध्यम से खरीदी गई, जो ग्राम अंकारीपुर परगना अमसिन जिला-अयोध्या में स्थित है. क्षेत्रफलः 95 वर्ग मीटर। जोकि श्री कमल नयन वर्मा के नाम पर है **चौहद्दीः** पूर्व- राकेश सिंह की भूमि, पश्चिम- क्रेता का भूखंड, उत्तर- रेलवे की भूमि, दक्षिण-सड़क 6. भूमि प्लॉट संख्या 1258 मिनट विक्रय विलेख संख्या 1927/1985 दिनांक 23.09.1985 के माध्यम से खरीदी गई जो ग्राम अंकारीपुर परगना अमसिन जिला-अयोध्या में स्थित है। क्षेत्रफलः 14.86 वर्गमीटर। जोकि श्री कमल नयन वर्मा के नाम पर है **चौहद्दीः** पूर्व-रेलवे स्टेशन की गली, पश्चिम-बलदेव प्रसाद की मजरुआ भूमि, उत्तर- क्रेता का घर, दक्षिण- कोलिया 8' चौड़ाई 7. भूमि प्लॉट संख्या 1257/2 मिनट बिक्री विलेख संख्या 1346/1982 दिनांक 16.10.1982 के माध्यम से खरीदी गई, जो ग्राम अंकारीपुर परगना-अमसिन जिला-अयोध्या में स्थित है। क्षेत्रफलः 18.586 वर्गमीटर जोकि श्री कमल नयन वर्मा के नाम पर है, **चौहद्दीः** पूर्व-सड़क (बस स्टेशन) पश्चिम-रास्ता खाम लगभग 6' उत्तर-महादेव प्रसाद का ट्यूबल, दक्षिण-रास्ता खाम लगभग 6'	(अ) **15.01.2024** (ब) **15.04.2024** (स) रू. **12,21,833.73** दिनांक 31.12.2023 से अप्रयुक्त ब्याज + अन्य खर्चे
शाखा-अम्बेडकरनगर		
उधारकर्ता : मेसर्स पवन किराना स्टोर प्रो- पवन कुमार गुप्ता पुत्र प्रेम प्रकाश गुप्ता पता-ग्राम-शहजादपुर, पोस्ट-अकबरपुर जिला- अम्बेडकर नगर	टाइटल डीड नंबर 2306-08 के माध्यम से खरीदी गई भूमि/प्लॉट, प्लॉट संख्या 1133 मि, गांव और पोस्ट- मुहरकपुर मरैला, जिला-अंबेडकर नगर में स्थित है। क्षेत्रफलः 630 वर्गफुट, जोकि श्रीमती शीला देवी पत्नी शेत प्रेम प्रकाश के नाम पर है **चौहद्दी (डीड के अनुसार):** पूर्व -प्रीतम लाल का घर, पश्चिम -उत्तमा देवी का घर, उत्तर- अखरपुर से शाहगंज रोड, दक्षिण - अशोक कुमार का प्लॉट	(अ) **30.01.2024** (ब) **15.04.2024** (स) रू. **2,01,962.63** दिनांक 30.01.2024 से अप्रयुक्त ब्याज + अन्य खर्चे
उधारकर्ता : मैसर्स साहू ट्रंक हाउस एंड फर्नीचर, प्रो-राम सागर पुत्र परमेश्वरदीन, पता-पहितीपुर रोड शहजादपुर, तहसील - अकबरपुर जिला -अंबेडकरनगर	भूमि/प्लॉट का साम्यिक बंधक -अखरपुर जिला अम्बेडकर नगर शीर्षक विलेख आईएसई 334/2005 प्लॉट संख्या 987मि के माध्यम से खरीदा गया। जो मीरजापुर गॉव में स्थित है, क्षेत्रफल-40.9 वर्गमीटर, जोकि रामसागर पुत्र परमेश्वरदीन के नाम पर है, **चौहद्दी (डीड के अनुसार):** पूर्व-राम उजागिर की भूमि, पश्चिम- रामनवल का घर, उत्तर-राम उजागिर और हौसिला की कृषि भूमि, दक्षिण-अखरपुर महरुआ रोड	(अ) **24.01.2024** (ब) **15.04.2024** (स) रू. **5,14,080.90** दिनांक 28.12.2023 से अप्रयुक्त ब्याज + अन्य खर्चे
शाखा-दर्शननगर, अयोध्या		
उधारकर्ता : मेसर्स श्री विजय सेन यादव पुत्र स्वर्गीय राम औतार यादव	आबादी प्लॉट नंबर 874 ख क्षेत्रफल-46 फीट X 230 फीट कुल क्षेत्रफल 10580 वर्ग फीट, वर्तमान में मकान संख्या 396 एए/1 राजस्व ग्राम मधना उपरहार (कुर्की) पोस्ट पूरा बाजार, परगना अमसिन, तहसील सदर जिला फैजाबाद में स्थित है। **चौहद्दी**- उत्तर- शेषदत्त की भूमि, दक्षिण- जगदंबा वा त्रिलोकी का खलियान, पूर्व-मकान कमला प्रसाद, पश्चिम-मकान श्यामलाल और रास्ता 12 फीट कुर्की चौराहा से शिव बरन के मकान तक।	(अ) **16.12.2023** (ब) **16.04.2024** (स) रू. **10,45,972.00** अप्रयुक्त ब्याज + अन्य खर्चे

दिनांक-20.04.2024 स्थान-अयोध्या प्राधिकृत अधिकारी-बड़ौदा यू.पी. बैंक

नगर पंचायत क्षेत्र में मतदान के लिए लोगों को किया गया जागरूक

बसखारी, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। शुक्रवार को नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर 25 मई को जनपद में होने वाले मतदान में लोगों से बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की गई।

नगर पंचायत क्षेत्र में स्थित कंपोजिट उ. प्राथमिक विद्यालय किछौछा में शुक्रवार को सेक्टर मजिस्ट्रेट बीके श्रीवास्तव, खंड शिक्षा अधिकारी केके सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा मनोज कुमार यादव की मौजूदगी में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रैली निकाली गई। मतदाताओं को जागरूक और अतिथियों के स्वागत के लिए विद्यालय की छात्र-छात्राओं के द्वारा स्वागत गीत, नुक्कड़ नाटक व रंगोली आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इसके बाद जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान उपरोक्त अधिकारियों के साथ राजस्व निरीक्षक सुनील यादव, व्याम शिक्षक रामकेश मौर्य, लिपिक अभिषेक यादव, कार्यालय सहायक नगर पंचायत राकेश प्रजापति, क्षेत्र के बीएलओ, विद्यालय के अध्यापकों, छात्र-छात्राओं और उनके विभागों के साथ अन्य कर्मचारी व कई संभ्रांत नागरिक मौजूद रहे।

जागरूकता रैली निकालते सेक्टर मजिस्ट्रेट बीके श्रीवास्तव।

मतदान कर भारत को बनाएं मजबूत : डीएम

छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से लोगों को मतदान करने के लिए किया जागरूक

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की उपस्थिति में सरदार पटेल पीजी कॉलेज फत्तेपुर बड़ागांव जलालपुर में मतदान प्रतिशत बढ़ाए जाने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सरदार पटेल पीजी कॉलेज में विद्यार्थियों को मतदान के महत्व और मतदान प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी के दिशा-निर्देशों के अनुरूप विभिन्न स्कूलों में स्वीप कार्यक्रम के तहत अनेक प्रकार के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। एक तरफ जहां विद्यार्थियों को वोट के महत्व के बारे में बताया जा रहा है, वहीं जनपद के विभिन्न स्कूलों में मतदान विषय पर प्रश्नोत्तरी, रंगोली, भाषण आदि प्रतियोगिताएं भी कराई जा रही हैं। स्कूली बच्चों द्वारा नुक्कड़ नाटक, मतदाता जागरूकता गीत और नृत्य के माध्यम से जागरूक किया गया। विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए अधिक से अधिक वोट डालने के लिए प्रेरित किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने विद्यार्थियों से अपील किया कि वह इन कार्यक्रमों में जो जानकारी प्राप्त कर रहे हैं, उसे अपने तक सीमित न रखकर अपने अभिभावकों और आस-पड़ोस के मतदाताओं को भी दें। वोट करने से लोकतंत्र को मजबूती प्रदान होती है, इसलिए हर मतदाता को मतदान कर भारत को मजबूत बनाना है। कार्यक्रम का संचालन डॉण् प्रियंका तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, उप जिलाधिकारी जलालपुर सुभाष सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक गिरीश कुमार सिंह, प्रधानाचार्य सुमित्रा देवी जीजीआईसी कुर्की बाजार, प्रधानाचार्य तारा वर्मा राजकीय हाईस्कूल और अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

लोकसभा चुनाव को लेकर छात्राओं द्वारा बनाई गई रंगोली का अवलोकन करते जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह।

प्रशिक्षण से नदारद रहे 16 पीठासीन अधिकारी

जिला निर्वाचन अधिकारी ने पीठासीन व मतदान अधिकारियों के प्रशिक्षण का किया निरीक्षण

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह द्वारा राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज अकबरपुर में लोकसभा चुनाव को लेकर हो रहे पीठासीन अधिकारियों और अन्य मतदान अधिकारियों के प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिया कि मतदान अधिकारी, पीठासीन अधिकारी अच्छे से प्रशिक्षण लें। जिससे मतदान के समय कोई समस्या न हो। ट्रेनर द्वारा मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। दो पालियों में हुए प्रशिक्षण के दौरान मतदान अधिकारियों को ईवीएम सील करने, वीवी पैट से पर्ची निकालने, सभी परपत्रों को ठीक से भरने, मॉक पोल करवाने, हर 2 घंटे पर रिपोर्टिंग करने, वीवी पैट, बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट को आपस में जोड़ने सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं की संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी अधिकारियों को गंभीरता से प्रशिक्षण लेने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण के प्रथम दिन 16 पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम अनुपस्थित पाए गए। जिसमें पहली पाली में 06 लोग राजीव, सतीश चंद्र वर्मा, अंकित वर्मा, राजेंद्र पाल, रनजीत यादव, चंद्र सिंह और दूसरे पाली 10 लोग सुधीर रंजन सिंह, मोहम्मद सलीम, मोहम्मद याकूब, मनोज कुमार दुबे, नूर मोहम्मद, कृष्ण कुमार यादव, अरविंद कुमार वर्मा, शमसुज्जमा अंसारी, देवेंद्र कुमार सिंह, अजय कुमार अनुपस्थित पाए गए। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि कार्मिक अपना प्रशिक्षण प्राप्त करें। अनुपस्थिति की दशा में एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। 25 मई को होने वाले मतदान को सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को अकबरपुर नगर स्थित राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में 23 अप्रैल तक 4808 जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट, पीठासीन व प्रथम मतदान अधिकारी को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

प्रशिक्षण का निरीक्षण करते जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह।

23 तक दिया जाएगा प्रशिक्षण

प्रशिक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी अधिकारियों को समय से उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि कार्मिकों को दो पाली में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 20,22 व 23 अप्रैल को भी दिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी, परियोजना निदेशक दिलीप सोनकर, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी और संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

शांति पूर्ण ढंग से संपन्न हुई जुमे की नमाज

जुमे की नमाज को लेकर मस्जिद के बाहर मौजूद पुलिस बल।

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। जनपद के समस्त थाना क्षेत्रांतर्गत जुमा की नमाज अदा करने वाले स्थानों पर पुलिस प्रशासन द्वारा चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था कर नमाज को सकुशल संपन्न कराया गया।

जुमे की नमाज के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देशानुसार जनपदीय पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने के लिए समस्त थाना क्षेत्रान्तर्गत मस्जिदों का भ्रमण और निरीक्षण किया गया। समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत मस्जिदों पर पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई। समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष, चौकी प्रभारी द्वारा पर्याप्त पुलिस बल के साथ लगातार भ्रमणशील रहते हुए सर्व समुदाय के धर्मगुरुओं से वार्तालाप कर शांति व सद्भाव बनाए रखने की अपील की गई। साथ ही सोशल मीडिया सेल टीम द्वारा भड़काऊ सोशल मीडिया पोस्ट व वीडियो बयान जारी करने, साजिश रचने और माहौल खराब करने की कोशिश करने वालों पर लगातार पैनी नजर रखी जा रही है। ऐसे शरारती तत्वों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

सार-संक्षेप

चोरो ने घर में रखे आभूषण किये पार

जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। अज्ञात चोरों ने दीवाल में नकबजनी कर घर में घुस गए और सो रहे परिजनों के बीच अलमारी का ताला खोलकर उसमें रखा आभूषण चोरी कर फरार हो गए। सुबह जब परिजनों की आंख खुली तो अलमारी में आभूषण नहीं देख उनके होश उड़ गए। यह सभी आभूषण पीड़िता की बेटी का था जो वर्तमान समय में मायके में आई है। घटना मालीपुर थाना क्षेत्र के कोठी भर में बीते गुरुवार रात को घटित हुई। पीड़ित कलावती ने पुलिस को दी गई तहरीर में लिखा है कि मेरी बेटी शिवानी का आभूषण अलमारी में रखा था। बीती रात अज्ञात चोर दीवाल में नकबजनीकर उक्त सभी आभूषण के साथ विदाई के लिए रखा 3 हजार रुपए नकद चोरी कर लिए। सीओ देवेंद्र कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टिया चोरी संदिग्ध प्रतीत हो रही है। मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

बंजर भूमि से हटवाया गया अतिक्रमण

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। नगर पालिका परिषद क्षेत्र अकबरपुर के मिर्जापुर में बंजर भूमि पर किए गए अतिक्रमण पर प्रशासन का बुल्डोजर चला है। संबंधित भूखंड को अतिक्रमणमुक्त करने के साथ कब्जा करने वालों को दोबारा अतिक्रमण नहीं करने की सख्त चेतावनी दी है। बीते दिनों ही मिर्जापुर के कुछ लोगों ने एसडीएम सदर और अधिशासी अधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर शिकायत किया था कि बंजर भूमि पर कुछ लोगों ने कब्जा कर रखा है। न सिर्फ मिट्टी की पटाई कर दी है बल्कि बाउंड्रीवॉल का भी निर्माण करा दिया है। शिकायत पर बीते दिनों ही जब राजस्व टीम ने जांच की तो मामला सही पाया गया। जिसके बाद बीते दिवस उपजिलाधिकारी सदर पवन कुमार जायसवाल के नेतृत्व में नगर पालिका की टीम ने बुल्डोजर से बाउंड्रीवॉल को ढहा दिया। साथ ही कब्जा करने वालों को दोबारा अतिक्रमण नहीं करने के लिए चेतावनी भी दी।

बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित हो रहे विद्यालयों को नोटिस

जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। शिक्षा विभाग के लाख प्रयास के बावजूद भी क्षेत्र में कई विद्यालय बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित हो रहे हैं, जिस पर खंड शिक्षा अधिकारी ने ऐसे विद्यालय को कड़ी चेतावनी देते हुए नोटिस जारी किया है। नोटिस में लिखा है कि यदि भविष्य में ऐसे विद्यालय संचालित होते पाए गए तो शासन द्वारा निर्धारित जुर्माना लगा कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। खंड शिक्षा अधिकारी मीनाक्षी सिंह ने बताया कि स्व. रामआसरे पब्लिक स्कूल लखनिया, नेशनल चिल्ड्रन एकेडमी रामपुर चांडीडीहा, अर्जुन पब्लिक स्कूल, स्मार्ट कैरियर पब्लिक स्कूल जहांगीरपुर, श्रीराम शिक्षण संस्थान पट्टी मुईय्यन, मां सरस्वती पब्लिक स्कूल रहीमपुर पट्टी चैराहा, जीडी एकेडमी ताहापुर मालीपुर, मदरसा रजिया टड़वा सिसारा, श्रीराम लाल चिल्ड्रन एकेडमी रूढ़ा धमरूआ, बगैर पंजीकरण के अवैध रूप से संचालित हैं। उक्त विद्यालय को भविष्य में संचालित होते पाए जाने पर विधिक कार्रवाई की चेतावनी दी गयी है।

पुलिस ने पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। थाना कोतवाली जलालपुर पुलिस टीम ने डीपी एक्ट के तहत पांच वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। शुक्रवार को विभिन्न मुकदमों और डीपी एक्ट से संबन्धित वांछित अभियुक्त अभिषेक सोनी पुत्र सुरेश सोनी, सुरेश सोनी पुत्र रामफेर सोनी, नीलम सोनी पत्नी सुरेश सोनी, विशाल सोनी पुत्र सुरेश सोनी, विवेक सोनी पुत्र सुरेश सोनी निवासी ग्राम नगपुर थाना कोतवाली जलालपुर को मुखबिर की सूचना पर नगपुर मोड़ से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में निरीक्षक हीरालाल, हेड कांस्टेबल अशोक सिंह, कांस्टेबल दुर्गा प्रसाद, कांस्टेबल रामप्रवेश, महिला कांस्टेबल प्रियंका शामिल रहीं।

विवाद सुलझाकर साथ रहने के लिए राजी हुए दो जोड़े

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। महिला थाना में शुक्रवार को महिला थानाध्यक्ष प्रियंका पांडेय द्वारा पति-पत्नी के एक जोड़े जिनके बीच चल रहे पारस्परिक परिवारिक विवाद से संबंधित समस्याओं को सुना गया और उनकी समस्याओं को सुलझाते हुए उन्हें एक साथ रहने के लिए राजी किया गया। जिसके बाद पति-पत्नी आपस में एक साथ रहने के लिए राजी हो गए। वहीं मालीपुर थानाध्यक्ष शिवांगी त्रिपाठी द्वारा व महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त पुलिस कर्मी के अथक प्रयास से पति-पत्नी के एक वैवाहिक जोड़े जिनके बीच चल रहे विवाद से संबंधित समस्याओं को सुना और समस्याओं को सुलझाते हुए उन्हें एक साथ रहने के लिए समझाया गया।

रोड नहीं तो वोट नहीं का बैनर लगाया

सम्मनपुर, अंबेडकरनगर

अमृत विचार। अलमापुर अमरतल गांव में ग्रामीणों ने सड़क की मरम्मत न कराए जाने से रोड नहीं तो वोट नहीं का बैनर लगाकर नाराजगी जताई है। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों से सड़क मरम्मत की मांग की है।

बता दें कि अकबरपुर ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत अलमापुर अमरतल गांव में 15 वर्ष पहले पीडब्ल्यूडी के माध्यम से करीब 20 लाख रुपए की लागत से एक किलोमीटर सड़क बनाई गई थी। सड़क निर्माण के बाद फिर किसी ने इधर मुड़कर नहीं देखा। सड़क की दशा बेहद बद्तर है। जगह-जगह गड्ढे अपनी बदहाली को बंया कर रहे हैं। सड़क के ऊपर की डामर व गिट्टी पूरी तरह से उखड़ कर गायब हो चुकी है। सड़क पर पैदल चलना भी मुश्किल है। नुकीले पत्थरों के बीच आवागमन करने से आए दिन वाहन पंचर होते रहते हैं। रात के अंधेरे में राहगीर व ग्रामीण अक्सर गिरकर चोटिल होते रहते हैं। प्रधान शिव पूजन राजभर ने कहा कि उक्त सड़क की मरम्मत कराए जाने के लिए कई बार क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों व विभागीय अधिकारियों को बताया गया लेकिन किसी ने समस्या को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई।

अलमापुर अमरतल गांव के ग्रामीणों ने नाराजगी में लगाया बैनर।

लोकसभा चुनाव में मुद्दा पकड़ रहा है जोर

लोकसभा चुनाव का बिगुल बजने के बाद यह मुद्दा जोर पकड़ रहा है। ग्रामीणों ने विरोध का नायाब तरीका ढूंढ निकाला है। गांव के बाहर रोड नहीं तो वोट नहीं का बैनर लगाकर नाराजगी जताई है। गांव में लगा उक्त बैनर चैक चैराहे पर चर्चा का विषय बना है। ग्रामीण अजय कुमार, आरपी सिंह, नरसिंह, मेवालाल, अनिल कुमार, अजय कुमार, विपिन कुमार, रामनयन आदि ने बताया कि 15 वर्ष पहले गांव में सड़क बनवाया गया था। उसके बाद से एक बार भी कोई देखने तक नहीं आया है। मजबूर होकर ग्रामीणों को यह कदम उठाना पड़ा है।

बसखारी : निकली शोभायात्रा, गूंजे जयश्रीराम के नारे

▸▸ प्रभु श्रीराम की 10 फीट ऊंची प्रतिमा के साथ निकलीं कई झांकियां

बसखारी, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव को मनाने के लिए बसखारी बाजार में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। अयोध्या में प्रभु श्री राम के भव्य मंदिर में विराजमान होने और चैत्र रामनवमी के महापर्व के इस पल को ऐतिहासिक बनाने के लिए बीते गुरुवार को निकाली गई शोभा यात्रा में भगवान श्रीराम की 10 फीट ऊंची प्रतिमा के साथ राम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान सहित कई झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी रही।

शोभायात्रा में भारी भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन के प्रशासनिक अधिकारियों और नगर पंचायत प्रशासन नगर पंचायत अध्यक्ष ओमकार गुप्ता के नेतृत्व में मुस्तैद रहा। शोभायात्रा में श्री राम की भव्य प्रतिमा के सामने पूजा-अर्चना और प्रभु श्रीराम की आरती उतारने के लिए आयोजित मंडल के सदस्यों के साथ स्थानीय लोगों की भारी भीड़ रही। अंग्रेजी बैंड, डीजे की धुनों पर बज रहे भक्ति मय गानों पर श्रीराम भक्तिरस में डूबे नजर आए। बसखारी बाजार के बीचो-बीच नगर पंचायत अध्यक्ष ओमकार गुप्ता ने लगाए गए मंच पर पहुंचकर आयोजक मंडल के सदस्यों और सांस्कृतिक व धार्मिक कलाकृति प्रस्तुत करने वाले कलाकारों का माला पहनाकर व भगवा अंग वस्त्र प्रदान कर स्वागत किया। इस दौरान आयोजक टीम के द्वारा भी प्रभु श्रीराम की प्रतिमा को लेकर कई लोगों को सम्मानित किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष ओंमकार गुप्ता ने शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा कर लोगों को भगवा अंग वस्त्र पहनकर स्वागत किया। इस दौरान भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष कपिल देव वर्मा भी मौजूद रहे। इस दौरान पूर्व प्रधान रामकुमार गुप्ता, दिनेश गोस्वामी, विकास, शिवम, सभासद सूरज लाल उपाध्याय, प्रदीप कुमार, लालमन रावत, रोहित, रमेश, विनोद कुमार, भरत लाल, सुमित गुप्ता, सत्यम सिंघल, साहिल सोनी, अभिषेक गुप्ता, रविकांत, पवन मद्धेशिया, हिमांशु सोनी सहित हजारों की संख्या में महिला और पुरुष राम भक्त मौजूद रहे।

शोभायात्रा में मौजूद नगर पंचायत अध्यक्ष ओमकार गुप्ता व साथ में अन्य।

सुरक्षा व्यवस्था में प्रशासन रहा मुस्तैद

बसखारी बाजार में निकलने वाली श्रीराम जन्म उत्सव शोभायात्रा कुशलपूर्वक संपन्न करने के लिए पुलिस और प्रशासन के अधिकारी क्षेत्र में ग्रस्त करते रहे। उप जिलाधिकारी टांडा मोहनलाल गुप्ता, क्षेत्राधिकारी सुरेश कुमार मिश्रा, थाना प्रभारी निरीक्षक बसखारी संत कुमार सिंह के नेतृत्व में उप निरीक्षक प्रियंका मिश्रा, उपनिरीक्षक राम बहादुर यादव सहित भारी संख्या में पुलिस बल के जवानों ने सुरक्षा की बागडोर संभाल रखी थी।

चोरी की घटना के तीन दिन बाद भी नहीं पहुंची पुलिस, ग्रामीणों में आक्रोश

जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। बीते दिवस अज्ञात चोरों द्वारा मंदिर का ताला तोड़कर साउंड मशीन और घंटा चुरा कर फरार हो गए लोगों की आहट पाकर चोरों ने अपनी बाइक छोड़कर फरार हो गए। ग्रामीणों द्वारा सूचना देने के तीन दिन बाद भी पुलिस नहीं पहुंची। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। मामला सम्मनपुर थाना क्षेत्र के बड़ेपुर महेशपुर का है। गांव निवासी सुनील कुमार ने क्षेत्राधिकार जलालपुर को तहरीर देते हुए बताया कि 16-17 अप्रैल की रात अज्ञात चोर मंदिर पर पहुंचे और उसका ताला तोड़कर साउंड मशीन एक पीतल का घंटा चोरी कर उठा ले गए। लोगों की आहट से चोर मंदिर पर एक बाइक छोड़कर भाग गए। प्रार्थी द्वारा सम्मनपुर पुलिस को तहरीर दी गई लेकिन आज तक पुलिस घटना स्थल पर नहीं पहुंची। लावारिस बाइक और अज्ञात चोरों का चप्पल मंदिर के पास पड़ा हुआ है। सुनील कुमार ने क्षेत्राधिकार जलालपुर से पुलिस को भेज कर बाइक व अन्य सामान कब्जे में लेने की मांग करते हुए विधिक कार्यवाही की मांग किया है। ग्रामीण सुनील कुमार ने बताया गया कि मंदिर स्थित हैंडपंप पर दारू और पानी की बोतल मिली है। वहीं क्षेत्राधिकारी देवेंद्र कुमार मौर्य ने बताया कि सम्मनपुर पुलिस को इस प्रकरण के मामले में कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

संकट

87 क्रय केंद्रों पर अब तक 1777 .25 मीट्रिक टन गेहूं की हुई है खरीद, जनपद में 87 हजार मीट्रिक टन गेहूं की खरीद का है लक्ष्य

गेहूं क्रय केंद्रों पर नहीं दिखे किसान, आढ़तियों ने बिगाड़ा खेल

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। जिम्मेदार अधिकारियों के प्रयास के बाद भी गेहूं की खरीद रफ्तार नहीं पकड़ रही है। क्रय केंद्रों पर किसानों के नहीं पहुंचने से सन्नाटा पसरा हुआ है। जबकि गेहूं खरीद के लिए मार्च माह से क्रय केंद्रों को चालू कर दिया गया है।

बता दें कि सरकार किसानों के गेहूं खरीद के लिए मार्च माह से क्रय केंद्रों को चालू कर दिया है और पिछले वर्ष की अपेक्षा इस बार गेहूं के दाम में बढोत्तरी करते हुए 2275 रुपये प्रति कुन्टल कर दिया है। फिलहाल किसान मौजूदा समय में अपने फसलों की कटाई मे व्यस्त हैं, लेकिन जो किसान फसलों की कटाई कर चुके हैं वह भी अपने फसल को सरकारी क्रय केंद्र पर बिक्री न करते हुए आढ़तियों के हाथ बेंच रहे हैं। जिससे सरकारी क्रय केंद्रों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। सरकारी क्रय केंद्रो पर सचिव आदि किसानों का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन कोई किसान केंद्र केंद्रों पर झांकने को तैयार नहीं है। जबकि सरकार आढतियों के हाथ गेहूं बिक्री न हो इसको लेकर सतर्क है कि ज्यादा से ज्यादा क्रय केंद्रों पर खरीद हो, ताकि सरकारी भंडारण पूर्ण हो सके। पीसीएफ के 40 केंद्रों में कई केंद्रों में अभी तक गेहूं की खरीद ही नहीं हुई है। जनपद के सभी 87 क्रय केंद्रों पर प्रभारी तैनात किए गए हैं। लेकिन इसके बावजूद भी खरीद नहीं हो रही है। अभी तक 1777.25 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हुई है। जनपद में 87 हजार मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य रखा गया है। वहीं जलालपुर तहसील क्षेत्र में लगभग दर्जन भर क्रय केंद्र बनाए गए हैं। एक दो ही नहीं सभी केंद्र लगभग ठप्प से पड़े हुए है। जलालपुर सहकारी क्रय केन्द्र पर अभी तक लगभग 150 कुंटल गेहूं की खरीद हो सकी है। जबकि बड़ेपुर क्रय केंद्र पर 300 कुंतल गेहूं की खरीद हुई है। सरकारी केंद्रों पर खरीद न होने की वजह आढ़तिए माने जा रहे हैं।

सहकारी संघ जलालपुर में पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

गेहूं खरीद का लक्ष्य पूरा करना आसान नहीं

क्रय केंद्रों से अच्छा मुनाफा किसानों को आढ़तिए दे रहे हैं। इसलिए किसान उधर रुख नहीं कर रहे है। मौजूदा समय में आढ़तिए किसानों का गेहूं लगभग 2200 रुपए प्रति कुंतल घर से खरीद रहे हैं, जिसमें किसान का कोई लागत नहीं लग रहा है। अगर किसान वही गेहूं क्रय केंद्र पर ले जाते हैं तो घर पर पल्लेदारी का खर्च, ट्रैक्टर का खर्च इसके बाद क्रय केंद्र पर पल्लेदारी का खर्चा इसके साथ ही अलग से नमी की कटौती भी की जाती है। इसके बाद क्रय केंद्र पर मनमाफिक कमीशन भी लिया जाता है। गेहूं खरीदा जाता है 2275 रुपए में। वहीं किसान घर बैठे बैठाए बिना किसी खर्च व किसी समस्या के आराम से 2200 रुपए में गेहूं बेच रहे है। यही हालत रहा तो सरकार गेहूं के खरीद के लक्ष्य को पूरा नही कर पाएगी।

किसानों से संपर्क के निर्देश

जिला खाद्य विपणन अधिकारी विनीता मिश्रा ने बताया कि क्रय केंद्रों पर गेहूं की खरीद के लिए प्रभारियों को किसानों से संपर्क करने के निर्देश दिए गए हैं। आढ़तियों पर नजर रखी जा रही है। लक्ष्य को पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है।

महिलाओं ने ठाना है मतदान करने जाना है

▸▸ जिले से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता में महिलाओं ने भरी हुंकार

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: भीषण तपिश के कारण लोग घरों से भले ही न निकल रहे हों परंतु शुक्रवार को महिलाओं व छात्राओं ने जगह-जगह रैली, हस्ताक्षर अभियान चलाकर मतदान करने पर जोर दिया। जिला पंचायत सभागार में जुटी महिलाओं ने जागरूकता पर जोर देते हुए सभी से मतदान की अपील की। डीएम नेहा शर्मा, सीडीओ एम अरुन्मौली, सीएमओ डा रश्मि सहित तमाम महिला अधिकारियों के साथ जुटी महिलाओं ने हस्ताक्षर अभियान चलाया।

मनकापुर ब्लॉक परिसर में खंड विकास अधिकारी गौरीशा श्रीवास्तव के नेतृत्व में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं व समस्त स्टॉफ तथा मार्डन पब्लिक के स्कूली बच्चों द्वारा सामूहिक रुप से हाथों में विभिन्न प्रकार के लिखे स्लोगन में मतदान करने की अपील कर जागरुकता रैली निकाली गई। रैली में मौजूद महिलाओं से बीडीओ ने अपील करते हुए कहा कि लोकतंत्र के महापर्व पर बीस मई को अपना मतदान अवश्य करें। जिससे लोकतंत्र मजबूत होने के साथ-साथ देश मजबूत हो इसी क्रम में क्षेत्र के ग्राम बल्लीपुर में प्राथमिक विद्यालय परिसर में स्कूली बच्चों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। विद्यालय के बच्चों ने नारा लगाया युवा हो तुम देश की शान, जागो उठो करो मतदान, मतदाता को जगाना है, देश को आगे बढ़ाना है, सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो जैसे स्लोगन के माध्यम से लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया।

नोडल अधिकारी एडीओ पंचायत राकेश कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में ग्राम पंचायत वीरेपुर पंचायत भवन के सभागार में स्वय सहायता समूह व ग्रामीणों से एडीओ पंचायत ने अपील किया कि आगामी 20 मई को लोक सभा चुनाव में अपने-अपने मतदान केन्द्रों पर पहुंच कर मतदान करें। ग्राम सचिव रुचि शुक्ला ने कहा कि महिलाएं 20 मई को सर्व प्रथम मतदान करें और लोगों को भी मतदान करने की अपील करें।

परसपुर क्षेत्र के मंगुरा बाजार स्थित दयानंद शिक्षण संस्थान में शुक्रवार को मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप के अंतर्गत निर्वाचक साक्षरता क्लब कार्यशाला का आयोजन किया गया। ब्लाक स्तरीय स्वीप समिति के सदस्य नरेन्द्र कुमार मिश्र ने इएलसी के गठन, कार्य एवं उद्देश्य के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। सबसे पहले मतदान करें, फिर जलपान करें, महिला पुरूष एवं 18 वर्ष आयु पूर्ण होने वाले युवा मतदाताओं को मतदान के लिये प्रेरित किया। इस अवसर पर कार्यशाला में एएनओ लेफ्टिनेंट नरेंद्र कुमार मिश्र, भोलानाथ मिश्रा समेत छात्र- छात्राएं शामिल रही हैं। ग्राम पंचायत बकिया पुर में मतदाता जागरूकता स्वीप अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत एडीओ पंचायत गिरिजेश पटेल ने जानकारी दिया।

जिला पंचायत सभागार में जुटी महिलाएं पोस्टर के साथ, डीएम व सीडीओ।

मतदान का पोस्टर दिखातीं महिलाएं।

ट्रेड यूनियन का 22 और 23 अप्रैल को राष्ट्रव्यापी हड़ताल

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार: हम सनोफी इंडिया लिमिटेड के भीतर एसपीई के अधिकारों और गरिमा को बनाए रखने और सभी हितधारकों के हित के लिए किसी भी पूछताछ में पूर्ण सहयोग और समर्थन प्रदान करना जारी रखेंगे। सनोफी इंडिया लिमिटेड की दमनकारी और अनुचित श्रम कानून विरोधी गतिविधियों के विरोध में सनोफी इंडिया लिमिटेड में काम करने वाले सेल्स प्रमोशन इम्प्लॉई 22और 23 अप्रैल को हड़ताल पर रहेंगे।

एचएआईआरसी ने से सनोफी इंडिया लिमिटेड में बिक्री संवर्धन कर्मचारियों के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने का आग्रह करती है। हम श्रम और संबंधित अधिकारियों को संवेदनशील बनाने, एसपीई के मुद्दों का निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित करने और सभी हितधारकों के हितों की रक्षा के लिए मीडिया का समर्थन चाहते हैं।

आठ आरओ व टैंक का भुगतान छह स्थानों पर टैंक व आरओ गायब

खरगूपुर, गोंडा

अमृत विचार: दो माह पूर्व लाखों रुपये की लागत से स्वच्छ जल स्वस्थ जीवन योजना के तहत नगर पंचायत क्षेत्र में आठ स्थानों पर आरओ की व्यवस्था की गई थी। इनमें से दो स्थानों को छोड़कर बाकी छः स्थानों पर न तो आरओ मशीन है न ही टैंक दिख रहा है। उक्त आठ आरओ की लागत लगभग एक करोड़ रुपये से अधिक बताई जाती है। ऐसे में उक्त योजना के लाभ से लोग वंचित हैं।

नगर वासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य दो स्थानीय नगर पंचायत द्वारा स्थानीय थाना, गांधी आदर्श इंटर कालेज, सीएचसी, काली स्थान मंदिर, फलाहारी दास कुट्टी, इकौना रोड, पुरानी बाजार, राम जानकी मंदिर पोखरा परिसर सहित आठ स्थानों पर स्वच्छ जल, स्वस्थ जीवन योजना के तहत समरसेबुल कराकर फाउंडेशन तैयार करा दिया गया। जिसमें सीएचसी व फलाहारी दास कुट्टी परिसर में आरओ मशीन लगाकर शुद्ध पेयजल की आपूर्ति शुरू हो गई। भीषण गर्मी व लू के दौरान लोग शुद्ध पेयजल से वंचित हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष ममता रस्तोगी के पति पूर्व चेयरमैन राजीव रस्तोगी ने बताया कि शीघ्र ही आरओ मशीन व टैंक की व्यवस्था कराकर लोगों को शुद्ध पेयजल की व्यवस्था कराई जाएगी।

अवैध टैक्सी स्टैंड और अतिक्रमण से बिगड़ी नगर की सूरत

▸▸ नगर में ई-रिक्शा की भरमार आए दिन लगता जाम

करनैलगंज, गोंडा

अमृत विचार : करनैलगंज में मेन हाईवे पर डबल डेकर बसों, अवैध टैक्सी स्टैंड और अतिक्रमण से नगर की तस्वीर ही बिगड़ गई है। अस्थाई रोडवेज बस स्टॉप से लेकर हर चौराहों-तिराहों पर अवैध रूप से प्राइवेट बसों और टैक्सियों का मजमा लगता है। वाहन मालिकों के रसूख के आगे जिम्मेदार अधिकारी भी नतमस्तक हैं। उधर, दुकानदारों ने पूरे फुटपाथ पर दुकानें सजा रखी हैं। इससे लोगों को पूरे दिन जाम का सामना करना पड़ रहा है।

करनैलगंज नगर में गोंडा-लखनऊ मार्ग, परसपुर-कटरा व करनैलगंज हुजूरपुर मार्ग पर अवैध टैक्सी स्टैंड और अतिक्रमण के चलते यातायात व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। अवैध टैक्सी स्टैंड पर शिकंजा कसने में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी नाकाम हैं। स्टैंड संचालकों पर राजनीतिक सरपरस्ती के चलते आमजन जाम से त्रस्त है। नगर के मुख्य मार्गों पर प्राइवेट वाहनों का दिन भर जमावड़ा रहता है। इनमें प्राइवेट बसें, टैक्सी और टेंपो शामिल हैं। इसके अलावा लखनऊ हाईवे पर बस स्टॉप, अस्पताल तिराहा व हुजूरपुर रोड पर सुक्खा पुरवा व रेलवे क्रासिंग के पास दबंग अवैध टैक्सी स्टैंड का संचालन कर रहे हैं।

दबंगई का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि सड़क पर चलने वाली रोडवेज बसों के आगे वाहनों को लगाकर सवारियों को बैठाया जाता है। लोगों ने कई बार अवैध टैक्सी स्टैंड को हटवाने के लिए आवाज उठाई, लेकिन उनकी शिकायतों को अनदेखा कर दिया गया। जाम की समस्या अब आम हो गई है। आए दिन जाम में फंसकर लोग हलकान रहते हैं। इसके बावजूद जिम्मेदारों की चुप्पी समझ से परे है। अवैध टैक्सी स्टैंड के खिलाफ लोग आवाज उठाते हैं, लेकिन राजनीतिक संरक्षण के चलते उनकी आवाज नक्कारखाने में तूती बनकर रह गई है।

अतिक्रमणकारियों ने सड़कों तक किया कब्जा

अतिक्रमणकारियों ने फुटपाथ की तो बात छोड़िए सड़क तक कब्जा कर लिया है। सुक्खापुरवा तिराहा से रेलवे क्रासिंग के दोनों तरफ दुकानदारों ने सड़कों पर कब्जा कर रखा है। इतना ही नहीं मुख्य बाजार में चौक घंटाघर, गुड़ाही बाजार से मौर्यनगर तक दुकानदारों ने सड़क तक सामान फैला रखा है। रही सही कसर ई-रिक्शा चालक पूरी कर देते हैं। बाजार के अंदर ई-रिक्शों की भरमार से लोग दिन भर जाम में पिसते हैं।

अभियान चलाकर हटाया जाएगा अतिक्रमण : एसडीएम

इस बाबत उपजिलाधिकारी भारत भार्गव का कहना है कि डग्गामार वाहनों के विरुद्ध चालान एवं अतिक्रमणकारियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान दिलाई गई शपथ

करनैलगंज, अमृत विचार : खंड विकास अधिकारी कार्यालय परिसर में मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने मतदान के लिए शपथ ग्रहण किया। कार्यक्रम में ब्लॉक मिशन प्रबन्धक जयपाल सिंह, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी अशुमान त्रिपाठी, ग्राम पंचायत अधिकारी अजीत गुप्ता, ग्राम विकास अधिकारी जगजीत सिंह समेत तमाम अन्य लोग उपस्थित रहे। वहीं कैथोली के प्राथमिक विद्यालय में 10 बजे से सहायक विकास अधिकारी दिनेश चंद्र, दिलीप पटेल, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी प्रशांत कुमार, अवधेश तिवारी की अगुवाई में कार्यक्रम किया गया। पंचायत भवन धनावा में सहायक विकास अधिकारी सुभाष चन्द्र पाण्डेय, जयपाल सिंह, ग्राम पंचायत अधिकारी राजकुमार, हरीश पाठक की अध्यक्षता में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

मतदाता जागरूकता गोष्ठी आयोजित

रुपईडीह, गोंडा

अमृत विचार। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत जिलाधिकारी के निर्देश पर ब्लॉक रुपईडीह के जागृति प्रेरणा संकुल संघ की शाखा कौड़िया के तत्वावधान में ब्लॉक कर्मियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा बहुओं, संकुल संघ के सदस्यों व स्कूली बच्चों की ब्लॉक मुख्यालय पर गोष्ठी आयोजित की गई।

इस गोष्ठी में उप जिलाधिकारी अशोक कुमार गुप्त, खंड विकास अधिकारी मृत्युंजय सिंह तथा खंड शिक्षा अधिकारी मनीष कुमार सिंह ने मतदान के महत्व पर चर्चा करते हुए आगामी 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए मतदान में अधिक से अधिक मतदाताओं को भाग लिए जाने पर विशेष बल दिया। रैली मे बाल विकास परियोजना अधिकारी दुर्गेश कुमार गुप्त, एडीओ आईएसबी आजम खान, एडीओ पंचायत महेंद्र प्रताप सिंह, पुलिस चौकी आर्य नगर के प्रभारी प्रशांत गुप्त, ब्लॉक मिशन प्रबंधक कपिल देव पांडेय, संघ की अध्यक्ष रागिनी, आदि लोग भी शामिल रहे।

देव पूजन यज्ञ एवं संस्कार कार्यक्रम आयोजित

करनैलगंज, अमृत विचार : नगर के सकरौरा में मां गायत्री शक्तिपीठ मंदिर पर चल रहे चार दिवसीय राष्ट्र जागरण महा अभियान, 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं श्रीमद भागवत प्रज्ञा पुराण कथा के दौरान शुक्रवार सुबह देव पूजन यज्ञ एवं संस्कार कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें शांतिकुंज हरिद्वार से आई संतों की टोली ने श्रद्धालुओं को देव पूजन यज्ञ कराने के साथ-साथ संस्कार की दीक्षा दी। इसी के साथ ही शाम को शांतिकुंज हरिद्वार से गायत्री परिवार के संतों ने संगीतमय प्रज्ञा पुराण की कथा सुनाई। प्रत्येक दिन अलग-अलग संस्कारों के तहत यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें शनिवार को प्रज्ञा पुराण की कथा के साथ-साथ सुबह 7 बजे यज्ञ संस्कार कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम में गायत्री परिवार के श्रद्धालुओं के साथ-साथ नगर के भारी संख्या में श्रद्धालु प्रतिभाग कर रहे हैं।

बाइक चोर गैंग का खुलासा, दो गिरफ्तार

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार: कोतवाली देहात पुलिस ने अंतर्जनपदीय बाइक चोर गैंग का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी की चार बाइक भी बरामद की है। पुलिस के मुताबिक शिवम पुत्र पातीराम निवासी ग्राम पिपरा खास थाना बरखेड़ा कला जनपद पीलीभीत हालपता खोरहंसा बाजार थाना को देहात ने 4 अप्रैल को थाना देहात पर सूचना दिया कि वह किराये के मकान में रहता है।

घर के बाहर अपनी बाइक अपाची खड़ा किया था थोड़ी देर बाद किसी अज्ञात चोर ने बाइक चोरी कर कर लिया। पुलिस ने चोरी की आशंका में चंदन उर्फ चंदन भारती उर्फ चन्दन गौतम निवासी कटरा भोगचंद नवाबगंज तथा प्रकाश निवासी कानपुर नवाबगंज को बहदग्राम महादेईया, बबूल का जंगल के पास से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 4 चोरी की मोटरसाइकिल व 1,000 रुपये बरामद किया। कोतवाल देहात देवेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि बाइक चोरी के आरोप में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है इनके पास से चार बाइक बरामद हुई है।

किशोर-किशोरियों के स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन

परसपुर, गोंडा

अमृत विचार: शिक्षा क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोगिया के उच्च प्राथमिक विद्यालय डोमा आह्लाद व लमुइया पूरे अहिरन में शुक्रवार को दिव्या ज्योति व उजास आदित्य बिरला एजुकेशन ट्रस्ट मुम्बई के तत्वाधान में किशोर-किशोरियों के स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। ट्रस्ट के राज्य ट्रेनर शिवा पॉल ने बताया कि आदित्य बिरला एजुकेशन ट्रस्ट मुंबई से प्राप्त फ्लिपकार्ट एवं सेनेटरी पैड के माध्यम से किशोरों को डेमो दिखाते हुए उन्हें जागरूक किया गया।

उन्होंने बताया कि किशोरावस्था में हार्मोनल चेंज से होने वाले शारीरिक परिवर्तनों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। वही मासिक धर्म से जुड़ी भ्रांतियों व भय के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर दिव्या ज्योति संस्था के प्रमुख अनिल शर्मा राज्य प्रशिक्षक शिवा पाल ग्राम प्रधान गोगिया सालिकराम, पंकज कुमार, ज्योति सिंह, देशराज, कृष्णारानी, रोहन कुमार तथा गणमान्य उपस्थित रहे।

छुट्टा मवेशी से टकराकर घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार: थाना क्षेत्र के लौवावीरपुर निवासी एक युवक का सड़क दुर्घटना के बाद इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान शुक्रवार की सुबह मौत हो गयी। शव पहुंचते ही घर में कोहराम मच गया। लौवावीरपुर के पहलवानवीर मंदिर के पास का निवासी युवक आदित्य गुप्ता (18) पुत्र स्व भोलानाथ गुप्ता बीते मंगलवार की रात गांव में ही एक जगह निमंत्रण में बाइक से जा रहा था।

बीरपुर मजरे में अचानक एक छुट्टा मवेशी के सामने आ जाने से युवक की मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गिर गयी। जिससे युवक के सिर में गंभीर चोटें आयी। सूचना मिलने पर परिजनों ने उसे इलाज के लिए कस्बे के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। गंभीर हालत के चलते उसे मेडिकल कालेज अयोध्या रेफर कर दिया गया। वहीं पर युवक का इलाज चल रहा था। शुक्रवार की सुबह युवक की मौत हो गयी। शाम को शव घर पहुंचते ही घर में कोहराम मच गया। मृतक के पिता की मौत 10 वर्ष पूर्व बीमारी के चलते हो गयी थी। घर में माँ एक छोटा भाई व एक छोटी बहन है। बड़ा होने के नाते घर की जिम्मेदारी इसी पर थी। इस घटना से स्थानीय लोग भी दुखी हैं।

एक अन्य की इलाज के दौरान मौत

क्षेत्र के परसहना गांव निवासी राकेश पुत्र झिनकान की भी इलाज के दौरान शुक्रवार की सुबह मौत हो गई। दो दिन पूर्व टिकरी जंगल स्थित ऊंटघाट पुल के निकट किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से मृतक गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसका इलाज लखनऊ में चल रहा था।

इंटरलॉकिंग के उखड़ने की हो जांच

अमृत विचार : रानीजोत सेमरा दमन में लगाया गया इंटरलॉकिंग ईंट उखाड़ने लगा है। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है। गांव के लोगों ने जांच कर करवाई की मांग की है। विकासखंड पंडरी कृपाल अंतर्गत रानीजोत में क्षेत्र पंचायत निधि से 4 माह पूर्व इंटरलॉकिंग का काम कराया गया था इंटरलॉकिंग का ईट कई जगह उखड़ गया है। ग्रामीणों का कहना है कि जब इंटरलॉकिंग का काम हो रहा था तो गुणवत्ता व मानक का ध्यान नहीं रखा गया। जिसके चलते इंटरलॉकिंग उखड़ रही है। ग्रामीणों में सलीम, महेश, मुकुंद आदि लोगों ने इंटरलॉकिंग उखाड़ने की जांच करने की मांग करते हुए कार्रवाई की मांग के हैं।

ट्रान्सजेंडर : संघर्ष, सफलता व सम्मान का सफर विषय पर सेमिनार

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: सरस्वती देवी नारी ज्ञानस्थली पीजी कालेज में महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग की ओर से ट्रांसजेंडर- संघर्ष, सफलता व सम्मान का सफर विषय पर एक सेमिनार का आयोजन हुआ। सेमिनार का शुभारम्भ मुख्य अतिथि वक्ता ट्रान्सजेंडर वोमेन तथा प्रथम सरकारी अधिकारी अमृता सोनी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण करके किया।

सर्वप्रथम योगा विभाग की छात्राओं ने शिक्षिका समता धनकानी के निर्देशन में स्वागत गीत एवं नृत्य प्रस्तुत करके सभी अतिथियों एवं उपस्थित लोगों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डा आरती श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि अमृता सोनी को मोमेन्टो देकर तथा समाजशास्त्र विभाग की शिक्षिकाओं सुनीता पाण्डेय, अनु उपाध्याय, डा तन्वी जायसवाल एवं नेहा जायसवाल ने पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुये समाजशास्त्र विभाग की अध्यक्षा डा नीलम छाबड़ा ने सेमिनार की आवश्यकता, उददेश्य एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग की उपलब्धियों को बताया। एमए चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा कल्यानी श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि वक्ता अमृता सोनी के जीवन परिचय एवं उनके संघर्षों पर प्रकाश डाला। डा नीलम छाबड़ा एवं समता धनकानी के निर्देशन में छात्राओं ने ट्रान्सजेंडरों के सामाजिक अधिकारों पर एक नाटक का मंचन किया। बीए अन्तिम वर्ष की छात्रा यशी तिवारी एवं स्तुति पाण्डेय ने ट्रान्सजेंडरों पर एक मार्मिक कविता सुनाकर उनकी समाजिक स्थिति को प्रकट किया। सेमिनार में प्रोजेक्टर के माध्यम से छात्राओं को ट्रान्सजेंडरों की सामाजिक स्थितियों तथा उनके संधर्षों पर एक फिल्म दिखायी गयी।

कार्यक्रम के मध्य में मुख्य अतिथि वक्ता अमृता सोनी ने भारतीय समाज में ट्रांसजेंडरों की स्थितियों, भूमिका एवं उनके अधिकारों पर विस्तार से चर्चा करते हुए उन्हें सफलता के चरम पर पहुंचने के प्रमुख बिंदुओं पर प्रकाश डाला। इसी क्रम में लालबहादुर शास्त्री डिग्री कालेज की समाज शास्त्र विभाग की प्रोफेसर शशीबाला एवं डा योगेन्द्र नाथ श्रीवास्तव ने ट्रांसजेंडर के संघर्षों, सफलता एवं उनके सामाजिक उत्थान पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम के अन्त में महाविद्यालय की व्यवस्थापिका डा आनन्दिता रजत ने सभी अतिथियों एवं उपस्थिति लोगों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। सेमिनार का समापन ज्ञानस्थली गीत गाकर हुआ। सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन उन्नति द्विवेदी एवं स्तुति पाण्डेय ने किया।

सेमिनार में उपस्थित छात्राएं। अमृत विचार

सार-संक्षेप

कार की आमने-सामने टक्कर में छह लोग घायल

इटियाथोक, गोंडा। गोंडा-बलरामपुर राजमार्ग पर मिश्रा ढाबा के निकट गुरुवार की रात बोलेरो व कार में आमने सामने हुई टक्कर जिसमें 6 लोग घायल हो गए। सभी को प्राइवेट चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बोलेरो गाड़ी जो कोलुहा गोसेंद्रपुर शिव कुमार की बताई जा रही है। जो करीब 2:30 बजे के आसपास गांव के मरीज को इलाज कराने के लिए गोंडा ले जा रहे थे। मिश्रा ढाबा के पास बोलेरो गाड़ी पहुंची ही थी कि गोंडा की तरफ से आ रही कार की आमने-सामने टक्कर हो गई। जिसमें कार व बोलेरो का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है।

एक महीने बाद भी नहीं शुरू हो सकी एटीएम सेवा

बेलसर, गोंडा। भारतीय स्टेट बैंक मंगुरा बाजार की एटीएम सेवा बीते एक माह से खराब है। सैकड़ों लोगों को एटीएम सेवा का लाभ लेने के लिए दस से बीस किमी की दूरी तय करनी पड़ रही है। भारतीय स्टेट बैंक मंगुरा बाजार की एटीएम सेवा बीते एक माह से खराब है। जिससे मंगुरा बाजार कस्बा सहित सुसुंडा, नीरपुर, बकसैला, मछरहिया, मन्नी पुरवा, गड़रिया पुरवा, बादलपुर, सर्वजीत पुरवा, भोरई पुरवा, ढोंगवा, जगतपुर, अवरता, पांडेय पुरवा सहित दर्जनों ग्राम पंचायतों के सैकड़ों लोगों को एटीएम सेवा का लाभ नहीं मिल रहा है। नन्हे सिंह, संतोष पांडेय, जगदीश सिंह, शिव कुमार, राजकुमार सहित अन्य उपभोगताओं ने एटीएम सेवा ठीक कराने की मांग की है।

घर का पानी रोका और मारने की धमकी दी, मुकदमा दर्ज

नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार : नवाबगंज थाना क्षेत्र के महंगूपुर गांव निवासिनी रीना पत्नी राजाराम धोबी ने दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि बीते अट्ठाईस मार्च को करीब साढ़े बजे विपक्षी श्याम पुत्र कंधाई, लल्लू पुत्र कंधाई, कंचन पत्नी रामू निवासी उपरोक्त पीड़ित महिला के नाली का पानी रोक रहे थे। पीड़ित महिला ने विरोध किया तो विपक्षी जातिसूचक गालियां देने लगे और मारने पीटने लगे। जिससे उन्हें और उनके बेटे आकाश को गंभीर चोटें आई। पास पड़ोस के लोगों द्वारा बीच बचाव किया गया तो जान से मार डालने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए। प्रतिदिन रास्ते में घेर कर मारने की धमकी देते हैं। थाना प्रभारी मनोज कुमार राय ने बताया कि पीड़ित महिला की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

यूथ कांग्रेस प्रदेश सचिव बनाए गए अभिषेक तिवारी नीरज

बभनजोत, गोंडा। ग्राम सभा नरहरपुर के रहने वाले अभिषेक तिवारी नीरज को यूथ कांग्रेस का प्रदेश सचिव बनाया गया है। अभिषेक को 10 नवंबर 17 को मनरेगा का प्रभारी बनाया गया। गोंडा से 29 जनवरी 2021 को चुनाव जीतकर के गौरा विधानसभा अध्यक्ष निर्वाचित हुए। 29 जनवरी 2021 को यूथ कांग्रेस का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। लगातार उनके अच्छे कार्यों को देखते हुए नीरज के यूथ कांग्रेस प्रदेश सचिव नियुक्त होने पर नीरज ने कहा कि पार्टी द्वारा जो भी जिम्मेदारी सौंपी गई है उसे पूरी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ पूरा करने की कोशिश करेंगे। जिला अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा, पूर्व विधायक राम प्रताप सिंह, जिला प्रवक्ता शिव कुमार दुबे, पूर्व विधायक रघुराज उपाध्याय, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी कुतुबुद्दीन, शहर अध्यक्ष रफीक रैनी, प्रदेश सचिव त्रिलोकी नाथ तिवारी, सगीर खान, आरिफ शेख, अरुण प्रताप सिंह, बबलू यादव, हरिश्चंद्र श्रीवास्तव, बाबर आदि ने बधाई दी है।

अभिषेक नीरज

बंदूक के बट से किसान को मारा, दी तहरीर

तरबगंज, गोंडा, अमृत विचार : गेहूं की फसल कटवा रहे किसान को बंदूक की बट से पीटने के मामले में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। तरबगंज थाना क्षेत्र के मुजेड़ विचला पुरवा निवासी आशीष सिंह ने थाने पर दी गई तहरीर में आरोप लगाते हुए बताया कि बुधवार को रात्रि करीब दस बजे प्रार्थी और उसके पिता अयोध्या प्रसाद सिंह अपने खेत में गेहूं की फसल कटवा रहे थे। विपक्षी भूपेंद्र सिंह और किशन निवासी मुजेड़ पश्चिमी पुरवा पुरानी रंजिश को लेकर गाली गुप्ता देते हुए बंदूक के बट से मारने पीटने लगे जिससे प्रार्थी को चोटें आई और जान से मारने की धमकी भी दिए हैं। थाना प्रभारी शमशेर बहादुर सिंह ने पीड़ित किसान के तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

छप्पर में लगी आग से झुलस कर गाय की मौत

परसपुर, गोंडा। अज्ञात कारणों से छप्पर में लगी आग से तीन गायें गंभीर रूप से झुलस गयीं। जिसमें एक गाय की मौके पर मौत हो गयी। परसपुर थाना क्षेत्र के डेहरास गांव में अमिरका सिंह के मड़हे में अज्ञात कारणों से लगी आग देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। जिससे मड़हे में बंधी तीन गाय गंभीर रूप से झुलस गयी जिसमें एक गाय की मौके पर ही मौत हो गयी तथा छप्पर में रखा भूसा जल कर राख हो गया।

कार चालक की कर दी पिटाई, मुकदमा दर्ज

मनकापुर, गोंडा। कार बैक करते समय कार चालक से पीछे खड़े लोगों ने विवाद करते हुए कार चालक से मारपीट की। पीड़ित के तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध मारपीट समेत विभिन्न धाराओं में मुकादमा दर्ज किया है। क्षेत्र के ग्राम वीरपुर रहने वाले रजनीश सिंह ने दर्ज कराए मुकदमे में कहा कि बीते बुधवार की देर शाम मछली बाजार बाबा कुट्टी के पास अपनी चार पहिया कार बैक कर रहा था। तभी थाना मोतीगंज के ग्राम सोठिया के रहने वाले राहुल, रवि व क्षेत्र के ग्राम चौबेपुर निवासी सोनू सिंह अकारण गाली-गुप्ता देते हुए वाहन में तोड़ फोड़ कर क्षतिगस्त करते हुए पीड़ित को मार-पीट कर चोटिल कर दिया। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने कहा कि पीड़ित के तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

पूर्व विधायक ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश, कहा तैयार रहिए

कौड़िया बाजार, गोंडा, अमृत विचार : शुक्रवार को समाजवादी पार्टी कटरा विधानसभा के कार्यकर्ताओं की बैठक किसान डिग्री कॉलेज बनगांव रामपुर के प्रांगण में आयोजित की गई। अध्यक्षता पूर्व विधायक बैजनाथ दुबे व संचालन पूर्व ब्लाक प्रमुख राम अवध गोस्वामी ने किया। बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अरशद हुसैन ने कहा कि समाजवादी पार्टी गरीबों, पिछड़ों व दबे कुचले लोगों की पार्टी है। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक बैजनाथ दुबे ने कहा कि लोकसभा चुनाव में पार्टी द्वारा जल्द ही प्रत्याशी घोषित कर दिया जाएगा। आप लोग अपने-अपने क्षेत्र में लग जाएं, हमें प्रत्याशी नहीं बल्कि पार्टी के प्रति पूरी ईमानदारी से कार्य करना है। इस दौरान पूर्व प्रत्याशी विनोद शुक्ला, जिला पंचायत सदस्य वकार खान, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मोहर्रम अली, संजय शर्मा, कुलदीप श्रीवास्तव, दद्दन शुक्ला, बछाऊ तिवारी, प्रधान रामकुमार मिश्र, पूर्व प्रधान अर्जुन बाबा, सपा नेता त्रिवेनी प्रसाद मिश्र सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अनाथ बेटी के हाथ कराए पीले, हो रही प्रशंसा

अनाथ बेटी के शादी का दृश्य। अमृत विचार

इटियाथोक, गोंडा, अमृत विचार : अनाथ बेटी के विवाह के लिए नागरिकों ने बढ़ चढ़कर जिम्मेदारी निभाई। पारंपरिक रीति रिवाज के अनुसार शुक्रवार की सुबह युवती की विदाई रस्म संपन्न कराई गई। ग्राम गंगा पंड़री की 18 वर्षीय माधुरी के मां-बाप का पहले ही निधन हो गया था। नया सोच सेवा समिति से जुड़े सदस्यों ने विवाह के लिए जरूरी सामान व बरात के स्वागत इत्यादि की व्यवस्था की। जन सहयोग से बृहस्पतिवार को माधुरी का विवाह संपन्न हो गया। इस दौरान प्रवेश प्रताप शर्मा, अरुण गौतम, प्रिंस जायसवाल, रवि रस्तोगी, अंकित जैन, कृष कुमार श्रीवास्तव, अनिल शर्मा, आनंद प्रकाश ओझा, अनिल जायसवाल, मुस्ताक चौधरी व समिति समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे। क्षेत्र के लोगों ने इस कार्य के लिए समिति को बधाई दी।

मई- जून जैसी अप्रैल में गर्मी, आमजन परेशान

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : अप्रैल माह में ही गर्मी अपने तेवर दिखाने लगी है। जो गर्मी मई -जून के माह में पड़ती थी वह अभी से ही शुरू हो गई है। गर्मी व तेज हवा चलने से लोग घर से बाहर निकलने में कतराने लगे हैं। प्रचंड गर्मी और चिलचिलाती धूप के कारण शुक्रवार को लोग बेहाल नजर आए। तीखी धूप के कारण इन दिनों दोपहर में सड़कों पर चलना दूभर हो गया है। धूप इतनी तेज है कि जैसे आसमान से आग बरस रही है। धूप से खुद को बचाने के लिए लोग छतरी और गमछे का सहारा ले रहे हैं। कामकाजी लोगों को ज्यादा ही परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 42 व न्यूनतम 28 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। फील्ड में कार्य करने वाले लोग तीखे धूप के कारण परेशान नजर आ रहे हैं। भीषण गर्मी से आम जनजीवन जहां अस्त-व्यस्त हो गया है, वहीं किसानों की मुश्किलें भी बढ़ गई हैं। सुबह होते ही तापमान बढ़ने लगता है जिसके चलते मजदूर खेतों में काम करना नहीं चाहते हैं। इसकी वजह से किसानों के खेतों की कटाई और मड़ाई प्रभावित हो रही है।

विबीटीसी जिलाध्यक्ष सस्पेंड

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : कैसरगंज से भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के साथ चुनाव प्रचार में शामिल होना विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अनूप कुमार सिंह को भारी पड़ गया है। जिलाध्यक्ष अनूप कुमार को आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी मानते हुए सस्पेंड कर दिया गया है। सरकारी सेवा में रहते हुए राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों के साथ चुनाव प्रचार करने के मामले में यह दूसरी बड़ी कार्रवाई है। इसके पहले छपिया ब्लाक के कंपोजिट स्कूल बखरौली के प्रधानाध्यापक अरुण कुमार वर्मा को भी निलंबित किया जा चुका है। विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अनूप कुमार सिंह की बेलसर ब्लॉक के बड़नापुर में इंचार्ज प्रधानाध्यापक के पद पर तैनाती है। वह पिछले दिनों कैसरगंज भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के साथ चुनाव प्रचार में शामिल पाए गए थे। बेलसर के रहने वाले भूपेंद्र सिंह ने इसकी शिकायत जिला निर्वाचन अधिकारी से की थी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने उन्हे नोटिस जारी कर जवाब तलब किया था लेकिन वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। इस पर डीएम ने बीएसए को कार्रवाई का निर्देश दिया था। डीएम के आदेश के बाद शुक्रवार को अनूप कुमार सिंह को निलंबित कर दिया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रेमचन्द यादव ने बताया कि इंचार्ज प्रधानाध्यापक का कृत्य आदर्श निर्वाचन आचार संहिता का उल्लंघन तथा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के वितरीत पाया गया। इंचार्ज प्रधानाध्यापक अनूप सिंह सरकारी सेवक कर्मचारी आचरण नियमावली के उल्लंघन के भी दोषी पाए गए। अनूप कुमार सिंह को निलंबित कर उच्च प्राथमिक विद्यालय गंगरौली से सम्बद्ध कर दिया गया है।

दो करोड़ से बनी पानी टंकी से ग्रामीणों को नहीं मिला पानी

▸▸ **पानी है धरती की जान, बिन पानी है धरती बेजान**

नवाबगंज, गोंडा

अमृत विचार: शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए यह लाइन बहुत सटीक बैठ रही है। पानी है धरती की जान, बिन पानी है धरती बेजान। बिन पानी सब सूना-सुना, बिन पानी धरती वीरान। सूख रहे हैं खेत-खलिहान, धरती बन रही है रेगिस्तान। नदी तालाब या उद्यान, बिन पानी सब है चट्टान।

ग्राम पंचायत कटरा भोगचंद के लिए दो पानी की टंकियां बनाई गई हैं। फेज वन में कटरा भोगचंद और

नवाबगंज के कटरा भोगचंद में बनी पानी की टंकी।

फेज टू में कनकपुर गांव में दोनों पानी की टंकियों से दो वर्षों से शुद्ध

मुख्य गेट जिसमें बंद है ताला।

पेयजल आपूर्ति बाधित है। विकास खंड नवाबगंज क्षेत्र के ग्राम सभा कनकपुर और कटरा भोगचंद के मजरे गांव खजुरिया के लोगों को शुद्ध जल मुहैया कराने के लिए जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत वर्ष 2020-21 दो करोड़ रुपए की लागत से पानी की टंकी का निर्माण कराया गया था। गांव में रहने वाले लगभग हजारों परिवार वालों को शुद्ध जल देने के उद्देश्य से घर घर पाइप लाइन बिछाई गई थी और पानी का कनेक्शन भी दे दिया गया।

लेकिन कार्यदाई संस्था के जिम्मेदारों की लापरवाही ने ग्रामीणों के शुद्ध पेयजल के सपने पर पानी फेर दिया। टंकी से लेकर गांव तक जो पाइप लाइन बिछाई गई थी वह जगह जगह लीकेज हो गई। कार्यदाई संस्था के लोगों ने मरम्मत कर इस पूरे प्रोजेक्ट को ग्राम पंचायत को हैंडओवर कर दिया। महीने भर चलने के बाद पाइप लाइन का लीकेज फिर हो गया और पानी की सप्लाई पूरी तरह से ठप हो गई। ग्राम प्रधान राघवेंद्र प्रताप सिंह और ग्रामीणों ने कई बार इसकी शिकायत कार्यदाई संस्था के लोगों से किया और मरम्मत कराए जाने की मांग की लेकिन इस पर ध्यान नहीं दिया गया।

गरीब परिवार के छोटे छोटे बच्चे गंभीर बीमारियों का शिकार होते जा रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ घरों तक पाइप लाइन भी नहीं बिछाई गई है। टोंटी भी नहीं लगाया गया है। ग्राम प्रधान राघवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि लीकेज के कारण पानी की सप्लाई बाधित है। इस संबंध में जल निगम के जेई सरोज कुमार से बात किया गया तो उन्होंने बताया कि पानी की टंकी ग्राम प्रधान को हैंडओवर कर दिया गया है और पचास रुपए प्रति घर पानी का शुल्क निर्धारित किया गया था, जिसका भुगतान ग्रामीणों द्वारा नहीं किया जा रहा है। इसलिए पानी की सप्लाई बाधित है। ग्राम प्रधान कनकपुर राघवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि कार्यदाई संस्था द्वारा घटिया पाइप लाइन बिछा दी गई है। जगह जगह लीकेज होने के कारण पानी की सप्लाई बाधित हो रही है। शुद्ध पेयजल आपूर्ति नहीं होने से से ग्रामीणों में आक्रोश है।

जेवर-नकदी व घर का सामान सहित 20 बीघा गेहूं की खड़ी फसल जली

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में अग्निकांडों में लाखों रुपए के सामान, घर गृहस्थी, जेवर, नकदी व खेतों में खड़ी गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई। एक अप्रैल से 15 अप्रैल तक अग्निशमन पखवारा मनाया जाता है। इसी बीच आग की घटनाओं का इजाफा होता है। भीषण तपिश में पछुआ हवाओं के थपेड़ों में आग की घटनाएं विकराल रूप लेती जा रही हैं। इसमें आग लगते ही सब कुछ मिनटों में जलकर स्वाहा हो रहा है।

परसपुर क्षेत्र में पूरे अजब केवटन पुरवा निवासी टुन्ना निषाद के घर में आग लग गई। इसमें छप्पर का घर जल गया। छप्पर के घर में आग लगने से 04 लाख रुपये का जेवर, घरेलू सामान तथा नगदी मिला कर 10 लाख रुपये का सामान जलकर राख हो गया। बभनजोत थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत खुझवा परसा में शुक्रवार को दोपहर अज्ञात कारणों से गेहूं की फसल में भीषण आग लग गई। ग्रामीणों की सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक खोड़ारे मनोज कुमार पाठक मय फ़ोर्स पहुंच कर स्थानीय लोगों के साथ आग बुझाने का प्रयास करने लगे।

सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड के कर्मी और ग्रामीणों द्वारा कड़ी मस्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, तब तक लगभग 15

गोंडा के बभनजोत में आग बुझाते ग्रामीण व दमकल कर्मी। अमृत विचार

करनैलगंज में जला मकान।

बीघा फसल चलकर बर्बाद हो गई। कोतवाली करनैलगंज क्षेत्र के ग्राम अल्लीपुर के मजरा भवानीगंज में बृहस्पतिवार की देर शाम को लगी आग में सात लोगों के घर जलकर राख हो गए। गांव के किनारे खेतों में लगी करीब चार बीघे गेहूं की फसल भी आग में स्वाहा हो गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर अग्निशमन दल ने पहुंचकर आग को काबू में किया और काफी देर रात आग बुझाने में सफलता मिली। सूचना के आधार पर ग्राम पंचायत अधिकारी और क्षेत्रीय लेखपाल में पहुंचकर मौके पर नुकसान का आकलन किया। इस आग में नंद कुमार हाल ही में पंजाब से कमाई करके घर वापस आए थे उनके करीब 50 हजार नगदी और घर जल गया। वहीं राजकुमार का घर और 30 हजार नगदी के साथ-साथ करीब 2 लाख रुपए का जेवर जल गया। श्रवण कुमार का घर बनवाने के लिए सीमेंट का पैसा करीब 30 हजार रुपए नगद एवं घर में रखा जेवर जला। सूचना मिलने पर तत्काल करनैलगंज से अग्निशमन दल ने पहुंचकर आग को काबू में करने का प्रयास किया रात्रि करीब 11 बजे ग्रामीणों के सहयोग से दमकल कर्मियों ने आज पर काबू पाया। तहसीलदार मनीष कुमार ने बताया कि सूचना मिलने पर तत्काल लेखपाल को मौके पर भेज कर जांच कराई गई है।

पीड़ितों को दिया जाए मुआवजा, सौंपा ज्ञापन

अमृत विचार : संयुक्त किसान मोर्चा व उत्तर प्रदेश किसान सभा के पदाधिकारियों ने सिटी मजिस्ट्रेट को तीन सूत्रीय मांग पत्र सौंपा है। दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि जिलेभर में सैकड़ों बीघा फसल आग से जलकर खाक हो चुकी है। जिन किसानों की फसल अग्निकांड में जल चुकी है। उनका आकलन कराकर मंडी परिषद से मुआवजा दिया जाए। सभी विकासखंड व थानों पर अग्निशमन यंत्रों की व्यवस्था किया जाए। किसान क्रेडिट कार्ड धारकों को फसली बीमा कंपनी से मुआवजा दिया जाए। ज्ञापन देने के दौरान उत्तर प्रदेश किसान सभा के अध्यक्ष दीनानाथ त्रिपाठी, मंत्री अरुण त्रिपाठी, जमाल अहमद, राम किशोर, कल्लू शाह, गुरु प्रसाद, हनुमान तिवारी, चंद्रबली, मोहम्मद हुसैन, रामकिशोर भारती, सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

रेलवे विभाग की लापरवाही जान पर पड़ रही भारी

▸▸ **गोंडा-बलरामपुर मार्ग स्थित माल गोदाम सुभागपुर क्रॉसिंग पर बने डिवाइडर से कई लोग हो चुके हैं चोटिल**

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: रेल विभाग के अधिकारियों के लापरवाही का खामियाजा आमजन को भुगतना पड़ रहा है। गोंडा-बलरामपुर मार्ग स्थित माल गोदाम सुभागपुर रेलवे स्टेशन की क्रॉसिंग के दोनों और रेल विभाग मैं डिवाइडर का निर्माण कराया है। डिवाइडर छोटा है उसमें संकेतक भी नहीं बनाया गया है। जिसके चलते आए दिन वाहन टकराकर क्षतिग्रस्त हो जाते हैं। वाहन चालक और उसमे बैठे लोग गंभीर रूप से दुर्घटना में घायल हो जाते हैं।

अफसरों की लापरवाही से आए दिन घटनाएं हो रही हैं। रेल विभाग द्वारा बनाए गए डिवाइडर से अब तक दर्जनों लोग चोटिल हो चुके हैं, जबकि आधा दर्जन वाहन क्षतिग्रस्त हुए हैं। अक्सर इस क्रॉसिंग पर लोग जाम से भी जूझते हैं। रेल विभाग के

गोंडा-बलरामपुर मार्ग पर बना डिवाइडर।

डिवाइडर से टकराकर कार हुई क्षतिग्रस्त।

अफसर जनहित की इस समस्या पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिसका परिणाम आए दिन दुर्घटना होती रहती है। अधिकतर दुर्घटनाएं रात में होती हैं। बताया जाता है कि तीव्र गति से आ रहे वाहन डिवाइडर को देख नहीं पाते हैं और अक्सर जाकर उसमें भिड़ जाते हैं। डिवाइडर पर न तो रेल प्रशासन द्वारा कोई संकेतक तक लगाया गया है और न ही स्थानीय प्रशासन द्वारा इस दिशा में कार्रवाई की गई है। लापरवाही के चलते आए थे दुर्घटनाएं होती रहती हैं।

2 दिन पहले क्रॉसिंग के दक्षिणी सिरे पर गोंडा की ओर से बलरामपुर की ओर जा रही एक कार डिवाइडर से टकरा गई, जिससे उसमें बैठे दो-तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कार भी बुरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गई। घटना रात की थी गनीमत रही कि पीछे से कोई वाहन नहीं आ रहा था नहीं तो बड़ी घटना भी हो सकती थी। स्थानीय लोगों ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। दुर्घटना ग्रस्त कार को सड़क किनारे खड़ा कर दिया गया। जिसको बाद में क्रेन से परिजन ले गए। बढ़ती घटनाओं से स्थानीय लोगों में आक्रोश है।

रेल विभाग को कम से कम डिवाइडर पर संकेतक जरूर लगवाना चाहिए। जयनगरा के रहने वाले अनुराग, लालजी, आशु ने बताया कि जब से डिवाइड बना है तब से एक दर्जन से अधिक वाहन डिवाइडर से टकराकर क्षतिग्रस्त हुए हैं। कई लोग चोटिल भी हुए हैं। जिनको अस्पताल में भी भर्ती करना पड़ा है। लोगों का कहना है कि प्रशासन को इस समस्या पर ध्यान देना चाहिए ताकि दुर्घटनाओं पर रोक लग सके।

सड़क किनारे से मिट्टी हटवाने की मांग

गोंडा, अमृत विचार : घर-घर जल पहुंचने के लिए सड़क के किनारे पाइप डालने के लिए जल निगम विभाग ने खुदाई की है। मिट्टी की सड़क पर ही रख दी गई है। जिससे आने जाने वाले लोगों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने मिट्टी को सड़क से हटाने की मांग प्रशासन से की है। विकास खण्ड पंडरी कृपाल अंतर्गत भटवालिया गांव से तिवारी पुरवा को जाने वाली पिच रोड के किनारे पानी की आपूर्ति के लिए जल निगम ने गड्ढे की खुदाई की थी। गड्ढे में पाइप डाल दी गई। लेकिन जो मिट्टी निकाली थी उसको सड़क किनारे ही छोड़ दिया गया है। मिट्टी में अक्सर लोग फंस कर गिर रहे हैं। ग्रामीणों में सुनील, अनिल, श्याम बाबू, राधेश्याम, मनीष विक्रम, अमित, विकास, आदि लोगों ने सड़क पर पड़ी मिट्टी हटवाने की मांग प्रशासन से की है।

सार-संक्षेप

मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के साथ हुआ भंडारे का आयोजन

पूर्णाहुति देते लोग। अमृत विचार

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : मंदिर श्रृंगार कुंज ठाकुरद्वारा शहर के राजा मोहल्ला में भगवान राम जानकी, लक्ष्मण, पंचमुखी हनुमान सहित भगवान श्री चित्रगुप्त की प्राण प्रतिष्ठा समारोह अयोध्या धाम से आए पुरोहितों ने चार दिवसीय अनुष्ठान के साथ सम्पन्न हुई। श्री राम जन्मोत्सव के अवसर पर दिन भर भजन कीर्तन के साथ प्रसाद वितरण और विशाल भण्डारा चलता रहा। एम वी म्यूजिकल आर्केस्ट्रा ग्रुप के कलाकारों के साथ हजारों भक्तों ने मंदिर श्रृंगार कुंज में भगवान के दर्शन करते हुए ईश्वर की स्तुति के साथ भजनोत्सव का आनंद लिया। मंदिर के ट्रस्टी नवीन चंद्र किशोर ने बताया कि उनके पूज्य पितामह शीतला नारायण ने मंदिर श्रृंगार कुंज का निर्माण कराया था। जो अभी कुछ वर्ष पूर्व काफी जीर्ण शीर्ण हो गया था। जिसे उसी स्थान पर पुन: मंदिर निर्मित कराया गया। जहाँ भगवान की प्राण प्रतिष्ठा होकर फिर से मंदिर वैभव को प्राप्त हो गया है। पूर्व की भांति श्री कृष्ण जन्माष्टमी सहित तमाम सनातन पर्व के आयोजन चलते रहेंगे। चार दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह में अरविंद कुमार श्रीवास्तव, अश्वनी, पंकज सिन्हा, आलोक . सिन्हा, गगन, हर्षवर्धन, अनूप कुमार श्रीवास्तव, सरदार राजेन्द्र सिंह खुराना, अनिल कुमार सिंह, विनोद कुमार श्रीवास्तव, राम फेर प्रजापति, अलंकार सिंह, राम जी सिन्हा, राजन श्रीवास्तव एडवोकेट, वरिष्ठ भाजपा नेता महेश नारायण तिवारी, अनिल श्रीवास्तव, सोनवरसा से आए संत छोटे बाबा, तिलकराम,आदि उपस्थित रहे।

हैंड पंप सही करने की मांग

गोंडा , अमृत विचार : सरकारी स्कूल में लगा हैंडपंप खराब है। जिससे छात्रा छात्राओं को पानी पीने में असुविधा हो रही है। शिक्षा क्षेत्र पंडरी कृपाल अंतर्गत केवलपुर गांव में सरकारी स्कूल में लगा हैंडपंप का पानी खराब आ रहा है। विद्यालय में पढ़ रहे छात्र छात्रों ने हैंडपंप को सही करने की मांग की है। विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों का कहना है कि हैंडपंप से पानी पीला आ रहा है। वही छात्रों के अभिभावकों ने भी प्रशासन से हैंडपंप को सही करने की मांग की है।

मतदाता जागरूक को लेकर दिलाई गई शपथ

अमृत विचार, गोंडा : मतदाता जागरुकता अभियान के तहत वजीरगंज क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय वजीरगंज, पंचायत भवन सहिबापुर, जूनियर हाई स्कूल मंझारा व चंदापुर में शुक्रवार को सुनियोजित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई व शतप्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में बीडीओ प्रदीप कुमार सिंह, एडीओ पंचायत रवि मिश्र, एडीओ आईएसबी कृष्ण कुमार, एडीओ कृषि त्रिवेंद्र तिवारी, एडीओ महिला गीता देवी, सचिव कृष्ण बहादुर यादव, नरेंद्र बहादुर सिंह, मो .आफाक, मो .शमीम, ज्योतिका राय, ऋषि कुमार, राम देव, राजीव, बीएमएम विजय शंकर राय, विनय कुमार, सिद्ध नाथ गुप्ता, बीटी नितिन मिश्रा, ग्राम प्रधान दिनेश प्रताप सिंह सहित पंचायत सहायक व सफाई कर्मी मौजूद रहे।

दूसरे दिन भी हुआ पीठासीन अधिकारियों का प्रशिक्षण

गोंडा, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को लेकर दो दिनों से पीठासीन अधिकारियों का प्रशिक्षण चल रहा है। पहले दिन करीब 16 सौ कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। दूसरे दिन गुरुवार को दो पालियों में प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में संचालित किया जा रहा है। पीठासीन अधिकारियों के प्रशिक्षण के बाद मतदान कार्मिक एक, दो व तीन का प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा।

सड़क हादसे में चार लोग घायल

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के ग्राम ददौरा के निकट अनियंत्रित कार दो बाइकों में टक्कर मारकर फरार हो गई। घटना में बाइक सवार दंपति सहित चार लोग घायल हो गए। ग्राम धौखरिया निवासी कमलेश व आशीष शुक्रवार को बाइक से अपने घर जा रहे थे। जब वह रामनगर सहादतगंज मार्ग स्थित चंदेल भट्ठा के निकट पहुंचे, पीछे से आ रही अनियंत्रित अज्ञात कार ने उनको व उसी दिशा में बाइक से जा रहे बुढ़वल निवासी नंदकुमार व उनकी पत्नी प्रियंका को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गयी। सड़क हादसे में चार लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस के द्वारा ग्रामीणों ने घायलों को स्थानीय सीएचसी भिजवाया।

राम मंदिर पर आपत्तिजनक पोस्ट पर शिकायत, कार्रवाई की मांग

नवाबगंज, गोंडा

अमृत विचार: सोशल मीडिया पर राम मंदिर को लेकर की गई एक आपत्तिजनक पोस्ट वायरल हो रही है जिसे लेकर भाजपा के साथ-साथ अन्य हिंदू संगठनों में नाराजगी है। भाजपा के पदाधिकारी ने स्थानीय थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के एक युवक ने शाहखान नाम से फेसबुक पर एक अकाउंट बनाया है।

इसी अकाउंट से अयोध्या के राम मंदिर को बैंक बताते हुए एक आपत्तिजनक पोस्ट शेयर कर हिंदू जनमानस की भावनाओं को भड़काने का प्रयास किया गया। इस पोस्ट की जानकारी होने पर सोशल मीडिया सहित विभिन्न माध्यमों से लोगों ने पुलिस और आला अधिकारियों को सूचित कर कार्रवाई की मांग की है। भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष आनंद दूबे ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि शाहपुर निवासी अनीस आलम ने शाह खान नाम से एक फेसबुक अकाउंट बना रखा है जिससे लगातार धार्मिक भावनाओं और सामाजिक शांति को आहत करने वाली पोस्ट की जा रही है।

वहीं भाजपा युवा नेता रत्नेश मिश्र ने एक्स पर यूपी पुलिस, डीजीपी और गोंडा पुलिस को टैग करते हुए इस प्रकरण में कार्रवाई की मांग की है। आरोपी द्वारा जो पोस्ट शेयर की गई वह अकाउंट इंस्टाग्राम पर डॉ शिवम के नाम से है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि कोल्हमपुर चौकी इंचार्ज शेषनाथ पांडेय को निर्देश दिया गया है कि आरोपी को गिरफ्तार कर मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाए। फिलहाल इस मामले को लेकर हिंदूवादी संगठन के लोग भी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

एफएसटी टीमों को सघन चेकिंग अभियान तेज करने का आदेश

▸▸ **जिला पंचायत सभागार में बैठक कर डीएम व एसपी ने की समीक्षा**

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: शुक्रवार को जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने जिला पंचायत सभागार में एफएसटी टीमों के साथ बैठक कर अब तक की गई कार्रवाई की समीक्षा की। टीमों को अभियान तेज करने के निर्देश दिए गए। डीएम ने कहा कि आयोग के सख्त निर्देश हैं कि बिना किसी पक्षपात के टीमें 24 घंटे सघन चेकिंग का कार्य करें। प्रतिदिन की कारगुजारी उनके सामने प्रस्तुत की जाय।

उन्होंने कहा कि अब एफएसटी टीमों के साथ पुलिस कांस्टेबल भी तैनात किये गए हैं तथा निर्वाचन

एफएसटी टीमों से फीडबैक लेते डीएम और एसपी। अमृत विचार

ड्यूटी से विचलन किसी भी दशा में स्वीकार्य नहीं किया जाएगा। उन्होंने प्रभारी अधिकारी एफएसटी को निर्देशित किया कि वे सभी टीमों के आने व जाने की रिपोर्ट व टीम द्वारा की गई कार्यवाही की दैनिक रिपोर्ट उन्हें दें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए सी-विजिल एप के माध्यम से प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही कराई जाय। शिफ्टों में विधानसभावार एफएसटी टीमें लगाई गई हैं। सभी टीमें अपनी शिफ्ट के समय में अपने क्षेत्र में भ्रमणशील व उपस्थित मिलें अन्यथा उनके विरुद्ध कार्यवाही करने में कोई गुरेज नहीं किया जाएगा।

पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने कहा कि सभी फील्ड में समय से चेकिंग के लिए निकलें और संबंधित सीओ एवं थानाध्यक्ष को भी सूचित करें। आपके साथ संयुक्त रूप से मिलकर प्रभावी कार्यवाही की जा सके। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कहीं न कहीं हम भी आपके साथ में चेकिंग करेंगे।

बैठक में सीडीओ एम. अरून्मोली, सीएमओ डॉक्टर रश्मि वर्मा, सीआरओ महेश प्रकाश, सीटीओ श्यामलाल जायसवाल, डीपीआरओ लालजी दूबे, डीआईओएस राकेश कुमार, एलडीएम अभिषेक रघुवंशी, जिला आबकारी अधिकारी, जिला आयकर अधिकारी, जीएसटी अधिकारी, डीपीओ संतोष कुमार सोनी, पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी गौरव स्वर्णकार, मंच संचालक रघुनाथ पाण्डेय सहित सभी एफएसटी टीमें उपस्थित रहीं।

रेलवे लाइन के किनारे झाड़ियों में भीषण आग, ढाई घंटा आवागमन रहा बाधित

मनकापुर, गोंडा। रेलवे ट्रैक के किनारे आग लगने से गोरखपुर -लखनऊ रेल मार्ग करीब ढाई घंटे बाधित रहा। फायर बिग्रेड की घंटों मेहनत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। लखपतनगर-मसकनवां रेलवे स्टेशन के बीच अशरफाबाद जंगल में दोपहर बाद अचानक चिंगारी निकलने से रेलवे ट्रैक के किनारे आग लग गयी। देखते ही देखते तेज हवा के कारण आग टिकरी रेंज के अमवा अशरफाबाद जंगल में फैल गयी।

घटना की सूचना पर वन रक्षक राम सेवक सोनकर अपने अन्य सहयोगियों के साथ पहुंच गये और फायर स्टेशन को सूचित किया। रेलवे ने भी फायर ब्रिगेड को सूचित

किया। समय करीब 3:15 बजे फायर बिग्रेड को सूचना मिली। दो फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची और काफी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस दौरान 3:15 मिनट से 17:45 मिनट तक अर्थात लगभग ढाई घंटे तक रेलवे रूट बाधित रहा। सूत्र बताते हैं कि रेलवे लाइन के किनारे कोई विल्डिंग मशीन से काम हो रहा था। जिसकी चिंगारी से आग लग कर फैल गयी। वहीं कुछ लोग अज्ञात कारणों से आग लगने की बात कर रहे हैं। घटना की सूचना पर आरपीएफ प्रभारी उदय राज अपने दलबल के साथ जमे रहे। रेलवे के भी कर्मचारी पहुंच थे। देर शाम ट्रेनों का आवागमन चालू हो गया है।

रजबाहा नहर में पानी न आने से किसान परेशान

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : किसानों को जब पानी की आवश्यकता है। तब बाराबंकी प्रखंड शारदा नहर से निकली प्यारेपुर रजबाहा नहर सूखी पड़ी है। जिससे किसानों को महंगा डीजल खरीद कर सब्जी व मेंथा सहित अन्य फसलों की सिंचाई करनी पड़ रही है। किसानों की मांग है कि नहर में पानी छोड़ा जाए। जिससे मेंथा सहित अन्य फसलों की सिंचाई की जा सके। विकासखंड रामनगर के ग्राम अमलोरा, निजामपुर, चुरलिया, अशोकपुर चाचू सराय सहित सैकड़ों गांवो के किसान मेंथा सहित तमाम प्रकार की सब्जियां व फसलों की सिंचाई के लिए गाढ़ी कमाई खर्च कर रहे हैं। इन गांवो के निवासी मनोज, मिलान, प्यारेलाल, शत्रोहन, संदीप देशराज, कन्हैयालाल सहित तमाम किसानों का कहना है कि चिलचिलाती धूप में एक ओर फसल में पानी लगाते हैं। तो दूसरी तरफ एक सप्ताह के अंदर ही पुन: फसल की सिंचाई करनी पड़ रही है।

हैदरगढ़ में दबंगों ने भूमि पर फिर किया कब्जा

हैदरगढ़, बाराबंकी

अमृत विचार : विकास खंड त्रिवेदीगंज की शाहपुर भक्तन ग्राम पंचायत की महिला प्रधान शैल कुमारी ने ग्राम समाज की भूमि पर गांव के ही दबंग व्यक्ति पर एक बार पुनः कब्जा किए जाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की गुहार लगाई है।

ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रामनिवास त्रिवेदी ने बताया कि ग्राम पंचायत में स्थित भूमि जो राजस्व अभिलेखों में सामुदायिक मिलन केंद्र के लिए आरक्षित है। उस पर गांव निवासी कमाल पुत्र खलील द्वारा जबरदस्ती कब्जा किया जा रहा था। जिसकी शिकायत प्रधान द्वारा 20 मार्च को एसडीएम से की गई थी। जिस पर पांच अप्रैल को पुलिस बल की मौजूदगी में अवैध कब्जा हटवाकर सामुदायिक मिलन केंद्र व पंचायत भवन की भूमि ग्राम प्रधान के सूपुर्द कर दी गई थी। साथ ही अन्य अवैध कब्जदारों पर विधिक कार्रवाई के लिए पत्रावली उच्च अधिकारी को भेजने की बात कही गई थी। प्रधान प्रतिनिधि ने बताया कि उक्त सुरक्षित भूमि पर दबंग द्वारा एक बार फिर से अवैध कब्जा करने की नियत से निर्माण सामग्री एकत्र कर ली गई है। यदि तत्काल कार्रवाई ना की गई तो उक्त दबंग व्यक्ति दोबारा उस जमीन पर अवैध कब्जा कर लेगा।

एक नजर

छुट्टा मवेशी से टकराकर बाइक सवार दंपति घायल

श्रावस्ती, अमृत विचार। जनपद बलरामपुर निवासी कय्यूम अपनी पत्नी जोहरा के साथ जनपद बहराइच दवा कराने जा रहा था। बहराइच बलरामपुर मार्ग पर मोहनीपुर के पास मोटरसाइकिल के सामने छुट्टा मवेशी आ गया। जिससे उसकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गई और मवेशी से टकराकर पलट गई। दुर्घटना में दोनो घायल हो गए। आसपास के लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एंबुलेंश से घायलों को सीएचसी इकौना में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायलों की हालत को गंभीर देखते हुए मेडिकल कालेज बहराइच के लिए रेफर कर दिया।

दूसरे दिन 20 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

बलरामपुर, अमृत विचार। एमएलके पीजी कॉलेज बलरामपुर मे शुक्रवार को सम सेमेस्टर की मुख्य परीक्षा के दूसरे दिन कुल 651 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी जबकि 20 ने परीक्षा छोड़ दी। यह जानकारी देते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जे पी पाण्डेय ने बताया कि विश्वविद्यालय की सम सेमेस्टर की परीक्षाएं 18 अप्रैल से शुरू हैं। परीक्षा तीन पालियों में हो रही है। पहली पाली प्रात: 07 से 09, द्वितीय 11 से 01 तथा शाम 03 से 05 बजे तक चल रही है। परीक्षा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए बनाये गए सचल दस्ते महाविद्यालय के मुख्य द्वारों व परीक्षा कक्ष में परीक्षार्थियों पर नज़र रख रहे हैं। परीक्षा प्रभारी डॉ सद्गुरु प्रकाश ने बताया कि प्रथम पाली में बीए/बीएससी 6th सेमेस्टर की गृह विज्ञान/ रसायन विज्ञान के पंजीकृत 192 परीक्षार्थियों में से सभी 192 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। द्वितीय पाली में बीए/बीएससी दूसरे सेमेस्टर संस्कृत/ गणित के पंजीकृत 156 में से 148 परीक्षार्थी उपस्थित रहे जबकि 08 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं तृतीय पाली में बीए/ बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर अंग्रेजी/बीज प्रौद्योगिकी के पंजीकृत 323 परीक्षार्थियों में से 311 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी जबकि 12 ने परीक्षा छोड़ दी।

राजकरण बने युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव

बलरामपुर, अमृत विचार। भारतीय युवा कांग्रेस के उत्तर प्रदेश कमेटी द्वारा जारी की गई नई सूची में बलरामपुर जिले के तुलसीपुर ब्लॉक के ग्राम पटोहाकोट निवासी राजकरण सिंह को भारतीय युवा कांग्रेस का उत्तर प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर कांग्रेस के नेताओं ने बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी। बधाई देने की इस कड़ी में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपांकर सिंह, पंकज गुप्ता, रूपेंद्र त्रिपाठी व अन्य शामिल रहे।

रामायण पाठ के बाद आयोजित किया गया भंडारा

बलरामपुर। गौरा चौराहा स्थानीय चौराहा से तुलसीपुर रोड पर स्थित रथई माता मंदिर पर हवन पूजन तथा अखंड रामायण पाठ के पश्चात दशमी के दिन विशाल भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें देवी पाटन मंदिर आने जाने वाले हजारों श्रद्धालुओं और राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर समिति के सदस्य बंसीराम वर्मा ने बताया कि पिछले कई दशकों से चैत्र नवरात्रि के दशमी पर इसी तरह भंडारे का आयोजन होता है रथई माता मंदिर के बारे में स्थानीय लोगों की मान्यता है कि माता सीता का रथ वनगमन के दौरान इस स्थान पर रुका था तब से पिछले कई दशकों से यहां पूजन होता रहा है। स्थानीय लोगों के सहयोग मंदिर निर्माण कार्य लगातार हो रहा है मान्यता है कि मंदिर में माता को मिट्टी के रथ और हाथी चढ़ाने से मनौती पूरी होती है। भंडारे में सुनील शुक्ला, मनीष तिवारी, फेरई विश्वकर्मा, राज कुमार वर्मा सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

डीएम ने स्ट्रांगरूम का लिया जायजा

श्रावस्ती, अमृत विचार। लोकसभा चुनाव को सकुशल, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी कृतिका शर्मा ने शुक्रवार को स्ट्रांगरूम का निरीक्षण किया। जिले के दोनों विधानसभा के लिए अलग अलग स्ट्रांगरूम बनाये गए है।

डीएम ने विधानसभा क्षेत्र 290-श्रावस्ती के लिए कलेक्ट्रेट में बनाये गये स्ट्रांगरूम का आकस्मिक निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने सभी व्यवस्थाओं को तत्काल दुरूस्त करने का मातहतों को निर्देश दिया। उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के मंशानुरूप स्ट्रांगरूम की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम रखें।

श्रावस्ती में स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करतीं जिलाधिकारी कृतिका शर्मा। अमृत विचार

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी अरूण कुमार, सहायक प्रभारी अधिकारी ईवीएम-वीवीपैट/उप निदेशक कृषि कमल कटियार, जिला निर्वाचन कार्यालय के प्रधान सहायक सुनील श्रीवास्तव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

दक्षता की परख के लिए टोलीवार कराई गई ड्रिल

बलरामपुर। पुलिसकर्मियों के स्वास्थ्य एवं शारीरिक दक्षता की परख के लिए रिज़र्व पुलिस लाइन में दौड़ कराई गई। दौड़ से पहले पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया। परेड में एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए ड्रिल करवाई गयी। एसपी ने परेड में उपस्थित यूपी 112 के वाहनो में दँगा नियंत्रक उपकरण, फर्स्ट एड बॉक्स व अन्य आवश्यक उपकरण चेक किया। एसपी ने यूपी-112 के सुरक्षाकर्मियों को ड्यूटी के दौरान रिस्पांस टाइम को और अधिक प्रभावी बनाए जाने के लिए दिशा निर्देश दिया। एसपी केशव कुमार ने पुलिस लाइन का भ्रमण किया। इस दौरान पुलिस लाइन परिसर, स्टोर रूम, क्वार्टर गार्ड, जीडी कार्यालय, कैंटीन, परिवहन शाखा, आदर्श आरक्षी बैरक, आवासीय परिसर तथा पुलिस भोजनालय का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता एवं मेस की साफ-सफाई चेक की गई।

ईवीएम एवं वीवीपैट का हुआ प्रथम रेंडमाइजेशन

जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के सभी प्रश्नों का किया समाधान

कार्यालय संवाददाता, बलरामपुर

तैयारी

- राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि रहे पूरी तरह से संतुष्ट
- प्रथम रेंडमाइजेशन के उपरांत ईवीएम एवं वीवीपैट का विधानसभा निर्धारण हो गया

अमृत विचार। लोकसभा सामान्य निर्वाचन - 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष रूप से संपन्न कराए जाने तथा भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशों के क्रम में ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों का प्रथम रेंडमाइजेशन कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हॉल में जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह एवं मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में संपन्न हुआ।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जनपद के चारों विधानसभा में स्थित 1723 बूथ के सापेक्ष सी.यू. व बू.यू. (ईवीएम) का 125 प्रतिशत तथा वीवीपैट का 136 प्रतिशत का प्रथम रेंडमाइजेशन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में किया गया। प्रथम रेंडमाइजेशन के उपरांत ईवीएम एवं वीवीपैट का विधानसभा निर्धारण हो गया है। प्रथम रेंडमाइजेशन के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के सभी प्रश्नों का अच्छी तरह से समाधान किया। राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि पूरी तरह से संतुष्ट रहे एवं सभी से पूरी संतुष्टि पर प्रथम रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया संपन्न हुई। जल्द ही चुनाव होने वाले हैं और इसकी तैयारी के लिए प्रशासन पूर्ण रूप से जुट गया है।

इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रमोद तिवारी, समस्त एसडीएम/एआरओ, डीपीआरओ/ प्रभारी अधिकारी ईवीएम एवं वीवीपैट, समस्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे।

बलरामपुर में कांफ्रेंसिंग हाल में ईवीएम एवं और वीवी पैट का प्रथम रेंडमाइजेशन करते अधिकारी। अमृत विचार

मतदान कार्मिक प्रशिक्षण से गायब रहे 17 कर्मी

बलरामपुर। श्रावस्ती लोकसभा तथा गैंसड़ी विधानसभा उपचुनाव के लिए मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण शुक्रवार को एमपीपी इंटर कॉलेज में शुरू हुआ। पहले दिन कुल 1720 मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण होना था दो पालियों में हुए प्रशिक्षण में 1703 कार्मिकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। दोनों पालियों में 17 मतदान कार्मिक अनुपस्थित पाए गए। बताते चलें कि जिले में तीन दिन तक मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण होना है। प्रशिक्षण नोडल अफसर सीडीओ संजीव कुमार मौर्य की देखरेख में शुक्रवार को एमपीपी इंटर कॉलेज में कुल 1703 मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया कार्मिकों को ईवीएम व वीवी पैट ऑपरेशन की पूरी जानकारी मास्टर ट्रेनरों द्वारा दी गई। पहली पाली में 11 तथा दूसरी पाली में 6 मतदान कार्मिक अनुपस्थित पाए गए। प्रशिक्षण के दौरान पीडी चंद्रप्रकाश, डीडीओ गिरीश चंद्र पाठक, जिला विद्यालय निरीक्षक गोविंदराम तथा बीएसए कल्पना देवी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

नेपाल सीमा पर बढ़ी चौकसी

सीमा पर वाहनों की सघन तलाशी लेती एसएसबी व पुलिस की टीम। अमृत विचार

पचपेड़वा, बलरामपुर, अमृत विचार। समवाय एस एस बी कंचनपुर व पुलिस टीम के द्वारा भारत नेपाल सीमा पर कमांडेंट 50वी वाहिनी के निर्देश में सी समवाय एस एस बी कंचनपुर के सहायक सेना नायक होशियार सिंह पटियाल, सब इंस्पेक्टर गिरीश सिंह नेगी, मुख्य आरक्षी अपूर्व राय, प्रवीन कुमार मिश्रा उत्तर प्रदेश पुलिस के प्रेम सागर व रवि साहनी के द्वारा बॉर्डर पिलर संख्या 581/7 के एरिया में सघन जांच पड़ताल किया गया। तमाम बाइक व चारपहिया ववाहनो को रोककर जांच किया गया।

सहायक सेना नायक होशियार सिंह पटियाल ने बताया की आगामी चुनाव को नजर में रखते हुए सघन चेकिंग अभियान बॉर्डर एरिया में चलाया जा रहा है। जिससे अवैध रूप से बॉर्डर एरिया से कोई चीज इधर ना आ पाए ना उधर जा पाए। सभी आने-जाने वालो पर पैनी नजर रखी जा रही है। मतदान से पूर्व सीमा सील भी की जाएगी। संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की लगातार तलाशी ली जाएगी।

आग से जले दर्जनों घर, गाय झुलसी

बलरामपुर, अमृत विचार। जिले में आग का कहर शुक्रवार को भी जारी रहि। तीन थाना क्षेत्रों में अग्निकांड ने कोहराम मचाया। तीन दर्जन घर जलकर राख हो गए, एक गाय झुलस गई है। आग में बेटी की शादी के अरमान भी जल गए हैं। 55 बीघा गेहूं भी जलकर राख हो गया।

आग की घटनाओं में ललिया थाना क्षेत्र के अरनहवा गांव में जुगनू शर्मा के घर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने शेषराम, नानबाबू, किशोरी लाल, ब्रह्मा व करिया छह लोगों के घरों को अपने आगोश में ले लिया। जुगनू शर्मा के लड़की के तिलक का सामान भी आग की भेंट चढ़ गया। जुगनू व उनकी पत्नी लीला देवी बिटिया सरिता के तिलक व विवाह का सामान जल जाने से दुःखी है। प्रधान प्रतिनिधि रिंकू मिश्र ने बताया कि ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। हलका लेखपाल महेश मौर्य को सूचना दी गई। इसी थाना क्षेत्र के भगता गांव के मजरा सुकईडीह व संगीत पुर में अज्ञात कारणों से लगी आग में किसानों का कई बीघा गेहूं जलकर राख हो गया है। हरैया थाना क्षेत्र के नंदनगर गांव के पास जंगल से सटे गेहूं के खेत में आग लग गई। आनंदपुरवा गांव में अज्ञात कारणों से लगी आग में 11 परिवारों को आशियाने खाक हो गए हैं। लेखपाल हरिश्चंद्र सिंह ने बताया कि क्षति का आकलन करके रिपोर्ट भेजी गई है।

संगीतपुर गांव में आग लगने से जली गेहूं की फसल। अमृत विचार

ललिया थाना क्षेत्र के टेढ़वा गांव में लगी आग में महादेव, सिपाही, पट्टे, विश्राम, तिलकराम मंगरे, मोहनलाल यादव, राधेश्याम यादव, साहबलाल व विश्राम यादव सहित 15 घरों की गृहस्थी जलकर खाक हो गई। हल्का लेखपाल महराज नरायन ने बताया कि क्षति का आकलन किया गया है। एसडीएम सदर राजेंद्र बहादुर ने बताया कि क्षति का आकलन कराया जा रहा है। शीघ्र ही पीड़ितों को आर्थिक सहायता मुहैया कराई जाएगी। वहीं रेहरा बाजार थाना क्षेत्र के लालता प्रसाद के घर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग से लालता की गाय झुलस गई, जिसका उपचार चल रहा है। इसी गांव में बांस की कोठी में आग लग गई, जिसे ग्रामीणों ने पुलिस टीम के साथ मिलकर बुझा लिया। लेखपाल विनय यादव ने क्षति का आकलन किया है।

सार-संक्षेप

सीएमओ ने सीएचसी में परखी हीट वेव की तैयारी

सीएचसी श्री दत्तगंज में हीट वेव की तैयारी का जायजा लेते सीएमओ। अमृत विचार

बलरामपुर, अमृत विचार। शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र श्रीदत्तगंज में हीट वेव से निपटने की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र श्रीदत्तगंज डॉ मनीष कुमार श्रीवास्तव को निर्देशित किया कि हीट वेव से पीड़ित रोगियों समुचित उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधीक्षकों को निर्देशित किया है कि सभी अस्पतालों के वार्डों में कूलर की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए, वार्डों के खिड़की, दरवाजों पर पर्दे आदि लगवाया जाय, पंखे दुरुस्त करवा लिया जाय, ओआरएस की पर्याप्त मात्रा सुनिश्चित किया जाए, हीट वेव के उपचार से संबंधित सभी औषधियां उपकरण आदि समुचित व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। मरीजों के पीने हेतु शीतल पेय जल की व्यवस्था किया जाए। सीएमओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीदत्तगंज पर स्थापित इंसेफेलाइटिस ट्रीटमेंट सेंटर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीदत्तगंज डॉ मनीष कुमार श्रीवास्तव को निर्देशित किया की सभी हाई ग्रेड फीवर के मरीजों की सभी आवश्यक जांचें करवाई जाए और यदि आवश्यकता हो तो उनका इंसेफेलाइटिस ट्रीटमेंट सेंटर में भर्ती कर सम्मिलित इलाज किया जाए। निरीक्षण के समय जिला मलेरिया अधिकारी राजेश पाण्डेय तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीदत्तगंज के समस्त अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

फेयरवेल में विद्यार्थियों ने किया एक दूसरे का स्वागत

एमएलके पीजी कालेज में फेयरवेल पार्टी के दौरान मौजूद विद्यार्थी व शिक्षक।

बलरामपुर, अमृत विचार। एमएलके पीजी कॉलेज सभागार में समाजशास्त्र विभाग की ओर से स्वागत व विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में परास्नातक कक्षाओं के सीनियर छात्र-छात्राओं ने अपने जूनियर का स्वागत तथा जूनियर ने अपने सीनियर को उपहार भेंटकर उनको विदाई दी। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय, विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र डॉ अनामिका सिंह, विभागाध्यक्ष डॉ दिनेश कुमार मौर्य ने दीप प्रज्वलित एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो0 पाण्डेय ने कहा कि यह एक अच्छा संयोग है कि आप अपने जूनियर का स्वागत कर रहे हैं और सीनियर का विदाई कर रहे हैं क्योंकि सुख के दुख और खुशी के साथ गम यह जिंदगी की रीत है। यहां से निकलकर आप अपने परिवार व महाविद्यालय का नाम रोशन करें यही कामना है। विभागाध्यक्ष डॉ अनामिका सिंह ने सभी का स्वागत करते हुए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह में छात्रा अंशिका उपाध्याय के गीत होंठों से छूलो तुम मेरा गीत अमर कर दो को खूब सराहा गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं व शिक्षक व शिक्षिकाओं के मध्य कई प्रकार के गीत संगीत की प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक उपाध्याय ने किया। इस दौरान विभागाध्यक्ष के साथ साथ विभागीय शिक्षक डॉ दिनेश त्रिपाठी, डॉ अर्चना शुक्ला, सीमा पाण्डेय व नीरज पांडे ने प्राचार्य को स्मृति चिन्ह प्रदानकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर प्रो0 तबस्सुम फरखी, डॉ रमेश शुक्ल, डॉ एस के त्रिपाठी, डॉ बीएल गुप्त, डॉ अभयनाथ, डॉ पूजा, डॉ भावना, डॉ साक्षी शर्मा, लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र चौहान, शिवम सिंह, मणिका मिश्रा आदि मौजूद रहे।

सड़क हादसे में दो घायल

श्रावस्ती। हरदत्तनगर गिरट थाना क्षेत्र के ग्राम उल्लाहवा के मजरा साईपुरवा निवासी लाल मोहम्मद पुत्र उदल मोटरसाइकिल से बदला चौराहा की ओर से मल्हीपुर की ओर जा रहा था। रास्ते में लाल मोहम्मद की मोटरसाइकिल में पीछे से अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया। जिससे मोटरसाइकिल पलट गई। दुर्घटना में घायल लाल मोहम्मद को आसपास के लोगों ने एबूलेश से मल्हीपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। घायल की हालत नाजुक बनी हुई है।

दो स्थानों पर आग से 13 बीघा फसल जली

श्रावस्ती, अमृत विचार। दो स्थानों पर लगी आग से आठ बीघा गेंहू व पांच बीघा अरहर की फसल जलकर राख हो गई। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। बहराईच के थाना नवाबगंज के ग्राम सतीजोर के मजरा चरगहवा के पास गेहूं के खेत में शुक्रवार को आग लग गई। आग इतनी बिकराल थी की देखते ही देखते कई किसानों की फसल को अपनी आगोश में ले लिया। जब तक आग बुझती तब तक जनपद श्रवस्ती के मल्हीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चमरपुरवा के मजरा माल्ही गांव के किसानों के खेत तक पहुंच गई। माल्हीगाव निवासी गुरुदेव व मदन का चार चार बीघा गेहूं की कटी फसल जलकर राख हो गई। वहीं कोतवाली भिनगा क्षेत्र के ग्राम संग्रामगंज के मजरा चरगइहा गांव के बाहर खेत में आग लग गई। गांव के मैनुद्दीन के अरहर के फसल मे अज्ञात कारणों से आग लग गई। कड़ी मशक्कत के बाद भी ग्रामीण आग पर काबू नही पा सके। देखते ही देखते पूरी फसल जल गई।

सूखे पड़े तालाब कैसे मिटे बेजुबानों की प्यास

पहला, सीतापुर। विकासखण्ड क्षेत्र में तालाब के सौंदर्यीकरण पर लाखों खर्च किये गये। तालाबों में हमेशा पानी रहे, इसकी भी व्यवस्थाएं की गईं, लेकिन जिम्मेदारों की उदासीनता का आलम यह है कि भीषण गर्मी की शुरूआत हो चुकी है, लेकिन तालाब सूखे पड़े हैं। चिलचिलाती धूप ऊपर से व्याकुल कर रही गर्मी में सूखे तालाबों में पानी भरवाने के लिए कोई इंतजाम नहीं किये जा रहे हैं। जिससे पशु पक्षी को पेयजल के गंभीर संकट से गुजरना पड़ रहा है। इसके अलावा मनरेगा के माध्यम से तालाब खोदवाकर जल संरक्षण की बात कर रहे जिम्मेदार भी मूक दर्शक बने हुए हैं।

विशाल भंडारा के साथ समाप्त हुई राम कथा

जनकपुर मंदिर में आयोजित विशाल भंडारे के दौरान प्रसाद ग्रहण करते संत व श्रद्धालु।

बलरामपुर, अमृत विचार। जनकपुर में श्री बाबा मुक्तेश्वर नाथ महादेव मंदिर में पूर्व वर्षों के भांति चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर हरिका रविंद्र नागेश्वर सेवा फाउण्डेशन द्वारा आयोजित नवदिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा का समापन हो गया। मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। देवीपाटन पीठाधीश्वर महंथ योगी मिथिलेश नाथ के संयोजन में श्रीराम कथा के उपासक युवा संत सर्वेश के श्रीमुख से रामकथा का वाचन किया गया।

आह्वान सपाइयों ने बैठक कर बनाई चुनावी रणनीति, बूथों को और अधिक मजबूत करने की योजना बनाई

एक बूथ पर 20 यूथ की तर्ज पर समाजवादी पार्टी करेगी काम

बलरामपुर, अमृत विचार। समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय के लोहिया भवन में लोकसभा चुनाव को लेकर चुनावी बैठक की गई। बैठक में लोकसभा श्रावस्ती क्षेत्र से सपा प्रत्याशी और गैसडी विधानसभा उपचुनाव में सपा प्रत्याशी को भारी बहुमत से जिताने की रणनीति पर चर्चा की गई। समीक्षा बैठक से पूर्व समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा 58 लोकसभा श्रावस्ती के प्रत्याशी राम शिरोमणि वर्मा व 292, गैंसड़ी विधानसभा प्रत्याशी राकेश यादव का स्वागत जिलाध्यक्ष डॉ श्री माणिक लाल कश्यप और समाजवादी साथियों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।

लोकसभा श्रावस्ती और विधानसभा गैसड़ी के सपा प्रत्याशियों को विजयी बनाने के लक्ष्य के मद्देनजर समाजवादी पार्टी के जिला संगठन ने अपने संगठन की सबसे निचली इकाई बूथ स्तर पर काम कर कार्यकर्ताओ को और ज्यादा सक्रिय करते हुए प्रत्येक बूथ पर युद्ध स्तर से जुट जाने का आह्वान किया। पार्टी ने तय किया है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के 1 बूथ 20 यूथ की रणनीति के आधार पर पार्टी द्वारा घोषित प्रत्याशी के पक्ष मे समर्थन जुटाना है। पार्टी के युवा कार्यकर्ताओं, अनुभवी नेताओं और जातीय समीकरण के हिसाब से आम जनों से संपर्क और निरंतर संवाद के माध्यम व और आम जन मानस के सुख दुख में भागीदार होते हुए समाजवादी पार्टी के विचारों को उन तक भी पहुंचाने का काम करते हुए से पार्टी के घोषित लोक सभा व गैंसड़ी विधानसभा प्रत्याशी को विजयी बनाकर सदन में भेजना है। पिछले कई सालों से बूथ स्तर पर काम कर रही जिला समाजवादी संगठन ने स्वागत समीक्षा बैठक में उन बूथों को और अधिक मजबूत करने की योजना बनाई है। जहां पर पार्टी को कम वोट मिलता रहा है या समाजवादी पार्टी जिन बूथों पर चुनाव हारती रही है।

बलरामपुर सपा जिला कार्यालय में बैठक कर चुनावी रणनीति बनाते सपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष डॉ माणिक लाल कश्यप ने उपस्थित पदाधिकारियों ने ऊर्जा भरते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक बूथ 20 यूथ का नारा दिया है। समाजवादी पार्टी के नेता और कार्यकर्ता इसी मूल मंत्र को लेकर घोषित प्रत्याशी को जिताने हेतु बूथ पर युद्ध स्तर पर काम करने को जुट जाये। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में लोकतंत्र की हत्या करने वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार को विदा करने के काम में अपना सहयोग दें। इस अवसर पर पूर्व विधायक जगराम पासवान, राम सागर अकेला, अब्दुल मसूद खां, संजय तिवारी, इकबाल जावेद, एजाज मालिक, श्याम चौरसिया, नरसिंह पाल यादव, विजय मौर्य, विनय वर्मा, हसीब खान, महेंद्र विक्रम अकेला सहित तमाम समाजवादी साथी उपस्थित रहे।

एक नजर

आज से बंद हो जाएगी पारले चीनी मिल

कैसरगंज, बहराइच : पारले चीनी मिल का पेराई सत्र लगभग समापन की ओर अग्रसर है। जिन किसानों के पास पर्ची नहीं है, वह अपने क्षेत्र के गन्ना सुपरवाइजर से मिलकर फ्री सप्लाई टिकट प्राप्त कर लें। 16 अप्रैल से फ्री पर्ची पर खुली खरीद की जा रही है। किसान भाई अपना पेराई योग्य गन्ना दिनांक 20 अप्रैल तक चीनी मिल को सप्लाई कर दें। जो भी गन्ना 20 अप्रैल शाम तक आएगा उसकी पेराई कर सत्र का अन्तिम रूप से समापन कर दिया जाएगा। यह बातें चीनी मिल के उप मुख्य प्रबंधक (गन्ना) वहाजुद्दीन ने बताई हैं।

बाइक चोरी

विशेश्वरगंज, बहराइच। थाना क्षेत्र के पुरैना मोड़ विसेश्वरगंज निवासी दुर्गेश कुमार शुक्ला पुत्र सच्चिदानंद शुक्ला ने अपनी बाइक से मंगलवार को रात 8.30 पर चौराहे पर सब्जी लेने के लिए गए थे। सब्जी ख़रीदते समय उन्होंने बाइक संख्या UP 40 Z 7353 लॉक करके पार्क कर दिया। जब सब्जी लेकर वापस लौट कर आए तब देखा की बाइक ग़ायब हो गई है। पीड़ित ने बाईक की काफ़ी खोजबीन की, लेकिन कोई पता नहीं चला। जिस पर थाने में ऑनलाइन तहरीर दी है, लेकिन पुलिस ने अभी तक केस दर्ज नहीं किया है।

एसएसबी ने 45 लीटर शराब पकड़ी

रूपईडीहा, बहराइच। भारत नेपाल सीमा पर एसएसबी 42वीं वाहिनी की ओर से गश्त की जा रही थी। कमांडेंट गंगा सिंह उदावत ने बताया कि सीमा चौकी निबिया के कार्मिकों द्वारा उ0प्र0 पुलिस के साथ संयुक्त गश्त निकाली गई। गश्त के दौरान मनशाराम के पास से 45 लीटर नेपाली शराब पकड़ी।

साथ रहने को राजी हुए दंपति

बहराइच : पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के निर्देशन में परिवार परामर्श केन्द्र' द्वारा आपसी परिवारिक विवाद को समाप्त कराकर 01 परिवार में सुलह कराते हुए परिवारों को टूटने से बचाया। आपसी पारिवारिक विवाद के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक के समक्ष सुलह हेतु प्रार्थना पत्र दिया गया। जिसके निस्तारण के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को निर्देशित किया। प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र उप निरीक्षक रमाशंकर मिश्रा, सिपाही ओम प्रकाश यादव, छाया द्विवेदी, गिरजावती यादव, अनन्या सिंह, द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर-समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया तथा दोनों पक्षों को समझाया गया, जिसके परिणाणस्वरूप दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में लड़ाई-झगड़ा न करने तथा परिवारिक कर्तव्यों का पालन करते हुए खुशी-खुशी साथ रहने की बात कही गयी। दम्पत्ति जोड़ों को एक दूसरे के साथ आपस में सामन्जस्य स्थापित करने हेतु सलाह दी गयी।

महावीर जन्म कल्याण महोत्सव शुरू

▸▸ तीन दिन तक चलेगा कार्यक्रम पूरे शहर में निकली प्रभात फेरी

बहराइच

अमृत विचार: महावीर जन्म कल्याण महोत्सव के अंतर्गत तीन दिवसीय कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को सुबह सात बजे जैन धर्मलंबियों ने प्रभात फेरी का जुलूस जैन मंदिर से निकाला। अस्पताल चौराहा होते हुए वापस जैन मंदिर पर समाप्त हुआ।

सैकड़ो की संख्या में चल रहे भक्तों ने भगवान महावीर के जयकारों से प्रातः कालीन बेला को गुंजायमान कर दिया। प्रभात फेरी के जुलूस में जैन धर्मआचार्य भद्रबाहु महाराज अपने संघ सहित पद बिहार कर रहे थे। जगह-जगह लोगों ने आरती उतारकर जुलूस का स्वागत किया जुलूस आने के बाद मंदिर में कलसा अभिषेक एवं शांति धारा का आयोजन हुआ। आचार्य भद्रबाहु महाराज ने अपने प्रवचन में भगवान महावीर के आदर्शों पर चलने का अव्वाहन किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति का सर्वप्रथम धर्म है कि जियो और जीने दो खुद भी जियो और छोटे से छोटे जीव को भी जीने का अधिकार दो, पेट को कब्रिस्तान मत बनाओ। इस प्रकृति में हमें खाने पीने के लिए हजारों वस्तु प्रदान की है हमें शाकाहार रहकर ही अपने तन मन को शुद्ध किया जा सकता है और विश्व में शांति लाने के लिए भगवान महावीर का जियो और जीने दो का सिद्धांत बहुत ही सार्थक सिद्ध होगा जैन समाज के अविनाश जैन ने बताया कि भगवान महावीर जन्म कल्याण समारोह के अंतर्गत तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें 20 तारीख को सुबह अभिषेक एवं आचार्य श्री का प्रवचन, सांयकाल 7:00 बजे से भजन संध्या युवा सम्राट शुभम जैन बड़ोद द्वारा होगा एवं 21 अप्रैल रविवार को प्रातः 9:00 बजे भगवान महावीर का भव्य रथ यात्रा का जुलूस शहर के विभिन्न मार्गो से निकाला जाएगा। इस दौरान अध्यक्ष अजय कुमार जैन, सौरभ जैन, अविनाश जैन, स्वरूप चंद्र जैन, सुभाष चंद्र जैन, संजीव जैन, निखिल जैन, डॉक्टर डिंपल जैन, प्रैंक्यूं जैन, अखिलेश जैन, सौरभ जैन, शालिनी जैन, मंजू जैन, मधु जैन, सुलभ जैन समेत अन्य मौजूद रहे।

प्रभात फेरी में शामिल महिलाएं। अमृत विचार

आईएएस परीक्षा पास कर पहली बार घर पहुंचने पर हुआ स्वागत

विशेश्वरगंज, बहराइच, अमृत विचार : जनपद के ग्राम पंचायत कन्छर निवासी टेंट व्यवसाई के बेटे प्रिंस बाबू मिश्रा ने यूपीएससी की परीक्षा पास की है। आईएएस परीक्षा पास करने के बाद बृहस्पतिवार को वह गांव पहुंचे। उनका गांव के लोगों ने फूल मालाओं से स्वागत किया। सभी ने उनके मेहनत की सराहना की। विशेश्वरगंज विकास क्षेत्र के ग्राम पंचायत कंछर के मजरा ईश्वरनाथ पुरवा निवासी सुरेश चंद मिश्रा के बड़े बेटे प्रिंसबाबू मिश्रा ने यूपीएससी की परीक्षा में 505वीं रैंक हासिल की है। परीक्षा पास करने के बाद गुरुवार को वह अपने पैतृक निवास ईश्वरनाथ पुरवा पहुंचे। परीक्षा के बाद प्रथम बार घर आने पर क्षेत्र के लोग उनके साथ सर्वप्रथम थाने के पास स्थित मां दुर्गा के मंदिर पर पहुंचे। जहां माथा टेका तथा लोगों ने आतिशबाजी व ढोल नगाड़े के साथ नृत्य करते हुए सैकड़ो लोग उनके साथ घर पहुंचे। फूल माला पहनकर उनका स्वागत किया तथा एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियों का इजहार किया। सभी ने प्रिंस के गरीबी में किए गए मेहनत को याद किया। इस अवसर पर उनके दूर दराज से आये तमाम रिश्तेदार नातेदार पहुंचकर होनहार बच्चे को बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

गांव आगमन पर स्वागत करते ग्रामीण।

नदी में डूबकर किशोर की मौत

मिहीपुरवा : मोतीपुर थाना क्षेत्र के पड़रियाघाट पर अंतिम संस्कार के लिए गया एक किशोर पानी में डूब गया। 24 घंटे बाद उसका शव पुलिस ने गोताखोरों की मदद से बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पुरैना रघुनाथपुर गांव निवासी एक महिला की बुधवार को मौत हो गई थी। जिसका अंतिम संस्कार सरयू नदी के पड़रिया घाट पर था। अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए गांव निवासी शिवा उर्फ किशन (14) पुत्र बांकेलाल भी गया था। सभी लोग स्नान कर चले आए। जबकि शिवा पानी में डूब गया। इसकी जानकारी किसी को नहीं हुई। कुछ देर बाद तलाश शुरू हुई तो गांव के लोगों के काफ़ी खोजबीन के बाद भी उसका शव नहीं मिला। इस पर गोताखोरों ने तलाश शुरू की। गुरुवार शाम को छह बजे किशोर का शव नदी से बरामद हुआ। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

चिंगारी से फूस के मकान में लगी आग, जिंदा जला बच्चा

परिवार के लोग खेत में कर रहे थे गेहूं की कटाई

संवाददाता, नानपारा, बहराइच

अमृत विचार : जूड़ा ग्राम पंचायत में शुक्रवार दोपहर को सोलर पैनल के स्पार्किंग से फूस के मकान में आग लग गई। आग की चपेट में आकर पांच वर्ष के बच्चे की मौत हो गई। कोतवाली नानपारा अंतर्गत ग्राम पंचायत जूड़ा के मजरा जगरामपुरवा लक्ष्मन और उनके बेटे सनोज का आसपास मकान है। शुक्रवार को पिता पुत्र 500 मीटर की दूरी पर स्थित खेत में गेहूं के फसल की कटाई कर रहे थे। जबकि घर सनोज की 14 वर्षीय बेटी, पांच साल का बेटा कुलदीप मौजूद थे। दोपहर में 12 बजे सोलर पैनल में स्पार्किंग हुई। इसके बाद चिंगारी से फूस के मकान में आग लग गई। शोर सुनकर परिवार के लोग दौड़े। सभी ने दमकल विभाग को सूचना दी। ग्राम प्रधान विनोद निषाद की सूचना पर दमकल कर्मी आ गए। सभी ने आग बुझाया। लेकिन तब तक आग की चपेट में आकर कुलदीप की जिंदा जलकर मौत हो गई। सूचना पाकर एसडीएम अश्विनी कुमार, सीओ राहुल पांडेय, तहसीलदार अजय यादव और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मृतक बालक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसडीएम ने बताया कि मृतक आश्रित को आपदा राहत कोष से आर्थिक सहायता राशि दिलाई जाएगी।

बच्चे की मौत के बाद बेहोश हुआ पिता और जांच करते तहसीलदार।

बहन ने एक भाई को बचा लिया

जूड़ा गांव निवासी सनोज के घर पर 14 वर्ष की बेटी, पांच वर्ष का भाई और तीन माह का छोटा बच्चा था। आग लगने पर 14 वर्षीय बेटी ने तीन माह के बच्चे को बचाते हुए खुद आग से बाहर निकल आई। लेकिन पांच वर्षीय भाई को वह आग की लपट से बाहर नहीं निकाल सकी और उसकी जलकर मौत हो गई।

डीएम ने गेंहू क्रय केन्द्र का किया निरीक्षण

गेहूं क्रय केंद्र पर वजन की जांच करतीं डीएम। अमृत विचार

▸▸ स्टेनो का वजन करा डीएम ने तौल की जांची स्थिति

बहराइच, अमृत विचार: तेजवापुर में स्थित गेहूं क्रय केंद्र का जिलाधिकारी ने निरीक्षण किया। कांटे की बेहतरी जांचने के लिए स्टेनो का वजन कर खामियां जांच की। हालांकि सबकुछ बेहतर मिला।

जिलाधिकारी मोनिका रानी ने विकास खण्ड तेजवापुर अन्तर्गत गेहूं क्रय केन्द्र बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लिमिटेड ललईबाग का औचक निरीक्षण करते हुए क्रय केन्द्र प्रभारी अमरिका प्रसाद दीक्षित ने बताया कि अब तक ग्राम तेजवापुर के कृषक कुलदीप कुमार से 04 क्विंटल व ग्राम गौरीशंकरपुर रमपुरवा से 79 कुण्टल कुल 02 किसानों से 83 कुण्टल गेहूँ की खरीद की गई है। क्रय केन्द्र पर गेहूँ की कम आवक के बारे में जानकारी प्राप्त करने पर केन्द्र प्रभारी ने बताया कि अभी ज्यादातर खेतों में गेहूँ की फसल खड़ी है। कटान कम होने के कारण आवक कम है। जैसे जैसे कृषकों द्वारा गेहूँ की कटान की जाएगी, केन्द्र पर गेहूँ की आवक बढ़ती रहेगी। डीएम ने क्रय केन्द्र प्रभारी को निर्देश दिया कि क्षेत्र के कृषकों से मोबाइल पर सम्पर्क उन्हें क्रय केन्द्र पर अपनी उपज लाने हेतु प्रेरित करें। निरीक्षण के दौरान डीएम ने क्रय केन्द्र पर उपलब्ध उपकरणों के बारे में भी जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि किसानों के लिए छाया व पेयजल का माकूल बन्दोबस्त रखा जाए।

सार-संक्षेप

गाजे-बाजे के साथ निकाली गई कलश यात्रा

गांव में निकली कलश यात्रा में शामिल सैकड़ों लोग। अमृत विचार

मटेरा, बहराइच, अमृत विचार : जिले के इंटहा गांव में शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें सैंकड़ों महिलाओं सहित भक्तों ने कलश में भरा जल, लगे जय श्रीराम के नारे लगाए। कोतवाली नानपारा क्षेत्र के ग्राम पंचायत इंटहा में शुक्रवार को श्री राम जानकी मंदिर ठाकुर द्वारा से भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसमें सैंकड़ों महिलाओं ने भी हिस्सा लिया।कलश यात्रा राम जानकी मंदिर से इंटहा घाट तक निकाली गई। इंटहा घाट से कलश में जल भर कर पुन: राम जानकी मंदिर ठाकुर द्वारा में वापस हुई। राम जानकी मंदिर ठाकुर द्वारा में भगवान का प्राण प्रतिष्ठा होना है। आज शनिवार को क्षेत्र भ्रमण व रविवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। भक्तों द्वारा लगाए गए जय श्री राम के नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो गया। इस मौके पर शिवधन पांडेय, बृजेन्द्र नाथ शुक्ल, ग्राम प्रधान पवन वर्मा, राजेश वर्मा, पारस नाथ शुक्ल, दुर्गेश कुमार शुक्ल, जिलेदार पांडेय, कामता प्रसाद मिश्र, संतोष वर्मा, विनीत बाजपेयी, सूरज शुक्ल, सहित सैंकड़ों भक्तों ने अपनी भागीदारी की।

फ्लाईंग स्क्वायड टीम की गतिविधियों को व्यय प्रेक्षक ने जांचा

शहर में जांच करते व्यय प्रेक्षक और मौजूद अधिकारी।

बहराइच, अमृत विचार : लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-56 बहराइच (अ.जा.) के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक टी. सेंथिल मुरूगन ने देर शाम विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र बहराइच क्षेत्र का भ्रमण किया। व्यय प्रेक्षक ने धरसवां चौराहा के निकट वाहनों की जांच कर फ्लाईंग स्क्वायड टीम की गतिविधियों को देखा तथा आवश्यक जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान एफएसटी प्रभारी अवर सरयू नहर खंड अभियंता चतुर्थ सुनील कुमार ने बताया कि टीम द्वारा अब तक 13 वाहनों की जांच की गई है। व्यय प्रेक्षक श्री मुरूगन ने वाहन जांच पंजिका का अवलोकन करते हुए निर्देश दिया कि भारत निर्वाचन आयोग की मंशानुरूप अपनी पदेन जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर प्रिंस वर्मा, व्यय प्रेक्षक के लाइज़न आफिसर जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह, एफएसटी में तैनात उप निरीक्षक कैलाश प्रसाद चौधरी, मुख्य आरक्षी राहुल नन्दन, आरक्षी सत्यवान यादव व धर्मेन्द्र वर्मा मौजूद रहे।

बच्चों से काम कराने के बजाए भेजें स्कूल

बहराइच रेलवे स्टेशन पर अभियान के दौरान जांच करते पुलिस के पदाधिकारी।

बहराइच, अमृत विचार : शहर में बालश्रम उन्मूलन, नशा मुक्ति एवं बाल भिक्षावृत्ति के सम्बन्ध में थाना एएचटीयू प्रभारी विवेक सिंह द्वारा जागरुकता अभियान चलाया गया।पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देशन में नोडल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी के पर्वेक्षण में बालश्रम उन्मूलन, नशा मुक्ति एवं बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम के सम्बन्ध में अभियान शुक्रवार को चलाया गया। थाना AHTU और SJPU से प्रभारी निरीक्षक विवेक सिंह, उप निरीक्षक गर्जन प्रसाद, आरक्षी आशुतोष यादव, महिला सिपाही आरती सिंह के द्वारा कोतवाली नगर अन्तर्गत तिकोनी बाग चौकी के पास, बस स्टैण्ड, पीपल तिराहा, छावनी चौराहा, चांदपुरा चौराहा एवं थाना दरगाह शरीफ रेलवे स्टेशन पर उपरोक्त अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान होटल/ढाबो, मेडिकल स्टोर, शराब की दुकानो, आटो पार्ट की दुकानो एवं पान मसाला की दुकानों की चेकिंग की गयी। होटल/ढाबो के मालिको को हिदायत दी गयी कि बच्चो से काम ना कराया जाये तथा बच्चो को स्कूल भेजा जाये। भविष्य में यदि बच्चे आपके यहा काम करते हुए पाए जाते हैं तो आपके विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

विद्यालय के बाहर मीडिया के प्रवेश पर रोक के लिए लिखा गया स्लोगन।

स्कूल में लोकतंत्र के चौथे स्तंभ का प्रवेश वर्जित

हुजूरपुर, बहराइच, अमृत विचार : बेसिक शिक्षा विभाग के कर्मचारी अपनी कमियों को छिपाने के लिए अब मीडिया के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा रहे हैं। यह हम नहीं बल्कि प्रधानाचार्य द्वारा स्कूलों पर लिखाए गए स्लोगन बयां कर रहे हैं।सुप्रीम कोर्ट ने मीडिया की स्वायत्तता को बनाए रखने के लिए सरकारों को निर्देशित किया है। लेकिन सरकारी कर्मचारी मीडिया को पूरी तरह से पाबंद करना चाहते हैं। इसका उदाहरण जिले के शिक्षा विभाग में संविलियन विद्यालय हुजूरपुर में देखने को मिला। हुजूरपुर सांविलियन विद्यालय की प्रधानाचार्य ने विद्यालय के दीवार पर मीडिया के प्रवेश को पूरी तरह वर्जित बताते हुए स्लोगन लिखाया है। दीवार पर लिखे स्लोगन की फोटो और वीडियो शुक्रवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। साथ ही मीडिया से जुड़े लोग इस पर सवाल उठा रहे हैं। इस मामले में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ए आर तिवारी ने बताया कि कुछ विद्यालयों में लिखाया गया होगा, यह कोई शासनादेश नहीं है इसकी जांच करवा रहे हैं इसके बाद कार्रवाई करेंगे।

हरकत में आया महकमा, दीवार रंगवाई

संविलियन विद्यालय हुजूरपुर में मीडिया के प्रवेश पर रोक को लेकर अमृत विचार पोर्टल ने खबर प्रकाशित कर पूरे जिले में शेयर किया। खबर का जिलाधिकारी मोनिका रानी और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एआर तिवारी ने संज्ञान लिया। खंड शिक्षा अधिकारी संतोष चौरसिया ने बताया कि दीवार को पूरी तरह छूने से पटवा दिया गया है अब कहीं कोई स्लोगन नहीं लिखा है जिसके द्वारा भी या लिखवाया गया है, उसकी जांच कराई जा रही इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सड़क हादसों में वृद्ध की मौत, होमगार्ड समेत 6 घायल

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार : जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में सड़क हादसे हो गए। सड़क हादसों में एक वृद्ध की मौत हो गई। जबकि उसके साथी और होमगार्ड समेत 6 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया गया।

कोतवाली देहात के ग्राम गजपतपुर निवासी रामगोपाल (60) पुत्र शिव बालक अपने साथी कोहली के साथ बाइक से सब्जी लेने टिकोरा बाजार आए थे। सब्जी लेने के बाद वह शाम को बाइक से वापस घर जाने लगे टिकोरा मोड़ के पास आजा चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे रामगोपाल की मौत हो गई जबकि साथ ही घायल हो गया। नवाबगंज थाना क्षेत्र के ओझा गांव निवासी प्रेम कुमार पुत्र अलोकचंद और कोतवाली देहात के गलियापुर गांव निवासी लाल जी मिश्रा पुत्र परशुराम मिश्रा हादसे में घायल हो गए। उधर रानीपुर थाने के रत्तापुर गांव निवासी 58 वर्षीय निरंजन पुत्र बिंद्रा प्रसाद के यहां से बेटी का तिलक गुरूवार शाम देहात कोतवाली के तेजवापुर जाना था। वह परिवार के 60 वर्षीय लल्लन पुत्र घिरऊ, 30 वर्षीय मुन्ना पुत्र राम प्रसाद को साथ लेकर तिलक का सामान लेकर गुरूवार देर शाम बाइक से तेजवापुर को रवाना हुए। देहात कोतवाली के गोलवा घाट के पास जैसे ही उनकी बाइक पहुंची। विपरीत दिशा से रांग साइड बाइक उनकी बाइक में टक्कर मारते हुए चालक वाहन सहित फरार हो गया। बाइक पलटने से बाइक सवार युवक सहित तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया है। मटेरा थाने के भौखारा गांव निवासनी 35 वर्षीय सुषमा पत्नी पतिराम गुरूवार देर शाम गांव स्थित मेडिकल पर दवा लेने गई थी। वह दवा लेकर पैदल घर आ रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक सवार उन्हे टक्कर मारता हुआ फरार हो गया। जिसके चलते वह गंभीर रूप से घायल हो गई। दुर्घटना होते ही आसपड़ोस के लोग दौड़े। घर से परिजन भी पहुंच गए। घायल को मटेरा सीएचसी लाए जाने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज कर घायल को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। थानाध्यक्ष परमानंद तिवारी ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्यवाई की जाएगी।

जिला कुशल में भर्ती घायल महिला।

चाहे नर हो या हो नारी, मतदान है सबकी जिम्मेदारी

पयागपुर : लोकसभा के चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करने के लिए बच्चों ने जागरूकता रैली निकालकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। शुक्रवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय भूपगंज में अध्ययनरत बच्चों ने मतदाताओं को जागरूक करने सम्बन्धी स्लोगन लिखे होर्डिंग्स और चार्ट हाथों में लेकर रैली निकाली। छात्रों ने लोकतंत्र का सम्मान करेंगे, निर्भय होकर मतदान करेंगे" चाहे नर हो या हो नारी, मतदान है सबकी जिम्मेदारी" का घोष करते हुये नगर क्षेत्र के विभिन्न मार्गों से होते हुए विद्यालय पहुँचे, जहाँ पर एक जागरूकता सभा का आयोजन किया गया।विद्यालय के प्रधान शिक्षक प्रदीप पाण्डेय ने मौजूद अभिभावकों को मतदान के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी और आगामी लोकसभा के निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान करने की अपील करते हुए मतदान के लिए प्रेरित करती कविता लोकतंत्र का महापर्व जब जब आए तो यह करना, बूथ पहुंचकर वोट है देना याद हमेशा यह रखना। इस अवसर पर शिक्षिका सुनीता मिश्रा, वृजेश कुमारी, तारावती कश्यप, कंचन तिवारी, योगेंद्र गुप्ता सहित विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष बाबूराम शर्मा, रसोइयां मौजूद रहीं।

जागरूकता रैली निकालते छात्र और शिक्षक।

महिला बैंक कर्मी के गले से चेन खींच कर उचक्का फरार

बहराइच, अमृत विचार: शहर के भीडभाड वाले इलाके में एक महिला बैंक कर्मी के गले से सोने की चेन खींच कर बाइक सवार उचक्का फरार हो गया। इस मामले में देहात कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

देहात कोतवाली अन्तर्गत मोहल्ला रायपुरराजा निवासी अर्पिता प्रजापति पुत्री सुभाष चन्द्र प्रजापति शहर के डिगिहा स्थित स्टेटबैंक शाखा में लिपिक के रूप में कार्यरत हैं।अर्पिता ने देहात कोतवाली में दी तहरीर में कहा है कि 18 अप्रैल को रात लगभग नौ बजे वो बैंक से अपनी स्कूटी द्वारा अपने घर वापस जा रही थीं। रास्ते में इन्दिरा स्टेडियम के मुख्य द्वार के सामने एक बाइक सवार उचक्का उनके गले की चेन खींच कर फरार हो गया। चेन का वजन चार ग्राम बताया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही बैंक के अधिकारी मौके पर पहुंचे इसी बीच पुलिस ने भी मौके पर पहुंच कर घटना स्थल का निरीक्षण किया। इस मामले में पुलिस से मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की मांग की गई हैं। भीडभाड वाले मुख्य मार्ग पर हुई इस वारदात से आसपास के लोगों में भय व चिंता व्याप्त है। इस घटना को लेकर पुलिस अधीक्षक ने सिओ सिटी के नेतृत्व में दो टीमों का गठन कर घटना का जल्द खुलासा कर अभियुक्त को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया है।

मतदाता जागृति महोत्सव में मतदान का दिया संदेश

बहराइच, अमृत विचार। लोकसभा चुनाव के मतदान में शत-प्रतिशत मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम अन्तर्गत इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम बहराइच में ''मतदाता जागृति महोत्सव'' का सफल आयोजन कर आमजन को मतदान का सन्देश दिया गया। शहर के इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में जिला प्रशासन की ओर से शुक्रवार को मतदान को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। मतदाता जागृति महोत्सव में जहां महिला वर्ग के लिए रंगोली व मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया वहीं मूक बधिर बच्चों द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रतिभाग करके समाज के निःशक्त व दिव्यांगजन को मतदान का सन्देश दिया गया। महोत्सव का मुख्य आकर्षण थारू जनजाति की बालिकाओं व ट्रांसजेण्डर वर्ग की मटका दौड़ रहीं। मतदाता जागृति महोत्सव में मूकबधिर क्रिकेट प्रतियोगिता की विजेता टीम में अंशू सिंह, मो. आमिर, श्रवण कुमार, समीर खान, आयुष जायसवाल, मो. अमन, प्रमोद कुमार, फज़ल हक, अमित सिंह, अतुल तिवारी व प्रिंसु सिंह व उप विजेता टीम में कोमल सिंह, अरूण तिवारी, अमित सिंह, मनोज कुमार, अरबाज़, साजिद, साजेब, सोनल, प्रवीन, अनिल व विवेक तिवारी शामिल रहे। 100 मी0 दौड़ में सुनिल व श्रद्धा गुप्ता, सचिन व फातिमा, रितेश व सकीना बानो, 200 मी0 दौड़ में सचिन यादव व निधि शुक्ला, अमन कुमार व कोपिला कुमारी व रितेश कुमार व सुष्मिता, 400 मी0 दौड़ में सुनील राजभर व साक्षी साहू, अभिषेक मौर्य व कोपिला कुमारी तथा रितेश व सुष्मिता ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। बैडमिन्टन एकल प्रतियोगिता में राना अनिल सिंह व कुसुमेन्द्र कुमार सिंह तथा युगल प्रतियोगिता में राना अनिल सिंह व कुसुमेन्द्र कुमार सिंह तथा दिलीप वर्मा व आशीष सिंह ने क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मेंहदी प्रतियोगिता में रिसिया की अंजली, जीजीआईसी की अंशिका सिंह व फखरपुर की जैनब, रंगोली निर्माण में आश्रम पद्धती विद्यालय रिसिया, धर्मापुर मिहीपुरवा व अजीजपुर फखरपुर, ट्रांसजेन्डर कलश दौड़ में कंचन, शबनम व मुस्कान तथा थारू जनजाति बालिका कलश दौड़ में करीमा, सुषमा व संगीता ने क्रमश प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। समारोह के अन्त में जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी ने मतदाता शपथ दिलाजे हुए लोगों से अपील की कि मतदान 13 मई को आप लोग अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करें। इसके पश्चात डीएम ने सीडीओ रम्या आर के साथ सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र तथा विजेता खिलाड़ियों एवं प्रतिभागियों को शील्ड का वितरण किया। कार्यक्रम का संचालन जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर ने किया।

नकदी ले जाने वालों पर रखें नजर

एसएसटी टीम से पूछताछ करतीं जिला निर्वाचन अधिकारी। अमृत विचार

बहराइच

अमृत विचार : जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोकसभा चुनाव के लिए लगाए गए एसएसटी बैरियर का निरीक्षण किया। उन्होंने टीम को नकदी और हथियार ले जाने वाले लोगों पर नजर रखने के निर्देश दिए। लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत निर्वाचन आयोग द्वारा लागू आदर्श आचार संहिता/निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण का अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों के लिए फ्लाईंग स्क्वायड दल तथा स्टैटिक सर्विलांस टीमों का गठन किया गया है। महसी अन्तर्गत तैनात एफएसटी एवं एसएसटी टीमों की गतिविधियों का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी ने बहराइच-सीतापुर मार्ग पर स्थित चहलारी पुल तथा खैरा बाज़ार में स्थापित किये गये एसएसटी बैरियर का निरीक्षण किया।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

असन्त्यागात् पापकृतामपापांस्तुल्यो दण्ड : स्पृशते मिश्रभावात्।
शुष्केणार्दंदह्यते मिश्रभावात्तस्मात् पापै : सह सन्धि नकुर्य्यात् ॥

दुर्जनों की संगति के कारण निरपराधी भी उन्हीं के समान दंड पाते हैं,जैसे सूखी लकड़ियों के साथ गीली भी जल जाती हैं। इसलिए दुर्जनों का साथ मैत्री नहीं करनी चाहिए।

संपादकीय

वर्षा का पूर्वानुमान सुखद

वैश्विक जलवायु परिवर्तन के कारण वर्षा में परिवर्तन हो रहा है। वर्ष-दर-वर्ष प्राकृतिक परिवर्तनशीलता भी हो रही है। देश के कुछ हिस्सों में 1950 के बाद से मानसूनी वर्षा में कमी आई है। देश का करीब 46 फीसदी कार्यबल कृषि क्षेत्र में काम करता है, इसलिए मानसून भारतीय कृषि और अर्थव्यवस्था के लिए काफी मायने रखता है। कई राज्यों में बढ़ते तापमान और लू के मद्देनजर, भरपूर बारिश का पूर्वानुमान सुखद है। 1 जून से 30 सितंबर तक पूरे देश में कुल वर्षा का औसत 87 सेंटीमीटर औसत के साथ 106 प्रतिशत रहने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार 1971 से 2020 तक के वर्षा के आंकड़ों के अध्ययन में नई दीर्घकालिक औसत और सामान्य शुरुआत की। भारत में अच्छे मानसून से जुड़ी ला नीना की स्थिति अगस्त-सितंबर के बीच विकसित होगी। आईएमडी के अनुमान और आकलन के अनुसार चूंकि बीते साल सामान्य से कम बारिश हुई थी, लिहाजा इस बार यह संभावना सुखद लग रही है। यदि बारिश सामान्य से अधिक हुई तो मानसून खरीफ की फसलों के लिए लाभकारी हो सकता है। सवाल उठता है कि क्या अब भी कृषि, किसान और उनके जरिए देश की अर्थव्यवस्था मानसून की बारिश के भरोसे है?

2002 और 2009 में कृषि का उत्पादन घटा था,क्योंकि बारिश कम हुई थी, लेकिन खाद्य सुरक्षा का कोई भी संकट सामने नहीं आया, लिहाजा उन दोनों अनुभवों को भूल जाना चाहिए। आईएमडी जून और जुलाई में बारिश की मात्रा को लेकर मौन है,लेकिन उम्मीद है कि उस समय "तटस्थ स्थिति" (न तो अल नीनो, न ही ला नीना) व्याप्त होगी। दो शुष्क मानसून महीने और आखिरी दो महीनों में मूसलाधार बारिश कृषि के लिए मुफीद हो सकती है,लेकिन इसके परिणामस्वरूप अत्यधिक बाढ़ आने की संभावना है। भारत प्राकृतिक आपदाओं के मामले में असुरक्षित है। आईएमडी के वर्तमान संकेत पर तत्काल ध्यान दिया जाना चाहिए। राज्यों को आपातकालीन योजनाएं बनानी चाहिएं कि बुनियादी ढांचे मजबूत हों, लोगों की निकासी की योजनाएं तैयार रहें, बांधों की संरचनात्मक स्थिरता एवं उनके संकट-संकेतन नेटवर्क की पर्याप्त जांच-परख हो और व्यापक पूर्व-चेतावनी नेटवर्क मौजूद रहे। यदि मौसम विभाग का अनुमान सही साबित हुआ, भूजल को रिचार्ज करने का भी सकारात्मक प्रयास किया जा सकता है। बारिश के पानी को जमा करने और फिर उसे भूजल के तौर पर इस्तेमाल करने की प्रवृत्ति हमारे देश में 100 फीसदी नहीं है। शोधकर्ता अभी भी जांच कर रहे हैं कि भविष्य में जलवायु परिवर्तन से मानसूनी वर्षा की मात्रा कैसे प्रभावित होगी? कृषि की नियति जलवायु-परिवर्तन पर भी आश्रित होगी, इसके आसार दुनियाभर में बनते जा रहे हैं, लिहाजा मानसून की बारिश के पानी को सहेजना सीखें।

जायंट किलर बन रही हैं सड़कें

अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

अपने देश में सड़क दुर्घटनाओं के रोकथाम के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। सड़क सुरक्षा के बारे में बच्चों के बीच जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से 'स्वच्छ सफर' और 'सुरक्षित यात्रा' नाम से दो कॉमिक बुक्स जारी की गई हैं।

देश में एक तरफ सड़कों का निरंतर विस्तार हो रहा है तो दूसरी तरफ उस पर वाहनों की बढ़ती रफ्तार जन-धन की क्षति भी बढ़ाते जा रहा है। तेज रफ्तार की इस जिंदगी में पल-प्रतिपल मौत तेजी से जिंदगी से आगे निकलती जा रही है। अंधाधुंध रफ्तार के साइड इफेक्ट में सड़क दुर्घटनाओं में प्रतिदिन जाने-अनजाने लोग लगातार बिछड़ रहे हैं। सही कहते हैं कि काल का दूसरा नाम सड़क दुर्घटना हो गया है। पिछले एक दशक में देश में सड़क दुर्घटनाओं में 13 लाख से भी ज्यादा लोगों की जानें जा चुकी हैं। सड़क परिवहन की इसी खतरनाक स्थिति पर चिंता जताते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने कभी देश की सड़कों को 'राक्षसी हत्यारे' या जायंट किलर कहा था। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी अपने रिपोर्ट में सड़क दुर्घटनाओं को "सबसे बड़े कातिल" की संज्ञा दी थी। रिपोर्ट में कहा गया कि हर साल दुनियाभर में सड़क हादसों में 1.2 मिलियन लोगों की मृत्यु हो जाती है और 50 मिलियन लोग इससे प्रभावित होते है। साल 2022 में 4.6 लाख सड़क दुर्घटनाएं हुईं जिनमें 1.68 लाख लोगों की मौत हो गई। वहीं लाखों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए,इनमें से कई लोग ऐसे भी हैं,जिन्होंने अपने शरीर के अंग हमेशा के लिए खो दिए। प्रत्येक घंटे सड़क दुर्घटना में लगभग 19 लोगों की मौत होती है। भारत में दुर्घटनाओं की संख्या 2021 की तुलना में लगभग 12 प्रतिशत बढ़ गई है और मरने वालों की संख्या 9.4 प्रतिशत बढ़ गई है। भारत को प्रतिवर्ष सड़क दुर्घटनाओं के कारण होने वाला नुकसान भारत के सकल घरेलू उत्पाद का लगभग तीन प्रतिशत है। भारत में हरेक मिनट में सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत होती है। लगभग 75 प्रतिशत दुर्घटनाओं का कारण वाहनों की तेज रफ्तार है। लगभग 42 प्रतिशत मामलों में पैदल चलने वाले होते हैं। लगभग 33 प्रतिशत सड़क दुर्घटनाएं एक्सप्रेस वे सहित राष्ट्रीय राजमार्गों पर हुई हैं। राज्य राजमार्गों पर लगभग 23 प्रतिशत दुर्घटनाएं हुई हैं। विश्व में सड़क दुर्घटनाओं के कारण होने वाली कुल मौतों में से 11 प्रतिशत भारत में होती हैं। विश्व में सड़क दुर्घटनाओं के कारण प्रत्येक 23 सेकंड में एक व्यक्ति की मृत्यु होती है। कुल सड़क दुर्घटनाओं में से 76 प्रतिशत दुर्घटनाएं ओवर स्पीडिंग और गलत साइड पर गाड़ी चलाने जैसे यातायात नियमों

आस्ट्रेलिया ने प्रायोगिक तौर पर 'इग्निशन लाकिंग सिस्टम' लागू किया है जिसमें जब ड्राइवर अपनी श्वास का सैंपल देता है,तभी उसकी गाड़ी स्टार्ट होती है। अगर उसने शराब पी रखी है तो उसका वाहन स्टार्ट ही नहीं होगा। सिंगापुर में हेलमेट के लिए वायरलेस सेंसर बनाया गया है।

के उल्लंघन के कारण होती हैं। सड़क दुर्घटनाओं में दोपहिया वाहनों और पैदल चलने वालों की हिस्सेदारी सबसे अधिक है। देश में दोपहिया वाहनों पर दुर्घटना के शिकार होने वाले 73 प्रतिशत लोग हेलमेट नहीं पहनते हैं,जबकि चार पहिया वाहनों में सीट-बेल्ट का प्रयोग नहीं करना है। गलत दिशा में ड्राइविंग के कारण लगभग छह प्रतिशत दुर्घटनाएं होती है। नशे में गाड़ी चलाना और गाड़ी चलाते समय फोन का उपयोग करना अन्य बड़े कारण हैं। भारत में अनिवार्य सीट बेल्ट नियम लागू करने के बावजूद, 2022 में इसे न पहनने के कारण लगभग 17 हजार लोगों की जानें चली गईं। इसका बहुत बड़ा उदाहरण उद्योग पति साइरस मिस्त्री की मौत है। हालांकि भारत में विश्व के लगभग 10 प्रतिशत वाहन ही हैं,लेकिन सड़क हादसों में एक चौथाई लोग भारत में जान गंवाते हैं। इसके पीछे अंधाधुंध रफ्तार,ट्रैफिक नियमों को तोड़ना,नशे में गाड़ी चलाना,गाड़ी चलाने के दौरान नींद आना, खस्ताहाल सड़कों या उन पर अतिक्रमण,गाड़ियों की खराब हालत और तत्काल चिकित्सा सहायता की अनुपलब्धता होना है। बिना हेलमेट लगाए स्कूटर सवार,एक बाइक पर एक साथ बैठे चार लोग,बिना सीट बेल्ट लगाए कार ड्राइवर,बिना लाइट का ट्रक और यात्रियों से ठसाठस भरी बस के खुले दरवाजे पर लटके तथा छत पर बैठे बीसियों लोग इत्यादि दुर्घटना और मौत के कारण हैं। बहुत सी सड़क-दुर्घटनाएं बस, ट्रक या कार ड्राइवर द्वारा शराब पीकर गाड़ी चलाने तथा लापरवाही से या गंतव्य पर पहुंचने की जल्दी में तेज गति से गाड़ी चलाने के कारण भी होती हैं।

हालांकि सड़क परिवहन के संबंध में सरकारी नियम कानून पहले से बने हैं,परंतु उसे कठोरता से लागू करने की आवश्यकता है। हाल ही में भारतीय न्याय संहिता के उस प्रावधान का वाहन चालकों द्वारा विरोध किया गया जिसमें सड़क दुर्घटना में हिट एंड रन मामलों के लिए अधिकतम 10 साल तक की सजा एवं भारी जुर्माना का प्रावधान किया गया है। कानूनों के अलावा सड़क दुर्घटनाओं से बचने का सबसे प्रभावी उपाय है कि तकनीक में निवेश किया जाए। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस यानी एआई तकनीक इसमें काफी उपयोगी साबित हो सकती है। वाहनों को एआई से लैस करके उनकी ट्रैकिंग संभव है। इससे वाहन की ड्राइविंग और रफ्तार के पैटर्न पर नजर रखी जा सकती है और ड्राइवर का संपर्क स्टीयरिंग व्हील से टूटते ही इससे पता लगाकर ड्राइवर को सतर्क किया जा सकता है। यदि हम इसे जीपीएस से जोड़ दें और 'जियो-फेंसिंग' जैसी तकनीक का इस्तेमाल करें तो शहरी एवं दुर्घटना आशंकित क्षेत्रों में वाहनों की अधिकतम गति को अपने आप ही नियंत्रित कर सकेंगे जिससे हादसे का खतरा कम हो जाएगा। इसी तकनीक का इस्तेमाल रात के वक्त या घने कोहरे के समय भी किया जा सकता है। स्टेयरिंग व्हील के पैटर्न से लेकर ड्राइवर की आंखों और चेहरे की लगातार निगरानी की जाती है ताकि उसकी थकान का पता चल सके।

आस्ट्रेलिया ने प्रायोगिक तौर पर 'इग्निशन लाकिंग सिस्टम' लागू किया है जिसमें जब ड्राइवर अपनी श्वास का सैंपल देता है,तभी उसकी गाड़ी स्टार्ट होती है। अगर उसने शराब पी रखी है तो उसका वाहन स्टार्ट ही नहीं होगा। सिंगापुर में हेलमेट के लिए वायरलेस सेंसर बनाया गया है। यह चालक को पहुंचने वाली किसी भी चोट की खबर उसकी लोकेशन के साथ उसके परिवार और दोस्तों को देता है जिससे उसका बचाव तत्काल संभव हो सकता है। एआई से किसी भी ओवरलोडेड ट्रक और ट्राली को ट्रैक किया जा सकता है और उनके आकार को देखकर उन्हें रोका जा सकता है। किसी भी दुर्घटना के बाद पहले घंटे को 'गोल्डन आवर' कहते हैं। यदि इस आरंभिक एक घंटे में पीड़ित व्यक्ति को प्राथमिक चिकित्सा मिल जाए तो दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति की जान बचाने में मदद मिल सकती है। इस गोल्डन आवर के उपयोग के संबंध में ड्राइविंग लाइसेंस लेते समय लोगों का 'फर्स्ट एड' टेस्ट पास करना अनिवार्य बनाया जा सकता है। इसके लिए सामान्य रूप से स्कूलों और कालेजों में भी युवाओं को आकस्मिक प्राथमिक चिकित्सा में दक्ष बनाना होगा। यूरोपीय देशों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वाहन चलाने के संबंध में एक आचार संहिता लागू है जिसका ज्यादातर देश पालन करते हैं। इसके अनुसार यदि किसी कार की गति 35 किमी प्रति घंटा है तो दो कारों के बीच की दूरी 74 फीट होनी चाहिए। 40 मील प्रतिघंटा की रफ्तार होने पर यह अंतर 104 फीट और 45 फीट की गति पर यह अंतर 132 फीट होना चाहिए। यदि चालक की मुट्ठी बंद करने की ताकत पौने सोलह किलोग्राम से कम निकलती है तो यह माना जाना चाहिए कि यह व्यक्ति वाहन चलाने लायक नहीं है। वाहन चलाने लायक उस व्यक्ति को माना जाएगा,जो 20 मीटर आगे चल रहे वाहन का नंबर आसानी से पढ़ ले। तीन चौथाई दुर्घटनाएं चालकों की लापरवाही के चलते होती हैं।

अपने देश में सड़क दुर्घटनाओं के रोकथाम के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। सड़क सुरक्षा के बारे में बच्चों के बीच जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से 'स्वच्छ सफर' और 'सुरक्षित यात्रा' नाम से दो कॉमिक बुक्स जारी की गई हैं। सड़क सुरक्षा को एक गंभीर मुद्दा मानते हुए वर्ष 2015 में भारत ने ब्रासीलिया घोषणा पर हस्ताक्षर किया था और सड़क दुर्घटनाओं तथा मृत्यु दर को आधा करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता भी जाहिर की थी। हालांकि विश्व स्वास्थ्य संगठन की सड़क सुरक्षा पर ताजा वैश्विक स्थिति रिपोर्ट के अनुसार सड़क यातायात से होने वाली मौतों की वार्षिक संख्या 5 प्रतिशत घटकर 1.19 मिलियन प्रति वर्ष हो गई है। जबकि भारत में यह संख्या लगातार बढ़ रही है। वहीं विश्व स्तर पर संख्या में थोड़ी कमी आई है। वर्ष 2030 तक सड़क यातायात से होने वाली मौतों और चोटों को आधा करने के लिए संयुक्त राष्ट्र सड़क सुरक्षा कार्रवाई दशक 2021-2030 के लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं जिसमें भारत को विशेष प्रयास की आवश्यकता है। बेलारूस,ब्रुनेई दारुस्सलाम, डेनमार्क, जापान, लिथुआनिया, नॉर्वे, रूसी संघ, त्रिनिदाद और टोबैगो, संयुक्त अरब अमीरात और वेनेजुएला जैसे देशों में सड़क यातायात से होने वाली मौतों को 50 प्रतिशत से ज्यादा कम करने में सफलता पाई है तो भारत भी इसे प्राप्त कर सकता है। इसके लिए सेफ्टी नियमों के कठोरता से अनुपालन सुनिश्चित करने की आवश्यकता है।

प्रसंगवश

दयानंद सरस्वती और मूर्ति पूजा

श्रीकृष्ण के सदृश कोई होता तो इनके धुर्रे उड़ा देता और ये भागते फिरते। भला यह तो कहो कि जिसके रक्षक मार खाएं उसके शरणागत क्यों न पीटे जाएं।

प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

दयानंद सरस्वती की समाज सुधार आंदोलन में जो भूमिका रही है वह हम सब जानते हैं,लेकिन 1857,58 और 59 में तीन साल तक वे कहां रहे और क्या करते रहे,यह हम सब कम ही जानते हैं। इस प्रसंग में स्वामी दयानंद ने यही लिखा कि मैं "मैं इन तीन वर्षों में नर्मदा तट पर घूमता रहा।" कुछ इतिहासकार यह मानते हैं कि वे इस दौर में स्वाधीनता संग्राम के लिए आम जनता को संगठित करने का काम कर रहे थे। इस संदर्भ में वासुदेव वर्मा की लिखी किताब "अठारह सौ सत्तावन और दयानंद सरस्वती" महत्वपूर्ण कृति है। मूर्तिपूजा और सोमनाथ मंदिर के प्रसंग में दयानंद सरस्वती ने "सत्यार्थ प्रकाश" में लिखा है, एक प्रश्न सोमनाथ मंदिर के बारे में था, " देखो! सोमनाथ जो पृथिवि पर रहता था और बड़ा चमत्कार था। क्या यह भी मिथ्या बात है?" उत्तर, "हां मिथ्या है सुनो! नीचे-ऊपर चुंबक पाषाण लगा रखे थे। उसके आकर्षण से वह मूर्ति अधर खड़ी थी-जब ऊपर की छत टूटी तब चुंबक पाषाण पृथक होने से मूर्ति गिर पड़ी"। (सत्यार्थ प्रकाश, दिल्ली, 1954, पृ.334) इसके बाद अगला प्रश्न है, " द्वारकाजी के रणछोड़ की जिसने 'नरसी महता' के पास हुंडी भेज दी और उसका ऋण चुका दिया इत्यादि बात भी क्या झूठ है?" उत्तर, "किसी साहूकार ने रुपये दे दिए होंगे। किसी ने झूठा नाम उड़ा दिया होगा कि श्रीकृष्ण ने भेजे। जब संवत् 1914 के वर्ष में तोपों के मारे मंदिर-मूर्तियां अंग्रेजों ने उड़ा दी थीं तब मूर्ति कहां गई थी? प्रत्युत बाघेर लोगों ने जितनी वीरता की और लड़े,शत्रुओं को मारा,परंतु मूर्ति एक मक्खी की टांग भी न तोड़ सकी। श्रीकृष्ण के सदृश कोई होता तो इनके धुर्रे उड़ा देता और ये भागते फिरते। भला यह तो कहो कि जिसके रक्षक मार खाए उसके शरणागत क्यों न पीटे जाएं।"

ईश्वर को जानना या मानना


कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

इतना तो समझ में आता है,किंतु इसके आगे? कि स्व-चेतना में ही वैश्विक चेतना समाई है। आत्मा ही परमात्मा है। सबकी चेतना वही है। एक ही है। अहं ब्रह्मास्मि, तत्वमसि, सर्वं खलु इदं ब्रह्म।

मनुष्य की एक आंख विवेक और दूसरी सत्य के प्रति निष्ठा है। ये दोनों आंखें जिसके न हों वह शीघ्र ही अज्ञान के कुंए में गिर जाता है,इसमें कोई संदेह नहीं। विवेक से प्राप्त सत्य के प्रति निष्ठा। न धर्म,न ईश्वर। बस विवेक से जो भी सत्य लगे,उसके प्रति निष्ठा। सत्य को खोजना पड़ता है,फिर बुद्धि विवेक से तय करना पड़ता है कि जो मिला वह सत्य है या असत्य।

ईश्वर को खोजना नहीं,मानना पड़ता है। जाने कितने हजार साल से लोग कहते आए हैं कि वह है। मां-बाप, दादा-परदादा से यही सुनते आए हैं। इसलिए मान लिया। सवाल है कि यदि सबने किसी न किसी से सुना ही तो खोजा किसने, देखा किसने? वह कौन था जो ईश्वर जी से मिलकर आया और ईश्वर जी ने तस्दीक किया कि हां,यह बंदा मुझसे मिलकर जा रहा है, इसकी बात को मेरी बात मानो। कहने को तो कोई भी कह सकता है,ईश्वर जी से मिलकर आ रहा हूं। आगे जो भी कहूंगा,उन्हीं की बात कहूंगा। या जब मन में आए,ईश्वर जी से बात कर सकता हूं।

आदि शंकराचार्य मानव चेतना की रहस्यमयता को पकड़कर बैठ गए। हम सब कुछ जान सकते हैं,किंतु अपनी ही चेतना को, यानी अपने आपको (साधारणतः) नहीं जान सकते। न उसका वर्णन कर सकते हैं,न यह बता सकते हैं कि अगले क्षण वह क्या होगी, उसे क्या अनुभूति होगी,क्या आभास होगा। बस इतना समझ में आता है कि चेतना जो भी जानती है,पार्थक्य भाव से जानती है। जिसे जानना है वह मुझसे भिन्न है। मैं जानने वाला हूं और वह जानने योग्य है। ज्ञाता और ज्ञेय का पार्थक्य। इसलिए चेतना खुद को कैसे जानेगी? शंकर ने कहा,बस उसी को जान लो तो सब कुछ जान जाओगे,क्योंकि सब कुछ तुम्हारी चेतना में ही है। सबकी चेतना में वही है। पूरे ब्रह्मांड में वही है। सबकी चेतना की डोर एक ही स्रोत से बंधी है। सब उसी की प्रतिबिंब हैं। जान लोगे तो ज्ञाता ज्ञेय और ज्ञान का भेद खत्म हो जाएगा। सिर्फ शुद्ध चेतना रह जाएगी। बोध हो जाएगा कि बाकी सब भ्रम है,अध्यास है, माया है, विवर्त है।

क्वांटम भौतिकी की कृपा से अब तो पूरे ब्रह्मांड के बारे में ज्ञात हो चुका है कि इसमें मौजूद जड़,चेतन और रिक्त आकाश तीनों ऊर्जा के क्वांटा फील्ड (इलेक्ट्रॉन) और क्वार्क से बने परमाणुओं के संघटन हैं और सभी क्वांटा फील्ड एक एकीकृत क्वांटा फील्ड के अविभाज्य अंग हैं,जो परस्पर उलझे हुए हैं। करोड़ों प्रकाश वर्ष दूर होने पर भी एक इलेक्ट्रॉन पर पड़ने वाला प्रभाव दूसरे को संप्रेषित हो सकता है। तो समस्त ब्रह्मांड सूक्ष्मतम में एक जैसा नहीं, एक ही है। क्या इलेक्ट्रॉन में भी चेतना जैसी कोई चीज होती है? नहीं हो सकती। इलेक्ट्रॉन पदार्थ और ऊर्जा दोनों एक साथ है। ऊर्जा जो खंडों में काम करती है,लेकिन चेतना न पदार्थ है, न ऊर्जा। ऊर्जा उत्पन्न करने के लिए पदार्थ को खर्च होना पड़ता है,चेतना की उत्पत्ति के लिए पदार्थ को खर्च नहीं होना पड़ता। वह मानव मस्तिष्क में अभिनिविष्ट होती है।

बच्चा जन्म के समय शरीर के साथ चेतना को भी लेकर आता है। समय बीतने के साथ एक क्षण आता है जब उसे स्वयं का यानी अपनी चेतना का और शेष विश्व का पृथक-पृथक एहसास हो जाता है। इसी को होश संभालना कहते हैं। उसका खुद का शरीर भी विश्व में शामिल होता है, "उसमें" नहीं। उसका शरीर और शरीर के अंग-प्रत्यंग सब "उसके" होते हैं, "वह" नहीं होते। वह माने उसकी चेतना,खुद के होने का एहसास। इतना तो समझ में आता है,किंतु इसके आगे? कि स्व-चेतना में ही वैश्विक चेतना समाई है। आत्मा ही परमात्मा है। सबकी चेतना वही है। एक ही है। अहं ब्रह्मास्मि,तत्वमसि, सर्वं खलु इदं ब्रह्म।

मुश्किल है,लेकिन कोशिश करके देखने में क्या हर्ज! जब तक समझ में नहीं आता, अनजान ही बने रहेंगे। अनजान होना स्वीकार भी कर लेंगे। सत्य और विवेक के सहारे तो इतना ही कह सकते हैं कि भैया,अभी तक स्वयं को, स्वयं की चेतना के आत्मरूप को,जो मेरा, आपका,सबका आत्मरूप हो, नहीं समझ पाया। जीते जी समझ में आ गया तो मान लूंगा। नहीं तो अंतिम क्षण तक अज्ञान में ही रहूंगा। स्वीकार भी करूंगा कि अज्ञान में हूं,लेकिन बिना खुद समझे मानूंगा नहीं।

सोशल फोरम

चंदा या धंधा

तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

इलेक्ट्रोल बांड पर मुझे कभी हैरानी नहीं हुई। दरअसल ये हमारी चंदाखोर संस्कृति का ही थोड़ा विस्तारित रूप था। चंदे को सामाजिक स्वीकृति तो हासिल है ही,ये चंदा रूपी बांड को भी वैधानिक स्वीकृति देने का प्रयास था। वो तो शुक्र है कि सुप्रीम कोर्ट ने इस पर रोक लगा दी,लेकिन क्या आम जीवन मे हम चंदाखोरी पर रोक लगा पाने में सफल हुए हैं। इस व्यवस्था से परेशान सारे हैं,खासकर व्यापारी वर्ग,लेकिन बिल्ली के गले में घंटी कौन बांधे?

आजकल सब्जी बाजार जाता हूं तो लोगों के समूह को चंदा मांगते हुए देखता हूं। छोटे-छोटे दुकानदार बेचारे भी परेशान है कि आखिर कितनो को चंदा दें। चंदे से कोई सामाजिक आयोजन करना गलत नहीं। लोगों के सहयोग के बिना बड़े आयोजन सम्भव ही नहीं,लेकिन चंदा श्रद्धा और औकात के हिसाब से ही दिया जाता है। जब धार्मिक आयोजनों में चंदा देने का एक अदृश्य सामाजिक दबाव आप महसूस करने लगे तो मान लीजिए कि समस्या गंभीर है। एक बार मैं हरिद्वार गया। वहां हर की पौड़ी पर कुछ लोग रसीद ले चंदा मांगने पहुंच गए। कहने लगे मां गंगा और स्थान को साफ सुथरा रखने के लिए कुछ दान कीजिए। मैंने कहा मां गंगा खुद को साफ करना जानती हैं। मां को आपकी जरूरत नहीं। आप केवल इसे गंदा करने वाले कृत्य करना बंद कर दीजिए। वही मां गंगा पर आपका बहुत बड़ा अहसान होगा। ये घटना बहुत साल पहले की है। आज अगर ऐसा कुछ होता तो मैंने भी चुप चाप रसीद कटा ली होती।

वैसे कहने को तो मैं बहुत कुछ कहना चाहता हूं कि हजारों लोगों का रोज लंगर कैसे चलता है? कैसे मात्र कुछ रुपये में एमआरआई, सिटी स्कैन और अन्य टेस्ट किए जाते हैं? कैसे किसी आपदा में सबसे पहले यही नजर आते हैं? आखिर इसके लिए पैसा कहां से आता है? ये कभी चंदा मांगने क्यों नहीं जाते? क्यों यहां अपनों के साथ दूसरे लोग भी खुद आगे बढ़कर चंदा देते हैं? क्यों दान का सर्वाधिक सदुपयोग यहीं होता है? मैं इसमें बड़ाई नही कर रहा,लेकिन ध्यान जरूर दिला रहा हूं कि एक दूसरे के धर्म की बेहतर बातों से हम क्यों नहीं सीख सकते? और अगर हम सीखने में रुचि नहीं रखते हैं तो चंदे और धंधे वाला इल्जाम तो लोग लगाएंगे ही। **-फेसबुक वॉल से**

बरेली में एक थे प्रोफेसर कृपानंदन


सुधीर विद्यार्थी
वरिष्ठ लेखक, बरेली

वे बरेली कालेज में अंग्रेजी के विभागाध्यक्ष थे। गांधीवादी थे और खादी पहनते थे। कुर्ता-पाजामा उनकी वेषभूषा थी। एक बार बरेली क्लब में उन्हें इसी पहनावे के कारण घुसने नहीं दिया गया। इससे वे बहुत आहत हुए और गांधी प्रतिमा के समक्ष मौन सत्याग्रह पर बैठ गए। उनकी लड़ाई रंग लाई और बरेली क्लब को माफी मांगनी पड़ी। यह उनकी बहुत बड़ी जीत थी, लेकिन बरेली क्लब आज भी उस अंग्रेजियत से मुक्त नहीं हो सका है। 2005 में 20 अप्रैल को कृपानंदन जी का निधन हुआ तो लगा कि बरेली की जमीन का एक खालिस धर्मनिरपेक्ष और सिद्धांतप्रिय व्यक्ति हमारे मध्य से चला गया।

वे रुहेलखंड विश्वविद्यालय स्थापना समिति के संस्थापक अध्यक्ष थे। धार्मिक विश्वासों में उनकी कतई आस्था नहीं थी, बल्कि वे उन चीजों के विरोध में खड़े थे,जो मनुष्य को धर्म और ईश्वर का गुलाम बनाती हैं। उन्होंने मार्क्सवाद का अध्ययन किया था, पर वे उससे बंध नहीं पाए। यद्यपि अनेक कम्युनिस्ट उनके पक्के मित्र थे। उन्हें दकियानूसी और कट्टरता से सख्त नफरत थी और जातिवाद उनके लिए किसी गैरजरूरी चीज का नाम था। उन्होंने एक मुस्लिम महिला जकिया से विवाह किया था। उन्होंने उनका न तो धर्मपरिवर्तन किया और न ही नाम बदला। दरअसल वे धर्म के प्रति एकदम उदासीन थे। निजी और सार्वजनिक जीवन में भी। सुबह जल्दी उठना। टहलना। बागवानी करना। किताबें बहुत पढ़ते थे। रात में बिना पढ़े नींद नहीं आती थी। उनके पास शेक्सपीयर की काफी किताबें थीं। कुछ भारतीय लेखकों की भी। अंग्रेजी अध्यापन के बाद भी किसी पर रोब झाड़ने के लिए अंग्रेजी बोलना उन्हें स्वीकार नहीं था। उन्होंने कभी नहीं समझा कि वे अंग्रेजी के प्रोफेसर हैं। पहनावे में, न व्यवहार में। 77-78 के बाद उन्होंने खादी का कुर्ता-पाजामा ही पहना। पूरी तरह शाकाहारी थे। खाने के बहुत शौकीन थे। वे अंधविश्वासों के घोर विरोधी थे। निधन के दिन 12-1 बजे तक मित्रों के बीच चर्चा करते रहे और एकाएक रुखसत हो गए।

कृपानंदन जी की खेलों में भी बहुत रुचि थी। क्रिकेट, हॉकी, कैरम आदि उन्हें बहुत प्रिय थे। मेरे पास कृपानंदन जी का एक पुराना चित्र है 1976 में बरेली कालेज के अध्यापकों की हॉकी टीम में प्रोफेसर उस्मान और डॉ. मेहरा उनके साथ थे। 1944 में कृपानंदन जी को लोगों ने हाउजी खेलते-खिलाते भी देखा था। उन दिनों बरेली जंक्शन के रेलवे इंस्टिट्यूट में हाउजी होती थी। उन्हें ताश के पत्तों की रमी खेलने का भी शौक था। एलन क्लब में वह रमी के अच्छे खिलाड़ी रहे थे। एमएन रायवादी निरंकार देव सेवक से उनकी खूब पटती थी। वे 'सैटरडे क्लब' की मीटिंगों में भी जाते थे। सेवक जी के साथ रहकर भी वे एमएन रायवादी नहीं हो पाए। साम्यवाद की खूबियों को मानते हुए कृपानंदन जी गांधी की चीजों में भरोसा करते थे। वे राजनीतिक दर्शन में व्यक्ति चरित्र,सत्यनिष्ठा और नैतिक मूल्यों को सर्वोपरि मानते थे। धर्मनिरपेक्षता के मामले में वे पंडित नेहरू के अधिक नजदीक थे। उर्दू शायरी का दार्शनिक पक्ष उन्हें पंसद था। उर्दू और फारसी उनकी मातृभाषा जैसी थी। वे रूसी भाषा के भी अच्छे जानकार थे। फिराक, इकबाल, गालिब और चकबस्त उनके पसंदीदा शायर थे।



वर्ष 2000 में उन्होंने हमारी पत्रिका 'संदर्श' के निरंकार देव सेवक विशेषांक के लिए एक संस्मरण लिखा था जिसका शीर्षक था 'मुद्दत हुई कि ग़ालिब मर गया, पर याद आता है' जिसमें सेवक जी से उनकी मित्रता के अछूते प्रसंगों के साथ विभिन्न वैचारिक मुद्दों पर उनकी असहमतियां भी दर्ज हैं। 1937 में जवाहरलाल नेहरू और विजय लक्ष्मी पंडित ने कुतुबखाने के मोती पार्क में जब छात्रों में देशभक्ति का जज्बा फूंका, तब बरेली कालेज के हॉल पर लगा यूनियन जैक जलाकर कृपानंदन जी ने ही तिरंगा फहराया था। वे 1943 में बरेली कालेज छात्र यूनियन के अध्यक्ष भी रहे। अपने बाद के दिनों में कृपानंदन जी बरेली कालेज के शैक्षिक माहौल को लेकर बेहद चिंतित थे। उनके जेहन में संपूर्ण शिक्षा व्यवस्था थी। बाद के दिनों में पंडित दीनानाथ मिश्र स्कूल के पिछले हिस्से की एक बगिया में अपना छोटा-सा आशियाना बनाकर वे रहने लगे थे। वे निहायत ईमानदार और पारदर्शी व्यक्तित्व के मालिक थे। सही अर्थों में प्रगतिशील और धर्मनिरपेक्ष मूल्यों को जीवन में उतारने वाले। उनका बाहर और भीतर एक समान था। उनकी सुनाई प्रिय कविता मुझे याद आ रही है, 'नार लव दाइ लाइफ नार हेट/बट व्हाट दो लिवेस्ट लिव वेल/हाउ लांग ऑर शार्ट/परमिट टु हेवेन।' कृपानंदन जी के भीतर कविता की गजब की समझ थी। अक्सर वे कहने लगे थे कि मशीनों के इस हंगामी दौर में जहां हर वक्त हर तरफ शोर ही शोर है,कविता की नर्म-ओ-नाजुक आवाज पनप सकती है कहीं? बालजती मुहल्ले में उनके बेटों की रिहायश और उनके द्वारा संस्थापित दो विद्यालय हमें उनकी याद दिलाने के लिए काफी हैं,पर उनमें उनके विचारों की महक नहीं। विगत दिनों उनकी पत्नी जकिया का भी निधन हो गया जो एक प्रेमकथा का भी अवसान था।

400 पार में कितनी धार

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

लोकसभा चुनाव प्रारंभ हैं। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने एक आकर्षक नारा दिया है, "अबकी बार चार सौ पार" यानी कुल 543 सीटों में यह पार्टी अपनी झोली में इतनी सीटें आ जाने की दम भर रही है। मीडिया का एक वर्ग तरह-तरह की खींचतान करके यह संख्या पौने चार सौ तक पहुंचा भी रहा है,लेकिन जमीनी हकीकत इससे मेल नहीं खाती। दक्षिण में इस दल का प्रभाव अत्यंत अल्प है। पश्चिम बंगाल में दूसरे नंबर पर और ओडीसा में सत्तारूढ़ पटनायक से तालमेल न बैठ पाने के कारण काफी कम। यूपी के पश्चिमी भाग,हरियाणा, पंजाब में अनेक जगह भाजपा विरोधी साइन बोर्ड लगे हैं कि भाजपाई यहां न आएं। विगत में केंद्रीय राज्य मंत्री संजीव बालियान के काफिले पर पथराव तक हुआ जिसमें कई भाजपाई कार्यकर्ता घायल हुए। सदा भाजपा का साथ देने वाला क्षत्रिय समुदाय इस बार विरोध में है। ठाकुर चौबीसी गाजियाबाद से पूर्व सेनापति वीके सिंह का टिकट कटने व अपने वर्ग की उपेक्षा से असंतुष्ट है और विरोध में पंचायतें कर रहा है। डैमेज कंट्रोल के लिए स्वयं मुख्यमंत्री योगी और राजनाथ सिंह के विधायक पुत्र पंकज सिंह को दौड़ना पड़ा,जो क्षत्रिय हैं।

हरियाणा में मनोहर लाल खट्टर भले ही हटा दिए गए हैं,किंतु उनकी और सहयोगी रही जजपा की किसान विरोधी छवि उभर चुकी थी जिसका प्रभाव विरोध प्रदर्शनों के रूप में वहां साफ दिख रहा है। राजस्थान में असंतुष्ट वसुंधरा राजे सिंधिया, स्टार प्रचारक होते हुए भी, अपने पुत्र दुष्यंत सिंह के निर्वाचन क्षेत्र झालावाड़ के अतिरिक्त कहीं पार्टी प्रचार में नहीं जा रहीं हैं। वे प्रधानमंत्री की सभा में भी नहीं गईं। उनका जनता पर प्रभाव है और विगत विधानसभाई चुनावों की सभाओं में राजनाथ और गडकरी उनकी तारीफ करते रहे हैं। यही हाल मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह का है,जिन्हें मोदी शाह ने किनारे लगा दिया है। शिवराज केवल विदिशा तक अपने को सीमित किए हैं,जबां से वे खड़े हैं। पीलीभीत से टिकट कटने के बाद सांसद वरुण गांधी यहां के चुनावी प्रचार से दूर हैं,उनका टिकट कटने से सिख खास तौर से नाराज हैं। नेहरू-गांधी परिवार से होने के कारण वरुण की राष्ट्रीय पहचान है। उत्तराखंड में अग्निवीर योजना को लेकर गहरा असंतोष है, यहां बहुसंख्यक फौजी हैं। बिहार में अब मोदी और नीतीश मंच साझा नहीं कर रहे हैं। एक सभा में नीतीश चार सौ को चार हजार कह गए, तो मोदी उनके मुंह की तरफ देखने लगे। साथ ही अब तक कथित सेकुलर पाले में रहे नीतीश अपने मुख्यमंत्रित्व काल मे सामाजिक सद्भाव की बात रेखांकित कर देते हैं जिसका मतलब हिंदू मुस्लिम एकता से होता है,किंतु भाजपा हिंदू वोटों का ध्रुवीकरण चाह रही है। अतः भाजपा कार्यकर्ताओं को यह एकता राग रास नहीं आता है। इस बार विपक्षी गठबंधन काफी कुछ मिलकर टक्कर दे रहा है,भले ही बाद में आपस में लड़ें। ऐसे में चार सौ पार का यह नारा अतिरंजित और अहंकार मूलक ही लग रहा है और सहयोगी दल तो कभी भी कहीं खिसक सकते हैं।

एक नजर

मिहींपुरवा में लगी आग में 11 मकान जले

मोतीपुर, बहराइच, अमृत विचार : मिहींपुरवा तहसील के दूधाधारी गांव में शुक्रवार शाम को अज्ञात कारणों से लगी आग में 11 मकान पूरी तरह से जलकर राख हो गए। ग्रामीण खुले आसमान तले रहने को विवश हैं। तहसील मिहिपुरवा क्षेत्र के ग्राम दुधाधारी में शुक्रवार शाम को अज्ञात कारणों से आग लग गयी। सूचना अग्निशमन व पुलिस को दी गयी। सूचना के तत्काल बाद मौके पर पुलिस पहुंच गयी। लेकिन अग्निशमन काफी देर बाद पहुंचा। जिससे घरों में रख्खी सामग्री जलकर राख में बदल गयी। मौके तहसीलदार अंबिका प्रसाद चौधरी दल बल के साथ काफी देर बाद पहुंचे। उन्होंने बताया कि क्षति का आंकलन राजस्व कर्मियों ने किया है। जल्द ही उनके खाते राशि भेजी जाएगी।

सभी अटकलों पर लगा विराम, मो. आलम हुए बसपा प्रत्याशी

संतकबीरनगर : सभी अटकलों पर विराम लगाते हुए बहुजन समाज पार्टी ने शुक्रवार की शाम मो. आलम को संतकबीरनगर लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी घोषित कर दिया। मो. आलम गोरखपुर के चौरी-चौरा क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम जंगल धूसड़ के निवासी हैं।

उनकी पत्नी राबिया खातून जिला पंचायत सदस्य हैं। बसपा ने एक अपरिचित चेहरे को संतकबीरनगर से प्रत्याशी घोषित कर अपनी पार्टी के ही कार्यकर्ताओं को चौंका दिया है। दो दिनों पूर्व तक चर्चा थी कि बीते विधानसभा चुनाव में खलीलाबाद से प्रत्याशी रहे आफताब आलम को बसपा अपना प्रत्याशी बना सकती है। लेकिन आखिरी वक्त में बसपा ने मोहम्मद आलम को प्रत्याशी घोषित कर सभी को चौंका दिया है। बेहद दिलचस्प बात तो यह है कि सपा के कद्दावर नेता रहे दिग्विजय नारायण उर्फ जय चौबे ने बृहस्पतिवार की शाम सपा मुखिया अखिलेश यादव पर उपेक्षा और धोखा देने का आरोप लगाते हुए जब सपा से इस्तीफा दिया तो जिले में और जय चौबे के समर्थकों में यही चर्चा शुरू हुई थी कि जय चौबे एक दो दिनों में बसपा में शामिल होंगे और बसपा के ही सिम्बल पर लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे। अब जबकि बसपा ने भी अपने प्रत्याशी की घोषणा कर दिया है तो सभी की निगाहें जय चौबे के अगले कदम पर टिकी हैं।

डीएम व एसपी ने पोलिंग बूथों का किया निरीक्षण

संतकबीरनगर

अमृत विचार : लोकसभा सामान्य निर्वाचन को निष्पक्ष, पारदर्शी और सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट महेन्द्र सिंह तंवर और पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने संयुक्त रुप से विधानसभा क्षेत्र मेहदावल के पोलिंग बूथों उच्च प्राथमिक विद्यालय तुलसीपुर, उच्च प्राथमिक विद्यालय गगनई बाबू, डीएवी इण्टर कालेज, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय तथा मॉडल अपर प्राइमरी स्कूल मेहदावल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मतदान के दृष्टिगत बूथों पर विद्युतीकरण, बाउंड्रीवाल, पानी की व्यवस्था, शौचालय, रैम्प और साफ-सफाई आदि का जायजा लिया। मतदान केंद्रों पर सुरक्षा संबंधी आवश्यक सुधार के लिए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने लोकसभा निर्वाचन में लोगों से अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही उन्होंने मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों को मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान के लिए लगातार प्रेरित करते रहने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने मतदाताओं को पूरी निर्भीकता से मतदान में हिस्सा लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि चुनाव में अशांति पैदा करने वालों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उन्हें पाबंद किया जा रहा है। चुनाव को शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराना प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी मेंहदावल अरूंण वर्मा, प्रभारी निरीक्षक थाना मेंहदावल रामकृष्ण मिश्र, पीआरओ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र यादव ओएसडी बलदाऊ जी शर्मा सहित तमाम अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते डीएम और एसपी। अमृत विचार

मेंहदावल में पैदल गश्त कर डीएम और एसपी ने कराया सुरक्षा का एहसास

संतकबीरनगर, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, निर्विघ्न और सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर और पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने शुक्रवार को संयुक्त रुप से जनता मे सुरक्षा की भावना को बढ़ाने के लिए भारी पुलिस बल के साथ मेंहदावल कस्बे में पैदल गस्त किया। पैदल गस्त के दौरान डीएम और एसपी ने मतदान तिथि 25 मई को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को किसी के प्रलोभन, डराने धमकाने और बहकावे में आने की आवश्यकता नहीं है। अपने मताधिकार का प्रयोग अपनी स्वेच्छा से करें। कोई व्यक्ति अगर आप लोगों को डराता, धमकाता या किसी प्रकार का प्रलोभन देता है तो उसकी जानकारी तत्काल प्रशासन को उपलब्ध कराएं। सम्बन्धित के खिलाफ तत्काल कार्यवाही की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष पारदर्शी और भयमुक्त माहौल में सम्पन्न कराना प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। कहीं कोई संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु या प्रलोभन देने जैसा मामला दिखे तो स्थानीय पुलिस को तत्काल सूचित करें। सम्बन्धित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। गश्त के दौरान उप जिलाधिकारी मेहदावल अरुंण वर्मा, ओएसडी बलदाऊ जी शर्मा, प्रभारी निरीक्षक थाना मेहदावल रामकृष्ण मिश्र, पीआरओ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र यादव सहित तमाम पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

पूर्व विधायक जय चौबे ने सपा से दिया इस्तीफा

समर्थकों से सलाह लेकर अगले राजनीतिक कदम का करेंगे एलान

संतकबीरनगर

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता और खलीलाबाद सदर सीट के पूर्व विधायक दिग्विजय नारायण उर्फ जय चौबे ने शुक्रवार को सपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया।

पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर उपेक्षा और वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी में ब्राह्मणों का कोई वजूद नहीं है। चौबे ने कहा कि जब पंचायत चुनावों में पूरे प्रदेश में सपा के लोग जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए पर्चा तक दाखिल करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे थे तब मैंने अपने दम पर बलिराम यादव को एकतरफा मुकाबले में ऐतिहासिक जीत दिलाया थी। जनपद संतकबीरनगर के सेमरियावां ब्लाक से सपा प्रत्याशी को ब्लॉक प्रमुख निर्वाचित कराया। निकाय चुनावों में नगरपालिका खलीलाबाद से सपा समर्थित प्रत्याशी जगत जायसवाल को ऐतिहासिक मतों से चेयरमैन निर्वाचित कराया। लेकिन सपा मुखिया को सिर्फ मेरे जैसे ब्राह्मण नेताओं का शोषण करना ही आता है। अखिलेश यादव ने मुझे आश्वासन दिया था कि लोकसभा क्षेत्र संतकबीरनगर से प्रत्याशी बनाया जाएगा। आखिरी समय तक मुझे अंधेरे में रखा गया और टिकट ऐसे व्यक्ति को दे दिया गया जो निकाय चुनाव में अपने परिवार की महिला की जमानत तक नहीं बचा पाया। चौबे ने बताया कि अगले एक सप्ताह के भीतर समर्थकों और शुभचिंतकों से सलाह मशविरा लेकर अगले राजनैतिक कदम का एलान किया जाएगा।

दिग्वजय नारायण उर्फ जय चौबे।

मुर्दाबाद का नारा लगाते वीडियो हो रही वायरल

संतकबीरनगर। कद्दावर सपा नेता दिग्विजय नारायण उर्फ जय चौबे विधानसभा चुनाव के बाद से ही लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुट गए थे। पार्टी नेतृत्व से उनकी टिकट को लेकर बात भी हो गई थी। लेकिन समाजवादी पार्टी ने जैसे ही पूर्व राज्यमंत्री लक्ष्मीकांत उर्फ पप्पू निषाद को लोकसभा प्रत्याशी घोषित किया जय चौबे के खेमे में मायूसी छा गई। पहले तो उन्होंने टिकट बदलवाने का प्रयास किया लेकिन जब बृहस्पतिवार की सुबह तक कामयाबी नहीं मिली तो जय चौबे और उनके समर्थकों ने बृहस्पतिवार की शाम लखनऊ में सपा प्रदेश कार्यालय के सामने जमकर प्रदर्शन किया और अखिलेश यादव मुर्दाबाद के नारे लगाए। इस बात की विडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है। हालांकि वायरल विडियो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता।

रामचरण शास्त्री की जयंती पर पूर्व विधायक ने लिया शत प्रतिशत मतदान का संकल्प

रामचरण शास्त्री के मूर्ति पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित करते पूर्व विधायक रामतेज यादव।

कैसरगंज, बहराइच

अमृत विचार: पूर्व विधायक राम तेज यादव के पिता स्व. राम चरण शास्त्री जी के जन्म जयंती के अवसर पर पूर्व विधायक ने सपरिवार अपने पिता स्वर्गीय रामचरण शास्त्री के समाधि स्थल व उनके मूर्ति पर पुष्प अर्पित किया।

पूर्व विधायक यादव ने कहा कि स्वर्गीय राम चरण आजीवन क्षेत्र की जनता के सुख-दुख में शामिल रहे। उन्होंने आजीवन यह संकल्प लिया था कि वह अपना जीवन समाज सेवा को समर्पित करेंगे उन्होंने उस संकल्प को पूरा भी किया। आज पूरा परिवार उन्हीं के पद चिन्हो पर चलकर राजनीति के साथ-साथ समाज सेवा भी कर रहा है। संबोधन के पश्चात सभी ने स्वर्गीय रामचरण के मूर्ति पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री यादव ने उपस्थित सभी लोगों को बढ़-चढ़कर मतदान में हिस्सा लेने की अपील की तथा तथा शत प्रतिशत मतदान करने का संकल्प भी लिया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मतदाता भाग्य विधाता है इसलिए मतदाता को अपने मतों की कीमत समझनी चाहिए और मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। इस अवसर पर व प्रदीप यादव एडवोकेट, मनोज यादव एडवोकेट, धरम यादव एडवोकेट, दिनेश यादव, राकेश यादव, रामपाल यादव, शिवपाल यादव, मौलाना शकील नदवी, विकास वर्मा, दिनेश सिंह, राजकुमार मौर्य, मनीष यादव एडवोकेट, इमरजेंसी यादव सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

गैंगेस्टर एक्ट का शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

संतकबीरनगर। कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने मु.अ.सं. 168/2024 धारा 3(1) यूपी गैंगेस्टर एक्ट थाना दुधारा जनपद सन्तकबीरनगर से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त सैयद अली उर्फ पंडित पुत्र स्व. छेदी खान निवासी ग्राम पैकोलिया थाना दुधारा जनपद संतकबीरनगर को बघौली चौराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली प्रभारी आर. के. सिंह ने बताया कि अभियुक्त सैयद अली उर्फ पंडित का एक सुसंगठित गिरोह है, जो अपने आर्थिक, भौतिक और दुनियाबी लाभ के लिए गैंग बनाकर मारपीट, चोरी जैसी जघन्य अपराधों को अंजाम देता है। अभियुक्त के खिलाफ मारपीट और चोरी के दर्जनों मुकदमे दर्ज होने और समाज में काफी भय, आतंक व साम्प्रदायिक सौहार्द खराब होने के खतरे के साथ ही उक्त अभियुक्त के भय व आतंक से किसी व्यक्ति द्वारा इनके विरुद्ध इनके द्वारा किए गए गलत कार्यों की सूचना व गवाही देने से डरने के दृष्टिगत उसके खिलाफ गैंगेस्टर एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया था। गैंगेस्टर एक्ट पंजीकृत किए जाने के बाद कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने उक्त गैंगेस्टर को शुक्रवार को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना कर दिया गया है।

मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए सांकेतिक भाषा में वीडियो जारी

संतकबीरनगर, **अमृत विचार :** निर्वाचन आयोग द्वारा लोक सभा सामान्य निर्वाचन में मूक बधिर, दिव्यांगों और आम जनमानस को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सांकेतिक भाषा (साइन लैंग्वेज) में 8 वीडियो तैयार किया गया है। जिला दिव्यांगजन एवं सशक्तिकरण अधिकारी प्रियंका यादव ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी यह वीडियो मतदान की विभिन्न प्रक्रियाओं जैसे पंजीकरण की प्रक्रिया, मतदाता मार्गदर्शिका, मतदान के दिन क्या-क्या सावधानी रखनी है और कौन सा पहचान दस्तावेज लेकर बूथ पर जाना है, मतदान की प्रक्रिया, अपना वोट कैसे डालना है सहित भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विभिन्न सुविधाओं से सम्बन्धित जारी किये गए ऐप (सक्षम एप, वोटर हेल्पलाइन एप, केवाईसी एप, सी-विजिल एप, आदि) के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई है। उन्हांने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किये गए वीडियो से दिव्यांगों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए आवश्यक न्यूनतम सुविधाएं रैम्प, व्हीलचेयर, ब्रेलयुक्त ईवीएम, विशेष स्वयंसेवक, दिव्यांगजनो और वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग-अलग लाइन तथा परिवहन सुविधा, सांकेतिक भाषा सहित घर से मतदान की सुविधा, डाक मतपत्रों की सुविधा और मतदाता शपथ की जानकारी आदि प्राप्त की जा सकती है।

सांकेतिक वीडियो के माध्यम से जागरूक करते ट्रेनर। अमृत विचार

दूसरे दिन भी नहीं दाखिल हुआ नामांकन

बहराइच : लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 अन्तर्गत नामांकन के दूसरे दिन भी 56-बहराइच (अ.जा.) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए किसी भी प्रत्याशी द्वारा नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया गया। जबकि रमेश कुमार बाल्मीकि पुत्र राकेश बाल्मीकि, रामरूप पुत्र राम नरायन एवं वृक्षराम पुत्र पूसू द्वारा 01-01 नामांकन सेट प्राप्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि रमेश कुमार बाल्मीकि द्वारा वृहस्पतिवार को भी नामांकन का 01 सेट प्राप्त किया गया था।

पुलिस ने शहर में किया फ्लैग मार्च तो एफएसटी टीम ने की जांच

शहर में जांच करती एफएसटी टीम। अमृत विचार

बहराइच

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से गठित टीम द्वारा जांच की जा रही है। शुक्रवार को शहर में जगह-जगह एफएसटी टीम ने जांच की। लोकसभा चुनाव के लिए जिले में बृहस्पतिवार से नामांकन पत्रों की बिक्री और नामांकन दाखिला शुरू हो गया है। साल की अभी तक किसी भी पार्टी या निर्दलीय उम्मीदवार की ओर से नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया गया है, लेकिन नामांकन पत्रों की खरीद जरूर की गई है। इसको देखते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी द्वारा गठित एफएसटी टीम ने जांच अभियान तेज कर दिया है। शुक्रवार को टीम के मजिस्ट्रेट सुमन कुमार राव, उप निरीक्षक भरत सिंह, सिपाही संतोष यादव, मुकेश यादव और कैमरामैन की टीम ने शहर के इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम का निकट जांच की। आने जाने वाले वाहनों को रोक कर उसमें वस्तुओं की जांच और रुपए की चेकिंग की गई। हालांकि किसी भी वहां में रुपए नहीं मिला। उधर कोतवाली देहात की पुलिस ने रायपुर राजा चौकी के पुलिस कर्मियों के साथ शहर की सड़कों पर पैदल मार्च किया।

जीरो ड्रॉप पंचायत बनाने के लिए ग्रामीणों ने की पहल

रिसिया, बहराइच

अमृत विचार: रिसिया प्रखंड के ग्राम पंचायत पड़रीतारा के प्राथमिक विद्यालय परिसर में विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्षता एवं पंचायत के सहयोग एवं नीति आयोग की सहयोगी संस्था पीरामल फाउंडेशन के तत्वावधान में ग्राम पंचायत को जीरो ड्रॉप आउट बनाने और ग्राम के समस्त बच्चों का नामांकन विद्यालय में कराने के उदेश्य से महिला सभा का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया।

महिला सभा के शुभारंभ पर प्रधान अरुण कुमार वर्मा ने कहा कि जीरो ड्रॉप आउट पंचायत बनाने के लिए हम सब मिलकर बच्चों के भविष्य को सही दिशा प्रदान करने के लिए काम करेंगे एवं भविष्य में हमारी ग्राम पंचायत जीरो ड्रॉप आउट बने, इसके लिए समय-समय पर विशेष काम करने की बात कहीं। गाँधी फेलो शालिनी कुमारी ने महिला सभा में उपस्थित समस्त अध्यापक व महिलाओं का स्वागत कर बाल्यावस्था में शिक्षा का महत्व को समझाते हुए बच्चों को निरंतर विद्यालय में भेजने के लिए बच्चों की माताओं को प्रेरित करने के पश्चात बच्चों का विद्यालय में नामांकन कराने से लेकर विद्यालय में निरंतर रूप से अनुपस्थित रहने वाले बच्चों से जुड़ी समस्याओं के निवारण पर संवाद स्थापित कर समस्त महिलाओं को स्वंय के बच्चों को विद्यालय तक पहुंचाने की जिम्मेदारी शिक्षक से ज्यादा बच्चे के माता - पिता की होने की बात कहीं। पिरामल फाउंडेशन के डीपीएल मोहम्मद् युसुफ ने महिलाओं की समाज एवं बच्चों की शिक्षा में स्वयं की सहभागिता को प्रमुखता से बताते हुए बच्चों की शिक्षा में भागीदारी बढ़ाने की बात समझाई। प्रधानाध्यापक मोहम्मद सईद अंसारी ने शिक्षा जागरूकता और अपने बच्चों के प्रति जिम्मेदारियां का निर्वहन करने की बात करते हुए बच्चों को रोजाना विद्यालय तक पहुंचाने के लिए आग्रह किया। इस बैठक में विद्यालय के समस्त शिक्षक, ग्राम प्रधान अरुण कुमार वर्मा, पिरामल फाउंडेशन की गांधी फेलो शालिनी कुमारी और मोहम्मद युसुफ सहित महिलाएं उपस्थित रही।

खुली बैठक में शामिल ग्रामीण। अमृत विचार

वर्ग पहेली-45

बाएं से दाएं

1.1. फूंका जाना 2. वस्तु आदि का जलना या भस्म होना 3. व्यर्थ ख़र्च होना 4. नष्ट या बरबाद होना।

2.1. फ़रेब या छल करने वाला, चालबाज़, धोखेबाज़, कपटी, चालाक, धूर्त, ठग 2 फ़रेब संबंधी।

5. विक्रमादित्य के दरबार के एक नवरत्न अमर सिंह का बनाया हुआ प्रसिद्ध कोश।

8.1. तुलसी की एक प्रजाति, काली तुलसी 2. चीड़ का वृक्ष।

9. घुड़सार, अस्तबल।

10.1. मछली के शरीर का छिलका 2. दाल जैसे अनाज का छिलका।

ऊपर से नीचे

2.1. भूलने वाला, भुलक्कड़

3.1. नाश, क्षति, हानि 2. आघात, चोट 3. क्लेश, पीड़ा।

4.1. चुलबुली या हलकी खुजली होना 2. नटखटी करना 3. संभोग की उत्कट इच्छा होना 4. चंचलतापूर्वक इधर-उधर हाथ-पैर मारना।

6.1. बनावटी, अप्राकृतिक, कृत्रिम 2. मिथ्या, पाखंडपूर्ण।

7. नृत्य में निपुण वह व्यक्ति जो तलवार की धार पर नृत्य कर सकता है और अंगों को तोड़-मरोड़कर कई तरह के करतब दिखा सकता है।



वर्ग पहेली -44 का हल

	1 अ	ज	य		2 पा	ड़ा
3 सा	व			4 झ		
	स		5 सि	र	का	
6 चु	र	चु	रा	ना		7 छु
	वा		ज			ट
8 चौं	द	9 ना			10 जि	प
		11 य	ज	न		न

सुडोकू-124

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		5			2			8
1				3			2	
		7	9			4		
5							1	
2			5		4			7
	8					6		
		2			1	7		
	4			8				5
6			7			2		

सुडोकू -123 का हल

4	9	1	7	8	6	2	5	3
3	5	7	9	1	2	6	4	8
6	2	8	5	3	4	1	7	9
7	4	2	8	6	3	9	1	5
5	1	3	4	9	7	8	6	2
8	6	9	1	2	5	4	3	7
1	8	5	3	4	9	7	2	6
9	3	6	2	7	1	5	8	4
2	7	4	6	5	8	3	9	1

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 20 अप्रैल शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वादशी 22.41 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाफाल्गुनी 14.04 तक तत्पश्चात उत्तराफाल्गुनी।

मेष — आज साझेदारी के व्यवसाय में आपसी समझदारी की आवश्यकता है। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर लापरवाह हो सकते हैं। अत्यधिक विचारों के कारण थोड़े कनफ्यूज हो सकते हैं। मार्केटिंग से जुड़े लोगों को बॉस से परेशानी हो सकती है।

वृष — आज लोन वगैरह के कारण कोई काम अटक सकता है। नए कार्यों की शुरुआत न करें। असंतुलित खानपान के कारण आपको पाचन की समस्या होगी। अपना काम निकलवाने के लिए आप स्वार्थी भी हो सकते हैं।

मिथुन — आज पुराना अनुभव आपके काफी काम आएगा। रिश्तेदारों से आपको शुभ समाचार मिलेंगे। जीवनसाथी के प्रेम भरे व्यवहार से आह्लादित रहेंगे। यात्राओं के लिए दिन अच्छा है। व्यापारिक अनुबंधों से आपको लाभ प्राप्त होगा।

कर्क — आज बैंकिंग से जुड़े अटके काम आसानी से बन जाएंगे। अधिकारी आपके प्रदर्शन से काफी प्रसन्न रहेगा और आपकी आय भी बढ़ा सकता है। आपको सामाजिक कार्यों से यश मिल सकता है। सरकारी कारणों से रुके हुए कार्यों में गति आएगी।

सिंह — आज छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिल सकती है। लोग आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। नौकरी में उच्च पद मिल सकता है। आपको उत्तम कार्यों के लिए पुरस्कार भी दिया जा सकता है। अपनी कमियों पर नियंत्रण पाने का प्रयास करेंगे।

कन्या — आज अपने उत्तरदायित्व के प्रति निष्ठावान रहेंगे। महंगी वस्तुओं को खरीदने से आपके बजट पर असर पड़ सकता है। अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित व अनुशासित रखें। अनावश्यक कारणों से आपको घर से बाहर जाना पड़ सकता है।

तुला — आज दांपत्य जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। प्रेम संबंधों का भरपूर आनंद उठाएंगे। रचनात्मक कार्यों में भाग लेंगे। संपत्ति के क्रय-विक्रय की बड़ी डील से धन लाभ होगा। जीवनसाथी आपसे उपहार की अपेक्षा रख सकते हैं।

वृश्चिक — आज नए व्यवसाय की योजना बना सकते हैं। संतान पक्ष से आपको सहयोग मिलेगा। दोस्तों के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। आप कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। आपका मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में किसी महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हो सकती है।

धनु — आज कानूनी पचड़ों में फंस सकते हैं। कारोबार में शानदार वृद्धि से आपका मनोबल बढ़ेगा। परिजनों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। आप काफी प्रसन्न रहेंगे। आपको किसी पर भी पूर्ण भरोसा नहीं करना चाहिए।

मकर — आज साहित्य और कला के क्षेत्र से जुड़े लोगों को निराशा महसूस हो सकती है। रूढ़िवादी विचारों से स्वयं को दूर रखें। क्रोध करने से आपको बचना चाहिए। आपके मन में तनाव रहेगा। मौसमी बीमारियां घेर सकती है।

कुंभ — आज दूसरों की समस्याओं में स्वयं को न उलझाएं। घर का माहौल काफी सुखद रहेगा। जीवनसाथी के साथ आप पर्यटन के लिए जा सकते हैं। कार्यक्षेत्र में अपनी दक्षता का परिचय देंगे। जीवनसाथी के साथ अच्छा सामंजस्य रहेगा।

मीन — आज सरकारी नौकरी कर रहे लोगों के लिए दिन जबरदस्त रहेगा। जीवनसाथी आपसे काफी प्रसन्न रहने वाला है। उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिल सकता है। प्रेम संबंधों को लेकर धैर्य और संयम का परिचय देंगे।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- घातक — सुबह : 08.35
- दानवीर — रात : 07.00

SONY PIX
- वंडर वुमन — सुबह : 10.10
- स्पाइडर मैन — रात : 08.34

SONY SMAX
- शकुंतला देवी — सुबह : 10.12
- भूल भुलैया — शाम : 06.00

ZEE CINEMA
- यमला पगला दीवाना — सुबह : 09.35
- बत्ती गुल मीटर चालू — रात : 07.25

colors CINEPLEX
- रंगीला — सुबह : 11.03
- कभी अलविदा न कहना — दोपहर : 02.15

आज की सुपरहिट फिल्म

कलर्स सिनेप्लेक्स पर दोपहर : 02.15 बजे

जोक्स ऑफ द डे

एक प्रसिद्ध गायक अपना कार्यक्रम पेश करने के बाद हॉल से कमरे में जा रही थी।
एक महिला ने पूछा-क्या आप ही वह माहिर गायक हैं, जो ऊंचे सुर में भी आसानी से गा लेती हैं?
गायक ने प्रसन्न होकर- जी हां।
महिला-मेरा जरा सा काम कर दीजिए, मेरे ड्राइवर को जोर से पुकारिए, वह कहीं खो गया है। उसका नाम घनश्याम है।

चंपक- मम्मी प्लीज ये रस्सी अपनी जीभ से काट दो।
मम्मी- बेवकूफ रस्सी जीभ से कैसे कट सकती है?
चंपक- क्यों? कल ही तो पापा कह रहे थे कि आपकी जुबान कैंची की तरह चलती है।

एक नजर

जनहित याचिका पर सुनवाई 13 मई तक टली

सुलतानपुर, अमृत विचार : कादीपुर में दो थानों का क्षेत्राधिकार स्थानांतरण आदेश रद्द करने के लिए दाखिल जनहित याचिका पर हाईकोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई नहीं हो सकी। याची अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने बताया कि हाईकोर्ट के मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली और जसप्रीत सिंह मामले की सुनवाई 13 मई को करेंगे। शुक्रवार को समय शेष नहीं होने के कारण सुनवाई नहीं हो सकी।

तीन वाहनों की भिड़ंत में दो लोग घायल

कूरेभार, सुलतानपुर, अमृत विचार। गुरुवार की रात थाना क्षेत्र के किरोन्दीपुर मोड़ के पास दो गाड़ियां आपस में टकरा गईं। जिसमें कार पर सवार सर्वेश मिश्रा (38) पुत्र कौशलेंद्र मिश्रा ग्राम देवगंज, शीतला गंज प्रतापगढ़ व शमीम अहमद (28) पुत्र बशीर अहमद ग्राम लीलापुर प्रतापगढ़ गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से दोनों को इलाज के लिये अस्पताल भेज दिया।

रैली निकाल मतदान के लिए किया जागरूक

कूरेभार, सुलतानपुर, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में शत –प्रतिशत मतदान कराने को लेकर शुक्रवार को कूरेभार ब्लाक मुख्यायल से बीडीओ श्रीकांत तिवारी व एडीओ पंचायत प्रकाश कुमार मिश्र ने मतदाता जागरूकता बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बाइक पर सवार होकर ब्लाक कर्मियो ने रैली के माध्यम से लोगो को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही बाइक रैली कूरेभार ब्लाक से होते हुए कस्बा समेत क्षेत्र में भ्रमण कर लोगों को लोकसभा चुनाव में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान बड़ी संख्या में ब्लाक के कर्मचारी मौजूद रहे।

संदिग्ध परिस्थितियों में पटाखा कारोबारी के घर में लगी आग

पिता-पुत्र झुलसे, बाइक व साइकिल जली, परिजनों व पुलिस ने कहा- आग शार्ट सर्किट से लगी

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः चांदा कोतवाली क्षेत्र के महारानी पश्चिम में एक पटाखा कारोबारी के घर संदिग्ध परिस्थिति में आग लग गई। पूरा मकान जल गया। पिता-पुत्र झुलस गए। बाइक व साइकिल भी जल गई। पुलिस व परिजनों का कहना कि विद्युत शार्ट सर्किट से आग लगी है।

चांदा कोतवाली क्षेत्र के महारानी पश्चिम गांव के पटाखा कारोबारी बुद्धू के घर शुक्रवार की सुबह संदिग्ध हालत में आग की लौ उठ पड़ी। देखते ही देखते पूरा घर आग की चपेट में आ गया। तेज हवा होने के कारण के देखते ही देखते आग ने पूरा मकान जलाकर राख कर दिया। आग की चपेट में आने से हारून उर्फ बुद्धू (55) व फिरोज पुत्र हारून (30) झुलस गए। जिनको आनन फानन में चांदा कस्बे के एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। वही घर में रखी गृहस्थी के सारे सामान जलकर राख हो गया। गांव वालों की कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया गया।

थानाध्यक्ष कोतवाली चांदा रविन्द्र सिंह ने बताया कि मामले की जाकर छानबीन किया गया व पूछताछ में पता चला कि पंखे के वायर से बिजली शार्ट सर्किट होने के कारण मकान में आग लगी। घर गृहस्थी का सारा सामान जलकर नष्ट हो गया। बुद्धू कस्बे का पटाखा कारोबारी है। उसका गोदाम घर में नहीं है। पटाखा का सिजनल व्यवसाय करता है।

चांदा के महारानी पश्चिम में आग लगने से झुलसा युवक।

आग से झुलसे व्यक्ति का कराया गया इलाज। अमृत विचार

चूल्हे की चिंगारी से जला आशियाना, तीन बकरियां झुलसकर मरीं

धनपतगंज, सुलतानपुर : थाना क्षेत्र के पीपरगांव में चूल्हे से उठी चिंगारी में दिव्यांग महिला सहित दो परिवारों का छप्पर का आशियाना जल कर खाक हो गया। तीन बकरी भी झुलसकर मर गई। अब दिव्यांग अनीता को अपने तीन मासूम बच्चों के साथ तपते खुले आसमान के नीचे गुजारा करना पड़ेगा। गुरुवार की देर रात गांव निवासी दोनों आंखों से दिव्यांग अनीता चूल्हे पर खाना पका रही थी। तभी चूल्हे से निकली चिंगारी उड़ कर छप्पर पर पंहुच गयी और आग लग गयी। घर में मौजूद बच्चे चिल्लाने लगे तो आस पास के लोग पंहुचे और आग बुझाने में लग गये। काफी मेहनत के बाद ग्रामीण आग पर काबू पा सके। लेकिन तब तक अनीता का पूरा आशियाना और गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। दूसरे छप्पर के नीचे बंधी तीन बकरियों की झुलस जाने से मौत हो गयी। फैली आग की जद में आने से पड़ोसी मुनीर का दो छप्पर जिसके नीचे भूसे में अनाज रखा था वह भी जल गया। सूचना पर पहुंचे राजस्व निरीक्षक राम बहादुर ने आग से हुई क्षति का आकलन कर रिपोर्ट शासन को भेज दी और बताया कि दिव्यांग अनीता का घर और गृहस्थी पूरी तरह जल गयी है। यह परिवार इसी थाना क्षेत्र के महमूदपुर गांव से आकर लम्बे समय से यही रह रहा है।

अपने जले हुए घर को दिखाती दिव्यांग महिला।

रंगदारी व हत्या की धमकी पर कोर्ट में नौ के खिलाफ मुकदमा

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः गोसाईगंज थाना क्षेत्र के भरथीपुर में घर में घुसकर चोरी मारपीट, रंगदारी, बलवा व हत्या की धमकी के आरोप में नौ आरोपियों पर अब्दुल जब्बार ने मुकदमा दायर किया है। एसीजेएम अमित सिंह की कोर्ट मामले में 29 अप्रैल को परिवादी का बयान दर्ज करेगी।

गोसाईगंज थाना क्षेत्र के भरथीपुर निवासी अब्दुल जब्बार ने गांव के मिर्जा सुहेल, कमाल बेग, रेहाना, कायनात समेत नौ लोगों पर कोर्ट में परिवाद दायर किया है। बीती 15 फरवरी की शाम आरोपियों की बकरी परिवादी के दरवाजे पर आकर धान खाने लगी जिसकी शिकायत करने पर आरोपियों ने घर में घुसकर घटना को अंजाम दिया। तहरीर के बावजूद पुलिस ने केस नहीं दर्ज किया, जिससे व्यथित होकर पीड़ित ने कोर्ट का सहारा लिया है।

जेल में निरुद्ध आरोपी को कोर्ट से मिली राहत

सुलतानपुर : स्मैक की बरामदगी के मामले में जेल में बंद आरोपी राकेश सोनकर की जमानत न्यायाधीश राकेश पांडेय ने मंजूर कर रिहाई का आदेश दिया है। आरोपी के वकील अरविंद सिंह राजा ने बताया कूरेभार पुलिस ने करौंदिया निवासी आरोपी राकेश सोनकर को पूर्वांचल एक्सप्रेसवे कूरेभार के पास 60 ग्राम स्मैक बरामदगी दिखाक 2 अप्रैल को जेल भेज दिया था। कोर्ट ने अभियोजन पक्ष व बचाव पक्ष को सुनने के बाद आरोपी की जमानत मंजूर कर रिहाई का आदेश दिया है।

चीनी मिल का होगा विस्तारीकरण: मेनका

सुलतानपुर, अमृत विचारः पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद मेनका संजय गांधी ने इसौली विस में एक दर्जन से अधिक नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया। मेनका ने कहा कि मैंने काम को लेकर किसी से भेदभाव नहीं किया है। उन्होंने कहा इलेक्शन में जाति कौम देखकर नहीं अपना स्वार्थ देखकर वोट करें। देखें कि आपका काम करानें में कौन सा प्रत्याशी अव्वल रहेगा। मेनका ने अपनी व सरकार की तमाम उपलब्धियां गिनाते हुए कहा शहर की जाम की समस्या को निपटाने के लिए सड़कों को फोर लेन कराया। कहा कि चीनी मिल का विस्तारीकरण कराना ही प्रमुख एजेंडा होंगा। मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी, सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार समेत अन्य रहे।

बेकाबू ट्रक ने भाई-बहन को कुचला, मौत

- पिता की तहरीर पर दर्ज हुआ केस, चालक की तलाश शुरू

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः चांदा कोतवाली के चांदा-कादीपुर में मार्ग पर गुरुवार की रात सड़क दुर्घटना में भाई बहन की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शुक्रवार को भाई-बहन का शव घर पहुंचा तो चीख पुकार मच गई। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

कादीपुर तहसील क्षेत्र के धोराही सराय रानी निवासी कृष्ण कुमार पुत्र रमापति, लंभुआ क्षेत्र के नौगवां निवासी अपनी बहन पूजा पत्नी गणेश की विदाई कराकर अपने घर की ओर जा रहा था। चांदा कोतवाली क्षेत्र के शाहपुर बाजार के समीप एक अनियंत्रित ट्रक ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दिया। इस हादसे में भाई की मौके पर मौत हो गयी थी व बहन पूजा की मौत इलाज के दौरान हॉस्पिटल हो गयी थी। स्थानीय लोगों के सहयोग से दुर्घटना कारित वाहन रोक लिया गया था। चालक फरार हो गया। मामले में मृतकों के पिता रमापति द्वारा द्वारा थाने में प्रार्थना पत्र दिया गया। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कार्रवाई शुरु कर दी गयी है। दोनों शव का चांदा पुलिस ने पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम कराया। रमापति की तीन संतानों में मृत पूजा सबसे बड़ी बेटी थी। पूजा का विवाह वर्ष 2019 में लम्भुआ कोतवाली क्षेत्र के नौगवा निवासी गणेश के साथ हुआ था। पूजा की एक तीन वर्षीय पुत्री पलक है। वहीं, कृष्णा रमापति का इकलौता पुत्र था। कृष्णा और पूजा के मौत की सूचना से परिवार में कोहराम मच गया। रमापति समेत उनकी पत्नी और छोटी पुत्री का रो रोकर बुरा हाल है।

दुर्घटना के बाद क्षतिग्रस्त कार।

खड़े ट्रेलर से टकराई कार दादी की मौत व पोता घायल

बल्दीराय, सुलतानपुर : अयोध्या जिले के दौलतपुर निवासी आविश श्रीवास्तव (25) अपनी दादी शोभा श्रीवास्तव (79) के साथ शुक्रवार को कार से जगदीशपुर जा रहे थे। जैसे ही वह हलियापुर थाना क्षेत्र के कूरेभार मोड़ पर पहुंचे तभी बाइक सवार को बचाने में उनकी कार अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से टकराते हुए आगे खड़े ट्रेलर से टकरा पलट गई। जिसमें कार में चालक आविश तथा उनकी दादी शोभा को गम्भीर चोट आई। घायलों को कुमारगंज ले जाया गया। जहां मौजूद चिकित्सकों शोभा को मृत घोषित करते हुए आविश का इलाज शुरु कर दिया।

प्रशिक्षण के दौरान कार्मिकों से जरूर करें दोहरा संवादः जिलाधिकारी

- दो पालियों में पीठासीन व मतदान अधिकारी प्रथम का हुआ प्रशिक्षण
- अनुपस्थित कार्मिकों को देना है स्पष्टीकरण, नौ का वेतन बाधित

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः लोक सभा चुनाव के लिए पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारी प्रथम के तीन दिवसीय प्रशिक्षण के पहले दिन का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। पहले ही दिन प्रथम पाली के प्रशिक्षण में 9 कार्मिक तो द्वितीय पाली में 14 कार्मिक अनुपस्थित पाए गए।

छठे चरण में जिले में 25 मई को होने वाले लोक सेवा चुनाव के लिए केंद्रीय विद्यालय अमहट में कार्मिकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण चल रहा है। प्रशिक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना ने प्रशिक्षण का निरीक्षण करते हुए मतदान कार्मिकों को निर्देशित किया। बताया कि सभी मतदान कार्मिक ईवीएम व वीवी पैट के कनेक्शन व सील करने की प्रक्रिया को करके सीख ले। जिससे मतदान दिवस मे ईवीएम संचालन में कोई समस्या न आए। उन्होंने सभी मास्टर ट्रेनर्स को निर्देशित किया कि प्रशिक्षण के दौरान दोहरा संवाद बनाये रखने के लिए मतदान कार्मिकों से प्रश्न-उत्तर अनिवार्य रूप से करें। उन्होंने विभिन्न प्रशिक्षण कक्षों में जाकर प्रतिभागियों से मॉक पोल प्रक्रिया, चैलेंज वोट, एमपीएसएप पर मतदान कार्मिकों से प्रश्न उत्तर भी किया। मतदान कार्मिक नोडल अधिकारी अंकुर कौशिक ने बताया कि सभी 25 कमरों में टीवी लगाई गयी है। जिस पर पीपीटी के माध्यम से प्रशिक्षण संचालित किया जा रहा है।

डीडीओ अजय कुमार पांडेय ने प्रशिक्षण प्रारंभ होने के आधे घंटे पहले सभी मास्टर ट्रेनर के साथ बैठक करते हुए कहा कि प्रशिक्षण में मॉक पोल कराने के बाद कंट्रोल यूनिट को क्लियर किए जाने पर चर्चा की जाय। उन्होंने बताया कि मतदान प्रारंभ होने के डेढ़ घंटे पूर्व मॉकपोल प्रारंभ किया जाएगा। जिले के एसडीएम ने प्रशिक्षण कक्षों में जाकर मतदान कार्मिकों से प्रश्न उत्तर करते हुए मतदान प्रक्रिया पर आवश्यक सुझाव दिया। जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता ने सभी कमरों में पीपीटी के माध्यम से प्रशिक्षण संचालित कराया। उन्होंने मतदान अधिकारियों के कार्य, दायित्व व लिफाफों/प्रपत्रों को तैयार करने की प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की। स्टेट मास्टर ट्रेनर सत्यदेव पांडेय ने बैलेट यूनिट को वीवीपैट से व वीवीपैट को कंट्रोल यूनिट से कनेक्ट करने पर डेमो दिया। उन्होंने मतदान के दौरान आने वाली समस्याओं पर चर्चा करते हुए इनका समाधान भी बताया। स्टेट मास्टर ट्रेनर सुनील कुमार सिंह ने ईवीएम व वीवी पैट को सील करने की प्रक्रिया पर डेमो दिया तथा चैलेंज वोट, टेंडर वोट, कम्पेनियन, पीठासीन की डायरी, मतदान अभिकर्ता के फार्म, मतपत्र लेखा, मतदाता रजिस्टर आदि पर भी विस्तार से चर्चा की। स्टेट मास्टर ट्रेनर संतराम यादव ने सभी प्रशिक्षण कक्षों में जाकर प्रतिभागियों की शंकाओं का समाधान किया।

चुनाव प्रशिक्षण का निरीक्षण करने पहुंचीं डीएम कृत्तिका ज्योत्स्ना। अमृत विचार

सीडीओ ने 9 कार्मिकों का वेतन किया बाधित

पीठासीन व मतदान अधिकारी प्रथम के तीन दिवसीय प्रशिक्षण की व्यवस्था देख रहे डा जनार्दन राय ने बताया कि पहली पाली में 9 कार्मिक अनुपस्थित थे। जिनके खिलाफ सीडीओ अंकुर कौशिक ने अप्रैल माह के वेतन रोकने का निर्देश दिया है। वही दूसरी पाली के प्रशिक्षण में 14 कार्मिक अनुपस्थित पाए गए। जिनसे शनिवार शाम चार बजे तक स्पष्टीकरण मांगा गया है। नही तो उन लोगों के खिलाफ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के तहत विधिक कार्यवाही का निर्देश दिया गया है।

सार-संक्षेप

कादीपुर में 10 तो दोस्तपुर में पांच बीघा गेहूं की फसल राख

कादीपुर/दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : शुक्रवार की सुबह से ही जिले की विभिन्न क्षेत्रों में आग ने कहर बरपाया। कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोपालपुर नमाजगढ़ के बझउवा गांव में आठ बजे गेहूं के खेत में विद्युत शार्ट सर्किट से आग की लपटे उठने लगी। ग्रामीणों ने विद्युत महकमे को सूचित कर आपूर्ति रुकवाते हुए फायर ब्रिगेड को सूचित किया। जब तक ग्रामीण व सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया तब आग ने गेहूं की चार बीघा फसल राख हो चुकी थी। अग्निकांड में रानीपुर कायस्थ गांव निवासी सतीश श्रीवास्तव, सूबेदार पुरवा निवासी ह्रदय नारायण तिवारी, राम जियावन तिवारी, तुलसीराम तिवारी की गेंहू को फसल जलकर राख हो गयी है। अभी फायर ब्रिगेड बझउवा गांव से निकली ही थी कि अंदारायपुर के पंडित के पूरा में गेहूं के खेत में आग लग गई। आग की उठती लपटों को देख ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड को सूचित कर आग बुझाने में जुट गए। स्थानीय लोगों व फायर ब्रिगेड ने जब तक आग पर काबू पाया तब तक नरसिंह नारायण मिश्र का तीन बीघे गेहूं राख हो चुका था। करीब साढ़े 10 बजे मोहम्मदाबाद गांव में शॉर्ट सर्किट से गेंहू की फसल में आग लग गई। ग्रामीण व फायर ब्रिगेड जब तक आग पर काबू पाते तब तक सुरेंद्र सिंह व राम आशीष सिंह की लगभग तीन बीघे गेहूं की फसल जलकर राख हो चुकी थी। दोपहर करीब साढ़े 11 बजे दोस्तपुर थाना क्षेत्र के धतुरहा गांव में गेहूं के खेत में आग लग गई। आग की लपटों को देख ग्रामीणों ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड ने जब तक आग पर काबू पाया तब तक तीन बीघे गेहूं की फसल राख हो चुकी थी। तीन बजे इसी थाना क्षेत्र के दूल्हापुर गांव के समीप गेहूं के खेत में आग लग गई। फायर ब्रिगेड जब तक आग पर काबू पाते तब तक गंगापुर भुलिया निवासी राम चरन की दो बीघे गेहूँ की फसल राख हो चुकी थी। स्थानीय प्रशासन ने राजस्वकर्मियो को भेज आग से हुई क्षति की आकलन कराया है।

कादीपुर आग से जली गेहूं की फसल। अमृत विचार

जानलेवा हमले के आरोपी की अग्रिम जमानत खारिज

सुलतानपुर, अमृत विचार : बीते माह रामगंज में जन सुविधा केन्द्र के संचालक रंजीत यादव पर जानलेवा हमला करने समेत अन्य आरोपों में भागीपुर निवासी आरोपी आशीष यादव की अग्रिम जमानत न्यायाधीश संतोष कुमार ने आरोपों को गंभीर मानते हुए खारिज कर दी। अभियोजन के मुताबिक वादिनी साधना के पति रंजीत यादव रामगंज बाजार चौकी में जन सुविधा केन्द्र की दुकान किए हैं। उसके पति दिनांक 21 मार्च को रात्रि दुकान का कम्प्यूटर सिस्टम बन्द कर रहे थे। इतने में गांव के ही आशीष यादव, आदर्श यादव, संस्कार यादव, इंदल यादव अपने हाथो मे लाठी डंडे व सरिया लेकर दुकान में घुस गए और उसके पति को भद्दी-भद्दी गाली देते हुए दुकान के बाहर खींचकर जानलेवा हमला कर दिया। गिरफ्तारी से बचने के लिए आशीष यादव ने अग्रिम जमानत की अर्जी दी थी जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया है।

प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट मनाली चंद्रा ने ग्रहण किया कार्यभार

सुलतानपुर, अमृत विचार : शहर के कलेक्ट्रेट स्थित किशोर न्याय बोर्ड में प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट मनाली चंद्रा ने शुक्रवार को कार्यभार ग्रहण किया है। वह 2018 बैच की जूनियर जज रही हैं। उन्होंने बताया कि उनका मूल निवास पड़ोसी जनपद प्रतापगढ़ है। बताया कि किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) कानून के साथ संघर्ष में बच्चों (जेसीएल) से निपटने के लिए संबंधित प्राधिकरण है। जेसीएल का मतलब एक बच्चा है, जिस पर अपराध करने का आरोप है। श्रीमती चंद्रा ने बताया कि 2009 में अयोध्या से सुलतानपुर में किशोर न्याय बोर्ड का कार्यभार देखा जाने लगा। उन्होंने बताया कि सीआरसी के अनुरूप, किशोर को 18 वर्ष से कम उम्र के व्यक्ति के रूप में पुन: परिभाषित किया गया है। पहले के कानून में किशोर को 16 वर्ष से कम उम्र के व्यक्ति के रूप में परिभाषित किया गया था।

एक घंटे में महिला की पर्स व सामान बरामद

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : पुलिस की सक्रियता के चलते एक घंटे के अंदर महिला की गायब हुई पर्स एवं लाखों रुपए का सामान बरामद कर लिया गया। शुक्रवार को दिन में लगभग साढ़े तीन बजे कोतवाली क्षेत्र के मखदुमपुर कला गांव की प्रियंका सिंह परिवहन निगम की बस से वाराणसी से आकर कादीपुर बस स्टेशन पर उतरी। बस से उतरने के बाद उन्होंने ई रिक्शा पर घर जाने के लिए बैठ गई। इसी बीच उनके पर्स गायब हो गई। पीड़िता के अनुसार पर्स में एक मोबाइल, एक सोने का चैन एवं 20 हजार रुपए नगद था। पीड़िता ने इसकी शिकायत प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह से की। कोतवाल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल पुलिस बल के साथ खोजबीन शुरू कर दी। एक घंटे के अंदर ही पुलिस को सफलता मिली। गोपालपुर नवाजगढ़ के राजकुमार पाल जो महिला की पर्स पाए गिरी पाए थे। पुलिस को वापस कर दिया। पुलिस ने पर्स एवं उसे उसमें रखे सामान पीड़ित पीड़ित महिला को वापस कर दिया।

बच्चों को शिक्षित कर रहा सेवा भारती

- शहर में गोलाघाट और करौंदिया में चल रहा बाल शिक्षा केंद्र

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः आरएसएस से संबद्ध राष्ट्रीय सेवा भारती ने शिक्षा से वंचित बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने की अनोखी पहल शुरू की है। गोलाघाट, करौंदिया समेत कई बस्तियों में निर्धन वर्ग के बच्चों को इकट्ठा करके पढ़ाने के साथ उनका नजदीकी विद्यालयों में नामांकन कराया जा रहा है।

कोतवाली नगर के गोलाघाट पर बांस का कार्य करने वाले (धरिकार बिरादरी) के बच्चों को शिक्षित करने के लिए सेवा भारती की ओर से कक्षाएं शुरू की गई हैं। सेवा भारती के जिला महामंत्री डॉ. सुनील त्रिपाठी ने बताया की राष्ट्रीय सेवा भारती की तरफ से महाराणा प्रताप बाल संस्कार केंद्र का संचालन किया जा रहा है। इसमें जो बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे है, उनको शिक्षित किया जाएगा। सभी बच्चों को पाठ्य सामग्री भी निशुल्क मुहैया कराई जा रही है। शुक्रवार की सुबह विभाग संचालक डॉ. एके सिंह ने गोलाघाट स्थित केंद्र पर पहुंचकर बच्चो को प्रेरणादायक बातें एवं कहानियां सुनाई। जिससे बच्चों के घर के लोग संतुष्ट हुए और बच्चों को पढ़ाने के लिए आगे आए। क्षेत्र सेवा प्रमुख युद्धवीर भी केंद्र पर पहुंचे। कहा कि वर्तमान समाज में बच्चों को संस्कारवान बनाने की अति आवश्यकता है। उन्होंने इसकी स्थापना एवं उद्देश्य के बारे में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

राष्ट्रीय सेवा भारती की बाल पाठशाला में पढ़ते बच्चे। अमृत विचार

घर में घुसे चोरों ने लाखों का माल उड़ाया

- थाना प्रभारी बोले- जल्द किया जाएगा चोरियों का खुलासा, चोरी की घटनाओं से इलाके में दहशत

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः चांदा कोतवाली के विभिन्न गांवों में सिलसिलेवार हो रही चोरियों से इलाके में दहशत व्याप्त हैं। स्थानीय पुलिस खुलासा करने में नाकाम है। गुरुवार रात देवाढ़ गांव के सुशील सिंह के घर भी चोरों ने ताला तोड़ कर 10 लाख रुपए के गहने व नगदी उठा ले गए। बीते सोमवार को संसद सुरक्षा में तैनात सिपाही मधुपुरी गांव के निवासी विपिन तिवारी के घर को चोरों ने निशाना बनाया था।

गुरुवार की रात देवाढ़ गांव के सुशील कुमार सिंह के घर में पीछे के रास्ते से चोर घुसे। पहले गेट, फिर घर के अंदर अलमारी का ताला तोड़कर सोने व चांदी के गहने और 15 हजार नगदी उठा ले गए। भुक्तभोगी सुशील कुमार सिंह ने तहरीर में बताया कि गहनों की कीमत 10 लाख रुपए से अधिक की थी। इसके पहले सांसद सुरक्षा में तैनात सिपाही विपिन तिवारी के माता पिता घर में साए थे। चोरों ने मुख्य गेट का ताला तोड़कर घर से घुसे। 10 लाख रुपए मूल्य के सोने चांदी के गहने और दस हज़ार नगदी उठा ले गए। इस तरह से क्षेत्र में चोरियों का क्रम जारी है। थाना अध्यक्ष रविंद्र सिंह ने बताया कि प्रकरण संज्ञान में है। मुकदमा पंजीकृत किया गया है। जल्द ही चोरियों का खुलासा किया जाएगा।

चोरी के बाद बिखरा सामान व टूटी अलमारी। अमृत विचार

तैयारी 21 अप्रैल से 29 जून तक जिले के पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र अमहट में होगा प्रशिक्षण

बदले आपराधिक कानून की उपनिरीक्षकों को दी जाएगी ट्रेनिंग

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः भारतीय न्याय संहिता व भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के अलावा साक्ष्य संहिता 2023 में बड़ा बदलाव करने के बाद उसके बारे में प्रशिक्षण दिए जाने की शासन स्तर से तैयारी बनी है। भारतीय न्याय संहिता में कई नए आपराधिक कानून जैसे हत्या, हत्या के प्रयास व मारपीट में सामान्य चोट आदि के लिए कानून में बदलाव के बाद इसे एक जुलाई 2024 से लागू करने की तैयारी है। नए कानून को लागू होने से पहले उप निरीक्षकों के साथ अधिकारियों एवं अफसरों को पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र अमहट में पुलिस अधीक्षक प्रशिक्षण बृजेश मिश्र की देखरेख में 21 अप्रैल से 29 जून प्रशिक्षण दिया जाएगा।

यह प्रशिक्षण थानाध्यक्षों को छोड़कर सभी उप निरीक्षकों को दिया जाएगा। नए कानून को गंभीरता पूर्वक प्रशिक्षण की जिम्मेदारी के बारे में बताते हुए पुलिस अधीक्षक (पीटीएस) बृजेश मिश्रा ने बताया कि पुलिस प्रशिक्षण संस्थान में नियुक्त वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी की ओर से प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए अभी से सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसके तहत हत्या, मारपीट, चोरी की धाराओं में बदलाव हुआ है। बताया कि पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ, बनारस, तथा अयोध्या परिक्षेत्र के समस्त जनपदों में आने वाले अंतर जनपदीय शाखा में नियुक्त कुल 2500 उप निरीक्षकों को पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र अमहट में प्रशिक्षण सुलतानपुर दिया जाएगा। पुलिस अधीक्षक प्रशिक्षण केन्द्र अमहट बृजेश मिश्रा ने बताया कि पहले आईपीसी में हत्या के लिए 302 की धारा लगती थी। अब धारा 103 बीएनएस लगेगी। पहले हत्या के प्रयास में धारा भारतीय दण्ड संहिता की धारा 307 लगता था, अब धारा 109 बीएनएस लगेगा। पहले मारपीट में सामान्य चोट के लिए धारा-323 आईपीसी लगती थी, अब धारा -115 बीएनएस लगेगी। पहले लाठी डंडों से मारपीट में गंभीर चोट पर धारा 325 आईपीसी लगता थी, अब 117 बीएनएस की धारा लगेगी। पहले चोरी के लिए धारा 379 आईपीसी लगती थी, अब धारा 303 बीएनएस लगेगी। इसके साथ ही पहले डकैती के लिए धारा 395 आईपीसी लगती थी, अब धारा 310 बीएनएस लगेगा। इसी प्रकार पहले आईपीसी में संगठित अपराध, आतंकवाद तथा भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता के सम्बन्ध में कोई वर्णन नहीं था, लेकिन नए कानूनों में इन महत्वपूर्ण अपराधों के सम्बन्ध में भी उचित दण्ड की व्यवस्था की गई है।

आईपीएस ब्रजेश मिश्र।

रैली में मेरा वोट मेरा भविष्य के गूंजे नारे

सुलतानपुर, अमृत विचारः लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में शत-प्रतिशत मतदान हेतु स्वीप योजनान्तर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदाता जागरूकता रैली कई ग्राम पंचायतों की ओर से निकाली गई। रैली में बैनर के साथ बच्चे परिसर से रवाना हुए। गांव का भ्रमण कर लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान छात्रों ने 'सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो, 'मेरा वोट, मेरा भविष्य' आदि के नारे लगाकर शत-प्रतिशत मतदान हेतु लोगों को जागरूक किया गया। मतदाता जागरूकता रैली में शिक्षक/शिक्षिकाओं ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि मतदान करना हमारा संवैधानिक अधिकार है।

डीएम ने कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण

पोर्टल पर शिकायतों की संख्या कम मिलने पर प्रचार-प्रसार के माध्यम ये जागरूकता बढ़ाने का दिया निर्देश

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। जिलाधिकारी / जिला निर्वाचन अधिकारी पवन अग्रवाल द्वारा मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक जयेंद्र कुमार साथ लोकसभा चुनाव के लिए विकास भवन स्थित कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के समय प्रभारी अधिकारी कन्ट्रोल रूम/जिला अर्थ एवं सख्याधिकारी, सहायक प्रभारी अधिकारी सहित समस्त कार्मिक उपस्थित रहे। जिलाधिकारी द्वारा मीडिया सेल, डिस्ट्रिक्ट कांटेक्ट सेंटर-1950, पोर्टल एवं सिंगल विंडो सिस्टम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पोर्टल पर शिकायतों की संख्या कम पाये जाने पर प्रचार-प्रसार एवं प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जन जागरूकता बढाने हेतु प्रभारी अधिकारी कन्ट्रोल रूम को निर्देश दिया गया। आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के शिकायतों के त्वरित एवं पारदर्शी निस्तारण हेतु निर्वाचन आयोग द्वारा पोर्टल आदर्श आचार संहिता का प्रहरी उपलब्ध कराया है।

विकास भवन में लोकसभा चुनाव के लिए बनाए गए कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते जिला निर्वाचन अधिकारी ।

जिला निर्वाचन अधिकारी पवन अग्रवाल ने आमजन से अपील की है कि चुनाव समाप्त होने तक प्रलोभन, भ्रष्टाचार अथवा अन्य शिकायतों क के माध्यम से किया जा सकता है। इस एप के माध्यम से शिकायत के साथ केवल मौके की फोटो व वीडियो को ही लगाया जा सकता है। शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जायेगी तथा शिकायत सही मिलती है तो 100 मिनट के अन्दर कार्यवाही की जायेगी। पोर्टल पर प्राप्त शिकायत के निस्तारण के लिए विकास भवन में स्थित लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए संचालित कन्ट्रोल रूम से 24 घंटे निगरानी रखी जा रही है। शिकायतकर्ता द्वारा पोर्टल पर शिकायत करते ही तत्काल कन्ट्रोल रूम से कार्यवाही की जाती है।

पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण प्रत्येक विधानसभा में गठित एफएसटी (फ्लांइग स्क्वॉयड टीम) द्वारा मौके पर जाकर किया जाता है एवं शिकायत के निस्तारण की आख्या भी पोर्टल के माध्यम से सम्बन्धित एआरओ/ एसडीएम को भेजी जाती है। एआरओ/एसडीएम द्वारा कार्यवाही को अन्तिम रूप दिया जाता है। निस्तारण की रिपोर्ट प्रतिदिन निर्वाचन आयोग को प्रेषित की जाती है। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट पवन अग्रवाल ने रजिस्टर बनाकर प्राप्त होने वाली शिकायतों को दर्ज करने का निर्देश दिया।

एक नजर

धारा 144 के उल्लंघन के आरोप पर शिक्षिका को मिला नोटिस

सिद्धार्थनगर , अमृत विचार। बांसी विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय तेजगढ़ में तैनात शिक्षिका को धारा 144 के उल्लंघन के आरोप में बीएसए ने नोटिस देकर स्पष्टीकरण मांगा है.। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के आधार पर जारी नोटिस का संतोषजनक स्पष्टीकरण न मिलने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है.। बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेंद्र कुमार पांडेय ने शिक्षिका सुषमा सिंह को भेजे नोटिस में में कहा गया है.कि जनपद में आदर्श चुनाव आचार संहिता व धारा 144 प्रभावी है.। संबंधित शिक्षिका के द्वारा सक्षम अधिकारी से बिना अनुमति प्राप्त किए बीते रविवार को उप्र महिला शिक्षक संघ की बैठक की गई और अध्यापक आचरण सेवा नियमावली का खुला उल्लंघन किया गया। इस संबंध में तीन दिवस के भीतर संतोषजनक स्पष्टीकरण प्रस्तुत न करने पर विभागीय कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है।

सपा के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन आज

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। बांसी में सपा के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन शनिवार को अध्यक्ष नगर पालिका बांसी चमन आरा की अध्यक्षता में किया जाएगा।

चमन आरा, नगर पालिका अध्यक्ष बांसी।

यह जानकारी देते हुए नगर पालिका अध्यक्ष चमन आरा ने कहा कि लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। डुमरियागंज लोकसभा सीट से सपा ने भीष्म शंकर तिवारी उर्फ कुशल तिवारी को अपना प्रत्याशी बनाया है। इसी क्रम में शनिवार को चुनाव कार्यालय उद्घाटन किया जाएगा । उन्होंने कहा कि सपा के शासनकाल में प्रदेश की जनता पूरी तरह से खुशहाल रही बेरोजगार नौजवान किसान व्यापारी सभी को न्याय मिलता था और सभी लोग खुशहाल रहे। आज बेरोजगारी व महंगाई आसमान छू रही है। उन्होंने कहा कि शनिवार को दिन में 12:00 बजे आदर्श नगर पंचायत बांसी में सपा कार्यालय का उद्घाटन होगा। मुख्य अतिथि लोकसभा डुमरियागंज के सपा प्रत्याशी भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी होंगे।

सार-संक्षेप

10 छात्रों को दी जा रही निःशुल्क वेद व कर्मकांड की शिक्षा

श्री सिहेंश्चरी देवी मंदिर परिसर में अध्ययनरत छात्र। अमृत विचार

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। विद्वान आचार्य तैयार करने के उद्देश्य से नगर स्थित श्री सिहेंश्वरी देवी मंदिर पर संचालक आचार्य दिव्यांशु महराज के मार्गदर्शन में 10 विद्यार्थियों को नि:शुल्क वेदों व कर्मकांड के साथ-साथ हाईटेक शिक्षा भी दी जा रही है। श्री सिहेंश्चरी देवी मंदिर पर आचार्य दिव्यांशु के निर्देशन में पंडित शारदा प्रसाद पांडेय की अगुवाई में 10 बच्चों को नि:शुल्क वेद, व्याकरण, ज्योतिष, कर्मकांड एवं कम्प्यूटर की शिक्षा दी जा रही है। निशुल्क पढ़ाई के साथ आवासीय व्यवस्था के तहत गोंडा के छात्र विक्रम पांडेय, नितिन मिश्रा, अजय मिश्रा, सुल्तानपुर के शिवा तिवारी, सिद्धार्थनगर के गोकुल दुबे, अंश दुबे, आदित्य तिवारी, नेपाल के मिथिलेश तिवारी, राहुल पाठक शामिल हैं।

पुरुषोत्तम रुपाला के बयान पर आक्रोश, सौंपा ज्ञापन

डीएम को ज्ञापन सौंपते अखिल क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारी। अमृत विचार

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार : अखिल क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष राजन सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में केंद्रीय मंत्री और भाजपा प्रत्याशी पुरुषोत्तम रुपाला की ओर से क्षत्रिय समाज की महिलाओं के प्रति दिये गये बयान पर आक्रोश जताया गया। बैठक के बाद डीएम को ज्ञापन सौंपा गया। भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व से मांग की गयी कि उन्हें तत्काल भाजपा के प्रत्याशी पद से हटाया जाए अन्यथा जिस तरह से क्षत्रिय समाज इस बात को लेकर आंदोलित हैं जिले के क्षत्रिय महासभा के लोग भी आंदोलन आगे बढ़ाने को कृत संकल्पित हैं। अखिल क्षत्रिय महासभा के प्रतिनिधिमंडल में राष्ट्रीय सचिन रत्नेश सिंह प्रिंस, प्रदेश उपाध्यक्ष अखंड प्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष सत्यानंद सिंह, मंडल प्रभारी कृष्ण पाल सिंह, कृष्ण बहादुर सिंह, गोपाल सिंह, रजनीश सिंह, जयप्रकाश सिंह, सत्य प्रकाश सिंह, करण सिंह, विनीत सिंह, डॉ. दिनेश कुमार सिंह, हरेन्द्र बहादुर सिंह, जिला महामंत्री अमित सिंह व शत्रुघ्न सिंह मौजूद रहे।

अग्निकांड पीड़ितों से मिले डीएम और एसपी

सिद्धार्थनगर , अमृत विचार : नौतला सरपतहा में आग लगने की सूचना मिलने पर जिलाधिकारी पवन अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह तत्काल मौके पर पहुंचे और जानकारी ली। डीएम ने निर्देश दिया कि पीड़ितों को खाद्य सामग्री उपलब्ध कराये। इसके साथ-साथ जले हुए घरो का आकलन करकेद रिपोर्ट बनाकर शासन को प्रेषित करें।डीएम ने पीड़ितों को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया।

घर से मतदान कर सकेंगे बुजुर्ग मतदाता

सुविधा

- 85 वर्ष से अधिक आयु के लोग व 40% से अधिक दिव्यांगों को मिलेगी सहूलियत

गोरखपुर

अमृत विचार : 85 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के लोग और 40 फीसदी से अधिक दिव्यांगों को घर से ही मतदान करने की सुविधा मिलेगी।

गोरखपुर लोकसभा अंतर्गत सदर तहसील के शहर विधानसभा ग्रामीण, पिपराइच विधानसभा कैंपियरगंज आंशिक में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए रिटर्निंग ऑफिसर मृणाली अविनाश जोशी के निर्देश पर सदर तहसीलदार विकास कुमार सिंह सदर तहसील सभागार में सुपरवाइजर के साथ बैठक कर निर्देश दिया कि सदर तहसील के अंतर्गत पड़ने वाले गोरखपुर लोकसभा क्षेत्र के विधानसभा शहर ग्रामीण पिपराइच कैंपियरगंज आशिक के मतदाता जो 85 वर्ष से अधिक वृद्ध 40% से अधिक दिव्यांग जनों को घर पर ही मतदान करने के लिए सुपरवाइजर 12 डी फॉर्म भरवा लें। गोरखपुर जनपद में 1 जून को मतदान होगा 85 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिक एवं 40% से अधिक दिव्यांगजन मतदाताओं को होम वोटिंग की सुविधा दी गयी है । सुपरवाइजर घर-घर जाकर उन सभी चिन्हित मतदाताओं को मताधिकार का प्रयोग कराएंगे।

सदर तहसील सभागार में बैठक में मौजूद अधिकारी। अमृत विचार

पवन बने स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एम्बेसडर

गोरखपुर , अमृत विचार। स्वच्छ सर्वेक्षण के दृष्टिगत नगर पंचायत पोपीगंज में ईओ आञ्जनेय मिश्रा की अध्यक्षता में हुई बैठक में अध्यक्ष लक्ष्मण विश्वकर्मा व सभी सफाई नायकों ने भाग लिया। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन से डीपीएम पूजा राय ने भी प्रतिभाग किया। उन्होंने स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में नगर पंचायत पीपीगंज को प्रथम स्थान दिलाने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। स्वच्छ भारत मिशन नगर पंचायत पीपीगंज के नए ब्रांड एम्बेसडर समाजसेवी पवन अग्रहरी को बनाया गया है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के लिए विभिन्न मुद्दों पर तैयारियों के लिए रूपरेखा तैयार की गई।

बिजली की आंख मिचौली से लोग हुए परेशान

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। गर्मी शुरू होते ही विद्युत कटौती तेजी से हो रही है जिससे आम जनमानस परेशान है। जबकि सरकार जनपद मुख्यालय पर 24 घंटे विद्युत आपूर्ति करने का दावा करती है किंतु वर्तमान में विद्युत की आंख मिचौली से विद्युत उपभोक्ता परेशान है।

इधर दो-तीन दिनों से मौसम काफी गर्म हो गया है तेज पछुआ हवा चलने से गर्मी काफी बढ़ गई है। जिससे लोग परेशान हैं सरकार 24 घंटे विद्युत आपूर्ति का दावा फेल है । विद्युत कटौती काफी बढ़ गई है इतना ही नहीं उपभोक्ताओं का कहना यह भी है कि विद्युत का बिल भी काफी बढ़कर आ रहा है जिससे लोग परेशान हैं। गौरतलब है कि इधर 2024 का चुनाव सर पर है और सरकार विद्युत आपूर्ति के संबंध में 24 घंटे विद्युत आपूर्ति करने के लिए वचनबद्ध है किंतु बिजली के अभाव में लोग गर्मी से बेहाल होकर रात बिता रहे हैं। इस संबंध में जब विद्युत विभाग के आल्हा अधिकारियों से वार्ता की गई तो उनका कहना है कि दिन में तेज पछुआ हवा चलने के कारण विद्युत कटौती कर दिया जा है। क्योंकि उसकी चिंगारी से आग लगने का अंदेशा है।

छात्रों ने की इंजीनियरिंग कॉलेज खोलने की मांग

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। शिक्षा के क्षेत्र में भले ही ये जिला हब बनता जा रहा हो, लेकिन इंजीनियरिंग की पढ़ाई के लिए छात्रों को दूसरे जिलों व दूसरे राज्यों में जाना पड़ रहा है। जिले में हर साल कक्षा 12 के लगभग 25 हजार छात्र-छात्राएं पास करते हैं। लेकिन विज्ञान संकाय से लगभग 10 हजार छात्र पासआउट होते हैं। इनमें से 30 फीसदी छात्र ऐसे हैं, जो इंजीनियर बनने का सपना देखते हैं।

इंजीनियरिंग कॉलेज नहीं होने के कारण विद्यार्थियों को मजबूरन बाहर जाना पड़ रहा है। जबकि जिले में एक मेडिकल कॉलेज मौजूद हैं, लेकिन अब छात्रों को इंजीनियरिंग कॉलेज का इंतजार हैं। विज्ञान के छात्र सर्वेश्वर दुबे व सर्वजीत का कहना है कि अगर राज्य सरकार जिले में एक इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना कर दे तो छात्रों को लाभ मिल सकेगा। छात्रा ममता सोनी कहती है कि छात्र को तो इंजीनियरिंग की पढ़ाई के लिए दूसरे जगहों पर जाने के लिए अभिभावकों की सहमति मिल जाती है, लेकिन छात्राओं के अभिभावक बाहर भेजने से कतराते है। छात्रों ने इस समस्या की तरफ शासन से ध्यान देने की अपील की है।

तीन शिक्षकों का वेतने रोकने का निर्देश

सख्ती

- डीआईओएस के निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित थे

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। माध्यमिक एवं संस्कृत विद्यालयों में पठन-पाठन सुचारु रूप से होने के साथ ही शिक्षकों, कर्मियों और बच्चों की उपस्थिति जानने के लिए लगातार औचक निरीक्षण कर रहे डीआईओएस सोमारू प्रधान ने शुक्रवार को कई कॉलेजों का निरीक्षण किया। अनुपस्थित तीन शिक्षकों का वेतन अग्रिम आदेश तक रोकने का आदेश जारी किया है।

डीआईओएस सोमारू प्रधान ने शुक्रवार को जय किसान इंटर कॉलेज सकतपुर सनई का निरीक्षण किया। जहां कुछ शिक्षक नहीं मिले, पर उसी बीच सभी आ भी गए। उन्होंने प्रधानाचार्य से साफ-सफाई बेहतर रखने, प्रत्येक कक्षा कक्ष में पढ़ाई सुनिश्चित करने, शैक्षिक पंचांग के तहत मासिक टेस्ट कराने का निर्देश दिया। बच्चों की उपस्थिति कम होने पर नाराजगी जाहिर की। शिक्षकों की टोली बनाकर आसपास के क्षेत्रों में भ्रमण कर नामांकन बढ़ाने का भी निर्देश दिया। शिवपति इंटर कॉलेज शोहरतगढ़ के निरीक्षण में बच्चों की संख्या बेहतर मिली। कक्ष में पढ़ाई होती दिखी। इस दौरान डीआईओएस ने कक्षा 10 बी में गणित विषय की पढ़ाई दौरान स्वयं बच्चों से कई सवाल किए। जिनका स्तर न्यून पाया। जनता विद्या मंदिर इंटर कॉलेज उदयराजगंज चिल्हिया में पठन-पाठन बेहतर मिला। संस्कृत पाठशाला शोहरतगढ़ के निरीक्षण में प्रधानाचार्य धर्मेन्द्र कुमार मिश्र कई दिन से अनुपस्थित बताए गए। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नीबी मकडौर के निरीक्षण में प्रधानाध्यापक टेनिसन, शिक्षक उमेश चंद्र गैरहाजिर पाए गए। जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान ने बताया कि औचक निरीक्षण जारी रहेगा। बच्चों की संख्या न बढ़ाने पर संबंधित प्रधानाचार्य जवाबदेह होंगे।

क्लास में बच्चों से सवाल पूछते डीआईओएस। अमृत विचार

जानकारी का अभाव

माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज में मरीजों की सुविधा के लिए शुरू की गयी है व्यवस्था

ऑनलाइन अप्वाइंटमेंट की जानकारी न होने से लाइन में धक्के खा रहे रोगी

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। जानकारी का अभाव तो कहीं सिस्टम की सुस्ती की वजह से डिजिटल व्यवस्था के लाभ से मरीज वंचित हैं। कहने के लिए ऑनलाइन पर्ची और अप्वाइंटमेंट की सुविधा है, लेकिन 95 प्रतिशत मरीज ओपीडी पर्ची कटवाने के लिए काउंटर पर धक्का खा रहे हैं। पर्ची कटवाने के लिए घंटों लाइन में लगाकर इनका धैर्य जवाब दे जाता है। कोई चिकित्सक को दिखा पाता है तो कोई जांच से वंचित रहा जाता है। माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज में गुरुवार को ऑनलाइन सुविधा के दावे की हकीकत जानने के लिए ओपीडी की पड़ताल की गई तो सच्चाई सामने आई। हालांकि जिम्मेदारों का कहना है कि सुविधा उपलब्ध है, मरीजों को इसका लाभ लेना चाहिए।

मरीजों को स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर लाभ मिले इसके लिए स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाई जा रही है। ओपीडी पर्ची के लिए मरीज काउंटर पर घंटों लाइन लगाकर खड़े होते थे। इससे उन्हें निजात मिले। इसके लिए पर्ची और ऑनलाइन अप्वाइंटमेंट की सुविधा कर दी गई है। जिला अस्पताल से माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज में संबद्ध होने के बाद लखनऊ के राम मनोहर लोहिया,केजीएमयू, एसजीपीजीआई की तर्ज पर ऑनलाइन सुविधा शुरू की गई है। लेकिन मरीजों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है।

हालत यह है कि ऑनलाइन पर्ची वाले काउंटर मरीजों की लंबी कतार लगी रहती है। जल्द पर्ची मिले और चिकित्सक के पास पहुंचकर दिखाएं इसके लिए मरीज जद्दोजहद में लगे रहते हैं। शुक्रवार को मेडिकल कालेज में लाइन लगाये जोगिया निवासी रमेश से पूछा गया कि जब ऑनलाइन नंबर की सुविधा है तो फिर क्यों लाइन में लगे हो। उसका जवाब था कि उसे पता ही नहीं है कि ऑनलाइन नम्बर कैसे लगता है। जानकारी देनी चाहिए तभी तो मरीज को पता चलेगा। सब कहने के लिए है, व्यवस्था कभी नहीं बदलेगी। एक अन्य मरीज रामहित ने कहा कि इनकी ऑनलाइन व्यवस्था भी ध्वस्त है। आभा एप पर ऑनलाइन पर्ची मिलने की बात करते हैं। लेकिन क्यूआर कोड स्कैन करने और पर्ची लेने में आधा घंटा से अधिक का वक्त लग जाता है। इससे पहले तो लाइन लगाकर पर्ची मिल जाएगी। बताते हैं कि लगभग 85 प्रतिशत मरीज ऑनलाइन व्यवस्था से अनजान हैं। इसलिए लाइन लगाने को विवश हैं।

डॉक्टरों के कक्ष में लगे हैं कम्प्यूटर

मेडिकल कॉलेज की ओपीडी में सभी चिकित्सकों को ऑनलाइन दवा और जांच लिखने के लिए हर चिकित्सक के कक्ष में नेट से लैस कंप्यूटर लगा है। 15 से अधिक सेट लगे एक साल से अधिक का वक्त गुजर चुका है। ऑनलाइन जांच और दवा लिखने की प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाई है। इसका उद्देश्य था कि मरीजों का सारा ब्यौरा ऑनलाइन रहे।

लोगों को किया जा रहा जागरूक

एप पर ऑनलाइन नंबर लगता है। इस एप के बारे में लोगों को जागरूक किया जा रहा है। ओपीडी में लगे कंप्यूटर पर जल्द ही काम शुरू होगा। कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। जो सुविधाएं हैं, उसमें मरीजों को बेहतर इलाज किया जा रहा है।

-डॉ. एके झा, प्राचार्य माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज

पौधों के रोगों का कारण है फाइटोप्लाज्मा

गोरखपुर

अमृत विचार। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अंतर्गत संचालित संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में शुक्रवार को अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विवि में वनस्पति विज्ञान विभाग की सहायक आचार्य डॉ. स्मृति मल्ल ने बताया कि फाइटोप्लाज्मा दुनियाभर में सैकड़ों पौधों की बीमारियों का कारण बनता है। इससे कई फलदार और औषधीय गुणों वाले पौधे भी नष्ट हो रहे हैं। इन पौधों को संरक्षित करने की आवश्यकता है। डॉ. मल्ल ने कहा कि घास, जड़ी-बूटियों और झाड़ियों से लेकर उच्च पौधों तक फाइटोप्लाज्मा रोगग्रस्त पौधे में अपने अलग-अलग विशिष्ट लक्षणों के लिए जाना जाता है। उन्होंने बताया कि आज फाइटोप्लाज्मा की पहचान के लिए नवीन तकनीकियां आ गई हैं जिन्हें अपनाकर इससे होने वाली बीमारियों से पौधों को बचाया जा सकता है। डॉ. मल्ल ने माइक्रोबायोलॉजी के क्षेत्र में करियर डेवलपमेंट से जुड़ी जानकारियां भी विद्यार्थियों संग साझा की। विषय विशेषज्ञ वक्ता का स्वागत करते हुए संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. सुनील कुमार सिंह ने कहा कि माइक्रोबायोलॉजी के क्षेत्र में हो रहे कार्यों से अवगत कराने के लिए संकाय छात्रों के लिए नियमित तौर पर कार्यक्रमों का आयोजन करता है।

छात्र-छात्राओं को संबोधित करतीं डॉ. स्मृति मल्ल। अमृत विचार

अपनी ढपली अपना राग

उत्तर प्रदेश में दो शहजादों की जोड़ी आई है। उनके फिल्म की शूटिंग चल रही है, दोनों की फिल्म पहले ही फ्लॉप हो चुकी है।

– नरेन्द्र मोदी

कांग्रेस हो, सपा हो या बसपा, यह देश की समस्या की जड़ हैं भारतीय जनता पार्टी समाधान का नाम है।

– योगी आदित्यनाथ

चुनावी बांड स्कीम भी भाजपा ही लेकर आई। वे इसे गोपनीय रखना चाहती थी, सुप्रीम कोर्ट ने सार्वजनिक कर दी।

– प्रियंका गांधी

वो करे तो रासलीला और हम करें तो कैरेक्टर ढीला, क्या सपा, बसपा, कांग्रेस पलटू राम नहीं।

– ओम प्रकाश राजभर

सत्ता पक्ष चाहे जो करे, नुक्कड सभाएं बिना परमिशन कर सकता है। लेकिन, विपक्ष नहीं।

–आदित्य यादव

अब हमारे समाज की नाराजगी दूर हो गई है और हम लोग भारतीय जनता पार्टी के साथ ही हैं।

– संगीत सोम

अगड़े-पिछड़े-मुस्लिम को साथ लेकर दिल्ली नापने निकला हाथी

ताजा राजनीतिक हालात में कांग्रेस के बाद बसपा की स्थिति जीत हार से कहीं ज्यादा भविष्य के लिए मैदान में टिके रहने की भी

मायावती ने क्षेत्रीय समीकरण और विपक्ष के उम्मीदवार को देखकर किया टिकटों का बंटवारा, चुनावी संघर्ष को बनाया त्रिकोणीय

अजय दयाल, लखनऊ

अमृत विचार। बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती ने जब इंडिया गठबंधन में शामिल होने की चर्चाओं को सिरे से नकारा था तो आरोप लगा कि बसपा प्रमुख या तो भाजपा के दबाव में हैं या फिर उनकी मंशा साथ देने की है। हालांकि मायावती ने क्षेत्रीय सामाजिक गणित और विपक्ष के उम्मीदवार को देखकर जिस तरह टिकटों का बंटवारा किया है, उससे तमाम सीटों पर उन्होंने एनडीए बनाम इंडिया के संघर्ष को त्रिकोणीय बना दिया।

बसपा के उप्र. में टिकटों के वितरण को देखें तो साफ नजर आता है कि पार्टी का प्रयास वोट काटने के बजाय अपनी विजय का है। इसलिए टिकट बंटवारे में जाति धर्म की कोई सीमा तय नहीं की गयी है। कोशिश इस बात की गई है कि बसपा से मैदान में आने वाला उम्मीदवार मजबूती से चुनाव लड़ सके।

रणनीति के मुताबिक बसपा ने पहले सपा-कांग्रेस और भाजपा के उम्मीदवारों का इंतजार किया। इसके बाद पार्टी ने ऐसे प्रत्याशियों को उतारा कि वह उप्र. की चुनावी लड़ाई में बराबर से टक्कर लेती दिखें।

दरअसल, ताजा राजनीतिक हालातों में कांग्रेस के बाद बसपा की स्थिति जीत हार से कहीं ज्यादा भविष्य के लिए मैदान में टिके रहने की भी है। उप्र. की जाटव जाति पूरी तरह से बसपा को समर्पित मानी जाती है। इनकी संख्या लगभग 12 प्रतिशत के आसपास हैं। हालांकि पश्चिमी उप्र. में चंद्रशेखर रावण की आजाद समाज पार्टी के चुनावी मैदान में आने से इस वोटबैंक को विकल्प तो मिला है। नगीना में सपा, भाजपा को टक्कर देने के लिए खुद चंद्रशेखर मैदान में भी हैं।

ऐसे में पश्चिमी उप्र. में जाटव जाति के वोटर कहीं विकल्प पाकर बसपा से छिटक न जाएं इसलिए मायावती के भतीजे और पार्टी के नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद खुद नगीना पर पैनी नजर बनाएं हुए हैं। असल में, चंद्रशेखर और उनके समर्थक सवर्णों से सीधे संघर्ष की बात करते हैं, इसलिए इस जाति के युवाओं को आकर्षित करते हैं। अंबेडकर जयंती का मौका हो या फिर दूसरी जातियों से मुकाबला करने की नौबत, इस जाति के युवा चंद्रशेखर की भीम आर्मी के बैनर तले गोलबंद हो जाते हैं। लेकिन ऐसी गोलबंदी का संदेश यह नहीं कि, इनकी जाति का वोट भी चंद्रशेखर के पाले में ही जाएगा।

बहरहाल, बसपा ने जहां इस बार अपने वोटबैंक को बचाने की नीयत रखी है वहीं, पार्टी दूसरी जातियों और मुसलमानों को भी साधने की कोशिश में है। उदाहरण के तौर पर मेरठ की सीट पर जहां भाजपा ने वैश्य समाज से आने वाले अरुण गोविल को टिकट दिया तो बसपा ने भी त्यागी उम्मीदवार पर दांव लगाया। यहां से बसपा उम्मीदवार देवव्रत त्यागी हैं और इस सीट पर त्यागी मतदाताओं का खासा प्रभाव है। इसी तरह जौनपुर से बसपा ने श्रीकला सिंह को टिकट दे दिया है जो कि इस क्षेत्र में बाहुबली नेता समझे जानेवाले धनंजय सिंह की पत्नी हैं। धनंजय सिंह का जौनपुर क्षेत्र में प्रभाव है। वह यहां से चुनाव लड़ने को तैयार थे लेकिन ऐन मौके पर एक पुराने केस में उनको सजा हो गयी। ऐसे में बसपा ने धनंजय सिंह की पत्नी को टिकट देकर इस सीट पर अपनी दावेदारी मजबूत कर दी।

अकेले कदम बढ़ा रहा हाथी किस पर पड़ेगा भारी

बसपा की एक और चुनावी रणनीति पर गौर करें तो पार्टी ने जहां मुस्लिम मतदाता ज्यादा हैं और उम्मीदवार हिन्दू है वहां पार्टी की ओर से मुस्लिम कार्यकर्ता, नेता नियुक्त किये हैं। ताकि मुस्लिम मतदाताओं को आकर्षित किया जा सके। ऐसा भी नहीं है कि मायावती की नजर में सिर्फ दलित या मुस्लिम वोटर ही हैं। हालांकि बसपा नेत्री मायावती सोशल इंजीनियरिंग की महारथी हैं लेकिन संभवत: यह पहला मौका है जबकि, बसपा में टिकट देते समय केवल अपने कोर वोटर्स और उम्मीदवार के धन को ही ध्यान में नहीं रखा गया है बल्कि हर एक सीट पर मंथन हुआ लगता है। इस जमीनी तैयारी के मद्देनजर देखना यह होगा कि अकेले आगे कदम बढ़ा रहा बसपा का हाथी किस पर भारी पड़ने वाला है।

बसपा की पुरानी चाल बनी राजनीतिक गलियारों में चर्चा

लखनऊ। बसपा ने साल 2007 के विधानसभा चुनाव में सोशल इंजीनियरिंग कर अप्रत्याशित रूप से सत्ता हासिल की थी। 2009 में इसी के सहारे उप्र से 20 सांसद चुने गए थे और पूर्वांचल से पांच सांसद दिल्ली पहुंचे थे। अब एक बार फिर बसपा ने इसी फार्मूले पर लोस चुनाव में बराबर की टक्कर देने को लालायित है। अभी तक जिन सीटों पर प्रत्याशी दिए हैं, उसमें तीन अगड़े, पांच पिछड़े, एक मुस्लिम और एक एससी-एसटी का प्रत्याशी शामिल है। राजनीतिक गलियारों में बसपा के चाल की इसीलिए चर्चा है कि पार्टी का इससे अगड़े-पिछड़े-मुस्लिम मतदाताओं में एकजुटता का संदेश जा रहा है।

भाजपा बहुमत से एक बार फिर वापसी करेगी: पाठक

लखनऊ। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने शुक्रवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि पहले चरण का चुनाव समाप्त हुआ है, वोटिंग के रुझान बता रहे हैं कि भाजपा प्रचंड बहुमत से एक बार फिर वापसी करने जा रही है। जनता जनार्दन को मोदी के नेतृत्व के प्रति अपना अपार समर्थन देने के लिए हृदय से आभार। मतदान के समय जनता जनार्दन का उत्साह देखने के लायक़ था। भाजपा पहले चरण की सभी आठ सीटों को भारी अंतर से जीत रही है क्योंकि गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति का समर्थन भाजपा के पक्ष में है।

पिछले रिकार्ड को तोड़ने का समय आ गया: मौर्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को उन्नाव एवं लखीमपुर खीरी में बूथ अध्यक्ष सम्मेलनों को संबोधित करते हुए कहा कि अब पिछले रिकार्ड को तोड़ने का समय आ गया हैं। उन्होंने कहा 2024 का लोकसभा चुनाव भारत को 100 वर्ष आगे ले जाएगा। यह चुनाव विकसित भारत का चुनाव है। विपक्षी इंडी पार्टनर्स को फिर से घर बैठाने का समय आ गया है। जनता को मोदी पर भरोसा है, इसलिए प्रदेश की सभी 80 सीटों पर कमल खिलेगा।

इंडी गठबंधन के झूठे प्रचार को जनता ने नकारा दिया: चौधरी

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने शुक्रवार को कहा कि लोकसभा चुनाव में प्रथम चरण के मतदान के रुझानों से स्पष्ट है कि हाथ और साइकिल चारों खाने चित हो चुके हैं। उन्होंने कहा प्रथम चरण में हुए मतदान के बाद उत्तर प्रदेश की सभी 8 सीटों पर कमल खिल चुका है। सपा और इंडी गठबंधन के झूठे प्रचार को जनता ने नकार दिया है। आम चुनाव 2024 की शुरुआत में ही इनके गठबंधन की हवा निकल गई है। इनके वादे और घोषणाएं सब झूठे और बेबुनियाद हैं। वो चाहे जिस डॉक्टर को ले आएं, लेकिन सपा गठबंधन का अब किसी डॉक्टर के पास कोई इलाज नहीं है।

बस्ती में बसपा प्रत्याशी के उतारे जाने से बढ़ी चुनावी सरगर्मी

साल 2014 और साल 2019 के चुनावों में लगातार विजयी होने वाली भाजपा तीसरी बार भी यहां से जीत को प्रयासरत है

बस्ती में सपा-कांग्रेस से राम प्रसाद चौधरी, भाजपा से हरीश द्विवेदी और बसपा से दयाशंकर मिश्र हैं उम्मीदवार

चुनाव डेस्क, लखनऊ

अमृत विचार: बस्ती वो धरती है जहां पर महर्षि वशिष्ठ का आश्रम हुआ करता था। ऐसे में प्राचीन भारत में इस भूमि को ''वैशिष्ठी'' के नाम से भी जाना जाता है। राजा कल्हल के द्वारा इस जगह का नाम बस्ती रखा गया था। लोकसभा सीट की बात करें तो साल 2014 और साल 2019 के चुनावों में लगातार विजयी होने वाली भाजपा तीसरी बार भी यहां से विजयी होने को प्रयासरत है। हालांकि विपक्ष भी यहां पूरी तैयारी से है।

बस्ती लोकसभा सीट में 5 विधानसभा सीट (हरैया, कप्तानगंज, रुधौली, बस्ती सदर और महादेवा) हैं। पांच विधानसभा सीटों में से तीन पर सपा का कब्जा है और एक पर 2022 में उसी की गठबंधन पार्टी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के पास है। एक सीट ही भाजपा के है। कई विरोधाभासों अपने समाए हुए बस्ती सीट पर 2024 लोस चुनाव में कड़ी टक्कड़ होने वाली है।

दरअसल, यहां भाजपा और सपा-कांग्रेस के संयुक्त प्रत्याशी के मुकाबले बसपा ने पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष दयाशंकर मिश्रा को अपनी पार्टी में शामिल कर यहां से लोस चुनाव का टिकट भी थाम दिया है। 35 साल से भाजपा में सक्रिय दयाशंकर के हाथी पर सवार होकर मैदान में आने से चुनावी मुकाबला दिलचस्प हो गया है।

किस करवट बैठेगा चुनावी ऊंट

फिलहाल मौजूदा लोस चुनाव के लिए बसपा द्वारा दयाशंकर मिश्र को प्रत्याशी बनाने ऐलान से ही चुनाव में सरगर्मी बढ़ गई है। बस्ती में अभी तक सपा-कांग्रेस गठबंधन द्वारा राम प्रसाद चौधरी, भाजपा से हरीश द्विवेदी के नाम का ऐलान हुआ था। तीसरे प्रत्याशी के तौर पर दयाशंकर की इंट्री ने चुनाव को रोचक बना दिया है। अब यह देखना दिलचस्प होगा इस बार चुनावी ऊंट किस करवट बैठेगा। राजनीतिक जानकार यह भी कह रहे हैं कि बसपा के इस चाल का सपा को फायदा हो सकता है। दावा किया जा रहा है कि जब दो ब्राह्मण मैदान में उतरेंगे तब फायदा तीसरे को हो सकता है। हालांकि यह समीक्षा अटकलबाजी तक ही सीमित हैं। बस्ती में 25 मई को मतदान है और 4 जून को मतगणना होगी। परिणाम ही बताएंगे कि किस दल का पलड़ा भारी रहा।

प्रदेश का सातवां सबसे बड़ा जिला

बस्ती क्षेत्रफल की नजर से उत्तर प्रदेश का सातवां सबसे बड़ा जिला है। दलित, ब्राह्मण, क्षत्रिय, कुर्मी और मुस्लिम बहुल इस क्षेत्र में अन्य पिछड़ा वर्ग के मतदाता निर्णायक माने जाते हैं। एक अनुमान के मुताबिक क्षेत्र में करीब 5 .98 लाख सवर्ण, 6 .20 लाख ओबीसी, 4 .30 लाख अनुसूचित जाति और 1 .83 लाख मुस्लिम हैं। 2019 में कुल मतदाता 18,31,666 रहे। इनमें 990184 पुरुष, 841345 महिला और 137 थर्ड जेंडर के मतदाता थे। 2011 की जनगणना के मुताबिक बस्ती की आबादी 24,64,464 है।

हरीश द्विवेदी

दयाशंकर मिश्र

लोकसभा सीट का इतिहास

देश की आजादी के बाद बस्ती में 1952 में पहली बार लोकसभा चुनाव हुए थे। उस चुनाव में हर तरफ कांग्रेस ही कांग्रेस थी। कोई अन्य दल मुकाबले में दिखता नहीं था। पहले चुनाव में यहां से उदय शंकर दुबे ने जीत हासिल की थी। 1957 में हुए दूसरे चुनाव में निर्दल उम्मीदवार के तौर पर रामगरीब विजयी रहे। 1957 में ही हुए उपचुनाव और 1962 में हुए चुनाव में कांग्रेस ने फिर इस सीट पर कब्जा किया। केशव देव मालवीय यहां से विजयी रहे। 1967 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के शिवनारायण और 1971 में अनंत प्रसाद धूसिया ने विजय पायी। 1977 में हुए चुनाव में भारतीय लोकदल के टिकट पर शिवनारायण जीते। 1980 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (इंदिरा) के प्रत्याशी कल्पनाथ सोनकर ने जीत हासिल की। 1984 में भी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के उम्मीदवार रामअवध प्रसाद जीते। इसके बाद 1989 में जनता दल के टिकट पर कल्पनाथ सोनकर ने विजयी रहे। रामजन्मभूमि आंदोलन के दौरान 1991 में पहली बार भाजपा ने यहां कमल खिलाया। इसके बाद लगातार 1996, 1998 और 1999 में भाजपा प्रत्याशी ही यहां से विजयी होते रहे। फिर आया 2004 का चुनाव। इस बार बसपा के लालमणि प्रसाद ने जीत हासिल कर ली। 2009 के चुनाव में भी बसपा ने सीट पर अपना कब्जा बनाए रखा। इस बार अरविंद कुमार चौधरी यहां से सांसद बने। 2014 में मोदी लहर में एक बार फिर इस सीट पर भगवा लहराया। हरीश द्विवेदी ने जीत हासिल की जिसे 2019 में भी बरकरार रखा। हरीश द्विवेदी वर्तमान में भाजपा के राष्ट्रीय सचिव हैं। उनके मुकाबले में पिछली बार बसपा से लड़कर दूसरे नंबर पर रहे वरिष्ठ नेता रामप्रसाद चौधरी अब सपा में हैं। सपा की तरफ से भी रामप्रसाद को राष्ट्रीय सचिव का जिम्मा है।

आईना : बस्ती लोकसभा सीट

2019 के चुनाव का लेखा जोखा

उम्मीदवार	वोट
हरीश द्विवेदी	471,163
राम प्रसाद चौधरी	4,40,808
राज किशोर सिंह	86,920



2014 में किसको कितने वोट



दल	उम्मीदवार	वोट
भाजपा	हरीश द्विवेदी	3,57,680
सपा	बृजकिशोर सिंह "डिम्पल"	324,118
बसपा	राम प्रसाद चौधरी	283,747
कांग्रेस	बसंत चौधरी	27,673

निर्वाचित सांसद

वर्ष	सदस्य	दल
1951	उदय शंकर दुबे	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1957	राम गरीब	स्वतंत्र राजनीतिज्ञ
1957,62	केशव देव मालवीय	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1967	शेओ नारायण	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1971	अनंत प्रसाद धूसिया	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1977	शेओ नारायण	जनता पार्टी
1980	कल्पनाथ सोनकर	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1984	राम अवध प्रसाद	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1989	कल्पनाथ सोनकर	जनता दल
1991	श्याम लाल कमल	भारतीय जनता पार्टी
1996,98 व99	श्रीराम चौहान	भारतीय जनता पार्टी
2004	लाल मणि प्रसाद	बहुजन समाज पार्टी
2009	अरविन्द कुमार चौधरी	बहुजन समाज पार्टी
2014 व 19	हरीश द्विवेदी	भारतीय जनता पार्टी

2014 नोटा 10,168 | 2019 नोटा 10,298

2009 चुनाव के आंकड़े

दल	उम्मीदवार	वोट
बसपा	अरविन्द कुमार चौधरी	2,68,666
सपा	राज किशोर सिंह	1,63,456
भाजपा	डॉ. वाईडी सिंह	1,17,259
कांग्रेस	बसंत चौधरी	95,235



2024

कुल मतदाता	-1831996
पुरुष मतदाता	- 991527
महिला मतदाता	- 840331

जनता के सवालों पर क्यों मौन हैं प्रधानमंत्री: अजय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनता के सवालों पर क्यों मौन रहते हैं। अमरोहा लोकसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री की चुनावी सभा पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और मोदी सरकार अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए धर्म का सहारा लेती है, आज एक बार फिर पीएम मोदी वही पुरानी स्क्रिप्ट पढ़ते नजर आए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री अपने हर भाषण में देश की भोली-भाली जनता को छलते हैं।

चुनाव प्रचार में रालोद ने शुरू की शक्ति रथ यात्रा

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

अमृत विचार। पश्चिम उप्र. में रालोद और एनडीए प्रत्याशियों को भारी बहुमत से जिताने के लिए रालोद ने शुक्रवार से शक्ति रथ यात्रा शुरू की है। पहले दिन रालोद प्रमुख जयंत चौधरी की पत्नी चारू चौधरी ने रथ पर बैठकर बागपत लोकसभा सीट में सिवालखास विधानसभा में जनसंपर्क किया है।

रालोद प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने बताया कि पश्चिम उप्र. में रालोद का जनाधार है, मतदाताओं के बीच रालोद के प्रमुख जयंत चौधरी समेत सभी पदाधिकारी जनसंपर्क लगातार जारी है। अधिक से अधिक मतदाताओं के बीच पहुंचने के लिए शक्तिरथ यात्रा शुरू की गई है, इसके लिए माध्यम से हर दिन एक विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क किया जायेगा। सुबह सिवालखास नगर पुल से चारू चौधरी ने यात्रा शुरू की जो कि शाम सात बजे दबुथवा में संपन्न हुई।

हाईटेक चुनाव प्रचार, ज्यादा लोगों तक पहुंचने की कोशिश

झंडा, बैनर, पोस्टर, बिल्ला आदि का मंदा हो गया कारोबार

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

अमृत विचार : वक्त गुजरने के साथ ही परंपरागत चुनाव प्रचार अभियान की तस्वीर भी बदल गई है। जनता के साथ नेताजी भी खुद को हाईटेक बनकर सोशल मीडिया पर चुनाव प्रचार कर रहे हैं।

डेढ़ दशक पहले तक उम्मीदवार वोटरों के बीच अपनी बात पहुंचाने के लिए पार्टी का झंडा और भोंपू (लाउडस्पीकर) लगे वाहन से गांव की गलियों में धूल फांकते थे। प्रचार-प्रसार के लिए हैंडबिल, पोस्टर, बैनर के साथ धुआंधार नारेबाजी होती थी। पर अब सब कुछ बदल गया है।

सीमित समय में मतदाताओं तक पहुंचना नामुमकिन होता है। लिहाजा हाईटेक तरीके से प्रचार किया जा रहा है। नेताओं ने भी सोशल मीडिया को प्रचार के लिए बेहतर प्लेटफार्म मान लिया है। हर नेता मोबाइल के जरिए सोशल मीडिया से जुड़कर दिन भर जनता के बीच रहना पसंद कर रहा है।

फेसबुक, ह्वाट्सएप, ट्यूटर, इंस्टाग्राम प्रचार सामग्री से पटे पड़े हैं। जिले में तकरीबन सभी उम्मीदवार और उनके समर्थक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल अपनी बात रखने और विपक्षियों के आरोपों का जवाब देने में कर रहे हैं।

उम्मीदवारों की मानें तो सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार करना काफी सस्ता है। इसमें नाम मात्र का ही खर्च आता है। उम्मीदवार अपने प्रचार के लिए भले ही हर घर और हर मतदाता तक स्वयं न पहुंच पाएं। लेकिन उनकी बात ऑडियो वीडियो या लिखित संदेश के जरिए वोटरों के मोबाइल फोन तक जरूर पहुंच रही है। यही नहीं राजनीतिक दल और उनकी नीतियां तथा सूचनाओं को आम जनता तक पहुंचाने के लिए अपन-अपने मोबाइल एप भी रखते हैं। उम्मीदवारों का मानना है कि युवा वर्ग सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहते हैं।

रिझाने का प्रयास

- **नेताजी भी खुद हाईटेक बनकर सोशल मीडिया पर कर रहे हैं चुनाव प्रचार**

पोस्टर नहीं रील्स की बढ़ी मांग

चुनाव में प्रत्याशी डिजिटल कैंपेनिंग पर काम कर रहे हैं। वैसे भी अब मीम्स और डिजिटल पोस्टर का जमाना है। इसी की मांग बाजार में है। प्रत्याशियों की ओर से रील्स की सबसे ज्यादा डिमांड है। ऐसे में चुनावी सभा और रैलियों की रील्स में नए प्रयोग कर तैयार किया जा रहा है। बात अगर पोस्टर, बैनर, बिल्ला व झंडे. आदि की करें तो इसका कारोबारा करीब 40 फीसदी तक घट गया है।

चौथे चरण के लिए छह प्रत्याशियों ने किया नामांकन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ। चौथे चरण की 13 लोकसभा सीटों के लिए शुक्रवार को छह प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इन सीटों पर अब तक 12 प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं। नामांकन पत्र भरने की अंतिम तारीख 25 अप्रैल निर्धारित है। 13 मई को मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि शाहजहांपुर (अजा) में एक, धौरहरा में दो, उन्नाव में दो व इटावा (अजा) में एक प्रत्याशी ने नामांकन किया। शाहजहांपुर (अजा) लोकसभा सीट के लिए सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी से प्रेमचन्द्र ने नामांकन पत्र भरा। धौरहरा सीट के लिए दो नामांकन पत्र भरे गये, इसमें पॉलिटिकल जस्टिस पार्टी से राजेश कुमार व निर्दलीय प्रत्याशी में नर सिंह शामिल हैं। उन्नाव लोकसभा सीट के लिए दो नामांकन पत्र भरे गये, इसमें शिव प्रकाश सिंह व उमेश निर्दलीय प्रत्याशी शामिल हैं। इटावा (अजा) लोकसभा सीट के लिए समाजवादी पार्टी से जितेन्द्र कुमार ने नामांकन पत्र भरा।

चुनावी चक्कर

- **सोशल मीडिया फिर दिखीं पोलिंग ऑफिसर रीना :** अगर चुनाव चल रहा हो तो पोलिंग ऑफिसर रीना द्विवेदी का भी सुर्खियों में आना तय मानिए। बीते कई चुनाव से रीना द्विवेदी अपने पहनावे और पर्सनालिटी के कारण खासकर सोशल मीडिया पर छा जातीं हैं। जी हां, वही पीली साड़ी वाली पोलिंग ऑफिसर जो साल 2019 के लोकसभा चुनाव की ड्यूटी के दौरान चर्चा में आयीं थीं। दरअसल, पीली साड़ी वाली मैडम रीना द्विवेदी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वो पोलिंग बैग हाथ में लिए अपने अंदाज में चलती हुई नजर आ रही है। साथ ही संदेश लिखा है कि, पहले मतदान, फिर जलपान। हालांकि इस बार वह गुलाबी रंग की साड़ी में हैं।
- **मुस्लिम महिला कर्मचारियों की तैनाती :** पश्चिमी उत्तर प्रदेश मतदान के दौरान कई रोचक दृश्य भी सामने आए। कई मतदान केंद्रों पर तो सुबह 7 बजे से पहले ही चहल-पहल नजर आने लगी। इसमें वोटर्स भी पहुंचे दिखे। खासकर पहली बार मताधिकार का प्रयोग कर रहे वोटर्स का उत्साह देखते बना। इस बीच कुछ क्षेत्रों में फर्जी मतदान को रोकने के लिए मुस्लिम महिला कर्मचारियों को बुर्का पहनाकर तैनात किया गया था। ये महिला कर्मचारी मतदान के लिए आने वाली बुर्कानशीं मतदाताओं का हिजाब उठाकर आईडी पर लगे फोटो से उनका मिलान कर रही हैं। दरअसल, बुर्के की आड़ में फर्जी मतदान की खबरें हर चुनाव में आती रही हैं, इसलिए ऐसी सतर्कता बरती गई।

राज्य में दूसरे चरण में 26 अप्रैल को डाले जाएंगे वोट, पिछली बार कांग्रेस ने कुल 20 में 15 सीटें जीत ली थीं

डबल डिजिट के फेर में फंसा केरल

मनोज त्रिपाठी

केरल में लोकसभा चुनाव के लिए दूसरे चरण में 26 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। यहां लोकसभा और विधानसभा चुनाव प्रमुख रूप से दो गठबंधनों के बीच तय होता है। कांग्रेस की अगुवाई में यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) और वामपंथी दलों का माकपा की अगुवाई में बना लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट है। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस यहां सबसे बड़ी पार्टी के रूप में सामने आई थी। यह राहुल गांधी के राज्य की वायनाड सीट से चुनाव लड़ने का असर था कि कांग्रेस को केरल की कुल 20 में 15 सीटों पर जीत हासिल मिली थी। इसके मुकाबले सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) केवल एक सीट जीत सकी थी। इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग ने दो सीटें जीती थी। कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (भाकपा) को एक सीट मिली थी। भाजपा ने करीब 13 फीसदी वोट लेकर चौंकाया था, लेकिन इसके बावजूद पार्टी कोई भी सीट जीतने में सफल नहीं हो सकी थी। कांग्रेस इस बार अपना पिछला प्रदर्शन दोहराना चाहती है, तो भाजपा के साथ ही वामपंथी गठबंधन डबल डिजिट में सीटें जीतने की उम्मीद लगा रहा है।

इस बार के लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय स्तर पर बने इंडिया गठबंधन में वामपंथी दल कांग्रेस के साथ हैं, लेकिन पश्चिम बंगाल की तरह केरल में तस्वीर पुरानी ही है। केरल में वामपंथी दल और इंडिया गठबंधन अलग-अलग चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा इस बार मिशन-400 का लक्ष्य पाने के लिए केरल में वोट प्रतिशत बढ़ाने के साथ कम से कम तीन या चार सीटें जीतने की तरफ देख रही है। यही वजह है कि बीते कुछ समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आधा दर्जन बार राज्य का दौरा कर चुके हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रहे एके एंटनी के बेटे अनिल एंटनी भाजपा में शामिल हो चुके हैं। 2019 के चुनाव को गठबंधन की सफलता के आधार पर देखें तो यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) ने राज्य में 20 में से 19 सीटें जीती थीं, जबकि लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट की तरफ से माकपा सिर्फ अलप्पुझा सीट पर जीत हासिल कर पाई थी।

कांग्रेस-भाजपा की परीक्षा

13% वोट लेकर भी भाजपा रह गई थी खाली हाथ

- लेफ्ट गठबंधन में माकपा को मिली थी सिर्फ एक सीट

अनिल एंटनी को उतार भाजपा का ईसाई समाज को साधने का प्रयास

- केरल में डबल डिजिट में सीटें जीतने का दावा कर रही भाजपा ने हर सीट पर मजबूत प्रत्याशी उतारे हैं। पथानामथिट्टा से कद्दावर कांग्रेस नेता एके एंटनी के पुत्र अनिल एंटनी को उतार कर पार्टी ने राज्य के ईसाई समुदाय को साधने का प्रयास किया है। अनिल को भाजपा ने राष्ट्रीय सचिव और प्रवक्ता बनाया है। 2019 में इस सीट से कांग्रेस के एंटो एंटनी जीते थे। इस बार भी वह कांग्रेस उम्मीदवार हैं, जबकि लेफ्ट गठबंधन ने पूर्व वित्त मंत्री थॉमस इसाक पर दांव लगाया है।

तिरुवनन्तपुरम में केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर और शशि थरूर के बीच जंग हुई दिलचस्प

- केरल की राजधानी तिरुवनन्तपुरम लोकसभा सीट पर केंद्रीय इलेक्ट्रनिक्स और आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर को भाजपा ने दिग्गज कांग्रेस नेता शशि थरूर के खिलाफ मैदान में उतारा है। शशि थरूर 2019 में इस सीट पर जीत की हैट्रिक लगा चुके हैं। तिरुवनन्तपुरम में भाजपा ने पिछले कुछ वर्षों में अपनी जड़ें तेजी से मजबूत की हैं। इसी का परिणाम है कि 2019 के चुनाव में यहां कांग्रेस और भाजपा में सीधा मुकाबला हुआ था। वामपंथी गठबंधन से उतरा भाकपा का प्रत्याशी तीसरे स्थान पर चला गया था। 2019 में कांग्रेस के शशि थरुर को 4,16,131 वोट मिले थे। भाजपा के कुम्मन राजशेखरन ने 3,16,142 वोट लेकर उन्हें सीधी चुनौती दी थी। इस बार माना जा रहा है कि शशि थरूर को यहां केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर कड़ी टक्कर दे रहे हैं, इन दोनों की लड़ाई में वरिष्ठ भाकपा नेता पूर्व सांसद पन्नयन रवींद्रन तीसरा कोण बना रहे हैं।

त्रिशूर में कांग्रेस नेता मुरलीधरन त्रिकोणीय मुकाबले में फंसते नजर आ रहे

- तीन हाई-प्रोफाइल उम्मीदवारों के कारण त्रिशूर लोकसभा सीट पर भी मुकाबला रोचक हो गया है। कांग्रेस ने यहां से अपने दिग्गज नेता रहे के करुणाकरन के पुत्र के .मुरलीधरन को मैदान में उतारा है। मुरलीधरन वर्तमान में कोझिकोड जिले की वडकारा लोकसभा सीट से सांसद हैं। वह चार बार सांसद और दो बार विधायक रह चुके हैं। त्रिशूर में मुरलीधरन का मुकाबला अभिनेता से नेता बने भाजपा उम्मीदवार सुरेश गोपी और भाकपा प्रत्याशी पूर्व कृषि मंत्री वीएस सुनील कुमार से है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनवरी में सुरेश गोपी के लिए ही त्रिशूर से एनडीए का चुनाव अभियान शुरू किया था। उधर, भाकपा के वीएस सुनील कुमार इस लोकसभा क्षेत्र में जाना-पहचाना चेहरा हैं। मुरलीधरन त्रिशूर को अपना गृह जनपद होने का हवाला दे रहे हैं। इस सीट पर 2019 में कांग्रेस के टीएन प्रतापन ने भाकपा के राजाजी मैथ्यू थॉमस को 93,633 वोटों से हराया था।

2019 में किसको कितनी सीटें और मत प्रतिशत

दल	सीट	प्राप्त वोट	मत प्रतिशत
कांग्रेस	15	7596610	37.3
आईयूएमएल	02	1111697	5.5
केरल कांग्रेस (एम)	01	421046	2.1
आरएसपी	01	499677	2.5
माकपा	01	5270241	25.9
भाकपा	00	1233886	6.1
भाजपा	00	2635810	12.9
अन्य	00	1616249	7.9

2014 के चुनाव में दलीय जनादेश

दल	सीट	प्राप्त वोट	मत प्रतिशत
कांग्रेस	08	5590285	31.1
आईयूएमएल	02	816226	4.5
केरल कांग्रेस (एम)	01	424194	2.4
आरएसपी	01	408528	2.3
माकपा	00	11070	0.1
भाकपा	01	1364010	7.6
भाजपा	00	1856796	10.3
अन्य	07	7504786	41.7

अलाप्पुझा से दो बार के सांसद रहे वेणुगोपाल के सामने माकपा से सीट वापस छीनने की चुनौती

इस बार अलाप्पुझा की सीट माकपा से छीनने के लिए कांग्रेस ने अपने दिग्गज और एआईसीसी महासचिव केसी वेणुगोपाल को मैदान में उतार दिया है। वेणुगोपाल वर्ष 2009 और 2014 के चुनाव में यहां से दो बार सांसद चुने जा चुके हैं। पिछली बार 2019 में यहां से माकपा के ए एम आरिफ चुनाव जीते थे। उन्होंने नजदीकी मुकाबले में कांग्रेस के शनिमॉल उस्मान को मात दी थी। माकपा प्रत्याशी को 4,45,970 तो कांग्रेस उम्मीदवार को 4,36,496 मत मिले थे। भाजपा के डॉ. एसके राधाकृष्णन 1,54,152 वोट पाकर तीसरे स्थान पर रहे थे। मजे की बात यह है कि इस सीट पर बसपा ने भी चुनाव लड़ा था, लेकिन उसके प्रत्याशी प्रसनाथिभम को सिर्फ 2431 वोट मिले थे। इस बार भाजपा ने अलाप्पुझा सीट से शोभा सुरेंद्रन को मैदान में उतारा है।

राहुल गांधी के लिए इस बार वायनाड में वॉक ओवर नहीं

भाकपा की एनी राजा के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के सुरेंद्रन पेश कर रहे हैं कड़ी चुनौती

आज देश की चर्चित और हॉट लोकसभा सीटों में शुमार वायनाड लोकसभा सीट 2009 में अस्तित्व में आई थी। 2009 और 2014 के लोकसभा चुनावों में यहां से कांग्रेस के एमआई शानवास ने जीत दर्ज की थी। 2019 में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने चुनाव लड़कर वायनाड को हाई प्रोफाइल सीट बना दिया। इस सीट पर मुख्य संघर्ष कांग्रेस और भाकपा में ही होता रहा है। लेकिन इस बार भाजपा ने अपने प्रदेश अध्यक्ष के. सुरेंद्रन को मैदान में उतारकर मुकाबला दिलचस्प बना दिया है। भाकपा के टिकट पर नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन वुमेन की महासचिव और भाकपा की राष्ट्रीय कार्यकारी सदस्य तथा दिग्गज भाकपा नेता डी राजा की पत्नी एनी राजा चुनाव मैदान में हैं। राहुल गांधी पिछले लोकसभा चुनाव में अमेठी में भाजपा की स्मृति इरानी से भले ही हार गए हों, लेकिन वायनाड में उन्होंने बड़ी जीत दर्ज की थी। वायनाड में राहुल गांधी ने कुल पड़े 10,87,783 वोटों में 7,06,367 मत हासिल किए थे। उनके प्रतिद्वंदी पीपी सुनीर को 2,74,597 वोट मिले थे। इस तरह राहुल गांधी ने 4.3 लाख से भी ज्यादा वोटों से जीत का रिकार्ड बनाया था। हालांकि इस बार राहुल गांधी के सामने त्रिकोणात्मक चुनौती नजरआ रही है। भाजपा ने प्रदेश अध्यक्ष के. सुरेंद्रन को मैदान में उतारकर मुकाबला रोचक बना दिया है। सुरेंद्रन 2020 में केरल भाजपा के अध्यक्ष बनने के बाद से लगातार पार्टी को मजबूत करने की कोशिश में लगे हैं। वह अब तक तीन लोकसभा चुनाव लड़े हैं और तीनों में हार का सामना करना पड़ा। इसी तरह सुरेंद्रन ने पांच विधानसभा चुनाव लड़े और सभी में हारे। लेकिन दो मुकाबले कांटे के रहे। इनमें उन्हें मात्र 89 और 745 वोटों से हार का सामना करना पड़ा। वायनाड में तीसरा कोण भाकपा के महासचिव और पूर्व राज्यसभा सांसद डी. राजा की पत्नी एनी राजा बना रही हैं। लेफ्ट गठबंधन ने उनकी जीत के लिए पूरी ताकत भी लगा रखी है।

दक्षिण का दुर्ग जीते बिना कैसे लहराएगा 400 पार का झंडा

महेश शर्मा

अमृत विचार: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नैरेटिव सेट किया, अबकी बार 400 पार और सारा विमर्श इसी के इर्द-गिर्द घूम गया। अब मतदान प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही राजग गठबंधन की सीटें क्या इस बार 400 पार होंगी, इसकी परीक्षा भी शुरू हो गई है। 2019 के चुनाव में दक्षिण भारत 130 सीटों में 29 सीटें भाजपा का बेस्ट प्रदर्शन था। लेकिन बड़ा लक्ष्य निर्धारण करने व उसे प्राप्त करने के लिए जीजान से जुटने में माहिर मोदी का आत्मविश्वास गजब का है। भाजपा थिंक टैंक ने दक्षिण में तमिलनाडु, केरल, आंध्र, तेलंगाना, कर्नाटक व पुडुचेरी में लोकसभा चुनाव जीतने की योजना पर काफी पहले से काम शुरू कर दिया था। तमिलनाडु और केरल में इस बार पार्टी 10 से ज्यादा सीटें जीटने की जुगत में जुटी है। लेकिन भाजपा दक्षिण में मजबूत भाषाई सांस्कृतिक

गौरव को पुशअप करने वाली पार्टियों को तोड़ने में नाकाम रही है, इसके साथ वही वह उत्तर-दक्षिण विभाजन की खाई भी नहीं कम कर पायी। विश्लेषक कहते हैं कि भाजपा की वोट में हिस्सेदारी बढ़ सकती है पर यह सीट बढ़ाने मे कारगर होगी? इसमें संदेह है। भाजपा की पार्टनर रही तमिलनाडु की एआईडीएमके को 2021 के विधानसभा चुनाव में हार के बाद एहसास हो गया कि भाजपा से गठजोड़ करके उसकी द्रविड़ पहचान पर ग्रहण लगा रहा है, तो उसने बीते साल सितंबर 2023 माह में भाजपा से गठबंधन तोड़ दिया। हालांकि दक्षिण के हर राज्य में सीटें हासिल करने में जुटी भाजपा ने मोदी के दूसरे कार्यकाल के शुरुआती दिनों से ही अभियान शुरू कर दिया था। ममल्लापुरम में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ शिखर सम्मेलन, लोकसभा में सेंगोल की स्थापना, धार्मिक लिहाज से काशी टू चेन्नई योजना इसके प्रमाण हैं। लेकिन चुनावी अभियान आगे बढ़ने के साथ जानकार मान रहे हैं कि दक्षिण में बढ़त हासिल करके 400 पार का लक्ष्य जिसमें भाजपा का अपने दम पर 370 सीटें जीतना शामिल है, इतना भी आसान नहीं है। दक्षिण के मैदान-ए-जंग में भाजपा ने 2014 के लोकसभा चुनाव में 21 सीटें जीती थी और 2019 में 29 सीटें जीती थीं।

तमिलनाडु में 39 लोकसभा सीटें हैं। 2014 में छह फीसद वोट के साथ भाजपा ने एक सीट जीती थी, लेकिन 2019 में चार फीसद वोट के साथ स्कोर शून्य रहा। एआईडीएमके ने 2014 में 45 फीसद वोट के साथ 37 सीटें जीती डीएमके शून्य पर रही, पर 2019 में डीएमके ने 34 फीसद वोट के साथ 23 सीटें जीतीं। उसके सहयोगी दलों ने सात, कांग्रेस ने आठ व एक एआईडीएमके ने जीती। अब आंध्र (25) को देखिए, 2014 में यहां भाजपा ने सात फीसद वोट के साथ दो सीटें जीती थीं जबकि 2019 में एक फीसद वोट के साथ खाता नहीं खुला। मतलब आधार और सीट दोनों ही जाती रहीं। तेलंगाना (17)में 2014 में भाजपा ने 11 फीसद वोट के साथ एक सीट जीती जबकि 2019 में 20 फीसद वोट के साथ चार सीटें जीतीं। केरल (20) राज्य में 2014 में दस फीसद वोट पर सीट शून्य तो 2019 में 13 फीसद वोट फिर भी सीट शून्य। कांग्रेस ने यहां पर 2014 में 31 फीसद वोट पाकर आठ सीटें जीतीं और 2019 में 37 फीसद वोटों के साथ 15 सीटें जीतीं। अब आइए कर्नाटक (28) में। भाजपा के लिए यह राज्य बमबम है। 2014 में 43 फीसद वोट हासिल कर 14 सीटें पायीं तो 2019 में 51 फीसद वोट हासिल कर 25 सीटें जीतीं। कांग्रेस ने क्रमशः 9 और एक सीटें पाईं। जेडीएस दो और एक पर सिमटी रही। पुडुचेरी (1) में 2014 में भाजपा ने एक 2019 में कांग्रेस ने एक सीट जीती।

चुन लिया सांसद

तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में वोट डालने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते मतदाता। यहां मतदाताओं में वोट डालने को लेकर खासा उत्साह नजर आया। देर शाम तक मतदाता बूथों पर डंटे रहे।

हिसार में चौटाला परिवार से ससुर व दो बहुओं में संग्राम

- भाजपा के रणजीत चौटाला के सामने जेजेपी से दुष्यंत की मां नैना, लोकदल से सुनैना

चंडीगढ़। हरियाणा की हिसार लोकसभा सीट पर भाजपा, आईएनएलडी और जेजपी के उम्मीदवार सामने आने के बाद मुकाबला काफी दिलचस्प हो गया है। भाजपा ने इस सीट पर रणजीत चौटाला को मैदान में उतारा है। उनके मुकाबले जेजेपी और आईएनएलडी ने भी चौटाला परिवार से ही प्रत्याशी उतारकर हिसार की जंग रोचक बना दी है। जेजेपी ने अजय चौटाला की पत्नी और दुष्यंत की मां नैना चौटाला को उम्मीदवार बनाया है, तो आईएनएलडी ने देवी लाल के पौत्र रविंद्र उर्फ रवि चौटाला की पत्नी सुनैना चौटाला पर चुनावी दांव लगाया है। रणजीत चौटाला रिश्ते में नैना और सुनैना के चाचिया ससुर लगते हैं। ऐसे में हिसार का मुकाबला अब चौटाला परिवार के बीच सिमट गया है। रणजीत चौटाला अब तक आठ चुनाव लड़ चुके हैं। लेकिन उनका जीत का रिकॉर्ड बढ़िया नहीं है। उन्हें केवल तीन बार ही जीत मिली है और पांच बार हार का सामना करना पड़ा है। जानकार हिसार के चुनावी मुकाबले में ससुर और बहुओं की लड़ाई में नैना चौटाला की संभावनाएं मजबूत मान रहे हैं। इसकी वजह यह है कि नैना ने अब तक दो विधान सभा चुनाव लड़े हैं और दोनों में ही उन्होंने जीत हासिल की है। उधर, सुनैना चौटाला की बात करें तो यह उनका पहला चुनाव है।

अतीत के झरोखे से | 7 करोड़ 32 लाख पड़े वोटों में कांग्रेस को मिले थे 4,76,65,951 वोट

पहले ही चुनाव में 55 फीसदी लोगों ने नहीं डाले थे कांग्रेस को वोट

1952 में जब पहली लोकसभा का चुनाव हुआ तो 80% से ज्यादा आबादी निरक्षर थी। इस चुनाव में लोकसभा की 489 सीटों के लिए 17 करोड़ 32 लाख (44.87 फीसदी) मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। कांग्रेस ने कुल 4,76,65,951 यानी 44.99 वोट हासिल किए। उस वक्त एक निर्वाचन क्षेत्र में एक से अधिक सीटें भी होती थीं, लिहाजा 489 स्थानों के लिए 401 निर्वाचन क्षेत्रों में ही चुनाव हुआ। 1960 से इस व्यवस्था को समाप्त कर दिया गया। एक सीटों वाले 314 निर्वाचन क्षेत्र थे। 86 निर्वाचन क्षेत्रों में दो सीटें और एक क्षेत्र में तीन सीटें थीं। इस चुनाव में 14 पार्टियों को राष्ट्रीय पार्टी की मान्यता दी गई। कुल 53 पार्टियों ने चुनाव लड़ा।

1952 के चुनाव में कांग्रेस ने 364 सीटों पर जीत हासिल की थी लेकिन पार्टी को 55 प्रतिशत लोगों ने वोट नहीं दिया था। कांग्रेस के पक्ष में लगभग 45 प्रतिशत ही मतदान हुआ था। इसके बावजूद कांग्रेस ने संसद में 489 सीटों में से 364 और राज्य विधानसभाओं में 3,280 में से 2,247 सीटें हासिल करके आराम से जीत हासिल की। पहले आम चुनाव में सीपीआई उपविजेता बनकर उभरी। 16 सीटें जीतकर कांग्रेस के बाद दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी, हालांकि उसे केवल 3.29% वोट ही मिले। इसके बाद जयप्रकाश नारायण और राम मनोहर लोहिया की सोशलिस्ट पार्टी थी, जिसने 254 सीटों पर चुनाव लड़कर 12 सीटें हासिल कीं। कृपलानी की केएमपीपी उन 145 सीटों में से केवल नौ जीतने में सफल रही, जिन पर उसने चुनाव लड़ा था। । वहीं 37 निर्दलीय उम्मीदवार भी जीतने में सफल रहे थे। इनके अलावा गणतंत्र परिषद को 6, हिंदू महासभा को 4, शिरोमणि अकाली दल को 4, अखिल भारतीय राम राज्य परिषद को 3, जनसंघ 49 सीटों पर चुनाव लडी और तीन सीटें जीतने में सफल रही और इसके संस्थापक डॉ. मुखर्जी स्वयं कलकत्ता दक्षिण पूर्व निर्वाचन क्षेत्र से जीते । 1952 के चुनाव में डॉ. अम्बेडकर की एससीएफ को ज्यादा सफलता नहीं मिली और उसने जिन 35 सीटों पर चुनाव लड़ा उनमें से केवल दो सीटें ही हासिल कीं।

पहले आम चुनाव में कुल 53 राजनीतिक दलों ने हिस्सा लिया था। जिसमें 14 राष्ट्रीय और 39 क्षेत्रीय दल शामिल थे। इसमें 22 पार्टी कम से कम एक सीट जीतने में कामयाब रही। इसमें सोशलिस्ट पार्टी को कुल 10.6 प्रतिशत वोट मिले और 12 सीटों पर जीत मिली। कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (सीपीआई) ने मात्र 3.3 प्रतिशत वोट पाया और 16 सीटें जीतने में कामयाबी हासिल की। किसान मजदूर प्रजा पार्टी को 5.79 प्रतिशत वोट मिले और 9 सीटों पर जीत हासिल हुई। पीपुल्स डेमोक्रेटिक फ्रंट (पीडीएफ) 1.3 प्रतिशत वोट प्राप्त कर 7 सीट जीतने में कामयाब रही थी।

गणतंत्र परिषद ने 1 प्रतिशत से भी कम 0.91 फीसदी वोट प्राप्त किए और 6 सीटों पर जीत हासिल की थी। हिंदू महासभा को भी 0.95 प्रतिशत वोट मिले और 4 सीटों पर जीत मिली। इसी तरह शिरोमणि अकाली दल को 0.99 प्रतिशत वोट के साथ 4 सीटों पर जीत मिली। तमिलनाडु टॉयलर्स पार्टी ने 0.84 प्रतिशत वोट के साथ 4 सीटें प्राप्त की। अखिल भारतीय राम राज्य परिषद को 1.97 प्रतिशत वोट मिले, लेकिन जीत सिर्फ 3 सीटों पर ही हुई। भारतीय जनसंघ को 3.06 प्रतिशत वोट के साथ 3 सीटों पर जीत मिली। कॉमनवेल पार्टी को 0.31 प्रतिशत वोट मिले लेकिन जीत 3 सीटों पर हुई। झारखंड पार्टी को 0.71 प्रतिशत वोट के साथ 3 सीटों पर जीत मिली।

- प्रो. विवेकानंद तिवारी

लोहे की 20 लाख मतपेटियां बनवाई गईं

- पूरे भारत में कुल 2 लाख 24 हज़ार मतदान केंद्र बनाए गए थे. इसके अलावा लोहे की 20 लाख मतपेटियां बनाई गई थीं जिसके लिए 8200 टन इस्पात का इस्तेमाल किया गया था। कुल 16500 लोगों को मतदाता सूची बनाने के लिए छह महीने के अनुबंध पर रखा गया था।

केरल में हुआ था 80 फीसदी से ज्यादा मतदान

- राजस्थान के कोट बूंदी सीट पर सबसे कम 22.59 फीसदी लोगों ने ही वोट डाले, जबकि केरल की कोट्टायम सीट पर सबसे ज्यादा 80.49 फीसदी लोगों ने मताधिकार का प्रयोग किया।

बाजार	सेंसेक्स ↑	निफ्टी ↑
बंद हुआ	73,088.33	22,147
बढ़त	599.34	151.15
प्रतिशत में	0.83	0.69

अमृत विचार
www.amritvichar.com
अयोध्या, शनिवार, 20 अप्रैल 2024

मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक- 995 फ्लैग- 1110 बोल्ड- 1155 डीएमओ- 885

सर्राफा

कानपुर

चांदी 999 (प्रति किलो)	85300
सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल	85000
सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल	90000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	75700
सोना गिन्नी (प्रति नग)	56400-56600

लखनऊ

सोना स्टैंडर्ड	75,900
सोना रवा	75,750
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	84,100
चांदी (999)	84,000
चांदी सिक्के (100 नग)	80,000

बरेली

गोल्ड (पक्के जेवर)	75800
गोल्ड (गिन्नी जेवर)	74800
सिल्वर (पक्की)	830 (अनुमानित)

लखनऊ मंडी

गेहूं (आरआर 21) 2360-2800, गेहूं (के 65) 3500-3800, बाजरा 2200-2300, मक्का 2700-2800, जौ 2900-3000, चावल प्रति कुन्तल, चावल सेल्हा 2800-3100, चावल बासमती 7000, -8000, चावल मोटा 2800-3000, चावल मन्सूरी 3200-3500, चावल शक्कर चीनी 4800-5200, चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600, चावल राजरानी 7000-7500, दाल दलहन, चना देशी 6800-7000, चना फार्मी 7200-7500, चना काबली 14500-17000, मटर हरा 6000-6200, मटर सफेद 6100-6500, दाल चना 8000-8400, दाल मटर 6400-6500, उड़द हरा 12000-12500, उड़द काला 9000-9500, दाल उड़द हरी 15500-16000, दाल उड़द काली 10500-11000, दाल उड़द धोवा 12000-12500, मूँग खड़ा 10000-10500, मूँग दाल 10500-11000, मूँग धोवा 12000-13000, मसूर 8800-9000, मलका 9000-9500, दाल अरहर फूल 16000-17000, दाल स्पेशल 13000-14000

काशी की संपदा, गरिमा, तृप्ति से बढ़ेगा सब्जियों का रकबा

आईआईवीआर वाराणसी की विकसित 19 प्रजाति केंद्र से अधिसूचित, बीज तैयार कर करेंगे बिक्री, प्रसंस्करण पर भी होगा काम

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

अमृत विचार : काशी की संपदा, गरिमा, तृप्ति, अन्नपूर्णा, उत्कर्ष आदि से प्रदेश ही नहीं बल्कि देश में सब्जियों का रकबा बढ़ेगा। यह सभी सब्जियों की नई प्रजाति के नाम हैं। इस तरह की 19 प्रजाति भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान (आईआईवीआर) वाराणसी ने विकसित की है। जिसे कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने केंद्रीय बीज समिति के परामर्श पर अधिसूचित किया है। यानी इन नामों से सब्जियों के बीजों का उत्पादन, बिक्री और पैदावार किसान करेंगे।

खासियत यह है कि ज्यादातर सब्जियां हर मौसम में कम समय पर उगेंगी और ज्यादा दिन तक सुरक्षित रहेंगी। लंबी दूरी तक ले जाने में खराब नहीं होंगी। यह अधिक पौष्टिक हैं। पुरानी प्रजातियों के मुकाबले इनमें आयरन, विटामिन बी, सी व डी जैसे तत्व अधिक हैं। इन सब्जियों से प्रसंस्करण कर पाउडर भी बनाया जा सकेगा।



इन नामों से आएंगी ये नई प्रजाति

टमाटर : काशी तापस, टमाटर : काशी अद्भुत, बैगन : काशी उत्तम, सब्जी मटर : काशी पूर्वी, भिंडी : काशी उत्कर्ष, मूली : काशी ऋतुराज, टिंडा : काशी हरि, ककड़ी : काशी विधि, मिर्च : काशी गरिमा, परवल : काशी परवल 141, फलीदार मटर : काशी तृप्ति, फावा बीन (बकला) : काशी संपदा, विंगडबीन (सेम) : काशी अन्नपूर्णा, पालक चुकंदर : काशी बारामासी, पालक : काशी मनु, चौलाई : काशी चौलाई-1, तरबूज : काशी मोहिनी, करेला : काशी प्रतिष्ठा व करेला/लौकी : काशी शुभ्रा

"उप्र में 19 सब्जियों की नई प्रजाति विकसित और अधिसूचित होना बड़ी उपलब्धि है। अब बीज तैयार कर किसानों को पैदावार के लिए देंगे। इससे सब्जियों की पैदावार बढ़ेगी। अन्य राज्यों को भी इसका लाभ मिलेगा। किसानों की आय बढ़ेगी।

-डॉ. राजीव वर्मा, संयुक्त निदेशक (शाकभाजी), उद्यान एवं प्रसंस्करण विभाग

8 से 10 वर्ष विज्ञानियों ने किया शोध

शासन ने उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की 17 सदस्यीय कमेटी की स्वीकृति पर प्रदेश से विकसित 20 सब्जियों की नई प्रजाति का प्रस्ताव पिछले वर्ष केंद्र को अनुमोदन के लिए भेजा था। इसमें भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान वाराणसी की 19 प्रजाति, जबकि चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर की एक खीरा की प्रजाति शामिल है। इसमें वाराणसी की सभी प्रजाति अधिसूचित हुई है। इन प्रजाति को शोध कर विकसित करने में विज्ञानियों को आठ से 10 वर्ष लगे हैं।

चार दिन बाद तेजी लौटी सेंसेक्स 599 अंक चढ़ा

मुंबई, एजेंसी

● बैंक और वाहन के शेयरों में अधिक खरीदारी से बाजार उबरा

बैंक एवं वाहन शेयरों में कम मूल्य पर अधिक खरीदारी आने से घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को शुरुआती निचले स्तर से उबरकर बढ़त के साथ बंद हुए और चार दिन से जारी गिरावट का क्रम टूट गया।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 599.34 अंक यानी 0.83 प्रतिशत चढ़कर 73,088.33 पर बंद हुआ। हालांकि शुरुआती कारोबार में 672.53 अंक यानी 0.92 प्रतिशत लुढ़कते हुए 71,816.46 के निचले स्तर तक खिसक गया था। लेकिन बैंक शेयरों में खरीदारी से तेजी पकड़ने में सफल रहा। एनएसई का निफ्टी भी 151.15 अंक यानी 0.69 प्रतिशत उछलकर 22,147 अंक पर बंद हुआ। कारोबार सत्र में यह 21,777.65 के निचले स्तर तक पहुंचा लेकिन बाद में बढ़त के साथ बंद हुआ।

बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, जेएसडब्ल्यू स्टील, मारुति, विप्रो, भारती एयरटेल, बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक और आईटीसी ने बढ़त हासिल की। वहीं नेस्ले इंडिया, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, लार्सन एंड टुब्रो, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाटा मोटर्स और इन्फोसिस के शेयरों में गिरावट आई।

जीएसटी प्राधिकरण ने सिप्ला पर 1.83 करोड़ का लगाया जुर्माना

नई दिल्ली, एजेंसी

दवा कंपनी सिप्ला लिमिटेड ने शुक्रवार को कहा कि उत्पाद शुल्क से जीएसटी व्यवस्था में जाने के दौरान शिक्षा उपकर पर अमान्य क्रेडिट (ट्रांजिशनल) का दावा करने के लिए जीएसटी प्राधिकरण ने उस पर 1.83 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है।

सिप्ला ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि कंपनी को सीजीएसटी एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क, मुंबई, महाराष्ट्र के प्रधान आयुक्त से 1,83,17,388 रुपये का जुर्माना लगाने का आदेश मिला है। यह आदेश केंद्रीय माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 और महाराष्ट्र माल और सेवा कर अधिनियम,

2017 के प्रावधानों के तहत लगा है। जीएसटी प्राधिकरण ने कहा कि कंपनी ने वित्त वर्ष 2017-18 में उत्पाद शुल्क व्यवस्था से जीएसटी में जाने के दौरान शिक्षा उपकर पर संक्रमणकालीन यानी 'ट्रांजिशनल' क्रेडिट का दावा किया है, जो मान्य नहीं था। प्राधिकरण ने जुर्माने के साथ इसकी वसूली का आदेश दिया। सिप्ला ने कहा कि इस संबंध में अपीलीय प्राधिकार के पास अपील दायर करेगी।

विदेशी मुद्रा भंडार 5.4 अरब डॉलर घटकर 643.2 अरब डॉलर पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, विशेष आहरण अधिकार और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि में कमी होने से 12 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार पिछले सात सप्ताह की बढ़त गंवाते हुए 5.4 अरब डॉलर घटकर 643.2 अरब डॉलर रह गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.98 अरब डॉलर के इजाफे के साथ लगातार सातवें सप्ताह बढ़ता हुआ 548.6 अरब डॉलर हो गया था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 12 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 6.5 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 564.7 अरब डॉलर रह गया। वहीं, स्वर्ण भंडार 1.24 अरब डॉलर बढ़कर 55.8 अरब डॉलर पहुंचा। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 9.3 करोड़ डॉलर की कमी हुई और यह घटकर 18.1 अरब डॉलर पर आ गया। इसी तरह इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 3.5 करोड़ डॉलर कम होकर 4.6 अरब डॉलर रह गया।

नेस्ले के शिशु उत्पादों में चीनी संबंधी रिपोर्ट पर गौर करें एफएसएसएआई

नई दिल्ली, एजेंसी

● आईबीएफएएन का दावा, नेस्ले ने विकसित देशों में अधिक चीनी वाले शिशु उत्पाद बेचे

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) को नेस्ले इंडिया द्वारा कम विकसित देशों में अधिक चीनी वाले शिशु उत्पाद बेचने की रिपोर्ट पर गौर करने को कहा है।

स्विट्जरलैंड के गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) पब्लिक आई और इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क (आईबीएफएएन) ने रिपोर्ट में दावा किया है कि नेस्ले ने यूरोप की तुलना में भारत सहित कम विकसित दक्षिण एशियाई देशों, अफ्रीकी तथा लैटिन अमेरिकी देशों में अधिक चीनी वाले शिशु उत्पाद बेचे। उपभोक्ता मामलों की सचिव एवं केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) की प्रमुख निधि खरे ने कहा कि हमने एफएसएसएआई को नेस्ले के शिशु उत्पाद पर आई रिपोर्ट का संज्ञान लेने के लिए पत्र लिखा है। पत्र में खरे ने कहा कि उपभोक्ता मामलों के विभाग को लेखों के भारत में नेस्ले कंपनी के चलन के बारे जानकारी मिली, खासकर सेरेलैक के संबंध में। स्विट्जरलैंड के संगठन ने भारत में नेस्ले की विनिर्माण प्रथाओं पर रिपोर्ट पेश की है। भारत में बेचे जाने वाले नेस्ले सेरेलैक में एक बार के खाने में 2.7 ग्राम चीनी मिलाने का आरोप लगाया गया है, जबकि जर्मनी, स्विट्जरलैंड, फ्रांस और ब्रिटेन जैसे अन्य देशों में ऐसा नहीं किया जा रहा।

एक नजर

हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति में महसूस किए गए भूकंप के झटके

शिमला। हिमाचल प्रदेश के आदिवासी जिला लाहौल-स्पीति में गुरुवार रात आठ बजकर 53 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.0 मापी गई। भूकंप का केंद्र जम्मू और कश्मीर के किश्तवाड़ में था। लाहौल-स्पीति के उपायुक्त राहुल कुमार ने कहा कि यदि आपके क्षेत्र के आसपास भूकंप के कारण कोई क्षति होती है तो इसकी सूचना 1077 पर दी जा सकती है। कांगड़ा भूकंप, जो चार अप्रैल, 1905 को आया था, हिमाचल प्रदेश के इतिहास में सबसे विनाशकारी भूकंपीय घटनाओं में से एक था, जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 8.0 थी और इसका केंद्र धर्मशाला के पास करेरी में था। भूकंप ने पूरे क्षेत्र में बड़े पैमाने पर विनाश किया, इमारतों, बुनियादी ढांचे को महत्वपूर्ण क्षति हुई और जीवन की हानि हुई। अनुमान बताते हैं कि 20,000 से अधिक लोगों की जान चली गई और कई लोग घायल या विस्थापित हो गए। राज्य सरकार लोगों को आपदाओं से बचाने के लिए कई कदम उठा रही है।

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने अनंतनाग और बारामूला से नौ ड्रग तस्करों को पकड़ा

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने अनंतनाग और बारामूला जिलों में मादक पदार्थ के नौ तस्करों को गिरफ्तार किया और उनके पास से भारी मात्रा में प्रतिबंधित पदार्थ बरामद किए। दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के पांच थाना क्षेत्र में मादक पदार्थ सात तस्करों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने वाघामा बिजबेहारा के फिरोज अहमद राथर और ऐजाज अहमद मंटू को गिरफ्तार किया और उनके पास से नौ किग्रा डोडा पोस्त मिला, जबकि नागम कोकरनाग के सुहैल अहमद डार और वॉटनार्ड कोकेरनाग के रेयाज़ अहमद मीर के कब्जे से 16.450 किग्रा भांग पाउडर मिला। उत्तरासू में पुलिस ने ऐशमुकाम से शकील अहमद वानी को गिरफ्तार किया और उसके पास से 21 ग्राम चरस, 350 ग्राम डोडा पोस्त और 10,000 रुपये बरामद किए। पुलिस ने येन्नेर पहलगाम के गुलाम नबी भट से चार किग्रा डोडा पोस्त और 1.25 किग्रा भांग बूसा पकड़ा। वाघामा बिजबेहरा के इंद्राज अहमद थोकर के कब्जे से करीब पांच किलो भांग पाउडर बरामद किया।

साइबर पुलिस का अधिकारी बनकर 46 लाख रुपये ठगे

ठाणे। महाराष्ट्र के नवी मुंबई में खुद को मुंबई साइबर पुलिस का अधिकारी बताकर ठगों ने 47 वर्षीय व्यक्ति से 46 लाख रुपये ठग लिए। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि ठगों ने पीड़ित के खिलाफ धनशोधन और मादक पदार्थ का मामला दर्ज करने की धमकी देकर उसके साथ ठगी की। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने कथित तौर पर खुद को मुंबई साइबर पुलिस का अधिकारी बताया और नेरुल के रहने वाले पीड़ित से व्हाट्सएप पर संपर्क किया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने दावा किया कि उन्हें उसके (पीड़ित के) खिलाफ धनशोधन और मादक पदार्थ के संबंध में शिकायत मिली है।

राष्ट्रीय

निषेधाज्ञा रद करने के अनुरोध पर सुनवाई को तैयार अदालत

पीठ ने प्राधिकरण को सभाओं की अनुमति की अर्जी पर निर्णय लेने का दिया निदेश

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय उस याचिका पर सुनवाई करने के लिए शुक्रवार को सहमत हो गया, जिसमें सिर्फ चुनाव होने के आधार पर, दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत जारी किये गए निषेधाज्ञा आदेशों को रद करने का अनुरोध किया गया है। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने यह निर्देश भी दिया कि सक्षम प्राधिकार चुनावों के बारे में लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से यात्रा या जन सभाएं आयोजित करने के लिए अनुमति मांगने वाली अर्जी पर तीन दिनों के अंदर निर्णय करे।

पीठ सामाजिक कार्यकर्ता अरूणा राय और निखिल डे की एक याचिका पर सुनवाई कर रही है। याचिका में, लोकसभा या विधानसभा चुनावों से पहले और परिणामों की घोषणा होने तक बैठकों,

● सिर्फ चुनाव के आधार पर धारा 144 के तहत जारी आदेशों को रद करने के लिए दायर की गई है याचिका

सभाओं, जुलूस या धरने को निषिद्ध करने के लिए मजिस्ट्रेट और राज्य सरकारों द्वारा सीआरपीसी की धारा 144 लागू करने के लिए आदेश जारी किये पर रोक लगाने का अनुरोध किया गया है। धारा 144 उपद्रव की आशंका होने पर लागू की जाती है। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने पीठ से कहा, कुछ बहुत शानदार हो रहा है। छह महीनों में, निर्वाचन आयोग के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करने से लेकर चुनावों के समापन की पूरी अवधि तक (सीआरपीसी की) धारा 144 लागू करने का धड़ल्ले से आदेश जारी किया जा रहा है। यह धारा चुनावों के दौरान हर तरह की सभाओं, बैठकों और प्रदर्शनों को निषिद्ध करती है। पीठ ने कहा, इस तरह का आदेश कैसे जारी किया जा सकता है। भूषण ने कहा कि शीर्ष अदालत की संविधान पीठ के तीन निर्णय हैं जिनमें कहा गया है कि जब तक शांति भंग होने की प्रबल आशंका न हो यह आदेश जारी नहीं किया जा सकता। उन्होंने राजस्थान में 16 मार्च को सीआरपीसी की धारा 144 के तहत आदेश जारी किये जाने का उल्लेख किया, जिसमें कहा गया है कि यह आदेश 16 मार्च को प्रभावी होगा और छह जून तक पूरे बाड़मेर में प्रभावी रहेगा। भूषण ने कहा कि याचिकाकर्ताओं ने पिछले साल के विस चुनाव में मतदाताओं के अधिकारों के बारे में जागरूक करने के लिए एक यात्रा की इजाजत लेने के वास्ते आवेदन दिया था।

कर्नाटक में छात्रा की हत्या के बाद प्रदर्शन भाजपा ने कांग्रेस पर साधा निशाना

हुब्बाली, एजेंसी

कर्नाटक के हुब्बाली में निगम पार्षद की बेटी की उसके कॉलेज में हत्या की घटना के बाद विरोध प्रदर्शन हुआ। इसको लेकर सत्तारूढ़ कांग्रेस और विपक्ष भाजपा में आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया। कांग्रेस ने जहां इसको दो लोगों का निजी मामला बताया वहीं भाजपा ने लव जिहाद का संदेह जताया और कहा कि यह राज्य में कानून-व्यवस्था की बिगड़ती हुई स्थिति को दर्शाता है।

भाजपा की छात्र इकाई एबीवीपी और हिंदू संगठनों से जुड़े संगठनों ने न्याय और आरोपियों को कड़ी सजा देने की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। घटना को लेकर कई अन्य स्थानों पर भी विरोध प्रदर्शन की जानकारी मिली है। चौंकाने वाली घटना में, हुब्बाली-धारवाड़ नगर निगम के कांग्रेस पार्षद निरंजन हिरेमथ की बेटी नेहा हिरेमथ (23) की गुरुवार को बीवीबी कॉलेज में चाकू मारकर हत्या कर दी गई। आरोपी फैयाज खोंडुनाईक मौके से भाग गया था, जिसे बाद में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

हुबली : नेहा हिरेमथ के अंतिम संस्कार में शामिल लोग।

● कांग्रेस पार्षद की बेटी नेहा की गुरुवार को बीवीबी कॉलेज में चाकू मारकर की गई थी हत्या

नेहा मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (एमसीए) के प्रथम वर्ष की छात्रा थी और फैयाज पहले उसका सहपाठी था। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार आरोपी फैयाज ने दावा किया कि दोनों में प्रेम संबंध था लेकिन वह कुछ समय से उसे नजरअंदाज कर रही थी। बेलागवी जिले में फैयाज के गृहनगर मुनवल्ली में इस हत्या की निंदा करते हुए लोगों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए प्रदर्शन किया। केंद्रीय मंत्री एवं धारवाड़ सीट से भाजपा उम्मीदवार प्रह्लाद जोशी ने कहा है कि ये मामला लव जिहाद से जुड़ा हो सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में कांग्रेस के शासन के तहत कानून व्यवस्था पूरी तरह से खराब हो गई है। जोशी ने मुख्यमंत्री सिद्धरमैया से तुष्टीकरण की राजनीति और विशेष समुदाय के साथ विशेष व्यवहार बंद करने का आग्रह किया।

घर से आया 48 बार भोजन सिर्फ तीन बार खाये आम

नई दिल्ली, एजेंसी

मुख्यमंत्री केजरीवाल ने ईडी पर जेल में उनके आहार को लेकर संकीर्ण सोच रखने और राजनीति करने का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को अदालत में कहा कि उन्होंने जो खाना खाया वह उनके डॉक्टर द्वारा तैयार किए गए चार्ट के अनुरूप था और उन्होंने जेल में उन्हें इंसुलिन दिए जाने का अनुरोध किया। केजरीवाल ने उनकी शर्करा के खतरनाक स्तर को नियंत्रण में रखने के लिए इंसुलिन देने की अनुमति का निर्देश जेल अधिकारियों को देने के लिए अदालत में नई याचिका दायर की। वहीं सीएम के सिंघवी ने ईडी के आरोप पर कहा कि घर से 48 बार भोजन भेजा गया, जिसमें से केवल तीन बार आम भेजे गए। आठ अप्रैल के बाद कोई आम नहीं भेजा गया।

सीएम के वकील अभिषेक सिंघवी ने कहा कि केजरीवाल को गिरफ्तारी के बाद से शर्करा को नियंत्रित करने के लिए इंसुलिन नहीं दिया गया। याचिकाकर्ता 22 वर्ष से मधुमेह से पीड़ित है। एक फरवरी, 2024 से चिकित्सा निगरानी के तहत, आवेदक इंसुलिन रिवर्सल प्रोग्राम (आईआरपी) शुरू करने में सक्षम हो पाए थे और उन्हें इंसुलिन दिया जाना

● कोर्ट में सीएम के वकील ने कहा- भोजन को लेकर ईडी का रुख संकीर्णता और राजनीति वाला

बंद कर दिया गया था। गिरफ्तारी के कारण, केजरीवाल उक्त आईआरपी का पालन करने में असमर्थ हैं और उन्हें इंसुलिन की जरूरत है। ईडी ने गुरुवार को कोर्ट में दावा किया था कि केजरीवाल चिकित्सा आधार पर जमानत के लिए जेल में उच्च शर्करा युक्त आहार ले रहे हैं, जबकि उन्हें टाइप-2 डायबिटीज है। केजरीवाल के अधिवक्ता सिंघवी ने कहा, ईडी ने दावा किया है कि मेरे मुवक्किल जमानत के लिए शर्करा स्तर बढ़ाना चाहते हैं। मैं क्या जमानत के लिए लकवा का जोखिम उठाऊंगा? मैं जो भी भोजन कर रहा हूं वह गिरफ्तारी से पहले मेरे डॉक्टर द्वारा तैयार चार्ट के अनुसार है। केजरीवाल के नियमित रूप से आम, मिठाई, आलू-पूरी खाने के ईडी के दावे पर उन्होंने कहा कि उन्हें एक-दो बार ऐसा भोजन दिया गया। केजरीवाल को जेल में घर के खाने की अनुमति है। मैं केवल शुगर फ्री चाय लेता हूं। जबकि आलू-पूड़ी केवल एक बार पूजा के समय दिया गया था।

प्रचार अभियान से संबंधित वाहन दुर्घटनाग्रस्त, नाबालिग की मौत

राजम। आंध्र प्रदेश के राजम में वाईएसआरसीपी के विधानसभा उम्मीदवार का प्रचार वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे नौ वर्षीय लड़के की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक यह दुर्घटना गुरुवार रात आठ बजे हुई जब बिस्कुट खरीदने आए लड़के को वाईएसआरसीपी उम्मीदवार टी राजेश के वाहन ने टक्कर मार दी। गाड़ी में प्रत्याशी मौजूद नहीं थे और प्रचार के बाद जब चालक गाड़ी के टायर में हवा भराने के लिए ले गया तभी यह हादसा हुआ। पुलिस ने वाहन के चालक एम सुधीर को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में मामला दर्ज किया गया और पोस्टमॉर्टम के बाद लड़के का शव उसके परिवार को सौंप दिया गया।

बोर्ड किसी भी राजनीतिक दल का समर्थन या विरोध नहीं करता है : मौलाना मुजद्दिदी

नई दिल्ली, एजेंसी

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि बोर्ड किसी राजनीतिक दल का विरोध या समर्थन नहीं करता है। बोर्ड महासचिव मौलाना मुहम्मद फजल-उर-रहीम मुजद्दिदी ने शुक्रवार को जारी बयान में ये बात कही।

उन्होंने कहा कि बोर्ड के उपाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ सैयद अली मुहम्मद नकवी द्वारा भाजपा को समर्थन देने की बात सामने आयी है, यह उनकी निजी राय है, लेकिन इसका ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने विधान परिषद सदस्य डॉ खालिद अनवर के बोर्ड के पदाधिकारियों के बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को समर्थन देने संबंधी बयान को निराधार बताया है और कहा है कि डॉ अनवर ने गलत बयानी की है। स्थापना के बाद से ही बोर्ड ने खुद को राजनीति से दूर रखा है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल ला बोर्ड कभी भी किसी पार्टी विशेष का समर्थन या विरोध नहीं करता।

तीसरे दिन भी प्रदर्शन जारी, अंबाला-अमृतसर मार्ग पर 40 ट्रेनें रद

अंबाला, एजेंसी

पंजाब और हरियाणा सीमा के पास शंभू में किसानों के शुक्रवार को तीसरे दिन पटरियों पर बैठे रहने से अंबाला-अमृतसर मार्ग रेल यातायात बाधित हुआ। अधिकारियों ने बताया कि किसान हरियाणा पुलिस द्वारा गिरफ्तार तीन साथियों को रिहा करने की मांग कर रहे हैं। आज 40 रेलगाड़ियां रद की गई हैं, जबकि 54 का मार्ग बदला गया है। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा (केएमएम) के बैनर के तले पटियाला जिले के शंभू में किसान प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शन के तीसरे दिन भी जारी रहने की वजह से अंबाला-अमृतसर मार्ग पर रेल यातायात बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। उन्होंने बताया कि इस मार्ग पर कुछ मालगाड़ियों का भी परिचालन होता है। रेलगाड़ियों की आवाजाही बाधित होने की वजह से यात्रियों को असुविधा हो रही है।

एनआईए ने बाइक विस्फोट के आरोपी की अचल संपत्ति की जब्त

नई दिल्ली। एनआईए ने पंजाब में 2021 में हुए विस्फोट में शामिल और खालिस्तानी आतंकवादियों से संबंध रखने के आरोपी की संपत्ति जब्त कर ली है। मामला जलालाबाद में पंजाब नेशनल बैंक की शाखा के पास बाइक में विस्फोट से संबंधित है, जिसमें हमलावर मारा गया था। एनआईए ने पंजाब के सदर फाजिल्का थानांतर्गत महातम नगर गांव के निवासी सूरत सिंह उर्फ सुरती की संपत्ति जब्त कर ली है। सूरत के पाकिस्तान में मौजूद खालिस्तानी आतंकवादियों हबीब खान उर्फ 'डॉक्टर' और लखवीर सिंह उर्फ 'रोडे' के साथ संबंध थे।

दीपक, सुजीत ओलंपिक क्वालीफायर से चूके

बिश्केक, एजेंसी

भारतीय कुश्ती के लिए एक बड़ा झटका, दुबई में खराब मौसम के कारण हुई उड़ान में देरी की वजह से टोक्यो ओलंपियन दीपक पुनिया और सुजीत कलाकल एशियाई कुश्ती ओलंपिक क्वालीफायर 2024 से चूक गए।

आगामी ग्रीष्मकालीन खेलों के लिए कोटा सुरक्षित करने के लिए अंतिम क्वालीफाइंग प्रतियोगिता में पुनिया और कलाकल को एशियाई कुश्ती ओलंपिक क्वालीफायर में शुक्रवार को प्रतिस्पर्धा करनी थी।

दीपक पुनिया

सुजीत कलाकल

लगातार बारिश से दुबई में उड़ान में देरी की वजह से कल सुबह बिश्केक पहुंचने के बावजूद, भारतीय पहलवान समय पर वेट-इन के लिए रिपोर्ट नहीं कर सके। पुनिया और कलाकल, कोच कमल मलिकोव और फिजियो शुभम गुप्ता के साथ मंगलवार से दुबई हवाई अड्डे पर फंसे हुये थे क्योंकि कई उड़ानें देरी से चल रही थी या रद्द कर दी गई थी। ये दोनों पहलवान क्वालीफायर के लिए रूस के दागेस्तान में प्रशिक्षण ले रहे थे। मई में तुर्की में होने वाले विश्व क्वालिफिकेशन टूर्नामेंट के जरिए अभी भी दोनों पहलवान ग्रीष्मकालीन खेलों के लिए कोटा प्राप्त कर सकते हैं। दीपक पुनिया को पुरुषों की फ्रीस्टाइल 86 किग्रा वर्ग में और कलाकल को 65 किग्रा में प्रतिस्पर्धा करनी थी। उल्लेखनीय है कि दो बार की ओलंपियन विनेश फोगाट और पूर्व अंडर-23 विश्व और एशियाई चैंपियन अमन सहरावत सहित पंद्रह अन्य भारतीय पहलवान 19 से 21 अप्रैल तक चलने वाले बिश्केक में एशियाई कुश्ती क्वालीफायर में पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

आकांक्षा सालुखे स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में हारीं

नयी दिल्ली। भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी आकांक्षा सालुखे शुक्रवार को कुआलालंपुर में विश्व चैंपियनशिप एशियाई क्वालीफाइंग प्रतियोगिता के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में हारकर प्रतियोगिता बाहर हो गईं। राष्ट्रीय खेल 2023 की चैंपियन और यहां दूसरी वरीय आकांक्षा को कम रैंकिंग वाली मलेशिया की सेहवीत्रा कुमार के खिलाफ 6-11 5-11 8-11 से हार झेलनी पड़ी। वह टूर्नामेंट में एकमात्र भारतीय थीं।

12 निशानेबाज ओलंपिक कोटे के लिए दोहा में करेंगे स्पर्धा

दोहा, एजेंसी

भारत के 12 निशानेबाज शुक्रवार से शुरु हुई आईएसएसएफ फाइनल ओलंपिक क्वालिफिकेशन चैंपियनशिप में पेरिस ओलंपिक को कोटा हासिल करने के लिए स्पर्धा करेंगे। इस स्पर्धा में टोक्यो ओलंपियन मैराज अहमद खान और अंगदवीर सिंह बाजवा, जो पूर्व एशियाई चैंपियन भी हैं, शीराज शेख के साथ पुरुषों की स्कीट में भारत की चुनौती का सामना करेंगे।

महिलाओं की स्पर्धा में गनेमत सेखों पर सबकी निगाहें होंगी। अनुभवी विवान कपूर, ज़ोरावर सिंह संधू और पृथ्वीराज टोंडिमन पुरुषों के ट्रैप में तीनों ओर से एक मजबूत चुनौती पेश करेंगे। मनीषा कीर और श्रेयसी सिंह से महिलाओं स्पर्धा में भारत को उम्मीद है। इस स्पर्धा में भारत प्रत्येक वर्ग में तीन निशानेबाज उतारेगा। प्रत्येक व्यक्तिगत स्पर्धा में शीर्ष दो निशानेबाज (प्रति देश अधिकतम एक), बशर्ते वे पात्र हों और उनके संबंधित देशों ने स्पर्धा के लिए अपना पूरा आवंटन सुरक्षित नहीं किया हो, दोहा से कोटा सुरक्षित करेंगे। उल्लेखनीय है कि भारत के निशानेबाज भवनीश मेंदीरत्ता (पुरुष ट्रैप), राजेश्वरी कुमारी (महिला ट्रैप), रायजा ढिल्लों (महिला स्कीट) और अनंतजीत सिंह नरूका (पुरुष स्कीट) को ओलंपिक कोटा हासिल है। प्रत्येक देश हर श्रेणी में अधिकतम दो कोटा प्राप्त कर सकता है।

डिकॉक और राहुल ने चेन्नई को दिखाया आईना

लखनऊ सुपर जायंट्स की आठ विकेट से जीत, केएल राहुल ने 82 और क्विंटन डिकॉक ने 54 रनों की पारी खेली

केएल राहुल

लखनऊ, एजेंसी

क्विंटन डिकॉक (54) और कप्तान केएल राहुल (82) के बीच शतकीय साझेदारी की मदद से लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 34वें मुकाबले में गत विजेता चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को पीटकर अपने मनोबल में इजाफा किया। पीले समंदर में तब्दील इकाना स्टेडियम पर चेन्नई ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारत 20 ओवर में छह विकेट खोकर 176 रन बनाये, जिसके जवाब में लखनऊ ने विजय लक्ष्य छह गेंद शेष रहते दो विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। यह इकाना स्टेडियम के इतिहास में सबसे बड़ा रन चेज रहा।

डिकॉक और राहुल की जोड़ी ने शुक्रवार को 2022 के आईपीएल सत्र की याद दिला दी, जब दोनों ने अपने दम पर 210 रन की पार्टनरशिप कर केकेआर के खिलाफ यादगार जीत दर्ज की थी। केएल राहुल की शुक्रवार की पारी अब तक के सत्र की सर्वश्रेष्ठ पारी थी, इससे पहले उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 58 रन बनाये थे।

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट
राजस्थान	7	6	1	12	+0.677
कोलकाता	6	4	2	8	+1.399
चेन्नई	7	4	3	8	+0.529
हैदराबाद	6	4	2	8	+0.502
लखनऊ	7	4	3	8	+0.123
दिल्ली	7	3	4	6	-0.074
मुंबई	7	3	4	6	-0.133
गुजरात	7	3	4	6	-1.303
पंजाब	7	2	5	4	-0.251
बेंगलुरु	7	1	6	2	-1.185

- **चेन्नई सुपरकिंग्स के महेंद्र सिंह धोनी ने 9 गेंदों पर 28 रन ठोके**

अपनी अर्धशतकीय पारी में उन्होने 53 गेंद खेलकर नौ चौके और तीन छक्के जड़े। राहुल सीएसके के सफल गेंदबाज पथिराना का शिकार बने जब प्वाइंट पर खडे जडेजा ने उनका कैच एक हाथ से लपका। इससे पहले दूसरे छोर पर डिकॉक पारी के 15वें ओवर की आखिरी गेंद पर मुस्तफिजुर रहमान का शिकार बने। उन्होंने अपनी सत्र की तीसरी अर्धशतकीय पारी में 43 गेंद खेलकर पांच चौके और एक छक्का लगाया। दोनों सलामी बल्लेबाजों के आउट होने के बाद जीत की औपचारिकता को निकोलस पूरन (23) और मार्कस स्टॉयनिस (8) ने बगैर और नुकसान के पूरा कर लिया। पूरन ने नो बाल में फ्री हिट पर चौका जड़कर अपनी टीम को जीत दिलायी। इकाना स्टेडियम में आज 50 हजार दर्शकों का दिल अपने चहेते सितारे सीएसके के महेन्द्र सिंह धोनी के साथ था मगर दिमाग में उनके लखनऊ की जीत की तमन्ना थी और दर्शकों की दोनों तमन्नायें पूरी हुईं। जब उन्होंने धोनी की पैसा वसूल पारी देखी। उधर एलएसजी के कप्तान केएल राहुल ने अपने घरेलू दर्शकों की जीत की चाहत को भी पूरा कर दिया। सातवें बल्लेबाज के रूप में पिच पर उतरे धोनी ने अपने खास अंदाज में नौ गेंदों की नाबाद पारी में तीन चौके और दो छक्के की मदद से 28 रन ठोक दिये जिसके चलते चेन्नई मेजबान टीम के खिलाफ चुनौतीपूर्ण लक्ष्य तैयार करने में सफल हो सका। हालांकि उनकी इस पारी पर राहुल और डिकॉक ने पानी फेर दिया। धोनी के साथ दूसरे छोर पर हरफनमौला रविंद्र जडेजा की साहसिक नाबाद पारी ने न सिर्फ चेन्नई को मुश्किलों के भंवर से निकाला बल्कि मैदान पर बैठे एलएसजी के समर्थकों की भी खूब वाहवाही लूटी।

चेन्नई 176/6 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 4

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
अजिंक्य रहाणे बोल्ड क्रुणाल	36	24	5/1
रचिन रविंद्र बोल्ड मोहसिन	00	01	0/0
ऋतुराज का राहुल बो ठाकुर	17	13	1/0
रविंद्र जडेजा नाबाद	57	40	5/1
शिवम का राहुल बो स्टॉयनिस	03	08	0/0
समीर स्टंप राहुल बो क्रुणाल	01	05	0/0
मोईन का बडोनी बो बिश्नोई	30	20	0/3
एमएस धोनी नाबाद	28	09	3/2

गेंदबाजी : मैट हेनरी 3-0-26-0, मोहसिन खान 4-0-37-1, यश4-0-45-1, क्रुणाल 3-0-16-2, बिश्नोई 4-0-44-1, स्टॉयनिस 2-0-7-1

लखनऊ 180/2 — 19 ओवर, अतिरिक्त : 13

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
डिकॉक का धोनी बोल्ड मुस्तफिजुर	54	43	5/1
के एल राहुल का जडेजा बो पथिराना	82	53	9/3
निकोलस पूरन नाबाद	23	12	3/1
मार्कस स्टॉयनिस नाबाद	08	07	1/0

गेंदबाजी : दीपक चाहर 3-0-26-0, तुषार देशपांडे 4-0-42-0, मुस्तफिजुर रहमान 4-0-43-1, रवींद्र जडेजा 3-0-32-0, मथीशा पथिराना 4-0-29-1, मोईन अली 1-0-5-0

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	07	361
रियान पराग (राजस्थान)	07	318
रोहित शर्मा (मुंबई)	07	297

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	07	13
युजवेंद्र चहल (राजस्थान)	07	12
गेराल्ड कोएत्जी (मुंबई)	07	12

खेल डायरी

अप्रैल तक नये कोच का ऐलान करेगा पीसीबी

लाहौर। पाकिस्तान के टेस्ट और सीमित ओवरों के कोचों का ऐलान इस महीने के आखिर में किया जायेगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पीसीबी ने यह भी पुष्टि की कि दक्षिण अफ्रीका के गैरी कर्स्टन और ऑस्ट्रेलिया के जैसन गिलेस्पी के अलावा बोर्ड को 15 अप्रैल की समय सीमा तक कुछ और नामी कोचों के आवेदन मिले हैं। सूत्र ने कहा, ''पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने साफ तौर पर कहा है कि पूरी प्रक्रिया का पालन करके दीर्घकालिन आधार पर कोचों की नियुक्ति की जायेगी।''

कैस्पर रूड बार्सिलोना ओपन के क्वार्टरफाइनल में

बार्सिलोना। नॉर्वे के स्टार टेनिस खिलाड़ी कैस्पर रूड ने ऑस्ट्रेलिया के जॉर्डन थॉम्पसन को 6-1, 6-4 से हराकर बार्सिलोना ओपन के क्वार्टरफाइनल में पहुंच गये हैं। रूड की सीजन की यह 26वीं जीत है। इसके साथ ही रूड 2024 में सबसे अधिक टूर-स्तरीय जीत के मामले में जानिक सिनर से आगे निकल गए है। रूड ने शुरुआत में ही शानदार खेल का मुजाहिरा करते हुए 5-0 की बढ़त बनाई। उन्होंने दूसरे सेट के सातवें गेम में निर्णायक ब्रेक हासिल करने से पहले शुरुआती सेट का समापन किया और एक घंटे 13 मिनट तक चले मुकाबले में जीत हासिल की। रूड क्वार्टरफाइनल मुकाबले में अर्नाल्डी से भिड़ेंगे।

पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच पहला टी20 धुला

रावलपिंडी। तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी टल गई क्योंकि पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच पहला टी20 मैच बारिश के कारण रद्द हो गया। न्यूजीलैंड का स्कोर उस समय एक विकेट पर दो रन था जब बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। शाहीन शाह अफरीदी ने न्यूजीलैंड के लिये पदार्पण कर रहे टिम रॉबिनसन को बोल्ड कर दिया था। बारिश के कारण मैच प्रति टीम पांच ओवर का कर दिया गया था लेकिन दो ही गेंद डाली जा सकी। टॉस भी हल्की बूंदाबांदी के कारण आधा घंटे देर से हुआ। दूसरा टी20 मैच शनिवार को खेला जायेगा। आमिर और इमाद वसीम संन्यास का फैसला बदलकर लौटे हैं।

मेघा ने नौकायन चैंपियनशिप में जीता कांस्य पदक

टोक्यो। भारत की मेघा प्रदीप ने शुक्रवार को एशियाई कैनो स्प्रिंट चैंपियनशिप 2024 में महिलाओं की सी1 500 मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। जापान के टोक्यों में आयोजित चैंपियनशिप में मेघा प्रदीप ने 2:28.027 का समय लेकर तीसरा स्थान पर रही। वियतनाम की डीप थू हुआंग (02:18.178) और कजाकिस्तान की उलियाना किसेलेवा (02:26.645) ने क्रमश: स्वर्ण और रजत पदक जीते। अन्य स्पर्धा में एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता अर्जुन सिंह और सुनील सिंह सलाम फाइनल में छठे स्थान पर रहे और पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए कोटा प्राप्त करने से चूक गए।

पंड्या पर धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख का जुर्माना

मुल्लांपुर। मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में धीमी ओवर गति के कारण 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। मुंबई इंडियंस ने सूर्यकुमार की 53 गेंदों में 78 रनों की धमाकेदार पारी की बदौलत सात विकेट पर 192 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा करने के बाद पंजाब किंग्स की पारी को 19.1 ओवर में 183 रन पर समेट दिया। आईपीएल से जारी विज्ञप्ति में शुक्रवार को कहा गया, '' मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर 18 अप्रैल को मुल्लांपुर स्थित पीसीए के नये अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के मैच के दौरान उनकी टीम द्वारा धीमी ओवर गति बनाए रखने के बाद जुर्माना लगाया गया है।''

मजबूत मानसिकता से जीत सकते हैं पदक

नयी दिल्ली, एजेंसी

अनुभवी बैडमिंटन खिलाड़ी अश्विनी पोनप्पा ने आत्म-संदेह से पार पाकर तीसरी बार ओलंपिक खेलों में देश के प्रतिनिधित्व का मौका हासिल किया है, जिसे वह मजबूत मानसिकता के दम पर पदक में बदलना चाहती है। लंदन और रियो ओलंपिक में भाग लेने वाली 34 साल की इस खिलाड़ी ने पिछले साल जनवरी में 20 वर्षीय तनीषा क्रास्टो के साथ जोड़ी बनाकर इस साल पेरिस में होने वाले खेलों के लिए क्वालिफिकेशन को पक्का कर लिया है।

पिछले कुछ सप्ताह भारतीय खिलाड़ियों के लिए निराशाजनक रहे हैं क्योंकि उन्होंने पेरिस का टिकट बुक करने के लिए छह सप्ताह में पांच टूर्नामेंटों में भाग लेना पड़ा। आखिरी क्वालीफाइंग सूची इस महीने के अंत में आने वाली है। अश्विनी ने कहा, ''हमने लगातार चार टूर्नामेंट खेले हैं और यह काफी थकाने वाला रहा है। लेकिन सभी के लिए स्थिति एक जैसी थी क्योंकि हम सभी ओलंपिक में जगह पाने के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे थे।'' उन्होंने कहा, ''मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से यह राहत और खुशी की बात है कि हम क्वालीफाई कर गए हैं।'' अश्विनी को खुद पर संदेह करने वालों को गलत साबित करने में खुशी हुई।

मैदान पर वापसी आपको परिभाषित करती है: शमी

नयी दिल्ली। अनुभवी भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने टखने की सर्जरी के बाद अपनी रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया का वीडियो साझा करते हुए जल्द ही मैदान पर वापसी की उम्मीद जतायी। शमी ने दर्द के बावजूद पिछले साल वनडे विश्व कप में भाग लिया था। उन्होंने 24 विकेट चटकाए थे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व कप फाइनल मैच के बाद से हालांकि यह 33 साल का खिलाड़ी चोट के कारण खेल से दूर है। उन्हें इस साल फरवरी में सर्जरी करानी पड़ी। शमी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा करते हुए लिखा, चोट आपको परिभाषित नहीं करतीं, आपकी वापसी आपको परिभाषित करती है।

दिल्ली के सामने सनराइजर्स हैदराबाद की कठिन चुनौती

नयी दिल्ली, एजेंसी

मैदान के भीतर और बाहर विषमताओं के बीच अपने अपार जीवट का परिचय देने वाले ऋषभ पंत शानदार फॉर्म में चल रही सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग में शनिवार को जब दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी के लिये अरूण जेटली स्टेडियम पर उतरेंगे तो उनके लिये यह बेहद भावुक पल होगा।

पिछले साल पंत इस मैदान पर बैसाखियों के सहारे चलते नजर आये थे लेकिन उन्होंने 2022 के जानलेवा कार हादसे के बाद एक विकेटकीपर और बल्लेबाज के तौर पर आईपीएल के इस सत्र में शानदार वापसी की है। दिल्ली ने अब तक मिला जुला प्रदर्शन किया है हालांकि लखनऊ सुपर जाइंट्स और गुजरात टाइटंस को हराकर वे दौड़ में बने हुए हैं। अब तक सात मैचों में से दिल्ली ने तीन जीते और चार हारे हैं। आईपीएल अंक तालिका में चौथे स्थान पर काबिज सनराइजर्स की टीम दो बार टूर्नामेंट के इतिहास का सर्वोच्च स्कोर (तीन विकेट पर 277 रन और तीन विकेट पर 287 रन) बना चुकी है।

सनराइजर्स हैदराबाद : जयदेव उनादकट, जे सुब्रमण्यन, टी नटराजन, मयंक मारकंडे, भुवनेश्वर कुमार, फजलहक फारूकी, पैट कमिंस (कप्तान), वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, सनवीर सिंह, ग्लेन फिलिप्स, नितीश रेड्डी, मार्को यानसेन, अभिषेक शर्मा, उपेंद्र यादव, राहुल त्रिपाठी, ऐडन मार्कराम, हेनरिक क्लासेन, ट्रेविस हेड, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक अग्रवाल, अब्दुल समद, आकाश महाराज सिंह, वानिंदु हसरंगा और उमरान मलिक। **दिल्ली कैपिटल्स :** ऋषभ पंत (कप्तान), डेविड वॉर्नर, पृथ्वी साव, स्वस्तिक चिकारा, यश ढुल, एनरिच नॉर्किया, ईशांत शर्मा, झाय रिचर्डसन, खलील अहमद, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, प्रवीण दुबे, रसिक डार, विकी ओस्तवाल, अक्षर पटेल, जैक फ्रेजर गुर्क, ललित यादव, मिचेल मार्श, सुमित कुमार, अभिषेक पोरेल, कुमार कुशाग्र, रिकी भुई, शाइ होप, ट्रिस्टन स्टब्स। **मैच भारतीय समयानुसार शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा।**

जूनियर एनटीआर ने ट्रेनर मन्नव का जन्मदिन मनाया

मुंबई, एजेंसी। दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर ने अपने ट्रेनर मन्नव कुमार का जन्मदिन मनाया। मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर अपने विनम्र व्यक्तित्व और शानदार ऑन-स्क्रीन अभिनय के कारण जाने जाते हैं। मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर का अपने फिटनेस ट्रेनर के प्रति प्रेम नेटिज़न्स का दिल जीत रहा है। एनटीआर जूनियर जो इस समय शूटिंग के लिए मुंबई में हैं, उन्होंने अपनी टीम के बाकी सदस्यों के साथ अपने फिटनेस ट्रेनर कुमार मन्नव का जन्मदिन मनाया। मन्नव कुमार ने एनटीआर जूनियर के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। अपने सोशल मीडिया पर एक फोटो शेयर करते हुए मन्नव ने लिखा, "<bha>@</bha>जूनियरएनटीआर, मैं अभिभूत हूँ। अपना जन्मदिन याद रखना और फिर एक हेल्दी केक पाना, यह जानते हुए कि मैं खाने में कितना नखरेबाज़ हूं। हमारे बीच का बंधन, आप मुझ पर और मेरे परिवार पर जो प्यार बरसाते हैं, इतने बड़े स्टार होने के बावजूद भी इतने विनम्र। यार, मैं क्या कह सकता हूँ! आप, <bha>@</bha>जूनियरएनटीआरविनम्रता और प्यार की एक किताब हैं। आपके आस-पास रहना बहुत अच्छा लगता है।

धर्मेन्द्र ने फिल्म मेरा गांव मेरा देश से जुड़ा वीडियो शेयर किया

मुंबई, एजेंसी। अभिनेता धर्मेन्द्र ने 53 साल पुरानी सुपरहिट फिल्म मेरा गांव मेरा देश से जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। धर्मेन्द्र ने एक इंस्टाग्राम फैन पेज का वीडियो शेयर किया, जिसमें मेरा गांव मेरा देश के लोकेशन की अब की झलक देखने को मिली है। इसी वीडियो पर कमेंट करते हुए धर्मेन्द्र ने लिखा, प्यार उन पुरानी यादों के लिए। इसी वीडियो को ट्विटर पर शेयर करते हुए धर्मेंद्र ने एक्स अकाउंट पर लिखा, 50 साल पुरानी उन प्यारी यादों को प्यार। फिल्म मेरा गांव मेरा देश वर्ष 1971 में रिलीज हुयी थी। इस फिल्म में धर्मेंद्र के अलावा, विनोद खन्ना, आशा पारेख, जयंत, लक्ष्मी छाया और असित सेन अहम रोल में नजर आए थे। फिल्म का निर्देशन राज खोसला ने किया था।

धाविका शालू को क्लीन चिट नमूना दूषित होने का खुलासा

नयी दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय डोपिंग निरोधी एजेंसी की अपील पैनल ने मध्यम दूरी की धाविका शालू चौधरी को डोपिंग के आरोपों से बरी करके चार साल का प्रतिबंध हटा दिया है क्योंकि डीएनए टेस्ट में पता चला कि उनके मूत्र के नमूने से या तो छेड़छाड़ की गई या लेते समय वह दूषित हो गया था। तीस वर्ष की चौधरी पर पिछले साल प्रतिबंध लगाया गया था और वह नाडा की अनुशासन समिति के सामने अपील हार गई थीं। उन्हें दो प्रतिबंधित दवाओं के कथित इस्तेमाल के कारण प्रतिबंध झेलना पड़ा था।

आठ सौ मीटर में राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता चौधरी ने मूत्र के नमूने के डीएनए टेस्ट की मांग की जिसे अनुशासन समिति ने तो खारिज कर दिया लेकिन अपील पैनल ने मान लिया। डीएनए जांच लंदन के किंग्स कॉलेज स्थित फारेंसिंक विभाग द्वारा कराई गई। अपीली पैनल ने कहा, ''मूत्र के नमूने के पिछले विश्लेषण में डीएनए प्रोफाइल सही नहीं आया है। डीएनए नमूने की जांच रिपोर्ट को देखते हुए नाडा के वकील कोई और कारण नहीं बता पाये है जिससे अपीली

पैनल खिलाड़ी की अपील खारिज करने का फैसला ले।''

इसने कहा,'' नाडा के वकील ने डीएनए रिपोर्ट मान ली और इसके नतीजे को चुनौती नहीं दी है। इसके मद्देनजर डोपिंग निरोधक पैनल द्वारा 11 अप्रैल 2023 को दिया गया फैसला दरकिनार किया जाता है। खिलाड़ी पर लगाया गया चार साल का प्रतिबंध खारिज कर दिया गया है। इसके साथ ही 13 जून 2022 से प्रतिस्पर्धाओं में उनके नतीजे रद्द करने के निर्देश भी खारिज किये जाते हैं।'' पैनल ने 18 अप्रैल को आदेश दिये जाने के दस दिन के भीतर डीएनए टेस्ट पर हुआ डेढ लाख रूपये का खर्च भी चौधरी को भुगतान करने का नाडा को निर्देश दिया।

जिम्नास्ट दीपा करमाकर विश्व कप में चौथे स्थान पर

नयी दिल्ली। स्टार भारतीय जिम्नास्ट दीपा करमाकर शुक्रवार को दोहा में एफआईजी एपेरेटस विश्व कप में महिला वॉल्ट फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए चौथे स्थान पर रहीं। यह टूर्नामेंट पेरिस ओलंपिक की क्वालीफाइंग प्रतियोगिता है।

पिछले महीने अजरबैजान में बाकू एपेरेटस विश्व कप में चौथे स्थान पर रहीं 30 साल की दीपा एक बार फिर पदक से चूक गईं। उन्होंने 13.333 अंक जुटाए। पनामा की नवास कर्ला ने (13.850) ने स्वर्ण पदक हासिल किया जबकि कोरिया की आन चैंग ओक (13.833) तथा जॉर्जिएवा वेलेंटिना (13.466) को क्रमशः रजत और कांस्य पदक मिला। दीपा क्वालीफाइंग दौर में छठे स्थान पर रही थीं। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही एक अन्य भारतीय प्रणति नायक क्वालीफाइंग दौर में 11वें स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहीं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05278-352045 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharayodhya@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

नई अर्जी में सीएए के नियमों को चुनौती

- सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और असम सरकार से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 को चुनौती देने वाली एक याचिका पर शुक्रवार को केंद्र और असम सरकार से जवाब तलब किया। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की पीठ ने याचिकाकर्ता गुवाहाटी निवासी हिरेन गोहेन का प्रतिनिधित्व करने वाले एक वकील की दलीलों को गौर से सुना और फिर राज्य सरकार और केंद्रीय गृह और विदेश मंत्रालयों को नोटिस जारी किया।

कोर्ट ने साथ ही यह आदेश दिया कि नई याचिका को इस मुद्दे पर लंबित याचिकाओं के साथ टैग किया जाए। याचिका में कहा गया है कि बांग्लादेश से असम में अवैध प्रवासियों के अनियंत्रित संख्या में आने से राज्य में भारी जनसांख्यिकीय परिवर्तन हुआ। मूलनिवासी, जो कभी बहुसंख्यक हुआ करते थे, अब अपनी ही भूमि पर अल्पसंख्यक हो गए हैं। हाल ही में पीठ ने सीएए नियमों के संचालन पर रोक लगाने से इनकार करते हुए केंद्र से उन आवेदनों पर जवाब देने को कहा, जिनमें कोर्ट की ओर से सीएए की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं का निपटारा होने तक उनके कार्यान्वयन पर रोक लगाने की मांग की गई थी। याचिका में कहा कि स्पष्ट रूप से भेदभावपूर्ण संविधान की मूल संरचना के खिलाफ हैं।

ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अश्लीलता को लेकर हुई सुनवाई

नई दिल्ली। याचिकाकर्ता की ओर से अदालत में पेश वकील ने न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ को बताया कि याचिका में उठाया गया मुद्दा में ओटीटी प्लेटफार्म पर (अश्लीलता और आपत्तिजनक) जैसी अभद्र चीजे दिखाने की रजामंदी दी जा सकती है जो सभी उम्र के दर्शकों के लिए बिल्कुल भी सही नहीं है। वकील ने यह आरोप लगाया कि ओटीटी प्लेटफॉर्म पर नग्नता दर्शाने वाले आपत्तिजनक दृश्य दिखाए जा रहे हैं। इस बात पर न्यायमूर्ति पीठ ने याचिकाकर्ता से कहा, सेंसर बोर्ड के पास जाएं। पीठ ने याचिकाकर्ता से पूछा, आप सरकार को एक प्रतिनिधित्व बनाकर दें। साथ ही यह भी पूछा कि क्या, आप दर्शक नियंत्रण पर कुछ दिशानिर्देश चाहते हैं? याचिकाकर्ता के वकील ने इस मुद्दे पर सरकार से संपर्क करने की छूट के साथ याचिका वापस लेने की मांग की है। शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ता को सरकार को प्रतिनिधित्व देने की स्वतंत्रता के साथ याचिका वापस लेने की अनुमति दी। इसमें कहा गया है कि यदि ऐसा कोई प्रतिनिधित्व दिया जाता है, तो उसके ऊपर संबंधित कानूनों के मुताबिक फैसला लिया जाना चाहिए।

कैग का अंतर्राष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने पर बुल्गारिया से समझौता

नई दिल्ली। भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) ने बुल्गारिया के राष्ट्रीय लेखा परीक्षा कार्यालय 'एसएआई बुल्गारिया' के साथ अंतर्राष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। कैग द्वारा जारी बयान में कहा कि दोनों देशों के शीर्ष ऑडिट संस्थानों ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। इससे दोनों देशों के बीच ऑडिटिंग के क्षेत्र में सहयोग और विशेषज्ञता का आदान-प्रदान बढ़ेगा। सहयोग और ऑडिट कार्यों में परस्पर सहयोग से ऑडिटिंग पेशेवरों और तकनीकी टीमों के बीच ज्ञान और अनुभव के आदान-प्रदान के लिए एक मंच स्थापित किया जाएगा। एमओयू पर हस्ताक्षर के समय बुल्गेरियाई राष्ट्रीय लेखा परीक्षा कार्यालय की कार्यवाहक अध्यक्ष गोरिट्सा ग्रैनचारोवा- कोजोरेवा भी मौजूद रहीं।

भारत ने पहली बार ब्रह्मोस मिसाइल की खेप फिलीपींस को सौंपी

भारत ने चीन के पड़ोसी फिलीपींस को ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल की पहली खेप सौंप दी है। इस मिसाइल से फिलीपींस की रक्षा क्षमता में इजाफा होगा। ब्रह्मोस पाने वाला फिलीपींस पहला बाहरी देश है। भारत ने जनवरी 2022 में फिलीपींस को ब्रह्मोस मिसाइल की बिक्री के लिए 375 मिलियन डॉलर (3130 करोड़ रुपये) की डील की थी। भारत ने फिलीपींस को कितनी मिसाइलें दीं, अभी इसका पता नहीं चला है। इंडियन एयरफोर्स ने सी-17 ग्लोब मास्टर विमान के जरिए इन मिसाइलों को फिलीपींस मरीन कॉर्प्स को सौंपा। इन मिसाइलों की स्पीड 2.8 मैक और मारक क्षमता 290 किमी है। एक मैक ध्वनि की गति 332 मीटर प्रति सेकेंड होती है। फिलीपींस को सौंपी गई मिसाइल की स्पीड ध्वनि की गति से 2.8 गुना ज्यादा है।

डील से भारत को होने वाले फायदे

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिलीपींस के साथ यह डील देश को रक्षा क्षेत्र में एक्सपोर्टर बनाने और आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देने में मदद देगी। इस डील से मिलिट्री इंडस्ट्री का भी मनोबल बढ़ेगा और साउथ-ईस्ट एशिया में भारत को भी एक बड़ा भरोसेमंद एक्सपोर्टर के रूप में देखा जाएगा। साथ ही इस डील से भारत-फिलीपींस के रिश्तों में मजबूती आएगी और चीन को दोनों देशों की एकजुटता का संदेश जाएगा।

ये है खासियत

- ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल की स्पीड काफी तेज है और इसकी मारक क्षमता 290 किमी है।
- इस मिसाइल की खास बात ये है कि इसे पनडुब्बी, जहाज, विमान या जमीन से लॉन्च किया जा सकता है।
- एक खास बात इस मिसाइल में यह भी है कि यह हवा में अपना रास्ता भी बदल सकता है, जिससे इसे ट्रैक करना मुश्किल हो जाता है।

फिलीपींस ने क्यों खरीदी मिसाइलें

फिलीपींस की चीन के साथ हाल ही में साउथ चाइना सी में कई बार झड़प हुई है। ब्रह्मोस मिसाइलों से समुद्र में फिलीपींस की ताकत बढ़ेगी और समुद्र में चीन के बढ़ते प्रभाव को भी रोका जा सकेगा।

अर्जेंटीना-वियतनाम में भी ब्रह्मोस मिसाइल की मांग

ब्रह्मोस एयरोस्पेस के डायरेक्टर जनरल अतुल दिनाकर राणे ने जून 2023 में कहा था- अर्जेंटीना, वियतनाम सहित 12 देश ब्रह्मोस मिसाइल सिस्टम को खरीदने में इंटरेस्ट दिखा चुके हैं। बाहरी देशों की ब्रह्मोस की मांग बताती है कि यह मिसाइल सिस्टम बहुत भरोसेमंद है।

एक नजर

केन्या: हेलीकॉप्टर दुर्घटना में सेना प्रमुख समेत 9 की मौत

नैरोबी। केन्या के सेना प्रमुख जनरल फ्रांसिस ओगोला की गुरुवार को देश के पश्चिमी हिस्से में एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मौत हो गई। राष्ट्रपति विलियम रूटो ने टेलीविजन पर अपने संबोधन में यह जानकारी दी। रूटो ने कहा कि हेलीकॉप्टर दुर्घटना में जनरल ओगोला और सेना के नौ अन्य कर्मियों की मौत हो गई। हादसे में दो लोग बच गए। हेलीकॉप्टर गुरुवार की दोपहर (स्थानीय समायानुसार) उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उन्होंने कारणों की जांच की जा रही है।

अमेरिका में भारतीय पर 1.7 करोड़ डॉलर की बैंक धोखाधड़ी का आरोप

वाशिंगटन। अमेरिका में 52 वर्षीय भारतीय नितिन वत्स को 1.7 करोड़ डॉलर की क्रेडिट लाइन के संबंध में अमेरिकी बैंक में धोखाधड़ी की योजना के लिए दोषी ठहराया गया है। अमेरिकी अटॉर्नी फिलिप सेलिंगर ने बताया, उसने जुर्म कुबूल कर लिया है। मार्च 2016 से मार्च 2018 तक, वत्स सहित लोटस एक्जिम (एलईआई) के एक मालिक और कर्मचारियों ने धोखाधड़ी वाले तरीकों से पीड़ित बैंक से 1.7 करोड़ डॉलर की क्रेडिट लाइन लेने की साजिश रची। पीड़ित बैंक ने क्रेडिट लाइन बढ़ा दी, जबकि साजिशकर्ताओं ने प्राप्य खातों में से कई को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया था।

श्रीलंका : पूर्व सैनिकों को रूसी सेना में भेजने पर पूर्व मेजर बंदी

कोलंबो। रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच श्रीलंका में एक बड़ा घोटाला सामने आया है। यहां सेना का एक पूर्व मेजर कई माह से मोटी रकम लेकर पूर्व सैन्यकर्मियों को रूसी सेना में भेज रहा था। पुलिस के आपराधिक जांच विभाग ने पूर्व मेजर और एक नागरिक को गिरफ्तार किया है। अंतरराष्ट्रीय मीडिया रिपोर्टों में पिछले महीने यह बताया गया था कि श्रीलंका के 100 से अधिक पूर्व सैनिक रूस-यूक्रेन युद्ध में दोनों ओर से सेवाएं दे रहे हैं। इन्हें 3,000 डॉलर (करीब 2.50 लाख रुपये) के मासिक वेतन पर युद्ध में सेवा का लालच दिया गया।

न्यूयॉर्क में बड़ा साइबर हमला विधानमंडल के कंप्यूटर ठप

न्यूयॉर्क। अमेरिका के न्यूयॉर्क राज्य विधानमंडल का कंप्यूटर बुनियादी ढांचा बड़े साइबर हमले का शिकार हुआ है। इसके चलते राज्य में पहले से ही हफ्तों से लंबित राज्य बजट वार्ता में देरी हुई। न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होकुल ने कहा, साइबर हमला गुरुवार तड़के (भारतीय समयानुसार) हुआ। सबसे बड़ा झटका विधायिका के बिल प्रारूपण कार्यालय को लगा, जो राज्य के बजट पर निर्णय लेने का प्रभारी है। द हिल की रिपोर्ट के अनुसार, बिल मसौदा तैयार करने वाला कार्यालय एक कंप्यूटर फाइल सिस्टम का इस्तेमाल करके हमले का जवाब दे रहा है।

फिलिस्तीन को यूएन का स्थायी सदस्य बनाने के प्रस्ताव पर अमेरिका का वीटो

युद्धग्रस्त फिलिस्तीन के समर्थन में 12 देशों ने किया मतदान, वोटिंग से दूर रहा ब्रिटेन

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

फिलिस्तीन को संयुक्त राष्ट्र की पूर्ण सदस्यता के प्रस्ताव पर अमेरिका ने वीटो कर दिया है। गुरुवार को 15 देशों वाली परिषद ने फिलिस्तीन को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की पूर्ण सदस्यता के प्रस्ताव पर मतदान किया गया। प्रस्ताव को पारित करने के लिए कम से कम 9 परिषद सदस्यों के समर्थन की जरूरत थी।

फिलिस्तीन को संयुक्त राष्ट्र का स्थायी सदस्य बनाने के प्रस्ताव के पक्ष में 12 वोट पड़े, वहीं स्विट्जरलैंड और ब्रिटेन वोटिंग में शामिल नहीं हुए। हालांकि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में अमेरिका द्वारा इस प्रस्ताव पर वीटो कर दिया गया, जिससे यह प्रस्ताव पारित नहीं हो सका। अभी फिलिस्तीन संयुक्त राष्ट्र का गैर सदस्यीय देश है। साल 2012 में फिलिस्तीन को यह दर्जा दिया गया था। इसके तहत फिलिस्तीन संयुक्त राष्ट्र की कार्यवाही में भाग ले सकता है, लेकिन किसी प्रस्ताव पर वोट नहीं कर सकता है। फिलिस्तीन के अलावा वेटिकन सिटी भी संयुक्त राष्ट्र का गैर सदस्यीय देश है।

संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका के प्रतिनिधि रॉबर्ट वुड ने वीटो पावर के इस्तेमाल पर सफाई देते हुए कहा कि 'अमेरिका ये मानता है कि फिलिस्तीन को अलग देश का दर्जा देने का सबसे सही रास्ता इजराइल और फिलिस्तीन के बीच सीधी बातचीत ही है, जिसमें अमेरिका और अन्य सहयोगी देश मदद करें। अमेरिका का ये वोट फिलिस्तीन को अलग देश का दर्जा देने के खिलाफ नहीं है, लेकिन हमारा मानना है कि यह दोनों पक्षों में सीधे बातचीत के जरिए ही होना चाहिए।

रॉबर्ट वुड ने कहा कि हमने लंबे समय पहले कहा था कि फिलिस्तीन को देश का दर्जा पाने के लिए कई संशोधन करने होंगे। अभी गाजा में एक आतंकी संगठन हमास सत्ता में है और प्रस्ताव में हमास को फिलिस्तीन का अभिन्न अंग बताया गया है। इस वजह से अमेरिका ने प्रस्ताव पर वीटो किया है।

वुड ने बताया कि 7 अक्टूबर को इजराइल पर हुए हमले के बाद राष्ट्रपति जो बाइडन ने साफ किया था कि क्षेत्र में दो देशों के प्रस्ताव से ही शांति आ सकती है। एक लोकतांत्रिक यहूदी राष्ट्र की सुरक्षा और भविष्य के लिए इससे दूसरा रास्ता नहीं है। फिलिस्तीनियों के शांति से रहने का भी दूसरा कोई रास्ता नहीं है।

अमेरिका के फैसले पर फिलिस्तीन ने जताई निराशा

संयुक्त राष्ट्र में फिलिस्तीन के प्रतिनिधि रियाद मंसूर ने अमेरिका द्वारा प्रस्ताव पर वीटो लगाने के फैसले पर निराशा जताई, लेकिन साथ ही प्रस्ताव को समर्थन देने वाले देशों को धन्यवाद भी कहा। उन्होंने कहा कि फलस्तीन को संयुक्त राष्ट्र की पूर्ण सदस्यता देने का मतलब शांति में निवेश है। फलस्तीन ने इससे पहले साल 2012 में भी संयुक्त राष्ट्र के पूर्ण सदस्य बनाने की मांग उठाई थी, लेकिन उस वक्त भी सुरक्षा परिषद में इस पर सहमति नहीं बन सकी थी। किसी भी देश को संयुक्त राष्ट्र का पूर्ण सदस्य बनाने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के साथ ही आम सभा से भी मंजूरी मिलना जरूरी है। वोटिंग के समय दो तिहाई सदस्यों का मौजूद रहना भी जरूरी है।

ईरानी दूतावास में विस्फोटक लेकर घुसा युवक

- फ्रांसीसी पुलिस ने किया गिरफ्तार, पूछताछ जारी

पेरिस, एजेंसी

ईरानी वाणिज्य दूतावास की शिकायत के आधार पर फ्रांसीसी पुलिस ने शुक्रवार को एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया है। दूतावास ने को अलर्ट दिया था कि शुक्रवार को एक व्यक्ति विस्पोटक लेकर अंदर घुसा गया है।

हालांकि, पुलिस ने अब युवक को हिरासत में लेकर दूतावास से बाहर निकाल लिया है। पुलिस उससे लगातार पूछताछ कर रही है। सुरक्षा की दृष्टि से राजधानी के 16वें जिले में वाणिज्य दूतावास के आसपास के पूरे इलाके को सील कर दिया गया है। क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात है। पेरिस परिवहन कंपनी आरएटीपी ने एक्स पर एक पोस्ट करते हुए कहा कि दो मेट्रो लाइनों पर यातायात निलंबित कर दिया गया है। दोनों लाइनें दूतावास के नजदीक चलती हैं।

ईरान की ओर से किए गए हमले को विफल करने में इजराइल के 8 हजार करोड़ खर्च

यरूसलम। 13 अप्रैल को ईरान की ओर से 300 से ज्यादा ड्रोन और मिसाइल हमले से बचने में इजराइल और उसके सहयोगी देशों को करीब 8 हजार करोड़ रुपये खर्च करने पड़े हैं। अमेरिका द्वारा इस्तेमाल की गई इंटरसेप्टर मिसाइलों की कीमत 16 करोड़ रु. थी जबकि इजराइल ने सबसे ज्यादा एरो 3 मिसाइल का इस्तेमाल किया, एक मिसाइल की कीमत 25 करोड़ रु. होती है।

गूगल ने इजराइल विरोधी कर्मियों को नौकरी से निकाला

वाशिंगटन। गूगल ने उन 28 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है जो इजराइली सरकार के साथ गूगल अनुबंध को लेकर अपने कार्यालयों में धरना-प्रदर्शन में शामिल थे। द वर्ज की रिपोर्ट के अनुसार, इस सप्ताह की शुरुआत में अमेरिका में नौ कर्मचारियों को निलंबित करने और फिर गिरफ्तार किए जाने के बाद यह छंटनी हुई। जिन 28 कर्मचारियों को हटाया गया है, उन्होंने इजराइली सरकार के लिए 1.2 अरब डॉलर के गूगल क्लाउड अनुबंध का विरोध किया था। कर्मचारियों को दिए एक आंतरिक ज्ञापन में कंपनी ने कहा कि इस तरह के बर्ताव का कार्यस्थल पर कोई स्थान नहीं है, और हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे।

अब जनरल स्टोर्स पर भी मिल सकेंगी सामान्य दवाएं

नई दिल्ली। देश में जल्द ही जनरल और प्रोविजन स्टोर्स पर सर्दी-खांसी, गैस, बुखार की दवाएं मिलने लगेंगी। केंद्र सरकार ने इसके लिए साल के शुरुआत में विशेषज्ञों की एक समिति बनाई थी, जो ओवर-द-काउंटर (ओटीसी) दवा नीति बनाने पर विचार कर रही है। एक अधिकारी ने जानकारी देते हुए कहा कि, इसी समिति की हाल ही में बैठक हुई, जिसमें उन दवाओं की प्रारंभिक सूची पर मंथन हुआ, जिन्हें जनरल स्टोर्स पर आसानी से बेचा जा सकता है।

ओटीसी दवाएं वे हैं जिन्हें डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन के बिना खरीदा जा सकता है। अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में उनकी बिक्री के लिए सख्त गाइडलाइन बनाई गई है। सूत्रों के मुताबिक, इस सुविधा का ज्यादा फायदा गांव-देहातों में होगा, क्योंकि वहां मेडिकल स्टोर्स कम ही होते हैं। बता दें कि देश में अभी प्रिस्क्रिप्शन पर ही दवाएं बेची जाती हैं।

परिस्थितियों में सुधार करें या फिर दूसरे विभागों में भेज दें, रेलवे से महिला ट्रेन पायलटों की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी। देश में महिला ट्रेन पायलटों ने रेलवे बोर्ड से आग्रह किया है कि कामकाज की 'दयनीय' परिस्थितियों में सुधार किया जाए या उन्हें अन्य विभागों में स्थानांतरित करने की अनुमति दी जाए।

महिला लोको पायलट के एक समूह ने रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष जया वर्मा सिन्हा को ज्ञापन दिया है। इसमें उन्होंने 'एक बार कैडर परिवर्तन' विकल्प की मांग की है। ऑल इंडिया रेलवेमेन फेडरेशन की सदस्य महिला लोको पायलटों ने इंजन में शौचालय न होने, मासिक धर्म के समय पैड नहीं बदल पाने, रात में तकनीकी खराबी को दूर करने के लिए इंजन से बाहर आने का अनिवार्य नियम और देर रात की ड्यूटी के लिए आवास से लाने-पहुंचाने की सुविधा नहीं होने जैसी समस्याओं का उल्लेख किया है। अभी देशभर में 1500 से अधिक महिला लोको पायलट और सहायक लोको पायलट हैं।

लद्दाख में खुबानी उत्सव

लेह: लद्दाख में इन दिनों वसंत ऋतु आने के साथ ही खुबानी (एप्रिकॉट) के पेड़ सुंदर फूलों से लदे हुए हैं। सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत से समृद्ध लद्दाख के कई गांवों में खुबानी के फूल खिलाने के अवसर पर उत्सव का आयोजन किया जाता है। इसमें शामिल होने के लिए लद्दाख के कई गांवों के लोगों के अलावा बड़ी संख्या में देश-विदेश से पर्यटक भी आते हैं। लद्दाख के निचले हिस्से में दुनिया की सबसे अच्छी खुबानी पैदा होती है। लद्दाख की खुबानी की किस्मों में से एक 'रकत्से कार्यों' को 2022 में भौगोलिक संकेत (जीआई) मिला था। ● एजेंसी

अफगान का वखान कॉरिडोर को खोलने की तैयारी में चीन

- पाकिस्तान का सीपैक दरकिनार अफगानिस्तान में विशाल खनिज भंडार पर खोज कर रहा चाइना

इस्लामाबाद, एजेंसी

चाइना-पाकिस्तान इकॉनोमिक कॉरिडोर (सीपैक) के पाकिस्तान में विरोध और अपने इंजीनियरों पर आतंकी हमलों से परेशान चीन का इस प्रोजेक्ट से भरोसा उठ गया है। अब चीन ने पाकिस्तान को दरकिनार करके दूसरे विकल्प तलाशना शुरू कर दिया है ताकि वह अरब सागर तक आसानी से पहुंच सके।

पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, चीन अब अफगानिस्तान को मनाने में जुटा है ताकि वह वखान कॉरिडोर के जरिए ईरान के चाबहार बंदगाह तक पहुंच सके। वखान कॉरिडोर उत्तरी अफगानिस्तान में स्थित एक संकरी पट्टी है जहां अफगानिस्तान, पाकिस्तान और चीन मिलते हैं। वखान कॉरिडोर 350 किमी लंबा और 16 से 35 किमी चौड़ा गलियारा है, जिसमें 125 गांवों में 12 हजार लोग रहते हैं। इसी से पहले इसी चीनी व्यापारी अरब सागर तक पहुंचते थे। बता दें, अफगानिस्तान में खनिजों का भंडार है। जो एक ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा के हैं। यहां लोहा, तांबा, लिथियम, मार्बल, क्रोमाइट, कोबाल्ट के अलावा सोने व पेट्रोलियम और गैस के विशाल भंडार हैं। जनवरी में अफगानिस्तान ने अमू नदी बेसिन में तेल और गैस खोजने के लिए चीन की झिंजियांग सेंट्रल एशिया पेट्रोलियम एंड गैस कंपनी से समझौता किया है।

विज्ञान जेम्स वेब स्पेस टेलेस्कोप द्वारा पृथ्वी से 357 प्रकाश वर्ष दूर हुई अनोखी दुनिया की खोज

ब्रह्मांड में तीन ग्रहों के अनूठे सौर मंडल की खोज

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : दूर अंतरिक्ष में तीन ग्रहों वाले अनूठे सौर मंडल की खोज हुई है। इस ग्रह मंडल के तीनों ग्रह जन्म ले रहे हैं। इन्हें पूर्ण ग्रह का स्वरूप लेने में लंबा समय लगेगा। ग्रहों की उत्पत्ति व विकास में हमारी समझ के विस्तार को लेकर यह खोज बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

यह खोज जेम्स वेब स्पेस टेलेस्कोप द्वारा हो पाई है। तीन ग्रहों की यह दुनिया पृथ्वी से 357 प्रकाश वर्ष दूर है, जो एचएल टौरी तारा मंडल क्षेत्र में स्थित है। यह तीनों ग्रह निर्माणधीन हैं। जिनके बाहरी डिस्क की तस्वीरें प्राप्त हुई हैं। ये एक युवा तारों के चारों ओर गैस और धूल के साथ नए ग्रह बना रहे हैं। खगोलविदों का मानना है कि तीनों ग्रह अपने तारे के बहुत करीब से परिक्रमा कर सकते हैं। बहरहाल इनकी ऑर्बिट की सही जानकारी बाद में पता लग सकेगी। जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप की मदद से खोजे गए तीन युवा प्रोटोप्लेनेटरी सिस्टम की यह खोज एरिज़ोना विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने की है। यह खोज वास्तविक रूप से बनने वाले ग्रहों की जानकारी देने में मददगार साबित होगी। द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल में यह खोज प्रकाशित हो चुकी है।

इस खोज की शुरुआत वैज्ञानिकों ने चिली के अटाकामा रेगिस्तान में अटाकामा लार्ज मिलीमीटर/सबमिलिमीटर ऐरे (एएलएमए) रेडियो टेलीस्कोप से की। जिससे वैज्ञानिकों को अंदाजा हो गया था कि यह कोई नया सौर मंडल हो सकता है। जिसकी पुष्टि के लिए जेम्स वेब स्पेस टेक्सकोप का सहारा लेना पड़ा। प्रोटोप्लेनेटरी डिस्क सिस्टम यानी सौर मंडल का नाम एस ए ओ 206462 और एम डब्लू सी 758 है।



जन्म लेते नए सौर मंडल की तस्वीर।

निर्माणाधीन ग्रहों से खुलेगा जन्म का रहस्य

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वरिष्ठ खगोल वैज्ञानिक डा वीरेंद्र यादव का कहना है कि ब्रह्मांड अनंत में फैला हुआ है और असंख्य तारों के साथ अनगिनत सौर मंडल हमारी तरह अपना जीवन यापन कर रहे हैं। मगर आज भी हम हमारी जानकारी बेहद कम है। जैसे तकनीक विकसित हो रही है, हमारी जानकारी में भी वृद्धि हो रही है। ग्रहों के जन्म की बारीकियों को निर्माणाधीन सौर मंडल के जरिए समझा जा सकता है।

3 दशक में अंतरिक्ष में 10 लाख सैटेलाइट नेविगेशन में परेशानी

न्यूयॉर्क। अंतरिक्ष में 10 हजार से ज्यादा सैटेलाइट धरती पर सिग्नल भेज रहे हैं। 10 से 15 साल में इनकी संख्या 1 लाख से ज्यादा हो जाएगी। अगले 3-4 दशकों में 10 लाख से ज्यादा सैटेलाइट होंगे। हजारों सेटेलाइट अभी कचरे की तरह अंतरिक्ष में घूम रहे हैं।

ये सैटेलाइट धरती पर नेविगेशन बाधक हो सकते हैं। हार्वर्ड स्मिथसोनियन सेंटर फॉर एस्ट्रोफिजिक्स के वैज्ञानिक डॉक्टर जोनाथन ने बताया है कि, धरती के आयन मंडल में सैटेलाइट और रॉकेट्स से निकलने वाले मलबे में मौजूद उच्च चालक सामग्री चार्जिंग प्रभाव पैदा करती हैं, जो एक चुंबकीय शील्ड की तरह बर्ताव करती है। इससे नेविगेशन में मुश्किल होगी। उन्होंने बताया है कि इससे बचने के लिए वैज्ञानिकों को कोई तरीका खोजना पड़ेगा।

पाक में जापानी नागरिकों पर आतंकी हमला

- बाइकसवार आतंकियों ने वैन में मारी टक्कर, विस्फोट में बाल-बाल बचे, एक निजी सुरक्षा गार्ड घायल

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान आजकल आतंकवादियों के निशाने पर है। पड़ोसी देश में बहार के नागरिकों पर हमलों में बढ़ोतरी हुई है। कभी सेना तो कभी नागरिकों को निशाना बनाया जा रहा है। सिंध प्रांत में शुक्रवार को पांच जापानी नागरिकों को निशाना बनाते हुए आतंकवादियों ने एक आत्मघाती हमला करने की कोशिश की। हालांकि, शुक्र रहा कि सभी नागरिक सही सलामत बच निकले।

पूर्वी के उप महानिरीक्षक (डीआईजी) अजफर महेसर ने बताया कि लांधी में मुर्तजा चोरांगी के नजदीक मोटरसाइकिल सवार आतंकवादियों ने जापानी नागरिकों की वैन को टक्कर मारने की कोशिश की। उन्होंने बताया कि सभी पांच जापानी नागरिक सुरक्षित हैं। हालांकि, उनके साथ मौजूद निजी सुरक्षा गार्ड घायल हो गया। आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) के डीआईजी आसिफ एजाज शेख ने बताया कि जापानी नागरिक दो सुरक्षा गार्डों के साथ एक वैन में यात्रा कर रहे थे। तभी आतंकवादियों ने उनके वाहन को निशाना बनाने की कोशिश की। अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा गार्डों ने एक आतंकवादी को मार गिराया, जबकि दूसरे ने वैन के करीब जाने की कोशिश में खुद को उड़ा लिया। डीआईजी शेख ने बताया कि जापानी नागरिकों को ले जा रहा वाहन बुलेट प्रूफ था। इसलिए सभी सुरक्षित हैं। अभी तक किसी ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। जिन्ना अस्पताल के अधिकारियों ने कहा कि तीन घायलों, दो सुरक्षा गार्ड और एक राहगीर को अस्पताल लाया गया जिनमें से दो की हालत गंभीर है। अस्पताल ने पुष्टि की कि किसी विदेशी को इलाज के लिए नहीं लाया गया था।

अधिकारी ने बताया कि जापानी नागरिक पाकिस्तान सुजुकी मोटर्स में काम करते थे। बता दें, कराची पाकिस्तान का सबसे बड़ा शहर और दक्षिणी सिंध प्रांत की राजधानी है। छोटे अलगाववादी समूहों और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान ने हाल के वर्षों में चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) से संबंधित परियोजनाओं पर काम कर रहे चीनी नागरिकों पर हमले तेज कर दिए हैं।